THE BOOK WAS DRENCHED

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186620

UNIVERSAL
LIBRARY


OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 181.4 G19Gi , Accession No. G.H. 2703

Author गांधी, मो. क

Title गीता-माता १६५०.

This book should be returned on or before the date last marked below.



गांधी-साहित्य—३

गीता-माता

श्रीमद्भगवद्गीताका तात्पर्य, हिन्दी-टीका, मूल संस्कृत पाठ, सरल और भक्ति प्रधान श्लोकोंका संग्रह, गीता-पदार्थ-कोष तथा गीता-संबंधी लेख

•

महात्मा गांधी

•

पुस्तक भेंट के निमित्त है

१९६०

सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली

प्रकाशक
मार्तण्ड उपाध्याय
मंत्री, सस्ता साहित्य मडल
नई दिल्ली

नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद की सहमति से

दूसरी बार : १९६०

मूल्य

पांच रुपये

मुद्रक
हरबंसलाल गुप्त
इण्डिया प्रिंटर्ज, दिल्ली

प्रकाशकीय

महात्मा गांधीके महाप्रयाणके उपरान्त मण्डलने निश्चय किया था कि वह उनके विचारोके व्यापक प्रसारके लिए सस्ते-से-सस्ते मूल्य मे 'गांधी-साहित्य'का विधिवत् रूपसे प्रकाशन करेगा, इसी निश्चयके अनुसार उसने अबतक नौ भाग प्रकाशित किये है।

प्रस्तुत पुस्तक उस मालाका तीसरा भाग है। गीता को गांधीजी-ने माताकी सज्ञा दी थी। उसके प्रति उनका असीम अनुराग और भक्ति थी। इस सग्रहमे गीताका मूल पाठ, हिन्दी-टीका, तात्पर्य, भक्ति प्रधान श्लोकोका सग्रह, गीता-पदार्थ-कोष आदि सामग्री दी गई है। अन्तमे गांधीजीके लिखे गीता सम्बन्धी लेख भी दे दिये गए है। इनके अध्ययन-से गीताके मर्मको समझनेमे बडी सहायता मिलती है।

इस मालाके पहले दो भागो मे (**प्रार्थना-प्रवचन भाग १, प्रार्थना-प्रवचन भाग २**) गांधीजीके वे प्रवचन है, जो उन्होने अपने अन्तिम दिनो-मे दिल्लीकी प्रार्थना-सभाओमे दिये थे। चौथे भाग **'पन्द्रह अगस्तके बाद'**मे आजादीके दिन अर्थात् १५ अगस्त १९४७ से लेकर अन्तिम समय तक के उनके लेखोंका संग्रह है। पांचवे **'धर्म नीति'**में उनकी नीति-सम्बन्धी रचनाए है। छठे **'दक्षिण अफ्रीकाके सत्याग्रहका इतिहास'** मे मानवीय अधिकारोंके लिए उनके आरम्भिक सघर्षकी विशद कहानी है। सातवे **'मेरे समकालीन'**मे उस समयके देश सेवकोके गांधीजीकी कलमसे लिखे संस्मरण है। आठवेमे उनकी **'आत्मकथा'** है और नवें **'आत्म-संयम'**मे ब्रह्मचर्यकी महिमा और भोगकी हानियों पर उनकी रचनाओंका संग्रह है।

इन सब भागोंकी छपाई अच्छी और जिल्द पक्की है। उनमें चार हजारसे अधिक पृष्ठ है और पूरे सेटका मूल्य तीस रुपये है।

इस मालामें आगे और भी पुस्तके निकलेंगी।

प्रस्तुत पुस्तकका यह दूसरा संस्करण है। हमें आशा है कि आगे इन तथा इस मालाके अन्य प्रकाशनोंको और अधिक लोकप्रियता प्राप्त होगी।

—**मंत्री**

गीता - माता

गीता शास्त्रोका दोहन है। मैंने कहीं पढ़ा था कि सारे उपनिषदोंका निचोड़ उसके सातसौ श्लोकोंमें आ जाता है। इसलिए मैंने निश्चय किया कि कुछ न हो सके तो भी गीताका ज्ञान प्राप्त कर लूं। आज गीता मेरे लिए केवल बाइबिल नहीं है, केवल कुरान नही है, मेरेलिए वह माता हो गई है। मुझे जन्म देनेवाली माता तो चली गई, पर संकटके समय गीतामाताके पास जाना मैं सीख गया हूं। मैंने देखा है कि जो कोई इस माताकी शरण जाता है, उसे ज्ञानामृतसे वह तृप्त करती है।

कुछ लोग कहते है कि गीता तो महा गूढ ग्रंथ है। स्व० लोकमान्य तिलकने अनेक ग्रथोका मनन करके पडितकी दृष्टिसे उसका अभ्यास किया और उसके गूढ़ अर्थोंको वह प्रकाशमे लाये। उसपर एक महाभाष्यकी रचना भी की। तिलक महाराजके लिए यह गूढ़ ग्रंथ था; पर हमारे जैसे साधारण मनुष्यके लिए यह गूढ नही है। सारी गीताका वाचन आपको कठिन मालूम हो तो आप केवल पहले तीन अध्याय पढ़ लें। गीताका सब सार इन तीन अध्यायोंमें आ जाता है। बाकीके अध्यायोंमें वही बात अधिक विस्तारसे और अनेक दृष्टियोंसे सिद्ध की गई है। यह भी किसीको कठिन मालूम हो तो इन तीन अध्यायोमेसे कुछ ऐसे श्लोक छांटे जा सकते हैं, जिनमें गीताका निचोड़ आ जाता है। तीन जगहोपर तो गीतामें यह भी आता है कि सब धर्मोंको छोड़कर तू केवल मेरी ही शरण ले। इससे अधिक सरल और सादा उपदेश और क्या हो सकता है? जो मनुष्य गीतामेसे अपने लिए आश्वासन प्राप्त करना चाहे तो उसे उसमेंसे वह पूरा-पूरा मिल जाता है। जो मनुष्य गीताका भक्त होता है, उसके लिए निराशाकी कोई जगह नही है, वह हमेशा आनन्द मे रहता है।

विषय-सूची

१.	गीता-बोध	९—९२
	(अ) भूमिका	१०
	(आ) प्रास्ताविक	११
	(इ) गीताबोध	१३
२.	अनासक्तियोग	९३—२२८
	(अ) प्रस्तावना	९५
	(आ) अनासक्तियोग	१०५
३.	श्रीमद्भगवद्गीता (मूल)	२२९—३१२
४.	गीता-प्रवेशिका	३१३—३३२
	(अ) दो शब्द	३१५
	(आ) गीता-प्रवेशिका	३१७
५.	गीता-पदार्थकोष	३३३—४७६
	(अ) पाठकोंसे निवेदन	३३५
	(आ) दो शब्द (दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर)	३३८
	(इ) गीता-पदार्थ-कोष	३४३
६.	गीता-माता	४७७—५१८
	१. गीता-माता	४७९
	२. गीतासे प्रथम परिचय	४८१
	३. गीताका अध्ययन	४८२
	४. गीता-ध्यान	४८४
	५. गीतापर आस्था	४८७

६.	गीताका अर्थ	४८८
७.	गीता कण्ठ करो	४९६
८.	नित्य व्यवहारमें गीता	४९७
९.	भगवद्गीता अथवा अनासक्तियोग	५०२
१०.	गीता-जयंती	५०३
११.	गीता और रामायण	५०५
१२.	राष्ट्रीय शालाओंमे गीता	५०८
१३.	अहिंसा परमोधर्मः	५०९
१४.	गीताजी	५१२

गीता - माता

गीता-बोध

[श्रीमद्भगवद्गीताका तात्पर्य]

भूमिका

...जिस पुस्तकका हम नित्य थोड़ा-थोड़ा करके पारायण और मनन करते हैं, जिसे अपने लिए हमने आध्यात्मिक दीपस्तंभरूप बना रक्खा है, मैंने उसे जैसा समझा है, उसपर अपने विचार देने की इच्छा है। यह खयाल पहले एक पत्र पाकर हुआ था। लेकिन गत सप्ताह भाई...के पत्रने मुझे इसके लिए तैयार कर दिया। वह लिखते हैं कि वह 'अनासक्तियोग' पढ़ते हैं, लेकिन समझनेमें बहुत कठिनाई पड़ती है। सबकी समझमें आने योग्य भाषामें अर्थ करनेका प्रयत्न करते हुए भी, शब्दशः अनुवाद देनेमें समझनेकी कठिनाई तो अवश्य रहेगी। विषय ही जहां कठिन हो वहां सरल भाषा क्या कर सकती है? इसलिए अब विषयको ही सरल रीतिसे रखनेका प्रयत्न करना चाहता हूं। जिस वस्तु-का हम उठते-बैठते उपयोग करना चाहते हैं, जिसकी सहायतासे अपनी सारी आंतरिक उलझनें सुलझानेका प्रयत्न करते हैं, उस ग्रंथको जितनी रीतियोंसे, जैसे भी समझा जा सके वैसे समझने और बारंबार उसका मनन करनेसे अंतमें हम तन्मय हो सकते हैं। मैं तो अपनी सारी कठिनाइयोंमें गीता-माताके पास दौड़ा आता हूं और अबतक आश्वासन पाता आया हूं। दूसरोंको भी, जो उसमेंसे आश्वासन पानेके इच्छुक हैं, शायद, जिस रीतिसे मैं उसे रोज-रोज समझता जाता हूं, वह रीति जानकर कुछ अधिक मदद मिले। उस रीतिको जानकर उनको कुछ नया प्रकाश पाना भी असंभव नहीं है।

यरवदा जेल
४-११-'३०

—मो० क० गांधी

प्रास्ताविक

गीता महाभारतका एक नन्हा-सा विभाग है। महाभारत ऐतिहासिक ग्रंथ माना जाता है, पर हमारे मतसे महाभारत और रामायण ऐतिहासिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि धर्मग्रंथ हैं। या उसे ऐतिहासिक ही कहना चाहें तो वह आत्माका इतिहास है और वह हजारों वर्ष पहले क्या हुआ यह नहीं बताता, बल्कि प्रत्येक मनुष्य-देहमें क्या जारी है, इसकी वह एक तस्वीर है। महाभारत और रामायण दोनोंमें देव और असुरके—राम और रावणके बीच नित्य चलनेवाली लड़ाई का वर्णन है। ऐसे वर्णनमे गीता कृष्ण-अर्जुनके बीचका संवाद है। उस संवादका वर्णन अंध धृतराष्ट्रसे संजय करता है। गीता के मानी हैं गाई गई। इसमें 'उपनिषद्' अध्याहार है। अतः पूरा अर्थ हुआ, गाया गया उपनिषद्। उपनिषद् अर्थात् ज्ञान-बोध। यानी गीताका अर्थ हुआ श्रीकृष्णद्वारा अर्जुनको दिया हुआ बोध। हमें यह समझकर गीता पढ़नी चाहिए कि हमारी देहमें अंतर्यामी श्रीकृष्ण भगवान आज विराजमान हैं और जब जिज्ञासु अर्जुनरूप होकर धर्म-संकटमें अंतर्यामी भगवानसे पूछेगा, उसकी शरण लेगा तो उस समय वह हमें शरण देनेको तैयार मिलेंगे। हम ही सोये हैं, अंतर्यामी तो सदा जाग्रत है। वह बैठा राह देखता है कि हममें कब जिज्ञासा उत्पन्न हो। पर हमें सवाल भी पूछना नही आता, सवाल पूछनेकी मनमें भी नहीं उठती। इस कारण गीता-सरीखी पुस्तकका नित्य ध्यान धरते हैं, उसका भजन करते-करते अपनेमें धर्म-जिज्ञासा उत्पन्न करनेकी इच्छा करते हैं, सवाल पूछना सीखना चाहते है और जब-जब मुसीबतमें पड़ते हैं तब-तब अपनी मुसीबत दूर करनेके लिए हम गीताकी शरण जाते हैं और उससे आश्वासन लेते हैं। इसी दृष्टिसे गीता पढ़नी है। वह हमारी सद्गुरुरूप है, मातारूप है और हमें विश्वास रखना चाहिए

कि उसकी गोदमें सिर रखकर हम सही-सलामत पार हो जायंगे। गीताके द्वारा अपनी सारी धार्मिक गुत्थियां सुलझा लेंगे। इस भांति नित्य गीताका मनन करनेवालोंको उसमेसे नित्य नये अर्थ मिलेगे। ऐसी एक भी धर्मकी उलझन नहीं है कि जिसे गीता न सुलझा सकती हो। हमारी अल्प श्रद्धाके कारण हमें उसका पढ़ना-समझना न आये तो वह दूसरी बात है। पर हम अपनी श्रद्धा नित्य-नित्य बढ़ाते जाने और अपनेको सावधान रखनेके लिए गीताका पारायण करते हैं। इस भांति गीताका मनन करते हुए जो कुछ अर्थ मुझे उसमेंसे मिला है और आज भी मिलता जाता है, उसका सार आश्रमवासियों की सहायताके लिए यहां दे रहा हूं।

यरवदा-जेल —मो० क० गांधी

११-११-'३०

गीता-बोध

पहला अध्याय

मंगलप्रभात
११-११-३०

पांडव और कौरवोंके अपनी सेनासहित युद्धके मैदान कुरुक्षेत्रमें एकत्र होनेपर दुर्योधन द्रोणचार्यके पास जाकर दोनों दलोंके मुख्य-मुख्य योद्धाओंके बारेमें चर्चा करता है। युद्धकी तैयारी होनेपर दोनों ओरके शंख बजते हैं और अर्जुनके सारथी श्रीकृष्ण भगवान उसका रथ दोनों सेनाओंके बीचमें लाकर खड़ा करते हैं। अर्जुन घबड़ाता है और श्रीकृष्णसे कहता है कि मैं इन लोगोंसे कैसे लड़ूं? दूसरे हों तो मैं तुरंत भिड़ सकता हूं। लेकिन ये तो अपने स्वजन ठहरे। सब चचेरे भाई-बंधु हैं। हम एक साथ पले हैं। कौरव और पांडव कोई दो नहीं हैं। द्रोण केवल कौरवोंके ही आचार्य नहीं हैं, हमें भी उन्होंने सब विद्याएं सिखाई हैं। भीष्म तो हम सभीके पुरखा हैं। उनके साथ लड़ाई कैसी? माना कि कौरव आततायी हैं, उन्होंने बहुत दुष्ट कर्म किये हैं; अन्याय किये हैं, पांडवोंकी जगह-जायदाद छीन ली है, द्रौपदी जैसी महासतीका

अपमान किया है। यह सब उनके दोष अवश्य हैं; पर मैं उन्हें मारकर कहां रहूंगा ? ये तो मूढ़ हैं। मैं इन-जैसा कैसे बनूं ? मुझे तो कुछ समझ है, सारा-सारका विवेक है। मुझे यह जानना चाहिए कि अपनोंके साथ लड़ने में पाप है। चाहे उन्होंने हमारा हिस्सा हंजम कर लिया हो, चाहे वे हमें मार ही डालें, तब भी हम उनपर हाथ कैसे उठावें ? हे कृष्ण ! मैं तो इन सगे-संबंधियोंसे नहीं लड़ूंगा।

इतना कहते-कहते अर्जुनकी आंखोंके सामने अंधेरा छा गया और वह अपने रथमें गिर पड़ा।

यह पहले अध्यायका प्रसंग है। इसका नाम 'अर्जुन-विषाद-योग' है। विषादके मानी दुःखके होते हैं। जैसा दुःख अर्जुनको हुआ वैसा हम सबको होना चाहिए। धर्म-वेदना तथा धर्म-जिज्ञासा के बिना ज्ञान नहीं मिलता। जिसके मनमें अच्छे और बुरेका भेद जाननेकी इच्छातक नहीं होती, उसके सामने धर्म-चर्चा कैसी ? कुरुक्षेत्रका युद्ध तो निमित्तमात्र है, सच्चा कुरुक्षेत्र हमारा शरीर है। यही कुरुक्षेत्र है और धर्म-क्षेत्र भी। यदि इसे हम ईश्वरका निवास-स्थान समझें और बनावें तो यह धर्मक्षेत्र है। इस क्षेत्रमें कुछ-न-कुछ लड़ाई तो नित्य चलती ही रहती है और ऐसी अधिकांश लड़ाइयां 'मेरा'-'तेरा' को लेकर होती हैं। अपने-परायेके भेदभावसे पैदा होती हैं। इसी-लिए आगे चलकर भगवान अर्जुनसे कहेंगे कि 'राग', 'द्वेष' सारे अधर्मकी जड़ है। जिसे 'अपना' माना

उसमें राग पैदा हुआ, जिसे 'पराया' जाना, उसमें द्वेष–वैरभाव आ गया। इसलिए 'मेरे'-'तेरे' का भेद भूलना चाहिए, या यों कहिये कि राग-द्वेषको तजना चाहिए। गीता और सभी धर्म-ग्रंथ पुकार-पुकारकर यही कहते हैं। पर कहना एक बात है और उसके अनुसार करना दूसरी बात। हमें गीता इसके अनुसार करनेकी भी शिक्षा देती है। कैसे, सो आगे समझनेकी कोशिश की जायगी।

दूसरा अध्याय

सोमप्रभात

१७-११-३०

अर्जुन को जब कुछ चेत हुआ तो भगवानने उसे उलाहना दिया और कहा कि यह मोह तुझे कहांसे आ गया? तेरे-जैसे वीर पुरुषको यह शोभा नहीं देता। पर अर्जुनका मोह यों टलनेवाला नहीं था। वह लड़नेसे इनकार करके बोला, "इन सगे-संबंधियों और गुरुजनोंको मारकार, मुझे राजपाट तो दरकिनार, स्वर्गका सुख भी नहीं चाहिए। मैं कर्तव्यविमूढ़ हो गया हूं। इस स्थितिमें धर्म क्या है, यह मुझे नहीं सूझता। मैं आपकी शरण हूं, मुझे धर्म बतलाइये!"

इस भांति अर्जुनको बहुत व्याकुल और जिज्ञासु देखकर भगवानको दया आई। वह उसे समझाने

लगे—तू व्यर्थ दुःखी होता है और बेसमझे-बूझे ज्ञानकी बातें करता है। जान पड़ता है कि तू देह और देहमें रहनेवाले आत्माका भेद ही भूल गया है। देह मरती है, आत्मा नहीं मरती। देह तो जन्मसे ही नाशवान है, देहमें जैसे जवानी और बुढ़ापा आता है वैसे ही उसका नाश भी होता है। देह का नाश होनेपर देही-का नाश कभी नहीं होता है। देहका जन्म है, आत्माका जन्म नहीं है। वह तो अजन्मा है। उसे बढ़-घट नहीं है। वह तो सदैव था, आज है और आगे भी रहने-वाला है। फिर तू काहेका शोक करता है? तेरा शोक तेरे मोहका कारण है। इन कौरव आदिको तू अपना मानता है, इसलिए तुझे ममता हो गई है। पर तुझे समझना चाहिए कि जिस देहसे तुझे ममता है वह तो नाशवान ही है। उसमें रहनेवाले जीवका विचार करनेपर तो तत्काल तेरी समझमें आजायगा कि उसका नाश तो कोई कर ही नहीं सकता। उसे न अग्नि जला सकती है, न वह पानीमें डूब सकता है, न वायु उसे सुखा सकती है। इसके सिवा, तू अपने धर्मको तो सोच! तू तो क्षत्रिय है। तेरे पीछे यह सेना इकट्ठी हुई है। अब अगर तू कायर बन जाय तो तू जो चाहता है उससे उलटा नतीजा होगा और तेरी हँसी होगी। आजतक तेरी गिनती बहादुरोंमें हुई है। अब यदि तू अधबीचमें लड़ाई छोड़ देगा तो लोग कहेंगे कि अर्जुन कायर होकर भाग गया। यदि भागनेमें धर्म होता तो लोकनिंदाकी कोई परवा न थी। पर यहां तो

यदि तू भागे तो अधर्म होगा और लोकनिंदा उचित समझी जायगी, यह दोहरा दोष होगा।

यह तो मैंने तेरे सामने बुद्धि की दलील रखी; आत्मा और देहका भेद बताया और तेरे कुलधर्मका तुझे भान कराया। पर अब तुझे मैं कर्मयोगकी बात समझाता हूं। इस योगपर अमल करनेवालेको कभी नुकसान नहीं होता। इसमें तर्ककी बात नहीं है, आचरणकी है, करके अनुभव पानेकी बात है। और यह तो प्रसिद्ध अनुभव है कि हजारों मन तर्ककी अपेक्षा तोलाभर आचरणकी कीमत अधिक है। इस आचरण-में भी यदि अच्छे-बुरे परिणामका तर्क आ घुसे तो वह दूषित हो जाता है। परिणामके विचारसे ही बुद्धि मलिन हो जाती है। वेदवादी लोग कर्मकांडमें पड़कर अनेक प्रकारके फल पानेकी इच्छासे अनेक क्रियाएं आरम्भ कर बैठते हैं। एकसे फल न मिलनेपर दूसरीके पीछे दौड़ते हैं। फिर कोई तीसरी बता देता है तो उसके पीछे हैरान होते हैं, और ऐसा करनेमें उनकी मति भ्रममें पड़ जाती है। वास्तवमें मनुष्यका धर्म फलका विचार छोड़कर कर्तव्य-कर्म किये जानेका है। इस समय यह युद्ध तेरा कर्तव्य है, इसे पूरा करना तेरा धर्म है। लाभ-हानि, हार-जीत तेरे हाथमें नहीं है। तू गाड़ी के नीचे चलनेवाले कुत्तेकी भांति इसका बोझ क्यों ढोता है? हार-जीत, सरदी-गरमी, सुख-दुःख देहके साथ लगे ही हुए हैं, उन्हें मनुष्यको सहना चाहिए। जो भी नतीजा हो, उसके विषयमें निश्चित

रहकर तथा समता रखकर मनुष्यको अपने कर्तव्यमें तन्मय रहना चाहिए। इसका नाम योग है और इसी-में कर्मकुशलता है। कार्यकी सिद्धि कार्यके करनेमें छिपी है, उसके परिणाममें नहीं। तू स्वस्थ हो, फलका अभिमान छोड़ और कर्तव्यका पालन कर।

यह सुनकर अर्जुन पूछता है : यह तो मेरे बूतेके बाहर जान पड़ता है। हार-जीतका विचार छोड़ना, परिणामका विचार ही न करना, ऐसी समता, ऐसी स्थिरबुद्धि कैसे आ सकती है? मुझे समझाइये कि ऐसी स्थिर बुद्धिवाले कैसे होते हैं, उन्हें कैसे पहचाना जा सकता है?

तब भगवान ने जवाब दिया :

हे अर्जुन! जिस मनुष्यने अपनी कामना-मात्रका त्याग किया है और जो अपने अन्तरमेंसे ही संतोष प्राप्त करता है, वह स्थिरचित्त, स्थितप्रज्ञ, स्थिर-बुद्धि या समाधिस्थ कहलाता है। ऐसा मनुष्य न दुःखसे दुखी होता है, न सुखसे फूल उठता है। सुख-दुःखादि पांच इंद्रियोंके विषय हैं। इसलिए ऐसा बुद्धिमान मनुष्य कछुएकी भांति अपनी इंद्रियोंको समेट लेता है, पर कछुआ तो जब किसी दुश्मनको देखता है तब अपने अंगोंको ढालके नीचे समेटता है; लेकिन मनुष्यकी इंद्रियोंपर तो विषय नित्य चढ़ाई करनेको खड़े ही हैं, अतः उसे तो हमेशा इंद्रियोंको समेटे रखना और स्वयं ढालरूप होकर विषयोंके मुकाबलेमें लड़ना है। यह असली युद्ध है। कोई तो विषयोंसे बचनेको देह-

दमन करता है, उपवास करता है। यह ठीक है कि उपवास-कालमें इंद्रियां विषयोंकी ओर नहीं दौड़तीं, पर अकेले उपवाससे रस नहीं सूख जाता। उपवास छोड़नेपर यह तो और बढ़ भी जाता है। रसको दूर करनेके लिए तो ईश्वरका प्रसाद चाहिए। इंद्रियां तो ऐसी बलवान हैं कि वे मनुष्यको उसके सावधान न रहनेपर जबरदस्ती घसीट ले जाती हैं। इसलिए मनुष्यको इंद्रियोंको हमेशा अपने वशमें रखना चाहिए। पर यह हो तब सकता है जब वह ईश्वरका ध्यान धरे, अंतर्मुख हो, हृदयमें रहनेवाले अंतर्यामीको पहचाने और उसकी भक्ति करे। इस प्रकार जो मनुष्य मुझमें परायण रहकर अपनी इंद्रियोंको वशमें रखता है, वह स्थिरबुद्धि योगी कहलाता है। इससे विपरीत करनेवाले के हाल भी मुझसे सुन। जिसकी इंद्रियां स्वच्छंदरूपसे बरतती हैं वह नित्य विषयोंका ध्यान धरता है। तब उसमें उसका मन फंस जाता है। इसके सिवा उसे और कुछ सूझता ही नहीं। ऐसी आसक्तिमेंसे काम पैदा होता है। बादको उसकी पूर्ति न होनेपर उसे क्रोध आता है। क्रोधातुर तो बावला-सा हो ही जाता है, आपेमें नहीं रह जाता। अतः स्मृतिभ्रंशके कारण जो-सो बकता और करता है। ऐसे व्यक्तिका अंतमें नाशके सिवा और क्या होगा? जिसकी इंद्रियां यों भटकती फिरती हैं उसकी हालत पतवाररहित नावकी-सी हो जाती है। चाहे जो हवा नावको जिधर-तिधर घसीट ले जाती है

और अंतमें किसी चट्टानसे टकराकर नाव चूर हो जाती है। जिसकी इंद्रियां भटका करती हैं उसके ये हाल होते हैं। अतः मनुष्यको कामनाओंको छोड़ना और इंद्रियोंपर काबू रखना चाहिए। इससे इंद्रियां न करने योग्य कार्य नहीं करेंगी, आंखें सीधी रहेंगी, पवित्र वस्तुको ही देखेंगी, कान भगवद्-भजन सुनेंगे, या दुखीकी आवाज सुनेंगे। हाथ-पांव सेवा-कार्यमें रुके रहेंगे और ये सब इंद्रियां मनुष्यके कर्तव्य-कार्यमें ही लगी रहेंगी और उसमेंसे उन्हें ईश्वरकी प्रसादी मिलेगी। वह प्रसादी मिली कि सारे दुःख गये समझो। सूर्यके तेजसे जैसे बर्फ पिघल जाती है वैसे ईश्वर-प्रसादीके तेजसे दुःखमात्र भाग जाते हैं और ऐसे मनुष्यको स्थिरबुद्धि कहते हैं। पर जिसकी बुद्धि स्थिर नहीं है, उसे अच्छी भावना कहांसे आवेगी? जिसे अच्छी भावना नहीं उसे शांति कहां? जहां शांति नहीं वहां सुख कहां। स्थिरबुद्धि मनुष्यको जहां दीपककी भांति साफ दिखाई देता है वहां अस्थिर मनवाले दुनियाकी गड़बड़में पड़े रहते हैं और देख ही नहीं सकते। और ऐसी गड़बड़वालोंको जो स्पष्ट लगता है वह समाधिस्थ योगीको स्पष्टरूपसे मलिन लगता है और वह उधर नजरतक नहीं डालता। ऐसे योगीकी तो ऐसी स्थिति होती है कि नदी-नालों-का पानी जैसे समुद्रमें समा जाता है वैसे विषयमात्र इस समुद्ररूप योगीमें समा जाते हैं। और ऐसा मनुष्य समुद्रकी भांति हमेशा शांत रहता है। इससे

जो मनुष्य सब कामनाएं तजकर, निरहंकार होकर, ममता छोड़कर, तटस्थरूपसे बरतता है, वह शांति पाता है। यह ईश्वर-प्राप्तिकी स्थिति है और ऐसी स्थिति जिसकी मृत्युतक टिकती है वह मोक्ष पाता है।

तीसरा अध्याय

सोमप्रभात

२४-११-३०

स्थितप्रज्ञके लक्षण सुनकर अर्जुनको ऐसा लगा कि मनुष्यको शांत होकर बैठ रहना चाहिए। उसके लक्षणोंमें कर्मका तो नामतक भी उसने नहीं सुना। इसलिए भगवानसे पूछा—"आपके वचनोंसे तो लगता है कि कर्मसे ज्ञान बढ़कर है। इससे मेरी बुद्धि भ्रमित हो रही है। यदि ज्ञान अच्छा हो तो फिर मुझे घोर कर्ममें क्यों उतार रहे हैं? मुझे साफ कहिये कि मेरा भला किसमें है?"

तब भगवानने उत्तर दिया :

"हे पापरहित अर्जुन! आरंभसे ही इस जगतमें दो मार्ग चलते आये हैं: एक में ज्ञानकी प्रधानता है और दूसरेमें कर्मकी। पर तू स्वयं देख ले कि कर्मके बिना मनुष्य अकर्मी नहीं हो सकता, बिना कर्मके ज्ञान आता ही नहीं। सब छोड़कर बैठ जानेवाला मनुष्य सिद्धपुरुष नहीं कहला सकता।

तू देखता है कि प्रत्येक मनुष्य कुछ-न-कुछ तो करता ही है। उसका स्वभाव ही उससे कुछ करावेगा। जगतका यह नियम होनेपर भी जो मनुष्य हाथ-पांव ढीले करके बैठा रहता है और मनमें तरह-तरहके मनसूबे करता रहता है, उसे मूर्ख कहेंगे और वह मिथ्याचारी भी गिना जायगा। क्या इससे यह अच्छा नहीं है कि इंद्रियोंको वशमें रखकर, राग-द्वेष छोड़कर, शोर-गुलके बिना, आसक्तिके बिना अर्थात् अनासक्तभावसे, मनुष्य हाथ-पांवोंसे कुछ कर्म करे, कर्मयोगका आचरण करे? नियत कर्म—तेरे हिस्सेमें आया हुआ सेवा-कार्य——तू इंद्रियोंको वशमें रखकर करता रह। आलसीकी भांति बैठे रहनेसे यह कहीं अच्छा है। आलसी होकर बैठे रहनेवालेके शरीरका अंतमें पतन हो जाता है। पर कर्म करते हुए इतना याद रखना चाहिए कि यज्ञ-कार्यके सिवा सारे कर्म लोगोंको बंधनमें रखते हैं। यज्ञके मानी हैं, अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरेके लिए, परोपकारके लिए, किया हुआ श्रम अर्थात् संक्षेपमें 'सेवा'। और जहां सेवाके निमित्त ही सेवा की जायगी वहां आसक्ति, राग-द्वेष नहीं होगा। ऐसा यज्ञ, ऐसी सेवा तू करता रह। ब्रह्माने जगत उपजानेके साथ-ही-साथ यज्ञ भी उपजाया, मानो हमारे कानमें यह मंत्र फूंका कि पृथ्वीपर जाओ, एक दूसरे की सेवा करो और फूलो-फलो, जीवमात्रको देवतारूप जानो, इन देवोंकी सेवा करके तुम उन्हें प्रसन्न रखो, वे तुम्हें प्रसन्न रखेंगे।

प्रसन्न हुए देव तुम्हें बिना मांगे मनोवांछित फल देंगे। इसलिए यह समझना चाहिए कि लोक-सेवा किये बिना, उनका हिस्सा उन्हें पहले दिये बिना, जो खाता है, वह चोर है और जो लोगोंका, जीवमात्रका, भाग उन्हें पहुंचानेके बाद खाता है या कुछ भोगता है उसे वह भोगनेका अधिकार है अर्थात् वह पाप-मुक्त हो जाता है। इससे उलटा, जो अपने लिए ही कमाता है—मजदूरी करता है—वह पापी है और पापका अन्न खाता है। सृष्टिका नियम ही यह है कि अन्नसे जीवोंका निर्वाह होता है। अन्न वर्षासे पैदा होता है और वर्षा यज्ञसे अर्थात् जीवमात्र-की मेहनतसे उत्पन्न होती है। जहां जीव नहीं हैं वहां वर्षा नहीं पाई जाती, जहां जीव हैं वहां वर्षा अवश्य है। जीवमात्र श्रमजीवी हैं। कोई पड़े-पड़े खा नहीं सकता। और मूढ़ जीवोंके लिए जब यह सत्य है तो मनुष्यके लिए यह कितने अधिक अंशमें लागू होना चाहिए? इससे भगवानने कहा, कर्मको ब्रह्माने पैदा किया। ब्रह्माकी उत्पत्ति अक्षर-ब्रह्मसे हुई, इसलिए यह समझना चाहिए कि यज्ञ-मात्रमें—सेवामात्रमें—अक्षरब्रह्म, परमेश्वर विराजता है। ऐसी इस प्रणालीका जो मनुष्य अनुसरण नहीं करता वह पापी है और व्यर्थ जीता है।

मंगलप्रभात

यह कह सकते हैं कि जो मनुष्य आंतरिक शांति भोगता है और संतुष्ट रहता है, उसे कोई कर्तव्य नहीं

है, उसे कर्म करनेसे कोई फायदा नहीं, न करनेसे हानि नहीं है। किसीके संबंधमें कोई स्वार्थ उसे न होनेपर भी यज्ञकार्यको वह छोड़ नहीं सकता। इससे तू तो कर्तव्य-कर्म नित्य करता रह, पर उसमें राग-द्वेष न रख, उसमें आसक्ति न रख। जो अनासक्तिपूर्वक कर्मका आचरण करता है वह ईश्वर-साक्षात्कार करता है। फिर जनक-जैसे निःस्पृही राजा भी कर्म करते-करते सिद्धिको प्राप्त हुए, क्योंकि वे लोकहितके लिए कर्म करते थे। तो तू कैसे इससे विपरीत बर्ताव कर सकता है? नियम ही यह है कि जैसा अच्छे और बड़े माने जानेवाले मनुष्य आचरण करते हैं उसका अनुकरण साधारणलोग करते हैं। मुझे देख, मुझे काम करके क्या स्वार्थ साधना था? पर मैं चौबीसों घंटा बिना थके कर्म करता ही रहता हूं और इससे लोग भी उसके अनुसार अल्पाधिक प्रमाणमें बरतते हैं। पर यदि मैं आलस्य कर जाऊं तो जगतका क्या हो? तू समझ सकता है कि सूर्य, चंद्र, तारे इत्यादि स्थिर हो जायं तो जगतका नाश हो जाय। और इन सबको गति देनेवाला, नियममें रखनेवाला तो मैं ही ठहरा। किंतु लोगोंमें और मुझमें इतना फरक जरूर है कि मुझे आसक्ति नहीं है, लोग आसक्त हैं, वे स्वार्थमें पड़े भागते रहते हैं। यदि तुझ-जैसा बुद्धिमान कर्म छोड़े तो लोग भी वही करेंगे और बुद्धिभ्रष्ट हो जायंगे। तुझे तो आसक्ति-रहित होकर कर्त्तव्य करना चाहिए, जिससे लोग

कर्म-भ्रष्ट न हों और धीरे-धीरे अनासक्त होना सीखें। मनुष्य अपनेमें मौजूद स्वाभाविक गुणोंके वश होकर काम तो करता ही रहेगा। जो मूर्ख होता है वही मानता है कि 'मैं करता हूं'। सांस लेना यह जीवमात्रकी प्रकृति है, स्वभाव है। आंखपर किसी मक्खी आदिके बैठते ही तुरंत मनुष्य स्वभावतः ही पलकें हिलाता है। उस समय नहीं कहता कि मैं सांस लेता हूं, मैं पलक हिलाता हूं। इस तरह जितने कर्म किये जायं सब स्वाभाविक रीतिके गुणके अनुसार क्यों न किये जायं? उनके लिए अहंकार क्या? और यों ममत्वरहित सहज कर्म करनेका सुवर्ण मार्ग है, सब कर्म मुझे अर्पण करना और ममत्व हटाकर मेरे निमित्त करना। ऐसा करते-करते जब मनुष्यमेंसे, अहंकार-वृत्तिका, स्वार्थका नाश हो जाता है तब उसके सारे कर्म स्वाभाविक और निर्दोष हो जाते हैं। वह बहुत जंजालमेंसे छूट जाता है। उसके लिए फिर कर्म-बंधन जैसा कुछ नहीं है और जहां स्वभावके अनुसार कर्म हो, वहां बलात्कारसे न करनेका दावा करनेमें ही अहंकार समाया हुआ है। ऐसा बलात्कार करनेवाला बाहरसे चाहे कर्म न करता जान पड़े, पर भीतर-भीतर तो उसका मन प्रपंच रचता ही रहता है। बाहरी कर्मकी अपेक्षा यह बुरा है, अधिक बंधन-कारक है।

तो वास्तवमें तो इंद्रियोंका अपने-अपने विषयोंमें राग-द्वेष विद्यमान ही है। कानोंको यह सुनना रुचता है, वह सुनना नहीं; नाकको गुलाबके फूलकी सुगंधि

भाती है, मल वगैरहकी दुर्गन्धि नहीं। सभी इंद्रियोंके संबंधमें यही बात है। इसलिए मनुष्यको इन राग-द्वेषरूपी दो ठगोंसे बचना चाहिए, और इन्हें मार भगाना हो तो कर्मोंकी शृंखलामें न पड़े। आज यह किया, कल दूसरा काम हाथमें लिया, परसों तीसरा, यों भटकता न फिरे। बल्कि अपने हिस्सेमें जो सेवा आ जाय उसे ईश्वरप्रीत्यर्थ करनेको तैयार रहे। तब यह भावना उत्पन्न होगी कि जो हम करते हैं वह ईश्वर ही कराता है। यह ज्ञान उत्पन्न होगा और अहंभाव चला जायगा। इसे स्वधर्म कहते हैं। स्वधर्मसे चिपटे रहना चाहिए, क्योंकि अपने लिए तो वही अच्छा है। देखनेमें परधर्म अच्छा दिखाई दे तो भी उसे भयानक समझना चाहिए। स्वधर्मपर चलते हुए मृत्यु होनेमें मोक्ष है।

भगवानके राग-द्वेषरहित होकर किये जानेवाले कर्मको यज्ञरूप बतलानेपर अर्जुनने पूछा, "मनुष्य किसकी प्रेरणासे पापकर्म करता है? अक्सर तो ऐसा लगता है कि पापकर्मकी ओर कोई उसे जबर्दस्ती ढकेल ले जाता है।"

भगवान बोले, "मनुष्यको पापकर्मकी ओर ढकेल ले जानेवाला काम है और क्रोध है। दोनों सगे भाईकी भांति हैं, कामकी पूर्तिके पहले ही क्रोध आ धमकता है। काम-क्रोधवाला रजोगुणी कहलाता है। मनुष्यके महान शत्रु ये ही हैं। इनसे नित्य लड़ना है। जैसे मैल चढ़नेसे दर्पण धुंधला हो जाता है,

या अग्नि धुंएके कारण ठीक नहीं जल पाती और गर्भ झिलीमें पड़े रहनेतक घुटता रहता है, उसी प्रकार काम-क्रोध ज्ञानीके ज्ञानको प्रज्वलित नहीं होने देते, फीका कर देते हैं, या दबा देते हैं। काम अग्निके समान विकराल है और इंद्रिय, मन, बुद्धि, सबपर अपना काबू करके मनुष्यको पछाड़ देता है। इसलिए तू इंद्रियोंसे पहले निपट, फिर मनको जीत तो बुद्धि तेरे अधीन रहेगी; क्योंकि इंद्रियां, मन और बुद्धि यद्यपि क्रमशः एक दूसरेसे बढ़-चढ़कर हैं तथापि आत्मा उन सबसे बहुत बढ़ा-चढ़ा है। मनुष्यको आत्माकी, अपनी शक्तिका पता नहीं है, इसीलिए वह मानता है कि इंद्रियां वशमें नहीं रहतीं, मन वशमें नहीं रहता या बुद्धि काम नहीं करती। आत्माकी शक्तिका विश्वास होते ही बाकी सब आसान हो जाता है। इंद्रियोंको, मन और बुद्धिको ठिकाने रखनेवालेका काम, क्रोध या उनकी असंख्य सेना कुछ नहीं कर सकती।"

इस अध्यायको मैंने गीता समझनेकी कुंजी कहा है। एक वाक्यमें उसका सार यह जान पड़ता है कि जीवन सेवाके लिए है, भोगके लिए नहीं है। अतः हमें जीवनको यज्ञमय बना डालना उचित है। पर इतना जान लेने भरसे वैसा हो जाना संभव नहीं हो जाता। जानकर आचरण करनेपर हम उत्तरोत्तर शुद्ध होते जायंगे। पर सच्ची सेवा क्या है, यह जाननेको इंद्रियदमन आवश्यक है। इस प्रकार

उत्तरोत्तर हम सत्यरूपी परमात्माके निकट होते जाते हैं। युग-युगमें हमें सत्यकी अधिक झांकी होती है। स्वार्थ-दृष्टिसे होनेवाला सेवा-कार्य यज्ञ नहीं रह जाता। अतः अनासक्तिकी बड़ी आवश्यकता है। इतना जाननेपर हमें इधर-उधरके वाद-विवादमें नहीं उलझना पड़ता। भगवानने अर्जुनको क्या सचमुच ही स्वजनोंको मारनेकी शिक्षा दी? क्या उसमें धर्म था? ऐसे प्रश्न आते रहते हैं। अनासक्ति आनेपर योंही हमारे हाथमें किसीको मारनेको छुरी हो तो वह भी छूट जाती है। पर अनासक्तिका ढोंग करनेसे वह नहीं आती। हमारे प्रयत्नपर वह आज आ सकती है अथवा, संभव है, हजारों वर्षतक प्रयत्न करते रहनेपर भी न आवे। इसका भी फिकर छोड़ देना चाहिए। प्रयत्नमें ही सफलता है। यह हमें सूक्ष्मतासे जांचते रहना चाहिए कि प्रयत्न वास्तव में हो रहा है या नहीं। इसमें आत्माको धोखा नहीं देना चाहिए और इतना ध्यान रखना तो सभीके लिए संभव है।

चौथा अध्याय

सोमप्रभात

१-१२-३०

भगवानने अर्जुनसे कहा कि मैंने जो निष्काम कर्मयोग तुझे बतलाया है वह बहुत प्राचीनकालसे

चला आता है, यह नया नहीं है। तू प्रिय भक्त है इसलिए, और इस समय धर्मसंकटमें है इसलिए, उसमेंसे मुक्त करनेके लिए, मैंने तेरे सामने इसे रखा है। जब-जब धर्मकी निंदा होती है और अधर्म फैलता है तब-तब मैं अवतार लेता हूं और भक्तोंकी रक्षा करता हूं, पापीका संहार करता हूं। मेरी इस मायाको जो जाननेवाला है वह विश्वास रखता है कि अधर्मका लोप अवश्य होगा, साधु पुरुषका रक्षक ईश्वर है। ऐसे मनुष्य धर्मका त्याग नहीं करते और अंतमें मुझे पाते हैं; क्योंकि वे मेरा ध्यान धरनेवाले, मेरा आश्रय लेनेवाले होनेके कारण काम-क्रोधादिसे मुक्त रहते हैं और तप तथा ज्ञानसे शुद्ध हुए रहते हैं। मनुष्य जैसा करता है वैसा फल पाता है। मेरे नियमोंसे बाहर कोई रह नहीं सकता। गुण-कर्म-भेदसे मैंने चार वर्ण पैदा किये हैं। फिर भी मुझे उनका कर्ता मत समझ; क्योंकि मुझे इस कर्ममेंसे किसी फलकी आकांक्षा नहीं है, न इसका पाप-पुण्य मुझे होता है। यह ईश्वरी माया समझने योग्य है। जगतमें जितनी प्रवृत्तियां हैं, सब ईश्वरी नियमोंके अधीन होती हैं, फिर भी ईश्वर उनसे अलिप्त रहता है, इसलिए वह उनका कर्ता है और अकर्ता भी। यों अलिप्त रहकर, अछूते रहकर, फलेच्छासे रहित होकर जैसे ईश्वर चलता है वैसे मनुष्य भी निष्काम रहकर चले तो अवश्य मोक्ष पा जाय। ऐसा मनुष्य कर्ममें अकर्म देखता है और ऐसे मनुष्यको न करने योग्य

कर्मका भी तुरंत पता चल जाता है। कामनासे संबंधित कर्म, जो कामनाके बिना हो ही नहीं सकते वे सब, न करने योग्य कर्म कहलाते हैं—उदाहरणके लिए, चोरी, व्यभिचार इत्यादि। ऐसे कर्म कोई अलिप्त रहकर नहीं कर सकता। इसलिए जो कामना और संकल्प छोड़कर कर्तव्य-कर्म करता है उसके बारेमें कहा जाता है कि उसने अपने ज्ञानरूपी अग्निद्वारा अपने कर्मोंको जला डाला है। यों कर्म-फलका संग छोड़नेवाला मनुष्य सदा संतुष्ट रहता है, सदा स्वतंत्र होता है। उसका मन ठिकाने होता है, वह किसी संग्रहमें नहीं पड़ता और जैसे आरोग्यवान पुरुषकी शारीरिक क्रियाएं अपने-आप चलती रहती हैं उसी प्रकार ऐसे मनुष्यकी प्रवृत्तियां अपने-आप चला करती हैं। उनके अपने चलानेका उसे अभिमान नहीं होता, भान तक नहीं होता। वह स्वयं निमित्तिमात्र रहता है—सफलता मिली तो भी 'वाह-वाह', न मिली तो भी। सफलतासे वह फूल नहीं उठता, विफलतासे घबराता नहीं। उसके सब कर्म यज्ञरूप, सेवाके लिए होते हैं। वह सारी क्रियाओंमें ईश्वरको ही देखता है और अंतमें उसीको पाता है।

यज्ञ तो अनेक प्रकारके कहे गये हैं। उन सबके मूलमें शुद्धि और सेवा होती है। इंद्रियदमन एक प्रकारका यज्ञ है; किसीको दान देना दूसरी प्रकारका। प्राणायामादि भी शुद्धिके लिए आरंभ किये जानेवाले यज्ञ हैं। इनका ज्ञान किसी ज्ञाता गुरुसे प्राप्त किया

जा सकता है। वह मिलाप, विनय, लगन और सेवासे ही संभव है। यदि सब लोग बिना समझे-बूझे यज्ञ-के नामपर अनेक प्रवृत्तियां करने लग जायं तो अज्ञानके निमित्त होनेके कारण, भलेके बदले बुरा नतीजा भी हो सकता है। इसलिए हरेक कामके ज्ञानपूर्वक होनेकी पूरी आवश्यकता है।

यहां ज्ञानसे मतलब अक्षर-ज्ञान नहीं है। इस ज्ञानमें शंकाकी कोई गुंजायश ही नहीं रहती। उसका श्रद्धासे आरंभ होता है और अंतमें उसका अनुभव आता है। ऐसे ज्ञानसे मनुष्य सब जीवोंको अपनेमें देखता है और अपनेको ईश्वरमें देखता है, यहांतक कि यह सब प्रत्यक्षकी भांति उसे ईश्वरमय लगता है। ऐसा ज्ञान पापी-से-पापीको भी तार देता है। यह ज्ञान कर्मबंधनमेंसे मनुष्यको मुक्त करता है, अर्थात् कर्मका फल उसे स्पर्श नहीं करता। इसके समान पवित्र इस जगतमें दूसरा कुछ नहीं है। इस-लिए तू श्रद्धा रखकर, ईश्वरपरायण होकर, इंद्रियोंको वशमें रखकर ऐसा ज्ञान पानेका प्रयत्न कर; उससे तुझे परम शांति मिलेगी।

तीसरा, चौथा, और पांचवां अध्याय, तीनों एक साथ मनन करने योग्य हैं। उनमेंसे अनासक्तियोग क्या है इसका अनुमान हो जाता है। इस अनासक्ति— निष्कामतासे मिलनेका उपाय भी उनमें थोड़े-बहुत अंशमें बतलाया गया है। इन तीनों अध्यायोंको यथार्थ रूपसे समझ लेनेपर आगेके अध्यायोंमें कम कठिनाई

पड़ेगी। आगेके अध्याय हमें अनासक्ति-प्राप्तिके साधन-की अनेक रीतियां बतलाते हैं। हमें इस दृष्टिसे गीताका अध्ययन करना चाहिए, इससे अपनी नित्य पैदा होनेवाली समस्याओंको हम गीताद्वारा बिना परिश्रमके हल कर सकेंगे। यह नित्यके अभ्याससे संभव होनेवाली वस्तु है। सबको आजमा देखनी चाहिए। क्रोध आया कि तुरंत उससे संबंधित श्लोकका स्मरण करके उसे शांत करना चाहिए। किसीका द्वेष हो, अधीरता आवे, आहारैषणा आवे, किसी कामको करने या न करनेका संकट आवे तो ऐसे सब प्रश्नोंका निपटारा, श्रद्धा हो और नित्य मनन हो तो, गीता-मातासे कराया जा सकता है। इसके लिए नित्यका यह पारायण है और तदर्थ यह प्रयत्न है।

यज्ञ—१

मंगलप्रभात

२१-१०-३०

हम यज्ञ शब्दका व्यवहार बारंबार करते हैं। हमने नित्यका महायज्ञ भी रचा है। इसलिए यज्ञ शब्दका विचार कर लेना जरूरी है। इस लोकमें या परलोकमें कुछ भी बदला लिये या चाहे बिना, परार्थ-के लिए किये हुए किसी भी कर्मको यज्ञ कहेंगे।

कर्म कायिक हो या मानसिक, चाहे वाचिक, कर्म का विशाल-से-विशाल अर्थ लेना चाहिए। 'परार्थ-के लिए' का मतलब केवल मनुष्य-वर्ग नहीं, बल्कि जीवमात्र लेना चाहिए और अहिंसाकी दृष्टिसे भी, मनुष्यजातिकी सेवाके लिए भी, दूसरे जीवोंका होमना या उनका नाश करना यज्ञकी गिनतीमें नहीं आ सकता। वेदादिमें अश्व, गाय इत्यादिको होमनेकी जो बात आती है उसे हमने गलत माना है। वहां पशुहिंसाका अर्थ लें तो सत्य और अहिंसाकी तराजूपर ऐसे होम नहीं चढ़ सकते, इतने से हमने संतोष मान लिया है। जो वचन धर्मके नामसे प्रसिद्ध हैं उनका ऐतिहासिक अर्थ करनेमें हम नहीं फंसते और वैसे अर्थोंके अन्वेषणकी अपनी अयोग्यता हम स्वीकार करते हैं। उस योग्यताकी प्राप्तिका प्रयत्न भी हम नहीं करते, क्योंकि ऐतिहासिक अर्थसे जीवहिंसा संगत भी ठहरे तो भी अहिंसाको सर्वोपरि धर्म माननेके कारण हमारे लिए उस अर्थको रुचनेवाला आचार त्याज्य है।

उक्त व्याख्याके अनुसार विचारनेपर हम देख सकते हैं कि जिस कर्ममें अधिक-से-अधिक जीवोंका, अधिक-से-अधिक क्षेत्रमें कल्याण हो और जो कर्म अधिक-से-अधिक मनुष्य अधिक-से-अधिक सरलतासे कर सकें, और जिसमें अधिक-से-अधिक सेवा होती हो, वह महायज्ञ है या अच्छा यज्ञ है। अतः किसीकी भी सेवाके निमित्त अन्य किसीका कल्याण चाहना या

करना यज्ञ-कार्य नहीं है और यज्ञके अलावा किया हुआ कार्य बन्धनरूप है यह हमें भगवद्गीता और अनुभव भी सिखाता है।

ऐसे यज्ञके बिना यह जग क्षणभर भी नहीं टिक सकता, इसीलिए गीताकारने ज्ञानकी कुछ झलक दूसरे अध्यायमें दिखाकर तीसरे अध्यायमें उसकी प्राप्तिके साधनमें प्रवेश कराया है और साफ शब्दों-में कहा है कि हम यज्ञको जन्मसे ही साथ लाये है। यहांतक कि हमें यह शरीर केवल परमार्थके लिए मिला है और इसलिए यज्ञ किये बिना जो खाता है वह चोरीका खाता है, ऐसी सख्त बात गीताकारने कह डाली। जो शुद्ध जीवन बिताना चाहता है, उसके सब काम यज्ञरूप होते हैं। हमारे यज्ञसहित जन्मनेका मतलब है कि हम हरदमके ऋणी या देनदार है। इसलिए हम जगके सदाके गुलाम हैं। और जैसे स्वामीकी गुलामको सेवा के बदलेमें खाना-कपड़ा आदि देता है वैसे हमें जगतका स्वामी हमसे गुलामी लेनेके लिए जो अन्न-वस्त्रादि देता है वह कृतज्ञतापूर्वक लेना चाहिए। यह न समझना चाहिए कि जो मिलता है उतनेका भी हमें हक है, न मिलनेपर मालिकको दोष न दें। यह देह उसकी है, जी चाहे इसे रक्खे, या न रक्खे। यह स्थिति दुःखद नहीं है, न दयनीय है। यदि हम अपना स्थान समझ लें तो यह स्वाभाविक है और इसलिए सुखद और चाहने योग्य है। ऐसे परम सुखके अनुभवके लिए अचल श्रद्धा तो अवश्य चाहिए।

अपने लिए कोई चिंता न करना, सब परमेश्वरको सौंप देना, ऐसा आदेश मैंने तो सब धर्मोंमें पाया है।

पर इस वचनसे किसीको डरना नहीं चाहिए। मनको स्वच्छ रखकर सेवाका आरंभ करनेवालेको उसकी आवश्यकता दिन-प्रतिदिन स्पष्ट होती जाती है और वैसे ही उसकी श्रद्धा बढ़ती जाती है। जो स्वार्थ छोड़ने को तैयार ही नहीं है, अपनी जन्मकी स्थितिको पहचाननेको ही तैयार नहीं, उसके लिए तो सेवाके सब मार्ग मुश्किल हैं। उसकी सेवामें तो स्वार्थ की गंध आती ही रहेगी। पर ऐसे स्वार्थी जगतमें कम ही मिलेंगे। कुछ-न-कुछ निःस्वार्थ सेवा हम सब जाने-अनजाने करते ही रहते हैं। यही चीज विचार-पूर्वक करने लगनेसे हमारी पारमार्थिक सेवाकी वृत्ति उत्तरोत्तर बढ़ती रहेगी। उसमें हमारा सच्चा सुख है और जगतका कल्याण है।

यज्ञ—२

मंगलप्रभात

२८-१०-३०

यज्ञके विषयमें पिछले सप्ताह लिखकर भी इच्छा पूरी नहीं हुई। जिस चीजको जन्मके साथ लेकर हमने इस संसारमें प्रवेश किया है उसके बारेमें कुछ अधिक विचार करना व्यर्थ न होगा। यज्ञ नित्य-कर्तव्य है,

चौबीसों घंटे आचरणमें लानेकी वस्तु है, इस विचारसे और यज्ञका अर्थ सेवा समझकर 'परोपकाराय सतां विभूतयः' वचन कहा गया है। निष्काम सेवा परोपकार नहीं है, बल्कि अपने निजके ऊपर उपकार है। जैसे कर्ज चुकाना परोपकार नहीं, बल्कि अपनी सेवा है, अपने ऊपर उपकार है, अपने ऊपरसे भार उतारना है, अपने धर्मको बचाना है। फिर कोई संतकी ही पूंजी 'परोपकारार्थ'—अधिक सुंदर भाषामें कहिये तो —'सेवार्थ' हो सो नहीं है, बल्कि मनुष्यमात्रकी पूंजी सेवार्थ है। और यह होनेपर सारे जीवनमें भोगका खातमा हो जाता है, जीवन त्यागमय हो जाता है। या यों कहें कि मनुष्यका त्याग ही उसका भोग है। पशु और मनुष्यके जीवनमें यह भेद है। जीवनका यह अर्थ जीवनको शुष्क बना देता है, इससे कलाका नाश हो जाता है, अनेक लोग यह आरोप करके उक्त विचारको सदोष समझते हैं। पर मेरे खयालमें ऐसा कहना त्यागका अनर्थ करना है। त्यागके मानी संसार-से भागकर जंगलमें जा बसना नहीं है, बल्कि जीवनकी प्रवृत्ति मात्रामें त्यागका होना है। गृहस्थ-जीवन त्यागी और भोगी दोनों हो सकता है। मोचीका जूते सीना, किसानका खेती करना, व्यापारीका व्यापार करना और नाईका हजामत बनाना त्याग भावनासे हो सकता है या उसमें भोगकी लालसा हो सकती है। जो यज्ञार्थ व्यापार करता है वह करोड़ोंके व्यापारमें भी लोकसेवा-का ही खयाल रक्खेगा, किसीको धोखा नहीं देगा,

अकरणीय साहस नहीं करेगा, करोड़ोंकी सम्पत्ति रखते हुए भी सादगीसे रहेगा, करोड़ों कमाते हुए भी किसीकी हानि नहीं करेगा। किसीकी हानि होती होगी तो करोड़ोंसे हाथ धो देगा। कोई इस खयालसे न हँसे कि ऐसा व्यापारी मेरी कल्पनामें ही बसता है। संसारके सौभाग्यसे ऐसे व्यापारी पश्चिम और पूर्व दोनोंमें हैं। हों चाहे अंगुलियोंपर ही गिनने भरको, पर एक भी जीवित उदाहरण रहनेपर उसे फिर कल्पना-की वस्तु नहीं कह सकते। ऐसे दरजीको हमने वढ़-वाणमें ही देखा है। ऐसे एक नाईको मैं जानता हूं और ऐसे बुनकरको हम लोगोंमेंसे[1] कौन नहीं जानता। देखने-ढूढ़नेपर हम सब धंधोंमें केवल यज्ञार्थ अपना धंधा करने और तदर्थ जीवन बितानेवाले आदमी पा सकते हैं। यह अवश्य है कि ऐसे याज्ञिक अपने धंधेसे अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। पर वे धन्धा आजीविकाके निमित्त नहीं करते, आजीविका उनके लिए उस धंधेका गौण फल है। मोतीलाल पहले भी दर्जीका धंधा करता था और ज्ञान होनेके बाद भी दर्जी बना रहा। भावना बदल जानेसे उसका धंधा यज्ञरूप बन गया, उसमें पवित्रता आ गई और पेशेमें दूसरेके सुखका विचार दाखिल हो गया। उसी समय उसके जीवनमें कलाका प्रवेश हो गया। यज्ञमय जीवन कलाकी पराकाष्ठा है, सच्चा रस उसीमें है, क्योंकि उसमेंसे रसके नित्य नये झरने प्रकट होते

[1] यानी आश्रमवासियोंमेंसे

हैं। मनुष्य उन्हें पीकर अघाता नहीं है, न वे झरने कभी सूखते हैं। यज्ञ यदि भाररूप जान पड़े तो यज्ञ नहीं है, जो अखरे वह त्याग नहीं है। भोगका अंत नाश है, त्यागका अन्त अमरता। रस स्वतन्त्र वस्तु नहीं है, रस तो हमारी वृत्तिमें मौजूद है। एकको नाटकके पर्दोंमें मजा आता है, अन्यको आकाशमें नित्य नये-नये प्रकट होनेवाले दृश्योंमें। रस परिशीलनका विषय है। जो रसरूपसे बचपनमें सिखाया जाता है, जिसे रसके नामसे जनतामें प्रवेश कराया जाता है वह रस माना जाता है। हम ऐसे उदाहरण पा सकते हैं कि जिनमें एक प्रजाको रसमय लगनेवाली चीज दूसरी प्रजाको रसहीन लगती है।

यज्ञ करनेवाले अनेक सेवक मानते हैं कि हम निष्काम भावसे सेवा करते हैं, अतः लोगोंसे आवश्यकताभरको, और अनावश्यक भी, लेनेका हमें परवाना मिल गया है। जहां किसी सेवकके मनमें यह विचार आया कि उसकी सेवकाई गई, सरदारी आई। सेवामें अपनी सुविधाके विचारकी गुंजाइश ही नहीं होती है। सेवककी सुविधा स्वामी—ईश्वर देखे, देनी होगी तो वह देगा। यह खयाल रखते हुए सेवकको चाहिए कि जो कुछ आ जाय सबको न अपना बैठे। आवश्यकताभरको ही ले, बाकीका त्याग करे। अपनी सुविधाकी रक्षा न होनेपर भी शांत रहे, रोष न करे, मनमें भी खिन्नता न लावे। याज्ञिकका बदला, सेवककी मजदूरी, यज्ञ—सेवा ही है।

उसीमें उसका संतोष है।

सेवा-कार्यमें बेगार भी नहीं काटी जाती। उसे अंतके लिए नहीं छोड़ा जाता। अपना काम तो संवारे; लेकिन पराया, बिना पैसेके करना है, इस खयालसे जैसा-तैसा या जब चाहे तब करनेमें भी हर्ज न समझनेवाला, यज्ञका ककहरा भी नहीं जानता। सेवामें तो सोलहों सिंगार भरने पड़ते हैं, अपनी सारी कला उसमें खर्च कर देनी पड़ती है। पहले यह, फिर अपनी सेवा। मतलब यह कि शुद्ध यज्ञ करनेवालेके लिए अपना कुछ नहीं है। उसने सब 'कृष्णार्पण' कर दिया है।

यज्ञ—३

(व्यक्तिगत पत्रोंमेंसे)

१३-११-३०

चर्खे और फ्रेंचके विषयमें तुमने जो लिखा है उसमें भी सिद्धान्त दृष्टिसे त्रुटि पाता हूं। चर्खेको सर्वार्पण करनेपर उस समयको दूसरे काममें नहीं लगाया जा सकता। कोई बात करने आ जाय तो विवेकके खयालसे कर सकते हैं; पर बातोंके बजाय कुछ सीखा ही जाय तो उसमें क्या बुराई है, यह न्याय यहां नहीं लग सकता। बातोंमेंसे तो जब चाहे छुट्टी पाई जा सकती है। बात करनेवाला

भी बहुत देरतक बैठकर बातें नहीं करेगा। पर शिक्षक बन जानेपर तो वह पूरा समय देनेको मजबूर हो जाता है। यह सब तबके लिए है जबकि चर्खेको यज्ञरूपमें चलाते हों। अपने विषयमे मैं इस सत्यका प्रत्यक्ष अनुभव करता हूं। चर्खा चलाते समय जब अन्य विचारोंमें पड़ता हूं तब गतिपर, नंबरपर, समानतापर उसका असर पड़ता है। कल्पना करो कि रोम्या रोलां या बिथोवन पियानोपर बैठे है। उसपर वे ऐसे तन्मय हो जाते हैं कि बात नहीं कर सकते, न मनमें अन्य विचार कर सकते हैं। कला और कलाकार पृथक् नहीं होते। यदि यह पियानोके लिए सत्य हो तो फिर चर्खायज्ञके लिए कितना अधिक सत्य होना चाहिए? यह विचार जाने दो कि यह आचरण आज ही संभव नहीं है। अपने विचारक्षेत्रको बावन तोला पाव रत्ती शुद्ध रख सकें तो तदनुसार आचरण किसी दिन हो ही जायगा। यह न समझो कि इसमें गुजरे हुओंकी आलोचना है। मैं खुद बहुत अधूरा हूं, मुझे आलोचना करनेका हक भी कहां है? जितना जानता हूं उसपर मैं खुद कहां पूरी तरह चलता हूं? चलता होता तो कबका चर्खा सात लाख गांवोमें गूज जाता। आज भी जो जानता हूं उसके अनुसार सौ फीसदी चल सकूं तो मेरे यहां बैठे भी चर्खा हवाकी तरह फैले। पर यदि मालवीयजी भागवत पुराणकी चर्चासे थकें तो मैं चर्खा-संगीतकी बातों से थकूं। चर्खा-पुराण तो कैसे कहूं? पुराण

तो भविष्यकी पीढ़ी रचेगी, बशर्तेकि हम कुछ रचने लायक कर जायंगे। आज तो हम इसका टूटा-फूटा संगीत रच रहे हैं। अंतमें उसमें कैसा सुर निकलता है यह हमारी तपश्चर्या और हमारे समर्पणपर निर्भर रहेगा।

···मुझे आदर्श तो यह लगता है कि यज्ञके समय मौन हो। उस समय जो विचार हो वह चर्खे, या कहो खादीसबधी अथवा रामनामका हो। रामनामको विस्तृत अर्थमें लेना चाहिए। वास्तवमें तो रामनाम जाने-अनजाने हमेशा ही होना चाहिए, जैसे सगीतमें तंबूरा। पर हाथ जो काम करते हों उसमें हम एक-ध्यान न हों तो रामनामका इच्छापूर्वक रटन होना चाहिए। चर्खा चलाते हुए हम बातें करें, कुछ सुनें या और कुछ करें तो यह क्रिया यज्ञ तो नहीं होगी। यदि यह यज्ञ कर्त्तव्य है तो उतने समयके लिए उसमें लीन हो जाना चाहिए। जिसका सारा जीवन यज्ञरूप है और जो अनासक्त है वह एक समयमें एक ही काम करेगा। इतना जानते हुए भी (अल्पाधिक प्रमाणमें) मैं ही पहला पापी ठहरता हूं; क्योंकि कह सकते हैं कि मैंने किसी दिन चुपचाप एकांतमें बैठकर अर्थात् मौन धरकर, नहीं काता। मौनवारके दिन कातते-कातते डाक सुनता या किसीकी कोई बात सुननी होती तो वह सुनता। यह कुटेव यहां भी नहीं गई। इसलिए कोई ताज्जुब नहीं कि कातनेमें बहुत नियमित होते हुए भी मैं सुस्त रह

गया और घंटेमें मुश्किलसे २०० तारतक अब पहुंचा हूं ! और भी अनेक दोष अपनेमें पाता हूं, जैसे तार टूटना, माल बनाना न जानना, चमरखका अल्पज्ञान, रुईकी किस्म न पहचानना, समानता वगैरह पूरी तरहसे न निकाल सकना, तारकी परख न कर सकना इत्यादि। क्या यह सब किसी याज्ञिकको शोभा देता है ? फिर खादीकी गति धीमी रह गई तो इसमें क्या आश्चर्य है ? यदि दरिद्रनारायण है और उसके होने में कोई शक नहीं है, और यदि उसकी प्रसादी खादी है, और यह कहनेवाला, जाननेवाला जो कुछ कहो वह मैं हूं, फिर भी मेरा अमल कितना ढीला-ढाला है। इसलिए इस विषयमें किसी औरको दोषी ठहरानेका जी नहीं चाहता है। मैं तो सिर्फ तुम्हें अपने दोषका, दुःखका और उसमेंसे उत्पन्न होनेवाले खयालका और ज्ञानका दर्शन कराना चाहता हूं। यद्यपि काकाके साथ यदा-कदा ऐसी बातें हुई हैं, तथापि इतनी स्पष्टतासे तो यही पहले-पहल तुमसे कर रहा हूं। और यह स्पष्टता भी आई तुम्हारे उस फ्रेंचको चरखेके साथ जोड़नेके कारण। तुमने जो किया उसमें मैं तुम्हारा तनिक भी दोष नहीं पाता। मैं देख रहा हूं कि चर्खेका कैसा कच्चा 'मंत्रा' हूं मैं। मंत्रको तो जाना, पर उसकी पूरी विधि आचारमें नहीं उतारी, इसलिए मंत्र अपनी पूरी शक्ति नहीं प्रकट कर सका। चर्खेकी भांति ही इस बातको सारे जीवनपर घटाकर देखो तो कल्पनामें तो तुम्हें

जीवनकी अद्‌भुत शांतिका अनुभव होगा और सफलता-का भी। 'योगः कर्मसु कौशलम्' का तात्पर्य यह है। इस बातको ध्यानमें रखकर जितना हो सके उतना ही करनेको हाथमें लें और संतोष मानें। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इससे हम अपनेको और समाजको अधिक-से-अधिक आगे बढ़ानेमें अपना कर्त्तव्य करते हैं। जबतक इसका पूरा-पूरा अमल न हो ले तबतक तो यह कोरा पांडित्य ही कहा जायगा। दिन-दिन इस दिशामें बढ़ तो रहा हूं। बाहर निकलनेपर क्या होगा वह भगवान जानें। तुम इसमेंसे बन सके तो इतना तो अमलमें ला सकते हो कि यज्ञके निमित्त जितने तार तय कर लो उतने तो शास्त्रीय रीतिसे कातो। बाकी तो चाहे जिस दिशामें हिन्दुस्तानकी संपत्ति बढ़ानेके इरादेसे कातते रहो। अभी लिखते जानेकी इच्छा होती है। पर अब बस करता हूं।

पांचवां अध्याय

अर्जुन कहता है, "आप ज्ञानको विशेष बतलाते हैं। इससे मैं समझता हूं कि कर्म करनेकी आवश्यकता नहीं है, संन्यास ही अच्छा है। पर फिर आप कर्मकी भी स्तुति करते हैं तब यह लगता है कि योग ही अच्छा है। इन दोनोंमें अधिक अच्छा क्या है, यह मुझको निश्चयपूर्वक कहिये। तभी मुझे कुछ शांति मिल सकती है।"

यह सुनकर भगवान बोले, "संन्यास अर्थात् ज्ञान और कर्मयोग अर्थात् निष्काम कर्म ये दोनों अच्छे हैं; पर यदि तुझे चुनाव ही करना है तो मैं कहता हूं कि योग अर्थात् अनासक्तिपूर्वक कर्म अधिक अच्छा है। जो मनुष्य किसी वस्तु या मनुष्य-का न द्वेष करता है, न कोई इच्छा रखता है और सुख-दुःख, सर्दी-गर्मी इत्यादि द्वंद्वोंसे परे रहता है, वह संन्यासी ही है। फिर वह कर्म करता हो या न करता हो। ऐसा मनुष्य सहज में बधनमुक्त हो जाता है। अज्ञानी ज्ञान और योगमें भेद करता है, ज्ञानी नहीं। दोनोंका परिणाम एक ही होता है, अर्थात् दोनोंसे वही स्थान मिलता है। इसलिए सच्चा जाननेवाला वही है जो दोनोंको एक ही समझता है; क्योंकि शुद्ध ज्ञानवालेकी संकल्पभरसे कार्यसिद्धि होती है, अर्थात् बाहरी कर्म करनेकी उसे जरूरत नही रहती। जब जनकपुरी जल रही थी तब दूसरोंका धर्म था कि जाकर आग बुझायें। जनकके संकल्पसे ही उनका आग बुझानेका कर्त्तव्य पूरा हो रहा था; क्योंकि उनके सेवक उनके अधीन थे। यदि वह घड़ाभर पानी लेकर दौड़ते तो कुल चौपट कर देते। दूसरे लोग उनकी ओर ताकते रहते और अपना कर्तव्य बिसर जाते। और विशेष भलमंसी दिखाते तो हक्के-बक्के होकर जनककी रक्षा करने दौड़ते। पर सब झटपट जनक नहीं बन सकते। जनककी स्थिति बड़ी दुर्लभ है। करोड़ोंमेंसे किसीको अनेक जन्मों की

सेवासे वह प्राप्त हो सकती है। यह भी नहीं है कि इसकी प्राप्तिपर कोई विशेष शांति हो। उत्तरोत्तर निष्काम कर्म करते मनुष्यका संकल्पबल बढ़ता जाता है और बाहरी कर्म कम होते जाते हैं। कहा जा सकता है कि वास्तवमें देखनेपर उसे इसका पता भी नहीं चलता। इसके लिए उसका प्रयत्न भी नहीं होता। वह तो सेवा-कार्यमें ही डूबा रहता है। उससे उसकी सेवा-शक्ति इतनी अधिक बढ़ जाती है कि उसे सेवासे कोई थकान आती नहीं जान पड़ती। इससे अंतमें उसके संकल्प में ही सेवा आ जाती है, वैसे ही जैसे बहुत जोर-से गति करती हुई वस्तु स्थिर-सी लगती है। ऐसा मनुष्य कुछ करता नहीं है, यह कहना प्रत्यक्षरूपसे अयुक्त है। पर ऐसी स्थिति साधारणतः कल्पनाकी ही वस्तु है, अनुभवमें नहीं आती। इसलिए मैंने कर्मयोगको विशेष कहा है। करोड़ों निष्काम कर्ममेंसे ही संन्यासका फल प्राप्त करते हैं। वे संन्यासी होने जायं तो इधर या उधर, कहींके न रहेंगे। संन्यासी होने गये तो मिथ्याचारी हो जानेकी पूरी संभावना है, और कर्मसे तो गये ही, मतलब सब खोया। पर जो मनुष्य अनासक्ति-सहित कर्म करता हुआ शुद्धता प्राप्त करता है, जिसने अपने मनको जीता है, जिसने अपनी इंद्रियोंको वशमें रक्खा है, जिसनें सब जीवोंके साथ अपनी एकता साधी है और सबको अपने समान ही मानता है, वह कर्म करते हुए भी उससे अलग रहता है, अर्थात् बंधनमें नहीं

पड़ता। ऐसे मनुष्यके बोलने-चालने आदिकी क्रियाएं करते हुए भी ऐसा लगता है कि इन क्रियाओंको इंद्रियां अपने धर्मानुसार कर रही हैं। स्वयं वह कुछ नहीं करता। शरीरसे आरोग्यवान मनुष्यकी क्रियाएं स्वाभाविक होती हैं। उसके जठर आदि अपने-आप काम करते हैं, उनकी ओर उसे खयाल नहीं दौड़ाना पड़ता, वैसे ही जिसकी आत्मा आरोग्यवान है उसके लिए कहा जा सकता है कि शरीरमें रहते हुए भी स्वयं अलिप्त है, कुछ नहीं करता। इसलिए मनुष्यको चाहिए कि सब कर्म ब्रह्मार्पण करे, ब्रह्मके ही निमित्त करे। तब वह करते हुए भी पाप-पुण्यका पुंज नही रचता। पानीमें कमलकी भांति कोरा-का-कोरा ही रहेगा। इसलिए जिसने अनासक्तिका अभ्यास कर लिया है वह योगी कायासे, मनसे, बुद्धिसे कार्य करते हुए भी, संगरहित होकर, अहंकार तजकर बरतता है, जिसमे शुद्ध हो जाता है और शांति पाता है। दूसरा रोगी, जो परिणाममे फसा हुआ है, कैदीकी भांति अपनी कामनाओंमें बंधा रहता है। इस नौ दरवाजेवाले देहरूपी नगरमें सब कर्मोंका मनसे त्याग करके स्वयं कुछ न करता-कराता हुआ योगी सुखपूर्वक रहता है। संस्कारवान संशुद्ध आत्मा न पाप करता है, न पुण्य। जिसने कर्ममें आसक्ति नहीं रखी, अहंभाव नष्ट कर दिया, फलका त्याग किया, वह जड़की भांति बरतता है, निमित्तमात्र बना रहता है। भला उसे पाप-पुण्य कैसे छू सकते

हैं ? इसके विपरीत जो अज्ञानमें फंसा है वह हिसाब लगाता है, इतना पुण्य किया, इतना पाप किया और इससे वह नित्य नीचेको गिरता जाता है और अंतमें उसके पल्ले पाप ही रह जाता है। ज्ञानसे अपने अज्ञानका नित्य नाश करते जानेवालेके कर्ममें नित्य निर्मलता बढ़ती जाती है, संसारकी दृष्टिमें उसके कर्मोंमें पूर्णता और पुण्यता होती है। उसके सब कर्म स्वाभाविक जान पड़ते हैं। वह समदर्शी होता है। उसकी नजरों में विद्या और विनयवाला ब्रह्मज्ञाता ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ता, विवेकहीन—पशुसे भी गयाबीता—मनुष्य सब समान हैं। मतलब, कि सबकी वह समान भावसे सेवा करेगा—यह नहीं कि किसीको बड़ा मानकर उसका मान करेगा और दूसरेको तुच्छ समझकर उसका तिरस्कार करेगा। अनासक्त मनुष्य अपनेको सबका देनदार मानेगा, सबको उनका लहना चुकावेगा और पूरा न्याय करेगा। उसने जीते-जी जगतको जीत लिया है, वह ब्रह्ममय है। अपना प्रिय करनेवालेपर वह रीझता नहीं, गाली देनेवालेपर खीझता नहीं। आसक्तिवान सुखको बाहर ढूढ़ता है, अनासक्त निरंतर भीतर से शांति पाता है, क्योंकि उसने बाहरसे जीवको समेट लिया है। इंद्रियजन्य सारे भोग दुःखके कारण हैं। मनुष्य-को काम-क्रोधसे उत्पन्न उपद्रव सहन करने चाहिए। अनासक्त योगी सब प्राणियोंके हितमें ही लगा रहता है। वह शंकाओंसे पीड़ित नहीं होता। ऐसा योगी

बाहरी जगतसे निराला रहता है, प्राणायामादिके प्रयोगोंसे अंतर्मुखताका यत्न करता रहता है और इच्छा, भय, क्रोध आदिसे पृथक रहता है। वह मुझे ही सबका महेश्वर, मित्ररूप, यज्ञादिके भोक्ताकी भांति जानता है और शांति प्राप्त करता है।

छठा अध्याय

मंगलप्रभात

१६-१२-३०

श्रीभगवान कहते हैं—कर्म-फल त्यागकर कर्त्तव्य-कर्म करनेवाला मनुष्य संन्यासी कहलाता है और योगी भी कहलाता है। जो क्रियामात्रका त्याग कर बैठता है वह आलसी है। असली बात तो है मनके घोड़े दौड़ाना छोड़नेकी। जो योग अर्थात् समत्वको साधना चाहता है उसकी कर्म बिना गुजर हो नहीं। जिसे समत्व प्राप्त होगया है वह शांत दिखाई देता है। तात्पर्य, उसके विचारमात्रमें कर्मका बल आ गया रहता है। जब मनुष्य इंद्रियके विषयों में या कर्ममें आसक्त न हो और मनकी सारी तरंगोंको छोड़ दे तब कहना चाहिए कि उसने योग साधा है, वह योगारूढ़ हुआ है।

आत्माका उद्धार आत्मासे ही होता है। तब

कह सकते हैं कि आत्मा स्वयं ही अपना शत्रु बनता है और मित्र बनता है। जिसने मनको जीता है उसका आत्मा मित्र है, जिसने नहीं जीता है उसका आत्मा शत्रु है। मनको जीतनेवालेकी पहचान है कि उसके लिए सरदी-गरमी, सुख-दुःख, मान-अपमान सब एक समान होते हैं। योगी उसका नाम है जिसे ज्ञान है, अनुभव है, जो अविचल है, जिसने इंद्रियोंपर विजय पाई है और जिसके लिए सोना, मिट्टी या पत्थर समान है। वह शत्रु-मित्र, साधु-असाधु इत्यादि के प्रति समभाव रखता है। ऐसी स्थितिको पहुंचने-के लिए मन स्थिर करना, वासनाएं त्यागना और एकांत-में बैठकर परमात्माका ध्यान करना चाहिए। केवल आसन आदि ही बस नहीं हैं। समत्व-प्राप्तिके इच्छु-कोंको ब्रह्मचर्यादि महाव्रतोंका भली प्रकार पालन करना चाहिए। यों आसनबद्ध हुए यम-नियमोंका पालन करनेवाले मनुष्यको अपना मन परमात्मामें स्थिर करनेसे परम शांति प्राप्त होती है।

यह समत्व ठूस-ठूसकर [illegible] तो नहीं पा सकता, पर कोरे उपवाससे भी नहीं मिलता, न बहुत सोनेवालेको मिलता है; वैसे ही बहुत जागनेसे भी हाथ नहीं आता। समत्व-प्राप्तिके इच्छुकको तो सबमें —खानेमें, पीनेमें, सोने-जागनेमें भी मर्यादाकी रक्षा करनी चाहिए। एक दिन खूब खाया और दूसरे दिन उपवास, एक दिन खूब सोये और दूसरे दिन जागरण, एक दिन खूब काम करना और दूसरे दिन अलसाना,

यह योगकी निशानी नहीं है। योगी तो सदैव स्थिर-चित्त होता है और कामना मात्रका वह अनायास त्याग किये रहता है। ऐसे योगी की स्थिति निर्वात स्थानमें दीपककी भांति स्थिर रहती है। उसे जगके खेल अथवा अपने मनमें उठनेवाले विचारोंकी लहरें डावांडोल नहीं कर सकतीं। धीरे-धीरे किंतु दृढ़ता-पूर्वक प्रयत्न करनेसे यह योग सध सकता है। मन चचल है, इससे इधर-उधर दौड़ता है, उसे धीरे-धीरे स्थिर करना चाहिए। उसके स्थिर होनेसे ही शांति मिलती है। या मनकी स्थिरताके लिए निरंतर आत्म-चिंतन आवश्यक है। ऐसा मनुष्य सब जीवोंको अपनेमें और अपनेको सबमें देखता है; क्योंकि वह मुझे सबमें और सबको मुझमें देखता है। जो मुझमे लीन है, मुझे सर्वत्र देखता है, वह स्वयं नहीं रह गया है; इसलिए चाहे जो करता हुआ भी मुझीमें पिरोया हुआ रहता है। उसके हाथसे कभी कुछ अकरणीय नहीं हो सकता।

अर्जुनको यह योग कठिन लगा। वह बोला, "यह आत्म-स्थिरता कैसे प्राप्त हो? मन तो बंदरके समान है। मनका रोकना हवा रोकनेके समान है। ऐसा मन कब और कैसे वशमें आता है।"

भगवानने उत्तर दिया, "तेरा कहना सच है। पर राग-द्वेषको जीतने और प्रयत्न करनेसे कठिनको आसान किया जा सकता है। 'निस्संदेह' मनको जीते बिना योगका साधन नहीं बन सकता।"

तब फिर अर्जुन पूछता है, "मान लीजिये कि मनुष्यमें श्रद्धा है, पर उसका प्रयत्न मंद होनेसे वह सफल नहीं होता। ऐसे मनुष्यकी क्या गति होती है? वह बिखरे बादलकी तरह नष्ट तो नहीं हो जाता?"

भगवान बोले, "ऐसे श्रद्धालुका नाश तो होता ही नहीं। कल्याण-मार्गीकी अवगति नहीं होती। ऐसा मनुष्य मरनेपर कर्मानुसार पुण्यलोकमें बसनेके बाद पृथ्वीपर लौट आता है और पवित्र घरमें जन्म लेता है। ऐसा जन्म लोकोंमें दुर्लभ है। ऐसे घरमें उसके पूर्व-संस्कार उदय होते हैं। अब प्रयत्नमें तेजी आती है और अंतमें उसे सिद्धि मिलती है। यों प्रयत्न करते-करते कोई जल्दी और कोई अनेक जन्मोंके बाद अपनी श्रद्धा और प्रयत्नके बलके अनुसार समत्वको पाता है। तप, ज्ञान, कर्मकांडसंबंधी कर्म —इन सबसे समत्व विशेष है, क्योंकि तपादिका अंतिम परिणाम भी समता ही होना चाहिए। इसलिए तू समत्व लाभ कर और योगी हो। अपना सर्वस्व मुझे अर्पण कर और श्रद्धापूर्वक मेरी ही आराधना करनेवालोंको श्रेष्ठ समझ।"

इस अध्यायमें प्राणायाम-आसन आदिकी स्तुति है। पर स्मरण रक्खें कि भगवानने उसीके साथ ब्रह्मचर्यका अर्थात् ब्रह्म-प्राप्तिके यम-नियमादि पालनकी आवश्यकता बतलाई है। यह समझ लेना आवश्यक है कि अकेली आसनादि क्रियासे कभी समत्व

नहीं प्राप्त हो सकता। यदि उस हेतुसे वे क्रियाएं हों तो आसन-प्राणायामादि मन को स्थिर करनेमें, एकाग्र करनेमें थोड़ी-सी मदद करते हैं, अन्यथा उन्हें अन्य शारीरिक व्यायामोंकी श्रेणी में समझकर उतनी ही—शरीरसुधारभर ही—कीमत माननी चाहिए। शारीरिक व्यायामरूपमें प्राणायामादिका बहुत उपयोग है। व्यायामोंमें यह व्यायाम सात्विक है। शारीरिक दृष्टिसे इसका साधन उचित है। पर उससे सिद्धियां पाने और चमत्कार देखनेको ये क्रियाएं करनेमें मैंने लाभके बजाय हानि होते देखी है। यह अध्याय तीसरे, चौथे और पांचवें अध्यायका उपसंहार-रूप समझना चाहिए। यह प्रयत्नशीलको आश्वासन देता है। हमें समता प्राप्त करनेका प्रयत्न हारकर कभी नहीं छोड़ना चहिए।

सातवां अध्याय

मंगलप्रभात

२३-१२-३०

भगवान बोले, "हे पार्थ! अब मैं तुम्हें बतलाऊंगा कि मुझमें चित्त पिरोकर और मेरा आश्रय लेकर कर्मयोगका आचरण करता हुआ मनुष्य निश्चयपूर्वक मुझे सम्पूर्ण रीतिसे कैसे पहचान सकता है। इस अनुभव-युक्त ज्ञानके बाद फिर और कुछ जाननेको बाकी नही

रहेगा। हजारोंमें कोई-कोई ही उसकी प्राप्तिका प्रयत्न करता है और प्रयत्न करनेवालोंमें कोई ही सफल होता है।

पृथ्वी, जल, आकाश, तेज और वायु तथा मन, बुद्धि और अहंकारवाली आठ प्रकारकी एक मेरी प्रकृति है। इसे 'अपरा' प्रकृति और दूसरेको 'परा' प्रकृति कहते हैं, जो जीवरूप है। इन दो प्रकृतियोंसे अर्थात् देह और जीवके संबंधसे सारा जगत है। जैसे मालाके आधारपर उसके मणिये रहते है वैसे जगत मेरे आधार-पर विद्यमान है। तात्पर्य,—जलमें रस मैं हूं, सूर्य-चंद्रका तेज मैं हूं, वेदोंका ॐकार मैं हूं, आकाशका शब्द मैं हूं, पुरुषोंका पराक्रम मैं हूं, मिट्टीमें सुगंध मैं हूं, अग्निका तेज मैं हूं, प्राणीमात्रका जीवन मै हूं, तपस्वीका तप मैं हूं, बुद्धिमानकी बुद्धि मैं हूं, बलवानका शुद्धबल मैं हूं, जीवमात्रमें विद्यमान धर्मकी अविरोधी कामना मैं हूं, संक्षेपमें सत्त्व, रजस् और तमस्से उत्पन्न होने-वाले सब भावोंको मुझसे उत्पन्न हुआ जान; उनकी स्थिति मेरे आधारपर ही है। मेरी त्रिगुणी मायाके कारण इन तीन भावों या गुणोंमें रचे-पचे लोग मुझ अविनाशीको पहचान नहीं सकते। उसे तर जाना कठिन है। पर मेरी शरण लेनेवाले इस माया को अर्थात् तीन गुणोंको लांघ सकते है।

पर ऐसे मूढ़ लोग मेरी शरण कैसे ले सकते हैं कि जिनके आचार-विचारका कोई ठिकाना नहीं है? वे तो मायामें पड़े अंधकारमें ही चक्कर काटा करते हैं

और ज्ञानसे वंचित रहते हैं; पर श्रेष्ठ आचारवाले मुझे भजते हैं। इनमें कोई अपना दुःख दूर करनेको मुझे भजता है, कोई मुझे पहचाननेकी इच्छासे भजता है और कोई कर्त्तव्य समझकर ज्ञानपूर्वक मुझे भजता है। मुझे भजनेका अर्थ है मेरे जगतकी सेवा करना। उसमें कोई दुःख के मारे, कोई कुछ लाभ-प्राप्तिकी इच्छासे, कोई इस खयालसे कि चलो देखा जाय क्या होता है और कोई समझ-बूझकर इसलिए कि उसके बिना उनसे रहा ही नहीं जाता, सेवापरायण रहते हैं। ये अंतिम मेरे ज्ञानी भक्त हैं और मैं कहूंगा कि मुझे ये सबसे अधिक प्यारे हैं। या यह समझो कि वे मुझे अधिक-से-अधिक पहचानते हैं और मेरे निकट-से-निकट हैं। अनेक जन्मोंके बाद ही मनुष्य ऐसा ज्ञान पाता है और उसे पानेपर इस जगतमें मुझ वासुदेवके सिवा और कुछ नहीं देखता। पर कामनावाले मनुष्य तो भिन्न-भिन्न देवताओंको भजते हैं और जिसकी जैसी भक्ति उसको वैसा फल देनेवाला तो मैं ही हूं। उन ओछी समझवालों को मिलनेवाला फल भी वैसा ही ओछा होता है और उतनेसे ही उनको संतोष भी रहता है। वे अपनी कमअक्लोसे मानते हैं कि मुझे वे इंद्रियों-द्वारा पहचान सकते हैं। वे नहीं समझते कि मेरा अविनाशी और अनुपम स्वरूप इंद्रियोंसे परे है तथा हाथ, कान, नाक, आंख, इत्यादिद्वारा पहचाना नहीं जा सकता। इसे मेरी योगमाया समझ कि इस प्रकार सारी चीजोंका विधाता होनेपर भी अज्ञानी लोग

मुझे पहचान नहीं सकते। रागद्वेषके द्वारा सुख-दुःख होते ही रहते हैं और उसके कारण जगत मोहग्रस्त रहता है; पर जो उसमेंसे छूट गये हैं और जिनके आचार-विचार निर्मल होगये हैं वे तो अपने व्रतमें निश्चल रहकर निरंतर मुझे ही भजते हैं। वे पूर्ण ब्रह्मरूपसे सब प्राणियोंमें भिन्न-भिन्न प्रतीत होनेवाले जीवरूपमें रहे हुए मुझे और मेरे कर्मको जानते हैं। यों जो मुझे अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञरूपसे पहचानते हैं और इससे जिन्होंने समत्व प्राप्त किया है, वे मृत्युके अनंतर जन्म-मरणके बंधनसे मुक्त हो जाते हैं; क्योंकि इतना जान लेनेपर उनका मन अन्यत्र नहीं भटकता और सारे जगत-को ईश्वरमय देखते हुए वे ईश्वरमें ही समा जाते हैं।"

आठवां अध्याय

सोमप्रभात

२९-१२-३०

अर्जुन पूछता है, "आपने पूर्णब्रह्म, अध्यात्म, कर्म, अधिभूत, अधिदैव, अधियज्ञका नाम लिया, पर इन सबका अर्थ मैंने समझा नहीं। फिर आप कहते हैं कि आपको अधिभूतरूपसे जानकर समत्वको प्राप्त हुए लोग मृत्युके समय पहचानते हैं। यह सब

मुझे समझाइये।"

भगवानने उत्तर दिया, "जो सर्वोत्तम नाशरहित स्वरूप है वह पूर्णब्रह्म है और जो प्राणीमात्रमें कर्त्ता भोक्तारूपसे देह धारण किये हुए है वह अध्यात्म है। प्राणीमात्रकी उत्पत्ति जिस क्रिया से होती है उसका नाम कर्म है। अतः यह भी कह सकते हैं कि जिस क्रियासे उत्पत्तिमात्र होती है वह कर्म है। मेरा नाशवान देहस्वरूप अधिभूत है और यज्ञद्वारा शुद्ध हुआ अध्यात्मस्वरूप अधियज्ञ है। यों देहरूपमें, मूर्च्छित जीवरूपमे, शुद्ध जीवरूपमें और पूर्ण ब्रह्मरूपमें सर्वत्र मैं ही हूं और ऐसा जो मैं हूं उसका मृत्युके समयमें जो ध्यान धरता है, अपनेको बिसार देता है, किसी प्रकारकी चिंता नहीं करता, इच्छा नहीं करता वह निस्संदेह मेरे स्वरूपको प्राप्त करता है। मनुष्य जिस स्वरूपका नित्य ध्यान धरता है, अंतकालम भी उसका ध्यान रहे तो उस स्वरूपको वह पाता है। और इसीलिए तू नित्य मेरा ही स्मरण रख। मुझमें ही मन-बुद्धि पिरो रख। तब मुझे ही पावेगा। तू इस प्रकार चित्तके स्थिर न हो पानेकी बात कहेगा। मेरा कहना है कि नित्यके अभ्याससे, नित्यके प्रयत्नसे इस प्रकार मनुष्य एकध्यान अवश्य हो जाता है; क्योंकि मैं तुझसे कह चुका हूं कि मूलकी दृष्टिसे विचारनेपर तो देहधारी भी मेरा ही स्वरूप है। इसलिए मनुष्यको पहलेसे ही तैयारी करनी चाहिए कि मृत्युके समय मन चलायमान न हो, भक्तिमें लीन रहे, प्राणको

स्थिर रखे और सर्वज्ञ पुरातन, नियन्ता, सूक्ष्म होते हुए भी सबके पालनकी शक्ति रखनेवाले, चिंतनद्वारा तत्काल न पहचाने जा सकनेवाले, सूर्यके समान अंधकार-अज्ञान मिटानेवाले परमात्माका ही स्मरण करे।

इस परम पद को वेद अक्षरब्रह्म नामसे पहचानते है, राग-द्वेषादि त्यागी मुनि उसे पाते हैं और उस पदकी प्राप्तिके सब इच्छुक ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं। तात्पर्य, काया, वाचा और मनको अंकुशमें रखते हैं, विषयमात्रका तीनों प्रकारसे त्याग करते हैं। इंद्रियोंको समेट लेकर ॐका उच्चारण करते, मेरा ही चिंतन करते-करते देह छोड़नेवाले स्त्री-पुरुष परम पद पाते हैं। ऐसोंका चित्त कहीं अन्यत्र नहीं भटकता और यों मुझे पाकर यह दुःख-निवासरूपी जन्म फिर नहीं लेना पड़ता। इस जन्म-मरणके चक्कर-से छूटनेका उपाय मेरी प्राप्ति ही है।

अपने सौ वर्षके जीवनकालसे मनुष्य कालका अनुमान लगाता है और उतने समयमें हजारों जाल फैलाता है; पर काल तो अनंत है। हजारों युगोंको ब्रह्माके एक दिनके बराबर समझ। इसमें मनुष्यके एक दिनकी या सौ वर्षकी क्या बिसात है? इस तनिकसे समयको लेकर इतनी व्यर्थकी दौड़-धूप क्यों? जिस अनंत कालके चक्रमें मनुष्यका जीवन क्षणमात्रके समान है उसमें तो ईश्वरका ध्यान ही शोभा देता है, क्षणिक भोगोंके पीछे दौड़ना नहीं। ब्रह्माके रात-दिनमें उत्पत्ति

और नाश चलता ही रहता है और चलता रहेगा।

उत्पत्ति-लय करनेवाला ब्रह्मा भी मेरा ही भाव है। वह अव्यक्त है, इंद्रियोंसे नहीं जाना जा सकता। इससे भी परे मेरा अन्य अव्यक्त स्वरूप है, जिसका कुछ वर्णन मैंने तुझसे किया है। उसे पानेवाला जन्म-मरणसे छूट जाता है; क्योंकि इस स्वरूपके लिए रात-दिनवाला द्वंद्व नहीं है, यह केवल शांत अचल स्वरूप है। इसके दर्शन अनन्य भक्ति से ही होते हैं। इसीके आधारपर सारा जगत है और वह स्वरूप सर्वत्र व्याप्त है।

कहते हैं कि उत्तरायणके शुक्लपक्षके दिनोंमें मरनेवाला उपर्युक्त प्रकारसे स्मरण करता हुआ मुझे पाता है और दक्षिणायनमें, कृष्णपक्षकी रात्रिमें मृत्यु पानेवालेके पुनर्जन्मके चक्कर बाकी रह जाते हैं। इसका अर्थ यों किया जा सकता है कि उत्तरायण और शुक्लपक्ष यह निष्काम सेवा-मार्ग है और दक्षिणायन और कृष्णपक्ष स्वार्थमार्ग है। सेवा-मार्ग अर्थात् ज्ञानमार्ग, स्वार्थमार्ग अर्थात् अज्ञानमार्ग। ज्ञानमार्गसे चलनेवालेको मोक्ष है और अज्ञानमार्ग से चलनेवाले को बंधन। इन दोनों मार्गोंको जान लेनेपर कौन मोहमें रहकर अज्ञानमार्गको पसंद करेगा? इतना जाननेपर मनुष्यमात्रको सब पुण्य-फल छोड़कर, अनासक्त रहकर, कर्तव्यमें परायण रहकर मैंने जो कहा है वह उत्तम स्थान पानेका ही प्रयत्न करना चाहिए।

नवां अध्याय

सोमप्रभात
५-१-३१

गत अध्यायके अंतिम श्लोकमें योगीका उच्च स्थान बतला देनेपर भगवान के लिए अब भक्तिकी महिमा बतलाना ही बाकी रह जाता है; क्योंकि गीताका योगी शुष्क ज्ञानी नहीं है, न बाह्याचारी भक्त ही। गीताका योगी ज्ञान और भक्तिमय अनासक्त कर्म करनेवाला है। अतः भगवान कहते हैं—तुझमें द्वेष नहीं है, इससे तुझे मैं गुह्य ज्ञान कहता हूं कि जिसे पाकर तेरा कल्याण होगा। यह ज्ञान सर्वोपरि है, पवित्र है और आचारमें अनायास लाया जा सकने योग्य है। जिसे इसमें श्रद्धा नहीं होती वह मुझे नहीं पा सकता। मेरे स्वरूपको मनुष्यप्राणी इंद्रियोंद्वारा नहीं पहचान सकते, तथापि इस जगतमें वह व्यापक है। जगत उसके आधारपर स्थित है। वह जगतके आधारपर नहीं है। फिर योंभी कहा जाता है कि ये प्राणी मुझमें नहीं हैं और मैं उनमें नहीं हूं। यद्यपि मैं उनकी उत्पत्तिका कारण हूं और उनका पोषणकर्त्ता हूं। वे मुझमें नहीं हैं और मैं उनमें नहीं हूं, क्योंकि वे अज्ञानमें रहनेके कारण मुझे जानते नहीं हैं, उनमें भक्ति नहीं है। तू समझ कि यह मेरा चमत्कार है।

पर मैं प्राणियोंमें नहीं हूं, ऐसा जान पड़ता है;

तथापि वायुकी भांति मैं सर्वत्र फैला हुआ हूं। और सारे जीव युगका अंत होनेपर लय हो जाते हैं और आरंभ होनेपर फिर जन्मते हैं। इन कर्मोंका कर्त्ता होनेपर भी वह मुझे बंधनकारक नहीं है; क्योंकि उनमें मुझे आसक्ति नहीं है, उनमें मैं उदासीन हूं। वे कर्म होते रहते है; क्योंकि यह मेरी प्रकृति है, मेरा स्वभाव है। पर ऐसा जो मैं हूं उसे लोग पहचानते नहीं हैं, इसलिए वे नास्तिक बने रहते हैं। मेरे अस्तित्व-से ही इनकार करते हैं। ऐसे लोग झूठे हवाई महल बनाते रहते हैं। उनके कर्म भी व्यर्थ होते हैं और वे अज्ञानसे भरपूर होनेके कारण आसुरी वृत्तिवाले होते हैं। पर दैवी वृत्तिवाले, अविनाशी और सिरजन-हार जानकर, मुझे भजते हैं। वे दृढ़-निश्चयी होते हैं, नित्य-प्रयत्नवान रहते हैं, मेरा भजन-कीर्तन करते और मेरा ध्यान धरते हैं। इसके सिवा कितने ही मुझे एक ही माननेवाले हैं। कितने ही मुझे बहुरूप मानते हैं। मेरे अनंतगुण होनेके कारण बहुरूपसे माननेवाले भिन्न गुणोंको भिन्न रूपसे देखते हैं। पर इन सबको तू भक्त जान।

यज्ञका संकल्प मैं, यज्ञ मैं, पितरोंका आधार मैं, यज्ञकी वनस्पति मैं, मंत्र मैं, आहुति मैं, हविष्य मैं, अग्नि मैं और जगतका पिता मैं, माता मैं, जगतको धारण करनेवाला मैं, पितामह मैं, जाननें योग्य भी मैं, ॐकार मंत्र मैं, ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद मैं, गति मैं, पोषण मैं, प्रभु मैं, साक्षी मैं, आश्रय मैं, कल्याण

चाहनेवाला भी मैं, उत्पत्ति और नाश मैं, सर्दी-गर्मी मैं, सत् और असत् भी मैं हूं।

वेद में वर्णित क्रियाएं फल-प्राप्तिके लिए होती हैं। अतः उन्हें करनेवाले स्वर्ग चाहे पावें; पर जन्म-मरणके चक्करसे नहीं छूटते। पर जो एक ही भावसे मेरा चिंतन करते रहते हैं और मुझे ही भजते है, उनका सारा भार मैं उठाता हूं। उनकी आवश्यकताएं मैं पूरी करता हूं और उनकी मैं ही संभाल करता हूं। अन्य कुछ, दूसरे देवताओंमें श्रद्धा रखकर उन्हें भजते हैं, इसमें अज्ञान है तथापि अंतमें तो वे भी मुझे ही भजनेवाले माने जायंगे; क्योंकि यज्ञमात्रका मैं ही स्वामी हूं। पर मेरी इस व्यापकताको न जानकर वे अंतिम स्थितिको पहुंच नहीं सकते। देवताओंको पूजनेवाले देवलोक, पितरोंको पूजनेवाले पितृलोक, भूतप्रेतादिको पूजनेवाले उनका लोक और ज्ञानपूर्वक मुझे भजनेवाले मुझे पाते हैं। जो मुझे एक पत्तातक भक्तिपूर्वक अर्पण करते हैं उन प्रयत्नशील मनुष्योंकी भक्तिको मैं स्वीकार करता हूं। इसलिए जो कुछ तू करे वह सब मुझे अर्पण करके ही कर। तब शुभ-अशुभ फलका उत्तरदायित्व तेरा नहीं रहेगा। जब तूने फलमात्र का त्याग कर दिया तब तेरेलिए जन्म-मरणके चक्कर नहीं रह गये। मुझे सब प्राणी समान हैं। एक प्रिय और दूसरा अप्रिय हो, यह नहीं है। पर जो मुझे भक्तिपूर्वक भजते हैं वे तो मुझमें हैं और मैं उनमें हूं। इसमें पक्षपात नहीं

है; बल्कि यह उन्होंने अपनी भक्तिका फल पाया है। इस भक्तिका चमत्कार ऐसा है कि जो एक भावसे मुझे भजते हैं वे दुराचारी हों तो भी साधु बन जाते हैं। सूर्यके सामने जैसे अंधेरा नहीं ठहरता वैसे मेरे पास आते ही मनुष्यके दुराचारोंका नाश हो जाता है। इसलिए तू निश्चय समझ ले कि मेरी भक्ति करनेवाले कभी नाशको प्राप्त ही नहीं होते। वे तो धर्मात्मा होते हैं और शांति भोगते हैं। इस भक्तिकी महिमा ऐसी है कि जो पापयोनिमें जन्मे माने जाते हैं वे, और निरक्षर स्त्रियां, वैश्य और शूद्र, जो मेरा आश्रय लेते हैं वे, मुझे पाते ही हैं; तब पुण्यकर्म करनेवाले ब्राह्मण-क्षत्रियोंका तो कहना ही क्या रहा? जो भक्ति करता है उसे उसका फल मिलता है। इसलिए तू जब असार संसारमें आ गया है तो मुझे भजकर उसे तर जा। अपना मन मुझमें पिरो दे, मेरा ही भक्त रह, अपने यज्ञ भी मेरे लिए कर, अपने नमस्कार भी मुझे ही पहुंचा और इस भांति मुझमें तू परायण होगा और अपनी आत्माको मुझमें होमकर शून्यवत् हो जायगा तो तू मुझे ही पावेगा।

मंगलप्रभात

टिप्पणी—इसमेंसे हम पाते हैं कि भक्तिका तात्पर्य है ईश्वरमें आसक्ति। अनासक्तिके अभ्यासका भी यह सरल-से-सरल उपाय है। इससे अध्यायके आरंभ में प्रतिज्ञा की है कि भक्ति राजयोग है और सरल मार्ग है। हृदयमें जो बैठ जाय वह सरल है,

जो न बैठे वह विकट है। इसीसे उसे 'सिरका सौदा' भी माना गया है। पर यह ऐसा है कि देखनेवाले जलते हैं। अंदर पड़े हुए महासुख मानते हैं। कवि लिखता है कि उबलते तेलकी कड़ाहीमें सुधन्वा हँसता था और बाहर खड़े हुए कांपते थे। कथा है कि नंद अंत्यजकी जब अग्निपरीक्षा हुई तब वह अग्नि में नाचता था। इन सबकी सचाईकी ऐतिहासिकताकी खोजकी जरूरत नहीं है। जो किसी भी चीजमें लीन होता है उसकी ऐसी ही स्थिति होती है। वह अपनेको भूल जाता है; पर प्रभुको छोड़कर दूसरेमें लीन कौन होगा ?

'शक्कर गन्नेका स्वाद छोड़ कडुवे नीमको मत घोल रे,
सूरज-चांदका तेज तज, जुगनूसे मन मत जोड़ रे।'

अतः नवां अध्याय बतलाता है कि प्रभु-आसक्ति अर्थात् भक्ति के बिना फल में अनासक्ति असंभव है। अंतिम श्लोक सारे अध्याय का निचोड़ है और हमारी भाषामें उसका अर्थ है— "तू मुझमें समा जा।"

दसवां अध्याय

सोमप्रभात

१२-१-३१

भगवान कहते हैं—दोबारा भक्तोंके हितके लिए कहता हूं सो सुन ! देव और महर्षिगण तक मेरी

उत्पति नहीं जानते हैं, क्योंकि मेरेलिए उत्पन्नता ही नहीं है। मैं उनकी और अन्य सबकी उत्पत्तिका कारण हूं। जो ज्ञानी मुझे अजन्मा और अनादिरूप-में पहचानते हैं वे सब पापोसे मुक्त हो जाते हैं; क्योंकि परमेश्वरको इस रूपमें जानने और अपनेको उसकी प्रजा अथवा उसके अंशकी भांति पहचाननेपर मनुष्य-की पापवृत्ति नहीं रह सकती। पापवृत्तिका मूल ही निज संबंधी अज्ञान है।

जैसे प्राणी मुझसे पैदा हुए हैं, वैसे उनके भिन्न-भिन्न भाव भी, जैसे क्षमा, सत्य, सुख, दुःख, जन्म-मृत्यु, भय-अभय आदि भी मुझसे उत्पन्न हुए हैं। यह सब मेरी विभूति है। जो यह जान लेते हैं उनमें सहज ही समता उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि वे अहंताको छोड़ देते हैं। उनका चित्त मुझमें ही पिरोया हुआ रहता है, वे मुझे अपना सबकुछ अर्पण करते हैं, परस्पर मेरे विषयमें ही वार्तालाप करते हैं, मेरा ही कीर्तन करते हैं और संतोष तथा आनंदसे रहते हैं। इस प्रकार जो मुझे प्रेमपूर्वक भजते हैं और मुझमें ही जिनका मन रहता है उन्हें मैं ज्ञान देता हूं और उसके द्वारा वे मुझे पाते हैं।

तब अर्जुनने स्तुति की—आप ही परब्रह्म हैं, परमधाम हैं, पवित्र है, ऋषि आदि आपको आदिदेव, अजन्मा, ईश्वररूपमे भजते हैं ऐसा आप ही कहते हैं। हे स्वामी, हे पिता! आपका स्वरूप कोई जानता नहीं है, आपही अपनेको जानते हैं। अब मुझसे अपनी

विभूतियां और साथ ही यह कहिये कि आपका चिंतन करते हुए मैं आपको कैसे पहचान सकता हूं ?

भगवान्‌ने जवाब दिया—मेरी विभूतियां अनंत हैं, उनमेंसे थोड़ी खास-खास तुमसे कह देता हूं। सब प्राणियोंके हृदयमें रहा हुआ मैं हूं। मैं ही उनकी उत्पत्ति, उनका मध्य और उनका अंत हूं। आदित्योंमें विष्णु मैं, उज्ज्वल वस्तुओंमें प्रकाश देनेवाला सूर्य मैं, वायुओंमें मरीचि मैं, नक्षत्रोंमें चंद्र मैं, वेदोंमें सामवेद मैं, देवोंमें इंद्र मैं, इंद्रियोंमें मन मैं, प्राणियोंमें चेतन-शक्ति मैं, रुद्र में शंकर मैं, यक्ष-राक्षसोंमें कुबेर मैं, दैत्योंमें प्रह्लाद मैं, पशुओंमें सिंह मैं, पक्षियोंमें गरुड़ मैं और छल करनेवालोंमें द्यूत (जुवा) भी मुझे ही जान। इस जगत में जो कुछ होता है वह मेरी मरजी बिना हो ही नहीं सकता। अच्छा और बुरा भी मैं ही होने देता हूं तभी होता है। यह जानकर मनुष्यको अभिमान छोड़ना चाहिए और बुरेसे बचना चाहिए, क्योंकि भले-बुरेका फल देनेवाला भी मैं हूं। तू इतना जान कि यह सारा जगत मेरी विभूतिके एक अंशमात्रसे स्थित है।

ग्यारहवां अध्याय

सोमप्रभात

१२-१-३१

अर्जुनने विनय की, "भगवान् ! आपने मुझे आत्माके विषयमें जो वचन कहे उससे मेरा मोह दूर हो गया है। आप ही सब हैं, आप ही कर्ता हैं, आप ही संहर्ता हैं, आप नाशरहित हैं। यदि संभव हो तो अपने ईश्वरीरूपका दर्शन मुझे कराइये।"

भगवान बोले, "मेरे रूप हजारों हैं और अनेक रंगवाले हैं। उसमें आदित्य, वसु, रुद्र इत्यादि समाये हुए हैं। मुझमें सारा जगत—चर और अचर—समाया हुआ है। यह रूप तू अपने चर्म-चक्षुओंसे नहीं देख सकता। अतः मैं तुझे दिव्य चक्षु देता हूं, उनके द्वारा तू देख।"

सजयने धृतराष्ट्रसे कहा, "हे राजन्! भगवानने अर्जुनको यह कहकर अपना जो अद्भुत रूप दिखाया उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। हम लोग नित्य एक सूर्य देखते हैं, पर खयाल कीजिये कि ऐसे हजारों सूर्य नित्य उगें तो उनका तेज जैसा होगा उससे भी अधिक यह तेज चकाचौंध पैदा करनेवाला था। इसके आभूषण और वस्त्र भी ऐसे ही दिव्य थे। उसके दर्शन करके अर्जुनके रोएं खड़े हो गये, उसका सिर चकराने लगा और कांपते-कांपते वह स्तुति करने लगा—

हे देव ! आपकी इस विशाल देहमें मैं तो सब कुछ और सब किसीको देखता हूं। ब्रह्मा उसमें हैं, महादेव उसमें हैं, उसमें ऋषि हैं, सर्प हैं, आपके हाथ-मुंहका गिनना कठिन है। आपका आदि नहीं हैं, अंत नहीं है, मध्य नहीं है। आपका रूप मानो तेजका सुमेरु है। देखते आंखें चौंधिया जाती हैं, सुलगते हुए अंगारोंकी भांति आप झलक रहे हैं और तप रहे हैं। आप ही जगतके आधार हैं, आप ही पुराण-पुरुष हैं, आप ही धर्मके रक्षक हैं। जहां देखता हूं वहां आपके अवयव दिखाई दे रहे हैं। सूर्य-चंद्र तो आपकी आंखों-सरीखे जान पड़ते हैं। आपने ही इस पृथ्वी और आकाशको व्याप्त कर रखा है। आपका तेज सारे जगतको तपा रहा है। यह जगत थरथरा रहा है। देव, ऋषि, सिद्ध इत्यादि सब हाथ जोड़कर कांपते हुए आपकी स्तुति कर रहे हैं। यह विराट् रूप और यह तेज देखकर मैं तो व्याकुल होगया हूं, शांति और धैर्य छूटा जा रहा है। हे देव ! प्रसन्न होइये। आपकी दाढ़ें विकराल हैं, आपके मुंहमें, जैसे दीपकपर पतंगे गिरते हैं, वैसे इन लोगोंको गिरते देख रहा हूं और आप उनको चूर कर रहे हैं। यह उग्र रूप आप कौन हैं ? आपकी प्रवृत्तिको मैं समझ नहीं पा रहा हूं।

भगवान् बोले—लोकोंका नाश करनेवाला मैं काल हूं। तू चाहे लड़ या न लड़, इन सबका नाश समझ। तू तो निमित्तमात्र है।

अर्जुन बोला—हे देव ! हे जगन्निवास ! आप अक्षर हैं, सत् हैं, असत् हैं और उससे जो परे है वह भी आप ही हैं। आप आदिदेव हैं, आप पुराणपुरुष है, आप इस जगतके आश्रय हैं। आप ही जानने योग्य है। वायु, यम, अग्नि, प्रजापति भी आप ही हैं। आपको हजारों नमस्कार पहुंचें। अब अपना मूल रूप धारण कीजिये।

इसपर भगवान्ने कहा—तेरे ऊपर प्रसन्न होकर मैंने तुझे अपना विश्वरूप दिखाया है। वेदाभ्याससे, यज्ञसे, अन्य शास्त्रोंके अभ्याससे, दानसे, तपसे भी यह रूप नहीं देखा जा सकता, जो तूने आज देखा है। इसे देखकर तू परेशान मत हो। भय त्यागकर शांत हो और मेरा परिचित रूप देख। मेरे यह दर्शन देवोंको भी दुर्लभ हैं। यह दर्शन केवल शुद्ध भक्तिसे ही हो सकते है। जो अपने सब कर्म मुझे समर्पण करता है, मुझमें परायण रहता है, मेरा भक्त बनता है, आसक्तिमात्रको छोड़ता है और प्राणीमात्रके विषयमें प्रेममय रहता है वही मुझे पाता है।

टिप्पणी—दसवेंकी भांति इस अध्यायको भी मैंने जान-बूझकर संक्षिप्त किया है। यह अध्याय काव्यमय है। इसलिए या तो मूलमें अथवा अनुवाद-रूपमें जैसा है वैसा ही बारंबार पढ़ने योग्य है। इससे भक्तिका रस उत्पन्न होनेकी संभावना है। वह रस पैदा हुआ है या नहीं यह जाननेकी कसौटी अंतिम श्लोक है। सर्वार्पण बिना और सर्वव्यापक प्रेमके

बिना भक्ति नहीं है। ईश्वरके कालरूपका मनन करनेसे और उसके मुखमें सृष्टिमात्रको समा जाना है—प्रतिक्षण कालका यह काम चलता ही रहता है—इसका भान आ जानेसे सर्वार्पण और जीवमात्रके साथ ऐक्य अनायास हो जाता है। चाहे, बिनचाहे इस मुखमें हम अकल्पित क्षणमें पड़नेवाले हैं। वहां छोटे-बड़ेका, नीच-ऊंचका, स्त्री-पुरुषका, मनुष्य-मनुष्येतरका भेद नहीं रहता है। सब कालेश्वरके एक कौर हैं, यह जानकर हम क्यों दीन, शून्यवत् न बनें, क्यों सबके साथ मैत्री न करें? ऐसा करनेवालेको वह काल-स्वरूप भयंकर नहीं, बल्कि शांतिस्थल लगेगा।

बारहवां अध्याय

मंगलप्रभात

४-११-३०

आज तो बारहवें अध्यायका सार देना चाहता हूं।[1] यह भक्तियोग है। विवाहके अवसरपर दंपतीको पांच यज्ञों में इसे भी एक यज्ञरूपसे कंठ करके मनन करनेको हम कहते हैं। भक्तिके बिना ज्ञान तथा कर्म शुष्क हैं और उनके बंधनरूप हो जानेकी संभावना है। इसलिए भक्ति-भावसे गीताका यह मनन आरंभ

[1] गांधीजीने यह अध्याय सबसे पहले लिखकर भेजा था। पर अध्याय-क्रमके लिए यह यथास्थान दिया गया है।—संपादक

करना चाहिए।

अर्जुनने भगवानसे पूछा—साकार और निराकार-को पूजनेवाले भक्तोंमें अधिक श्रेष्ठ कौन है ?

भगवानने उत्तर दिया—जो मेरे साकार रूपका श्रद्धापूर्वक मनन करते हैं, उसमें लीन होते हैं, वे श्रद्धालु मेरे भक्त हैं। पर जो निराकार तत्त्वको भजते हैं और उसे भजने के लिए समस्त इंद्रियोंका संयम करते हैं, सब जीवोंके प्रति समभाव रखते है, उनकी सेवा करते हैं, किसीको ऊंच-नीच नहीं गिनते वे भी मुझे पाते हैं। इसलिए यह नहीं कह सकते कि दोनोंमें अमुक श्रेष्ठ है ; पर निराकारकी भक्ति शरीरधारीद्वारा संपूर्ण रूपसे होना अशक्य माना जाता है, निराकार निर्गुण है, अतः मनुष्यकी कल्पनासे परे है। अतः सब देहधारी जाने-अनजाने साकारके ही भक्त हैं। इसलिए तू तो मेरे साकार विश्वरूपमें ही अपना मन पिरो। सब उसे सौंप दे। पर यह न कर सकता हो तो चित्तके विकारोंको रोकने-का अभ्यास कर, यानी, यम-नियम आदिका पालन करके प्राणायाम, आसन आदिकी मदद लेकर मनको वशमें कर। ऐसा भी न कर सकता हो तो जो कुछ करता है सो मेरे ही लिए करता है इस धारणासे अपने सब काम कर तो तेरा मोह, तेरी ममता क्षीण होती जायगी और त्यों-त्यों तू निर्मल—शुद्ध होता जायगा और तुझमें भक्तिरस आ जायगा। यह भी न हो सकता हो तो कर्ममात्रके फलका त्याग करके यानी फलकी इच्छा

छोड़ दे। तेरे हिस्सेमें जो काम आ पड़े उसे करता रह। फलका मालिक मनुष्य हो ही नहीं सकता। बहुतेरे अंगोंके एकत्र होनेपर तब फल उपजता है, अतः तू केवल निमित्तमात्र हो जा। जो चार रीतियां मैंने बताई हैं उनमें किसीको कमोबेश मत मानना। इनमें जो तुझे अनुकूल हो उससे तू भक्तिका रस ले ले। ऐसा लगता है कि ऊपर जो यम-नियम, प्राणायाम, आसन आदिका मार्ग बता आये हैं उनकी अपेक्षा श्रवण-मनन आदि ज्ञानमार्ग सरल हैं। उसकी अपेक्षा उपासना रूप ध्यान सरल है और ध्यानकी अपेक्षा कर्मफल-त्याग सरल है। सबके लिए एक ही वस्तु समानभावसे सरल नहीं होती और किसी-किसीको सभी मार्ग लेने पड़ते हैं। वे एक दूसरेके साथ मिले-जुले तो हैं ही। चाहे जिस मार्गसे हो तुझे तो भक्त होना है। जिस मार्गसे भक्ति सधे उस मार्गसे उसे साध। मैं तुझे भक्तके लक्षण बतलाता हूं—भक्त किसीका द्वेष न करे, किसीके प्रति वैर-भाव न रखे, जीवमात्रसे मैत्री रखे, जीवमात्रके प्रति करुणाका अभ्यास करे, ऐसा करनेके लिए ममता छोड़े, अपनापन मिटाकर शून्यवत् हो जाय, दुःख-सुखको समान माने। कोई दोष करे तो उसे क्षमा करे, (यह जानकर कि स्वयं अपने दोषोंके लिए संसारसे क्षमाका भूखा है) संतोषी रहे, अपने शुभ निश्चयोंसे कभी विचलित न हो। मन-बुद्धिसहित सर्वस्व मेरे अर्पण करे। उससे लोगोंको उद्वेग नहीं होना चाहिए, न लोग उससे डरें, वह स्वयं लोगोंसे दुःख न माने, न

डरे। मेरा भक्त हर्ष, शोक, भय आदिसे मुक्त होता है। उसे किसी प्रकारकी इच्छा नहीं होती, वह पवित्र होता है, कुशल होता है, वह बड़े-बड़े आरम्भोंको त्यागे हुए होता है, निश्चयमें दृढ़ होते हुए भी शुभ और अशुभ परिणाम, दोनोंका वह त्याग करता है, अर्थात् उसके बारेमें निश्चित रहता है। उसके लिए शत्रु कौन और मित्र कौन ? उसे मान क्या, अपमान क्या ? वह तो मौन धारण करके जो मिल जाय उससे संतोष रखकर एकाकीकी भांति विचरता हुआ सब स्थितियोंमें स्थिर होकर रहता है। इस भांति श्रद्धालु होकर चलनेवाला मेरा भक्त है।

टिप्पणी—

प्रश्न—"भक्त आरंभ न करे' का क्या मतलब है, कोई दृष्टांत देकर समझाइयेगा ?

उत्तर—'भक्त आरंभ न करे' इसका मतलब यह है कि किसी भी व्यवसायके मंसूबे न गांठे। जैसे एक व्यापारी, आज कपड़ेका व्यापार करता है तो कल उसमें लकड़ीका और शामिल करनेका उद्यम करने लगा, अथवा कपड़ेकी एक दूकान है तो कल पांच और दूकानें खोल बैठा, इसका नाम आरम्भ है। भक्त उसमें न पड़े। यह नियम सेवाकार्य के बारे में भी लागू होता है। आज खादीकी मारफत सेवा करता है तो कल गायकी मारफत, परसों खेतीकी मारफत और चौथे दिन डाक्टरीकी मारफत। इस प्रकार सेवक भी फुदकता न फिरे। उसके हिस्सेमें जो आजाय, उसे पूरी

तरह करके मुक्त हो। जहां 'मैं' गया वहां 'मुझे' क्या करनेको रह जाता है ?

"सूतरने तांतणे मने हरजीए बांधी,
जेम ताणे तेम तेमनी रे
मने लागी कटारी प्रेमनी रे।"[1]

भक्तके सब आरंभ भगवान रचता है। उसे सब कर्मप्रवाह प्राप्त होते हैं, इससे वह 'संतुष्टो येन केनचित्' रहे। सर्वारंभत्यागका भी यही अर्थ है। सर्वारंभ अर्थात् सारी प्रवृत्ति या काम नहीं, बल्कि उन्हें करनेके विचार, मनसूबे गांठना। उनका त्याग करनेके मानी उनका आरंभ न करना, मनसूबे गांठनेकी आदत हो तो उसे छोड़ देना। 'इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्ये मनोरथम्' यह आरंभ त्यागका उलटा है। मेरे खयालमें तुम जो जानना चाहते हो, सब इसमें आ जाता है। कुछ बाकी रह गया हो तो पूछना।

तेरहवां अध्याय

सोमप्रभात

२६-१-३२

श्रीभगवान बोले—इस शरीरका दूसरा नाम क्षेत्र है और उसके जाननेवालेको क्षेत्रज्ञ कहते हैं। सब

---

१ मुझे भगवानने सूतके धागेसे बांध लिया है। ज्यों-ज्यों तानते हैं, मैं उनकी होती जाती हूं। मुझे तो प्रेम-कटारी लगी है।

शरीरमें मौजूद जो मैं (भगवान) हूं, उसे क्षेत्रज्ञ समझ, और वास्तविक ज्ञान वह है कि जिससे क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का भेद जाना जाय। पंच महाभूत—पृथ्वी, पानी, आकाश, तेज और वायु, अहंता, बुद्धि, प्रकृति, दस इंद्रियां—पांच ज्ञानेन्द्रियां और पांच कर्मेन्द्रियां—एक मन, पांच विषय, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, संघात अर्थात् शरीर जिससे बना हुआ है उसकी एक होकर रहनेकी शक्ति, शरीरके परमाणुओंमें एक दूसरेसे चिपटे रहनेका गुण, यह सब मिलकर विकारोंवाला क्षेत्र बना। इस शरीरको और उसके विकारोंको जानना चाहिए, क्योंकि उनको त्यागना है। इस त्याग के लिए ज्ञान चाहिए। यह ज्ञान अर्थात् मानीपनेका त्याग, दंभ-का त्याग, अहिंसा, क्षमा, सरलता, गुरुसेवा, शुद्धता, स्थिरता, विषयोंपर अंकुश, विषयोंमें वैराग्य, अहंकारका त्याग, जन्म, मृत्यु, बुढ़ापा और उसके सिलसिलेमें रहे हुए रोगसमूह दुःख-समूह और नित्य होनेवाले दोषोंका पूरा भान, स्त्री-पुत्र, घर-द्वार, सगे-सम्बन्धी इत्यादि-मेंसे मनको खींच लेना और ममता छोड़ना, अपने मनोनुकूल कुछ हो या मनके प्रतिकूल—उसमें समता रखना, ईश्वरकी अनन्य भक्ति, एकान्तसेवन, लोगोंमें मिलकर भोग भोगने की ओर अरुचि, आत्माके विषयमें ज्ञानकी प्यास और अंतमें आत्मदर्शन। इससे विपरीतका नाम अज्ञान है। इस ज्ञानके साधनसे जो जाननेकी चीज है—ज्ञेय है और जिसे जाननेसे मोक्ष मिलती है उसके विषयमें थोड़ा सुन। यह ज्ञेय अनादि

परब्रह्म है। अनादि है—अर्थात् उसे जन्म नहीं है—जब कुछ नहीं था तब भी वह परब्रह्म तो था। वह सत् नहीं है और असत् भी नहीं है। उससे भी परे है। अन्य दृष्टिसे उसे सत् कह सकते हैं, क्योंकि वह नित्य है। तथापि उसकी नित्यताको भी मनुष्य नहीं पहचान सकता, इससे उसे सत्से भी परे कहा, उससे कुछ भी सूना नहीं है। उसे हजारों हाथ-पांवोंवाला कह सकते हैं और इस प्रकार उसे हाथ-पैर आदि हैं यह जान पड़ते हुए भी वह इंद्रियरहित है, उसे इंद्रियों-की आवश्यकता नहीं है, उनसे वह अलिप्त है। इंद्रियां तो आज हैं और कल नहीं हैं। परब्रह्म तो नित्य है ही। और यद्यपि वह सबमें व्याप्तहै और सबको धारण किये हुए है, इससे गुणोंका भोक्ता कहा जा सकता है; तथापि जो उसे नहीं पहचानते उनके हिसाबसे तो वह बाहर ही है। प्राणियोंके अन्दर तो वह है ही, क्योंकि सर्वव्यापक है। वैसे ही वह गति करता है और स्थिर भी है। सूक्ष्म है, इसलिए वह ऐसा भी है कि न जान पड़े। दूर भी है और नजदीक भी है। नाम-रूपका नाश है तथापि वह तो है ही, इस प्रकार अविभक्त है; पर असंख्य प्राणियोंमें है यह भी कहते हैं, इससे वह विभक्तरूपसे भी भासित होता है। वह उत्पन्न करता है, पालता है और वही मारता है। तेजोंका तेज है, अंधकारसे परे है, ज्ञानका किनारा उसमें आगया है। इन सबमें मौजूद परब्रह्म यही जानने योग्य अर्थात् ज्ञेय है। ज्ञानमात्रकी प्राप्ति केवल

उसकी प्राप्तिके लिए ही है।

प्रभु और उसकी माया दोनों अनादिसे चलते आये हैं। मायामेंसे विकार पैदा होते हैं, और उनसे अनेक प्रकारके कर्म पैदा होते हैं। मायाके कारण जीव सुख-दुःख, पाप-पुण्यका भोगनेवाला बनता है। यह जानकर जो अलिप्त रहकर कर्तव्य-कर्म करता है वह कर्म करता हुआ भी फिर जन्म नहीं लेता; क्योंकि वह सर्वत्र ईश्वरको देखता है और उसकी प्रेरणाके बिना एक पत्ता तक नहीं हिल सकता, यह जानकर वह अपने बारेमें अहंताको नहीं मानता है, अपनेको शरीरसे अलग देखता है और समझता है कि जैसे आकाश सर्वत्र होते हुए भी निर्लिप्त ही रहता है, वैसे जीव शरीर में रहते हुए भी ज्ञानद्वारा निर्लिप्त रह सकता है।

चौदहवां अध्याय

मौनवार

२५-१-३२

श्रीभगवान बोले—जिस उत्तम ज्ञानको पाकर ऋषि-मुनियोंने परम सिद्धि पाई है वह मैं तुझसे फिर कहता हूं। उस ज्ञानके पाने और उसके अनुसार धर्मका आचरण करनेसे लोग जन्म-मरणके चक्करसे बच जाते हैं। हे अर्जुन, यह समझ कि मैं जीवमात्रका माता-

पिता हूं। प्रकृति-जन्य तीन गुण—सत्त्व, रजस् और तमस्—देहीको बांधनेवाले हैं। इन गुणोंको उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ भी कह सकते हैं। इनमें सत्त्वगुण निर्मल और निर्दोष है, प्रकाश देनेवाला है और इससे उसका संग सुखद होता है। रजस् रागसे, तृष्णासे पैदा होता है और वह मनुष्यको गड़बड़में डालता है। तमस्का मूल अज्ञान है, मोह है और इससे मनुष्य प्रमादी और आलसी बनता है। अतः संक्षेप में कहा जाय तो सत्त्वमेंसे सुख, रजस्मेंसे तृष्णादि और तमस्-मेंसे आलस्य पैदा होता है। रजस् और तमस्को दबा-कर सत्त्व जय प्राप्त करता है और सत्त्व और रजस्को दबाकर तमस् जय पाता है। देहके सब कामोंमें जब ज्ञानका अनुभव देखनेमें आवे तब यह जानना कि अब सत्त्वगुण प्रधान रूपसे काम कर रहा है। जब लोभ, गड़बड़, अशांति, प्रतिद्वंद्विता दिखाई दे तब रजस्की वृद्धि जानो और जब अज्ञान, आलस्य, मोहका अनुभव हो तब समझो कि तमस्का राज्य है। जिसके जीवनमें सत्त्वगुण प्रधान होता है वह मृत्युके अंतमें ज्ञानमय निर्दोष लोकमें जन्म पाता है, रजस्-प्रधान जो होता है वह धांधली (गड़बड़) लोकमें जाता है और तमस्-प्रधान मूढ़ योनि में जन्मता है। सात्त्विक कर्मका फल निर्मल, राजसका दुःखमय और तामसका अज्ञानमय होता है। सात्त्विक लोककी उच्चगति, राजसकी, मध्यम और तामसकी अधोगति होती है। मनुष्य जब गुणोंके सिवा दूसरे को कर्ता नहीं समझता और गुणोंसे परे जो

मैं हूं उसे जानता है तब वह मेरे भावको पाता है। देहमें विद्यमान इन तीन गुणोंको जो देही पार कर जाता है वह जन्म, जरा और मृत्युके दुःखोंसे छूटकर अमृतमय मोक्षको प्राप्त होता है।

अर्जुन पूछता है—गुणातीतकी ऐसी सुन्दर गति होती है तो बतलाइये कि इसके लक्षण कैसे हैं, इसका आचरण कैसा है और तीनों गुणोंको किस प्रकार पार किया जाय ?

भगवान उत्तर देते हैं—जो मनुष्य अपनेपर जो आ पड़े, फिर भले ही प्रकाश हो या प्रवृत्ति हो, या मोह हो, ज्ञान हो, गड़बड़ हो या अज्ञान, उसका अतिशय दुःख या सुख न माने या इच्छा न करे ; जो गुणोंके बारेमें तटस्थ रहकर विचलित नहीं होता, गुण अपने गुणानुसार बरतते हैं यह समझकर जो स्थिर रहता है; जो सुख-दुःखको सम मानता है; जिसे लोहा, पत्थर या सोना समान है; जिसे प्रिय-अप्रियकी बात नहीं है, जिसपर अपनी स्तुति या निंदा कोई प्रभाव नहीं डाल सकती, जिसे मान-अपमान समान है, जो शत्रु-मित्रके प्रति समभाव रखता है, जिसने सब आरंभोंका त्याग किया है वह गुणातीत कहलाता है। मेरे बताये इन लक्षणोंसे भड़कनेकी जरूरत नहीं है, न आलसी होकर सिरपर हाथ रखकर बैठ जानेकी। मैंने तो सिद्धकी दशा बतलाई है। उसे पहुंचनेका मार्ग यह है—व्यभिचाररहित भक्तियोगके द्वारा मेरी सेवा कर। (तीसरे अध्यायसे लगाकर) तुझे बताया है कि कर्म

बिना, प्रवृत्ति बिना कोई सांसतक नहीं ले सकता; प्रतः कर्म तो देहीमात्रको लगे हुए हैं। जो गुणोंको पार कर जाना चाहता है, वह साधक सब कर्म मुझे अर्पण करे और फलकी इच्छातक भी न करे। ऐसा करनेमें उसके कर्म उसे विघ्नरूप नहीं होंगे; क्योंकि ब्रह्म मैं हूं, मोक्ष मैं हूं, सनातन धर्म मैं हूं, अनंत सुख मैं हूं, जो कहो वह मैं हूं। मनुष्य शून्यवत् हो जाय तो मुझे ही सर्वत्र देखे, इसे गुणातीत कहेंगे।

पंद्रहवां अध्याय

रातको

३१-१-३२

श्रीभगवान बोले—इस संसारको दो तरहसे देखा जा सकता है—एक इस तरह : जिसकी जड़ ऊपर है, जिसकी शाखा नीचे है और जिसके वेदरूपी पत्ते हैं; ऐसे पीपलके रूपमें जो संसारको देखता है वह वेदको जाननेवाला ज्ञानी है। दूसरी रीति यह है : संसार-रूपी वृक्षकी शाखाएं ऊपर-नीचे फैली हुई हैं। उसके तीन गुणोंसे बढ़े हुए विषयरूपी अंकुर हैं और वे विषय जीवको मनुष्य-लोकमें कर्मके बंधनमें डालते हैं। इस वृक्षका स्वरूप नहीं जाना जा सकता; उसका आरंभ नहीं है, न अंत है, न कोई ठिकाना।

वह दूसरे प्रकारका संसार-वृक्ष है। उसने यद्यपि

जड़ गहरी पकड़ी है, तथापि उसे असहकाररूपी शास्त्रसे काटना चाहिए कि जिससे आत्माको वह लोक प्राप्त हो सके जहांसे उसे वापस चक्कर न करना पड़े। ऐसा करनेके लिए वह निरंतर उस आदि पुरुषको भजे कि जिसकी मायासे यह पुरानी प्रवृत्ति पसरी हुई है। जिन्होंने मान-मोहको छोड़ दिया है, जिन्होंने संग-दोषको जीत लिया, जो आत्मामें लीन हैं, जो विषयोंसे अलग हो गये हैं, जिन्हें सुख-दुःख समान है, वह ज्ञानी उस अव्यय पदको पाते हैं।

इस जगह सूर्यको या चंद्रको या अग्निको तेज पहुंचानेकी जरूरत नहीं पड़ती। जहां जाने के बाद लौटना नहीं रह जाता, वह मेरा परम धाम है।

जीवलोकमें मेरा सनातन अंश जीवरूपमें प्रकृतिमें विद्यमान मनसहित छः इंद्रियोंको आकर्षित करता है। जब जीव देह धारण करता है और तजता है तब, जैसे वायु अपने स्थलसे गंधोंको साथ लिये चलता है, यह जीव भी इंद्रियोंको साथ लिये हुए विचरता है। कान आंख, त्वचा, जीभ और नाक तथा मन इतनोंका सहारा लेकर जीव विषयोंका सेवन करता है। गति करते हुए, स्थिर रहते हुए या भोग भोगते हुए गुणोंवाले इस जीवको मोहमें पड़े हुए अज्ञानी पहचानते नहीं, ज्ञानी पहचानते हैं। यत्न करनेवाले योगी अपनेमें विद्यमान इस जीवको पहचानते हैं; पर जिसने समभावरूपी योगको नहीं साधा है वह यत्न करता हुआ भी उसे पहचानता नहीं है।

सूर्यका जो तेज जगतको प्रकाशित करता है, जो चन्द्रमा में है, जो अग्निमें है, उन सारे तेजोंको मेरा तेज जान। अपनी शक्तिद्वारा शरीरमें प्रवेश करके मैं जीवोंको धारण करता हूं। रस उत्पन्न करनेवाला सोम बनकर ओषधिमात्रका पोषण करता हूं। प्राणियोंकी देहमें रह करके जठराग्नि बनकर प्राण, अपान वायुको समान करके, चार प्रकारका अन्न पचाता हूं। सबके हृदयके भीतर विद्यमान हूं। मेरे द्वारा ही स्मृति है, ज्ञान है, उसका अभाव है, सब वेदोंके द्वारा जानने योग्य जो है वह मैं हूं। वेदान्त भी मैं हूं, वेदान्त को जाननेवाला भी मैं हूं।

इस लोक में कहा जाता है कि दो पुरुष हैं—क्षर और अक्षर अथवा नाशवान और नाशरहित। इनमें जीव क्षर कहलाते हैं, उनमें स्थिर हुआ मैं अक्षर हूं, और उससे भी परे जो उत्तम पुरुष है वह परमात्मा कहलाता है। वह अव्यय ईश्वर तीनों लोकमें प्रवेश करके उसका पालन करता है वह भी मैं हूं; इससे मैं क्षर और अक्षरसे भी उत्तम हूं, और लोकमें, वेदमें पुरुषोत्तमरूप से प्रसिद्ध हूं। इस प्रकार जो ज्ञानी मुझे पुरुषोत्तमरूप से पहचानता है वह सब जानता है और मुझे सब भावोंद्वारा भजता है।

हे निष्पाप अर्जुन, यह अति गुह्य शास्त्र मैंने तुझे कहा है। इसे जानकर मनुष्य बुद्धिमान बनता है और अपने ध्येयको पहुंचता है।

सोलहवां अध्याय

यरवदा मंदिर

७-२-३२

श्रीभगवान कहते हैं—अब मैं तुझे धर्मवृत्ति और अधर्मवृत्तिका भेद बतलाता हूं। धर्मवृत्तिके बारेमें तो मैं पहले बहुत कह गया हूं, तो भी उसके लक्षण कह जाता हूं। जिसमें धर्मवृत्ति होती है उसमें निर्भयता, अंतःकरणकी शुद्धि, ज्ञान, समता, इंद्रिय-दमन, यज्ञ, शास्त्रोंका अभ्यास, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शांति, किसीकी चुगली न खाना अर्थात् अपैशुन्यता, भूतमात्रके प्रति दया, अलोलुपता, कोमलता, मर्यादा, अचंचलता, तेज, क्षमा, धीरज, अंतर और बाहर की स्वच्छता, अद्रोह और निरभिमानता होती है।

अधर्म वृत्तिवालेमें दंभ, दर्प, अभिमान, क्रोध, कठोरता और अज्ञान देखनेमें आता है।

धर्मवृत्ति मनुष्यको मोक्षकी ओर ले जाती है। अधर्मवृत्ति बंधनमे डालती है। हे अर्जुन, तू तो धर्मवृत्ति लेकर ही जन्मा है।

अधर्मवृत्तिका थोड़ा विस्तार कह देता हूं कि जिससे उसका त्याग सहजमें लोग कर सकें।

अधर्मवृत्तिवाला प्रवृत्ति और निवृत्ति का भेद नहीं जानता है, उसे शुद्ध-अशुद्धका या सत्यासत्यका भान नहीं होता तो फिर उसके बर्तावका तो ठिकाना ही कहांसे होगा? उसके मन जगत झूठा, निराधार है,

जगतका कोई नियंता नहीं है; स्त्री-पुरुषका संबंध ही उसका जगत है, अतः इसमें विषय-भोगके सिवा दूसरा विचार नहीं मिलता।

ऐसी वृत्तिवालोंके कार्य भयानक होते हैं, उनकी मति मंद होती है, ऐसे लोग अपने दुष्ट विचारोंको पकड़े रहते हैं और जगतके नाश के लिए ही उनकी सब प्रवृत्तियां होती हैं। उनकी कामनाओंका अंत ही नहीं आता। वे दंभ, मान, मदमें भूले रहते हैं। उनकी चिंताका भी पार नहीं होता। उन्हें नित्य नये भोग चाहिए। सैकड़ों आशाओंके महल चुनते रहते हैं और अपनी कामनाके पोषणके लिए द्रव्य एकत्र करनेमें न्याय-अन्यायका भेद बिल्कुल छोड़ देते हैं।

'आज यह पाया और कल वह और प्राप्त करूंगा, इस शत्रुको आज मारा फिर दूसरेको मारूंगा, मैं बलवान हूं, मेरे पास ऋद्धि-सिद्धि है, मेरे समान दूसरा कौन है, कीर्ति-प्राप्तिके लिए यज्ञ करूंगा, दान दूंगा और चैन की वंशी बजाऊंगा'; यों मन-ही-मन मानता हुआ वह खुश होता रहता है और अंत में मोह-जालमें फंसकर नरक-वास पाता है।

ये आसुरी वृत्तिवाले प्राणी अपने घमंडमें भूले रहकर परनिंदा करते हुए सर्वव्यापक ईश्वरका द्वेष करते हैं और इससे वह बारंबार आसुरी योनिमें जन्मते हैं।

नरकके, आत्माको नाश करनेवाले, ये तीन दरवाजे हैं—काम, क्रोध और लोभ। सबको इन तीनों का त्याग करना चाहिए। उनका त्याग करनेवाले

कल्याणमार्गके पथिक होते हैं और वे परम गतिको पाते हैं।

जो अनादि सिद्धांतरूपी शास्त्रों का त्याग करके स्वेच्छासे भोग में पड़े रहते हैं, वे न सुख पाते हैं और न कल्याणमार्गमें रहकर शांति पाते हैं। इससे कार्य--अकार्यका निर्णय करनेमें अनुभवियोंसे अचल सिद्धांत जान लेने चाहिए और उनका अनुसरण करके आचार विचारका निश्चय करना चाहिए।

सत्रहवां अध्याय

यरवदा मंदिर

१४-२-३२

अर्जुन पूछता है—जो शिष्टाचार छोड़कर भी श्रद्धा पूर्वक सेवा करते हैं, उनकी गति कैसी होती है?

भगवान उत्तर देते हैं--श्रद्धा तीन प्रकारकी होती है—सात्त्विकी, राजसी और तामसी। श्रद्धाके अनुसार मनुष्य होता है।

सात्त्विक मनुष्य ईश्वरको, राजस यक्ष-राक्षसोंको और तामस भूत-प्रेतोंको भजता है।

पर किसीकी श्रद्धा कैसी है यह एकाएक नहीं जाना जासकता। उसका आहार कैसा है, उसका तप कैसा है, यज्ञ कैसा है, दान कैसा है, यह जानना चाहिए और उन सबके भी तीन-तीन प्रकार हैं जो बतलाता हूं।

जिस आहारसे आयु, निर्मलता, बल, आरोग्य, सुख और रुचि बढ़ती है वह आहार सात्त्विक कहलाता है। जो तीखा, खट्टा, चरपरा और गरम होता है वह राजस है। उससे दुःख और रोग उत्पन्न होते हैं। जो रींधा हुआ आहार बासी हो बदबू करता हो, जूठा हो और अन्य प्रकारसे अपवित्र हो, उसे तामस जानना।

जिस यज्ञके करनेमें फलकी इच्छा नहीं है, जो कर्तव्यरूपसे तन्मयतासे होता है वह सात्त्विक माना जाता है। जिसमें फलकी आशा है और दंभ भी है उसे राजस यज्ञ जानना। जिसमें कोई विधि नहीं है, न कुछ उपज है, न कोई मंत्र है, न कोई त्याग है वह यज्ञ तामस है।

जिसमें संतोंकी पूजा है, पवित्रता है, ब्रह्मचर्य है, अहिंसा है, वह शारीरिक तप है। सत्य, प्रिय, हितकर वचन और धर्म-ग्रन्थका अभ्यास वाचिक तप है। मनकी प्रसन्नता, सौम्यता, मौन, संयम, शुद्ध भावना, यह मानसिक तप कहलाता है। ऐसा शारीरिक, वाचिक और मानसिक तप जो समभावसे फलेच्छाका त्याग करके किया जाता है वह सात्त्विक तप कहलाता है। जो तप मानकी आशासे, दंभपूर्वक किया जाता है उसे राजस जानना और जो तप पीड़ित होकर और दुराग्रहसे या दूसरेके नाशके लिए किया जाय, जिसमें शरीरस्थ आत्माको क्लेश हो, वह तप तामस है।

कर्तव्य-बुद्धिसे दिया गया, बिना फलेच्छाके देश, काल, पात्र देखकर दिया गया दान सात्त्विक है। जिसमें

बदलेकी आशा है और जिसे देते हुए संकोच है वह दान राजस है और देश-कालादिका विचार किये बिना, तरस्कृत भावसे या मान बिना दिया हुआ दान तामस है।

वेदोंने ब्रह्मका वर्णन ॐ तत्सत्रूपसे किया है, अतः [illegible]ो चाहिए कि यज्ञ, दान, तप आदि क्रिया इसका उच्चारण करके करे। ॐ अर्थात् एकाक्षरी ब्रह्म। तत् अर्थात् वह। सत् अर्थात् सत्य, कल्याणरूप। मतलब कि ईश्वर एक है, यही है, यही सत्य है, यही कल्याण करनेवाला है। ऐसी भावना रखकर और ईश्वरार्पण-बुद्धिसे जो यज्ञादि करते हैं उनकी श्रद्धा सात्त्विक है और वह शिष्टाचारको न जाननेके कारणसे अथवा जानते हुए भी, ईश्वरार्पणबुद्धिसे उससे कुछ भिन्न करते हैं, तथापि वह दोषरहित है।

पर जो क्रिया ईश्वरार्पणबुद्धिके बिना होती है वह बिना श्रद्धाकी मानी जाती है। वह असत् है।

अठारहवां अध्याय

यरवदा मंदिर

२१-२-३२

पिछले सोलह अध्यायोंके मननके बाद भी अर्जुन-के मनमें शंका बनी रह जाती है; क्योंकि गीताका संन्यास उसे प्रचलित संन्याससे भिन्न लगता है। उसे

लगता है, त्याग और संन्यास दो अलग-अलग चीजें हैं क्या !

इस शंकाका निवारण करते हुए भगवान इस अंतिम अध्यायमें गीता-शिक्षणका सार दे देते हैं।

कितने ही कर्मोंमें कामना भरी होती है; अनेक प्रकारकी इच्छाओंकी पूर्तिके लिए मनुष्य अनेक उद्यम रचता है। यह काम्य कर्म है। अन्य आवश्यक और स्वाभाविक कर्म हैं, जैसे सांस लेना, देहकी रक्षाभरको खाना, पीना, पहनना, ओढ़ना, सोना इत्यादि। और तीसरा कर्म पारमार्थिक है। इनमेंसे काम्य कर्मका त्याग गीताका संन्यास है और कर्ममात्रके फलका त्याग गीता-मान्य त्याग है।

कह सकते हैं कि कर्ममात्रमें कुछ दोष तो अवश्य हैं ही; तथापि यज्ञार्थ अर्थात् परोपकारार्थ कर्मका त्याग विहित नहीं है। यज्ञमें दान और तप आ जाते हैं; पर परमार्थमें भी आसक्ति, मोह नहीं होना चाहिए, अन्यथा उसमें बुराईके घुस आनेकी संभावना है।

मोहवश नियत कर्मका त्याग तामस त्याग है। देहके कष्टके खयालसे किया हुआ त्याग राजस है; पर सेवा-कार्य करनेकी भावनासे, बिना फलकी इच्छाका त्याग सच्चा सात्त्विक त्याग है। अतः यहां कर्ममात्रका त्याग नहीं है, बल्कि कर्तव्यकर्मके फलका त्याग है और दूसरे अर्थात् काम्य कर्मका त्याग तो है ही। ऐसे त्यागी को शंकाएं नहीं उठतीं। उसकी भावना शुद्ध होती है और वह सुविधा-असुविधाका विचार नहीं करता।

जो कर्म-फलका त्याग नहीं करते हैं उन्हें तो अच्छे-बुरे फल भोगने ही पड़ते हैं। इससे वे बंधनमें पड़े रहते हैं। फल-त्यागी बंधनमुक्त हो जाता है।

और कर्मके विषयमें मोह क्या? अपने कर्तापनका अभिमान मिथ्या है। कर्ममात्रकी सिद्धिमें पांच कारण होते हैं—स्थान, कर्ता, साधन, क्रियाएं और यह सब होनेपर भी अंतिम दैव है।

यह समझकर मनुष्यको अभिमानका त्याग करना चाहिए। अहंता छोड़कर कुछ भी करनेवालेके बारेमें कहा जा सकता है कि वह करते हुए भी नहीं करता है; क्योंकि उसे वह कर्म बंधन-कर्ता नहीं होता। ऐसे निरभिमान, शून्यवत् बने हुए मनुष्यके विषय में कह सकते हैं कि वह मारते हुए भी नहीं मारता है। इसके मानी यह नहीं होते कि कोई मनुष्य शून्यवत् होते हुए भी हिंसा करता है और अलिप्त रहता है, निरभिमानी को हिंसा करनेका प्रयोजन ही क्या है।

कर्मकी प्रेरणामें तीन वस्तुएं होती हैं—ज्ञान, ज्ञेय और परिज्ञान। और उसे तीन अंग होते हैं—इंद्रियां, क्रिया और कर्ता। जो करना है वह ज्ञेय है। जो उसकी रीति है वह ज्ञान है और जाननेवाला जो है वह परिज्ञाता है। इस प्रकार प्रेरणा होनेके बाद कर्म होता है। उसमें इंद्रियां कारण होती हैं, जो करनेको है वह क्रिया और उसका करनेवाला जो है वह कर्ता है। इस प्रकार विचारमेंसे आचार होता है। जिसके द्वारा हम प्राणीमात्रमें एक ही भाव देखें, अर्थात् सब-कुछ भिन्न-

भिन्न लगते हुए भी गहराईमें उतरनेपर एक ही भासित हों तो वह सात्त्विक ज्ञान है।

इससे उलटा, जो भिन्न दिखाई देता है, वह भिन्न ही भासित हो तो वह राजस ज्ञान है।

और जहां कुछ पता ही नहीं लगता और सब बिना कारणके गड़बड़ लगता है वह तामस ज्ञान है।

ज्ञानके विभागकी भांति कर्मके भी विभाग हैं। जहां फलेच्छा नहीं है, राग-द्वेष नहीं है, वह कर्म सात्त्विक है। जहां भोगकी इच्छा है, जहां 'मैं करता हूं' यह अभिमान है और इससे जहां हो-हल्ला है वह राजस कर्म है। जहां परिणामकी, हानिकी या हिंसाकी, शक्ति की परवाह नहीं है और जो मोहके वश होकर होता है वह तामस कर्म है।

कर्मकी भांति कर्ता भी तीन तरहके समझने चाहिए। सात्त्विक कर्ता वह है जिसे राग नहीं है, अहंकार नहीं है, तथापि जिसमें दृढ़ता है, साहस है, और जिसे अच्छे-बुरे फलसे हर्ष-शोक नहीं है। राजस कर्तामें राग होता है, लोभ होता है, हिंसा होती है, हर्ष-शोक तो जरूर ही होता है, तो फिर कर्म-फलकी इच्छाका तो कहना ही क्या? और तामस कर्ता अव्यवस्थित, दीर्घसूत्री, हठी, शठ, आलसी, संक्षेपमें कहा जाय तो संस्काररहित होता है।

बुद्धि, धृति और सुखके भी भिन्न-भिन्न प्रकार जानने योग्य हैं।

सात्त्विक बुद्धि प्रवृत्ति-निवृत्ति, कार्य-अकार्य, भय-

अभय और बंध-मोक्ष आदिका सही भेद करती और जानती है। राजसी बुद्धि यह भेद करने तो चलती है, पर गलत या विपरीत कर लेती है और तामसी बुद्धि तो धर्मको अधर्म मानती है। सब उलटा ही निहारती है।

धृति अर्थात् धारणा, कुछ भी ग्रहण करके उससे लगे रहनेकी शक्ति। यह शक्ति अल्पाधिक प्रमाणमें सबमें है। यदि यह न हो तो जगत एक क्षण भी न टिक सके। अब जिसमें मन, प्राण और इंद्रियोंकी क्रियाकी समता है, समानता है और एक निष्ठा है, वहां धृति सात्त्विकी है और जिसके द्वारा मनुष्य धर्म, काम और अर्थको आसक्तिपूर्वक धारण करता है वह धृति राजसी है। जो धृति मनुष्यको निंदा, भय, शोक, निराशा, मद वगैरह नहीं छोड़ने देती, वह तामसी है।

सात्त्विक सुख वह है जिसमें दुःखका अनुभव नहीं है, जिसमें आत्मा प्रसन्न रहता है, जो शुरूमें जहर-सा लगनेपर भी, परिणाममें, अमृतके समान ही है। विषय-भोग में जो शुरूमें मधुर लगता है, पर बादको जहरके समान हो जाता है, वह राजस सुख है और जिसमें केवल मूर्च्छा, आलस्य, निद्रा ही है वह तामस सुख है।

इस प्रकार सब वस्तुओंके तीन हिस्से किये जा सकते हैं। ब्राह्मणादि चार वर्ण भी इन तीन गुणोंके अल्पाधिक्यके कारण हुए हैं। ब्राह्मणके कर्ममें शम, दम, तप, शौच, क्षमा, सरलता, ज्ञान, अनुभव, आस्तिकता होनी चाहिए। क्षत्रियोंमें शौर्य, तेज, धृति, दक्षता, युद्धमें पीछे न हटना, दान, राज्य चलानेकी

शक्ति होनी चाहिए। खेती, गो-रक्षा और व्यापार वैश्यका कर्म है और शूद्रका सेवा। इसका यह मतलब नहीं कि एकके गुण दूसरे में नहीं होते, अथवा इन गुणोंको हासिल करनेका उसे हक नहीं है; पर उपर्युक्त भांतिके गुण या कर्मसे उस-उस वर्णकी पहचान हो सकती है। यदि हरएक वर्णके गुण-कर्म पहचाने जायं तो परस्पर द्वेष-भाव न हो, स्पर्द्धा न हो। ऊंच-नीचकी भावनाकी यहां कोई गुंजाइश नहीं है; बल्कि सब अपने स्वभावके अनुसार निष्काम भावसे अपने कर्म करते रहें तो उन कर्मोंको करते हुए वे मोक्षके अधिकारी हो जाते हैं। इसीलिए कहा है कि परधर्म चाहे सरल लगता हो, स्वधर्म चाहे खोखला लगता हो, तो भी स्वधर्म अच्छा है। स्वभावजन्य कर्ममें पाप न होनेकी संभावना है, क्योंकि उसीमें निष्कामताकी पाबंदी हो सकती है, दूसरा करनेकी इच्छामें ही कामना आजाती है। बाकी तो जैसे अग्निमात्रमें धुंआ है वैसे ही कर्ममात्रमें दोष तो अवश्य है; पर सहजप्राप्त कर्म फलकी इच्छाके बिना होते हैं, इसलिए कर्मका दोष नहीं लगता।

जो इस प्रकार स्वधर्म का पालन करता हुआ शुद्ध हो गया है, जिसने मनको वशमें कर रखा है, जिसने पांच विषयोंको छोड़ दिया है, जिसने राग-द्वेषको जीत लिया है, जो एकांतसेवी अर्थात् अंतरध्यानी रह सकता है, जो अल्पाहार करके मन, वचन, कायाको अंकुशमें रखता है, ईश्वरका ध्यान जिसे बराबर बना रहता है, जिसने अहंकार, काम, क्रोध, परिग्रह इत्यादि

तज दिये हैं, वह शांत योगी ब्रह्मभावको पाने योग्य है। ऐसा मनुष्य सबके प्रति समभाव रखता है और हर्ष-शोक नहीं करता, ऐसा भक्त ईश्वर-तत्त्वको यथार्थ जानता है और ईश्वरमें लीन हो जाता है। इस प्रकार जो भगवानका आश्रय लेता है वह अमृत पद पाता है। इसलिए भगवान कहते हैं—"सब मुझे अर्पण कर, मुझमें परायण हो और विवेक-बुद्धिका आश्रय लेकर मुझमें चित्त पिरो दे। ऐसा करेगा तो सारी विडंबनाओंसे छूट जायगा, पर जो अहंकार रखकर मेरी नहीं सुनेगा तो विनाशको प्राप्त होगा। सौ बातकी एक बात तो यह है कि सभी प्रपंचोंको त्यागकर मेरी शरण ले तो तू पापमुक्त हो जायगा। जो तपस्वी नहीं है, भक्त नहीं है, जिसे सुननेकी इच्छा नहीं है और जो मेरा द्वेष करता है उससे यह ज्ञान मत कहना; पर यह परम गुह्य ज्ञान जो मेरे भक्तोंको देगा वह मेरी भक्ति करने के कारण अवश्य मुझे पावेगा।"

अंतमें संजय धृतराष्ट्रसे कहता है—जहां योगेश्वर कृष्ण है, जहां धनुर्धारी पार्थ हैं, वहां श्री है, विजय है, वैभव है और अविचल नीति है।

यहां कृष्णको योगेश्वर विशेषण दिया गया है। इससे उसका शाश्वत अर्थ, शुद्ध अनुभव ज्ञान किया गया है, और धनुर्धारी पार्थ कहकर यह बतलाया गया है कि जहां ऐसे अनुभवसिद्ध ज्ञानको अनुसरण करनेवाली क्रिया है, वहां परम नीतिकी अविरोधिनी मनोकामना सिद्ध होती है।

अनासक्तियोग

[श्रीमद्भगवद्गीताकी हिन्दी-टीका]

प्रस्तावना

(१)

जैसे स्वामी आनंद आदि मित्रोंके प्रेमके वश होकर मैंने सत्यके प्रयोगों भरके लिए आत्मकथा लिखना आरम्भ किया था वैसे गीताका अनुवाद भी। स्वामी आनंदने असहयोगके जमानेमें मुझसे कहा था, "आप गीताका जो अर्थ करते है, वह अर्थ तभी समझमें आ सकता है जब आप एक बार समूची गीताका अनुवाद कर जायं और उसके ऊपर जो टीका करनी हो वह करें और वह संपूर्ण एक बार हम पढ़ जायं। फुट-कर श्लोकोंमेंसे अहिंसादिका प्रतिपादन मुझे तो ठीक नहीं लगता है।" मुझे उनकी दलीलमे सार जान पड़ा। मैंने जवाब दिया, "अवकाश मिलनेपर यह करूगा।" फिर मैं जेल गया। वहां तो गीता का अध्ययन कुछ अधिक गहराईसे करने का मौका मिला। लोकमान्यका ज्ञानका भंडार पढा। उन्होंने ही पहले मुझे मराठी, हिन्दी और गुजराती अनुवाद प्रेमपूर्वक भेजे थे और सिफारिश की थी कि मराठी न पढ़ सकूं तो गुजराती अवश्य पढ़ू। जेलके बाहर तो उसे न पढ पाया, पर जेल में गुजराती-अनुवाद पढा। इसे पढनेके बाद गीताके संबंध में अधिक पढ़नेकी इच्छा हुई और गीतासंबंधी अनेक ग्रंथ उलटे-पलटे।

मुझे गीताका प्रथम परिचय एडविन आर्नल्डके पद्य-अनुवाद से सन् १८८८-८९ में प्राप्त हुआ। उससे गीताका गुजराती-अनुवाद पढ़नेकी तीव्र इच्छा हुई और जितने अनुवाद हाथ लगे उन्हें पढ़ गया; परन्तु ऐसी पढ़ाई मुझे अपना अनुवाद जनता के सामने रखनेका बिल्कुल अधिकार नहीं देती। इसके सिवा मेरा संस्कृत-ज्ञान अल्प है, गुजरातीका ज्ञान विद्वत्ताके विचारसे कुछ नहीं है। तब मैंने अनुवाद करनेकी धृष्टता क्यों की ?

गीताको मैंने जिस प्रकार समझा है, उस प्रकार उसका आचरण करनेका मेरा और मेरे साथ रहनेवाले कई साथियोंका बनाबर प्रयत्न

है। गीता हमारे लिए आध्यात्मिक निदान-ग्रंथ है। उसके अनुसार आचरणमें निष्फलता रोज आती है, पर वह निष्फलता हमारा प्रयत्न रहते हुए है; इस निष्फलतामें सफलताकी फूटती हुई किरणोकी झलक दिखाई देती है। यह नन्हा-सा जन-समुदाय जिस अर्थको आचार में परिणत करनेका प्रयत्न करता है वह इस अनुवादमें है।

इसके सिवा स्त्रियां, वैश्य और शूद्र-सरीखे, जिन्हें अक्षरज्ञान थोड़ा ही है, जिन्हें मूल संस्कृतमें गीता समझनेका समय नहीं है, इच्छा नहीं है, परंतु जिन्हे गीतारूपी सहारेकी आवश्यकता है, उन्ही के लिए इस अनुवादकी कल्पना है।[1] गुजराती भाषाका मेरा ज्ञान कम होनेपर भी उसके द्वारा गुजरातियोको मेरे पास जो कुछ पूजी हो वह दे जानेकी मुझे सदा भारी अभिलाषा रही है। मैं यह चाहता अवश्य हू कि आज गदे साहित्यका जो प्रवाह जोरोसे जारी है उस समयमे हिंदू-धर्ममे अद्वितीय माने जानेवाले इस ग्रंथका सरल अनुवाद गुजराती जनताको मिले और उसमेंसे वह उस प्रवाहका सामना करनेकी शक्ति प्राप्त करे।

इस अभिलाषामें दूसरे गुजराती-अनुवादोकी अवहेलना नही है। उन सबका स्थान भले ही हो—पर उनके पीछे उनके अनुवादकोंका आचार-रूपी अनुभवका दावा हो, ऐसा मेरी जानकारीमें नही है। इस अनुवादके पीछे अड़तीस वर्षके आचारके प्रयत्न का दावा है। इसलिए मैं यह अवश्य चाहता हूं कि प्रत्येक गुजराती भाई और बहन, जिन्हें धर्मको आचरणमें लानेकी इच्छा है, इसे पढ़ें, विचारें और इसमेसे शक्ति प्राप्त करें।

इस अनुवादमें मेरे साथियोंकी मेहनत मौजूद है। मेरा संस्कृत-ज्ञान बहुत अधूरा होनेके कारण शब्दार्थपर मुझे पूरा विश्वास नहीं हो सकता था, अतः इतनेभरके लिए इस अनुवादको विनोबा, काका कालेलकर, महादेव देसाई और किशोरलाल मशरूवालाने देख लिया है।

(२)

अब गीताके अर्थपर आता हूं।

सन् १८८८-८९ में जब गीताका प्रथम दर्शन हुआ तभी मुझे ऐसा

---

[1] गांधीजीका अनुवाद गुजरातीमें है। यह उसीका हिंदी-रूपान्तर है।

लगा कि यह ऐतिहासिक ग्रंथ नहीं है, वरन् इसमें भौतिक युद्धके वर्णनके बहाने प्रत्येक मनुष्यके हृदयके भीतर निरंतर होते रहनेवाले द्वंद्व युद्धका ही वर्णन है; मानुषी योद्धाओंकी रचना हृदयगत युद्धको रोचक बनानेके लिए गढ़ी हुई कल्पना है। यह प्राथमिक स्फुरणा धर्मका और गीताका विशेष विचार करनेके बाद पक्की हो गई। महाभारत पढ़नेके बाद यह विचार और भी दृढ़ हो गया। महाभारत ग्रंथको मैं आधुनिक अर्थमें इतिहास नहीं मानता। इसके प्रबल प्रमाण आदिपर्वमे ही है। पात्रोंकी अमानुषी और अतिमानुषी उत्पत्तिका वर्णन करके व्यास भगवानने राजा-प्रजा के इतिहास को मिटा दिया है। उसमें वर्णित पात्र मूलमें ऐतिहासिक भले ही हों, परंतु महाभारतमें तो उनका उपयोग व्यास भगवानने केवल धर्म का दर्शन कराने के लिए ही किया है।

महाभारतकारने भौतिक युद्धकी आवश्यकता नहीं, उसकी निरर्थकता सिद्ध की है। विजेतासे रुदन कराया है, पश्चात्ताप कराया है और दुःखके सिवा और कुछ नहीं रहने दिया।

इस महाग्रंथमे गीता शिरोमणिरूपसे विराजती है। उसका दूसरा अध्याय भौतिक युद्धव्यवहार सिखानेके बदले स्थितप्रज्ञके लक्षण सिखाता है। स्थित-प्रज्ञका ऐहिक युद्धके साथ कोई संबंध नही होता, यह बात उसके लक्षणोंमेसे ही मुझे प्रतीत हुई है। साधारण पारिवारिक झगड़ोंके औचित्य-अनौ-चित्यका निर्णय करनेके लिए गीताजैसी पुस्तककी रचना संभव नहीं है।

गीताके कृष्ण मूर्तिमान् शुद्ध संपूर्ण ज्ञान हैं; परंतु काल्पनिक है। यहां कृष्ण नामके अवतारी पुरुष का निषेध नहीं है। केवल संपूर्ण कृष्ण काल्पनिक है, संपूर्णावतारका आरोपण पीछेसे हुआ है।

अवतारसे तात्पर्य है शरीरधारी पुरुषविशेष। जीवमात्र ईश्वरके अवतार है; परंतु लौकिक भाषामें सबको हम अवतार नहीं कहते। जो पुरुष अपने युगमें सबसे श्रेष्ठ धर्मवान है, उसे भावी प्रजा अवताररूपसे पूजती है। इसमें मुझे कोई दोष नहीं जान पडता। इसमें न तो ईश्वरके बड़प्पन में कमी आती है, न उसमें सत्य को आघात पहुंचता है। "आदम खुदा नहीं; लेकिन खुदाके नूर से आदम जुदा नहीं।" जिसमें धर्म-जागृति अपने युगमें सबसे अधिक है वह विशेषावतार है। इस विचारश्रेणीसे

कृष्ण-रूपी संपूर्णावतार आज हिंदूधर्ममें साम्राज्य भोग रहा है।

यह दृश्य मनुष्यकी अंतिम सदभिलाषाका सूचक है। मनुष्यको ईश्वररूप हुए बिना चैन नहीं पड़ता, शांति नहीं मिलती। ईश्वररूप होनेके प्रयत्नका नाम सच्चा और एकमात्र पुरुषार्थ है और यही आत्म-दर्शन है। यह आत्मदर्शन सब धर्म-ग्रंथोंका विषय है, वैसे ही गीताका भी है। पर गीताकारने इस विषयका प्रतिपादन करनेके लिए गीता नहीं रची। वरन् आत्मार्थीको आत्मदर्शनका एक अद्वितीय उपाय बतलाना गीताका आशय है। जो चीज हिंदूधर्म-ग्रंथोंमें छुट-फुट दिखाई देती है, उसे गीताने अनेक रूपों, अनेक शब्दोंमें, पुनरुक्तिका दोष स्वीकार करके भी, अच्छी तरह स्थापित किया है।

वह अद्वितीय उपाय है 'कर्मफल-त्याग'।

इस मध्यबिंदुके चारों ओर गीताकी सारी सजावट है। भक्ति, ज्ञान इत्यादि उसके आसपास तारामंडलरूपमें सज गये है। जहां देह है वहां कर्म तो है ही। उसमेंसे कोई मुक्त नहीं है; तथापि देहको प्रभुका मंदिर बनाकर उसके द्वारा मुक्ति प्राप्त होती है, यह सब धर्मोंने प्रतिपादन किया है; परंतु कर्ममात्र मे कुछ दोष तो है ही, मुक्ति तो निर्दोषकी ही होती है। तब कर्मबंधनमें से अर्थात् दोषस्पर्शमेंसे कैसे छुटकारा हो? इसका जवाब गीताजीने निश्चयात्मक शब्दोंमें दिया है—"निष्काम कर्मसे, यज्ञार्थ कर्म करके, कर्मफल-त्याग करके, सब कर्मोंको कृष्णार्पण करके, अर्थात् मन, वचन और कायाको ईश्वरमें होम करके।"

पर निष्कामता या कर्मफलत्याग कहनेभरसे नहीं हो जाता। यह केवल बुद्धि का प्रयोग नहीं है। यह हृदय-मंथनसे ही उत्पन्न होता है। यह त्याग-शक्ति पैदा करनेके लिए ज्ञान चाहिए। एक प्रकारका ज्ञान तो बहुतेरे पंडित पाते है। वेदादि उन्हें कंठ होते है; परंतु उनमेंसे अधिकांश भोगादि-में लगे-लिपटे रहते हैं। ज्ञानका अतिरेक शुष्क पांडित्यके रूपमें न हो जाय, इस खयालसे गीताकारने ज्ञानके साथ भक्तिको मिलाया और उसे प्रथम स्थान दिया। बिना भक्तिका ज्ञान हानिकर है। इसलिए कहा गया, "भक्ति करो तो ज्ञान मिल ही जायगा।" पर भक्ति तो 'सिर का सौदा' है, इसलिए गीताकारने भक्तके लक्षण स्थितप्रज्ञके-से बतलाये हैं।

तात्पर्य, गीताकी भक्ति बाह्याचारिता नहीं है, अंधश्रद्धा नहीं है। गीतामें बताये उपचारका बाह्य चेष्टा या क्रियाके साथ कम-से-कम संबंध है। माला, तिलक, अर्घ्यादि साधन भले ही भक्त बरते, पर वे भक्तिके लक्षण नहीं हैं। जो किसीका द्वेष नहीं करता, जो करुणाका भंडार है और ममतारहित है, जो निरहंकार है जिसे सुख-दुःख, शीत-उष्ण समान हैं, जो क्षमाशील है, जो सदा संतोषी है, जिसके निश्चय कभी बदलते नहीं, जिसने मन और बुद्धि ईश्वरको अर्पण कर दिये हैं, जिससे लोग उद्वेग नही पाते; जो लोगों का भय नही रखता, जो हर्ष-शोक-भयादिसे मुक्त है, जो पवित्र है, जो कार्यदक्ष होनेपर भी तटस्थ है, जो शुभाशुभका त्याग करनेवाला है, जो शत्रु-मित्रपर समभाव रखनेवाला है, जिसे मान-अपमान समान है, जिसे स्तुतिसे खुशी नही होती और निंदासे ग्लानि नहीं होती, जो मौनधारी है, जिसे एकान्त प्रिय है, जो स्थिरबुद्धि है, वह भक्त है। यह भक्ति आसक्त स्त्री-पुरुषोंमे संभव नहीं है।

इसमेसे हम देखते हैं कि ज्ञान प्राप्त करना, भक्त होना ही आत्म-दर्शन है। आत्मदर्शन उससे भिन्न वस्तु नहीं है। जैसे रुपयेके बदलेमें जहर खरीदा जा सकता है और अमृत भी लाया जा सकता है; वैसे ज्ञान या भक्तिके बदले बंधन भी लाया जा सके और मोक्ष भी, यह संभव नहीं है। यहा तो साधन और साध्य, बिल्कुल एक नहीं तो लगभग एक ही वस्तु हैं। साधनकी पराकाष्ठा जो है वही मोक्ष है और गीताके मोक्षका अर्थ परमशांति है।

किंतु ऐसे ज्ञान और भक्तिको कर्मफलत्यागकी कसौटीपर चढ़ना ठहरा। लौकिक कल्पनामें शुष्क पंडित भी ज्ञानी मान लिया जाता है। उसे कुछ काम करनेको नहीं रहता। हाथसे लोटा तक उठाना भी उसके लिए कर्मबंधन है। यज्ञशून्य जहां ज्ञानी गिना जाय वहां लोटा उठाने-जैसी तुच्छ लौकिक क्रिया को स्थान ही कैसे मिल सकता है?

लौकिक कल्पनामे भक्तसे मतलब है बाह्याचारी,[1] माला लेकर जप

---

[1] जो बाह्याचारमें लीन रहता है और शुद्ध भावसे मानता है कि यही भक्ति है।

करनेवाला। सेवाकर्म करते भी उसकी मालामें विक्षेप पड़ता है। इसलिए वह खाने-पीने आदि भोग भोगनेके समय ही मालाको हाथसे छोडता है, चक्की चलाने या रोगीकी सेवा-शुश्रूषा करनेके लिए कभी नहीं छोडता।

इन दोनों वर्गोंको गीताने साफतौरसे कह दिया, "कर्म बिना किसीने सिद्धि नहीं पाई। जनकादि भी कर्मद्वारा ज्ञानी हुए। यदि मैं भी आलस्यरहित होकर कर्म न करता रहूं तो इन लोकोका नाश हो जाय।" तो फिर लोगोंके लिए पूछना ही क्या रह जाता है ?

परतु एक ओरसे कर्ममात्र बंधनरूप हैं, यह निर्विवाद है। दूसरी ओरसे देही इच्छा-अनिच्छासे भी कर्म करता रहता है। शारीरिक या मानसिक सभी चेष्टाए कर्म है। तब कर्म करते हुए भी मनुष्य बंधनमुक्त कैसे रहे ? जहांतक मुझे मालूम है, इस समस्याको गीताने जिस तरह हल किया है वैसे दूसरे किसी भी धर्मग्रंथने नही किया है। गीताका कहना है, "फलासक्ति छोड़ो और कर्म करो", "आशारहित होकर कर्म करो", "निष्काम होकर कर्म करो।" यह गीताकी वह ध्वनि है जो भुलाई नही जा सकती। जो कर्म छोडता है वह गिरता है। कर्म करते हुए भी जो उसका फल छोडता है वह चढता है। फलत्यागका यह अर्थ नहीं है कि परिणामके सबधमे लापरवाही रहे। परिणाम और साधनका विचार और उसका ज्ञान अत्यावश्यक है। इतना होनेके बाद जो मनुष्य परिणामकी इच्छा किये बिना साधनमे तन्मय रहता है वह फलत्यागी है।

पर यहां फलत्यागका कोई यह अर्थ न करे कि त्यागीको फल मिलता नहीं। गीतामें ऐसे अर्थको कहीं स्थान नहीं है। फलत्यागसे मतलब है फलके संबंधमें आसक्तिका अभाव। वास्तवमें देखा जाय तो फलत्यागीको तो हजारगुना फल मिलता है। गीताके फलत्यागमे तो अपरिमित श्रद्धाकी परीक्षा है। जो मनुष्य परिणामका ध्यान करता रहता है वह बहुत बार कर्म—कर्त्तव्यभ्रष्ट हो जाता है। उसे अधीरता घेरती है, इससे वह क्रोधके वश हो जाता है और फिर वह न करने योग्य करने लग पड़ता है; एक कर्ममेंसे दूसरेमें और दूसरेमेसे तीसरेमें पड़ता जाता है। परिणामकी चिंता करनेवालेकी स्थिति विषयांधकी-सी हो जाती है और अंतमें वह विषयीकी भांति सारासारका, नीति-अनीतिका विवेक छोड़ देता है और फल प्राप्त

करनेके लिए हर किसी साधनसे काम लेता है और उसे धर्म मानता है।

फलासक्तिके ऐसे कटु परिणामोंमेंसे गीताकारने अनासक्तिका अर्थात् कर्मफल-त्यागका सिद्धांत निकाला और संसार के सामने अत्यंत आकर्षक भाषा में रखा। साधारणत: तो यह माना जाता है कि धर्म अर्थविरोधी वस्तु है, "व्यापार इत्यादि लौकिक व्यवहारमें धर्म नहीं बचाया जा सकता, धर्मको जगह नहीं हो सकती, धर्मका उपयोग केवल मोक्षके लिए किया जा सकता है। धर्मकी जगह धर्म शोभा देता है और अर्थकी जगह अर्थ। बहुतोंसे ऐसा कहते हम सुनते हैं।" गीताकार ने इस भ्रमको दूर किया है। उसने मोक्ष और व्यवहारके बीच ऐसा भेद नही रखा है, वरन् व्यवहारमें धर्मको उतारा है। जो धर्म व्यवहार में न लाया जा सके वह धर्म नहीं है, मेरी समझसे यह बात गीतामें है। मतलब, गीताके मतानुसार जो कर्म ऐसे है कि आसक्ति के बिना हो ही न सकें, वे सभी त्याज्य है। ऐसा सुवर्ण-नियम मनुष्योंको अनेक धर्मसंकटोमेंसे बचाता है। इस मतके अनुसार खून, झूठ, व्यभिचार इत्यादि कर्म अपने-आप त्याज्य हो जाते हैं। मानव-जीवन सरल बन जाता है और सरलतामेंसे शांति उत्पन्न होती है।

इस विचारश्रेणीके अनुसार मुझे ऐसा जान पडा है कि गीताकी शिक्षाको व्यवहारमे लानेवालेको अपने-आप सत्य और अहिंसाका पालन करना पड़ता है। फलासक्तिके बिना न तो मनुष्यको असत्य बोलनेका लालच होता है, न हिंसा करनेका। चाहे जिस हिंसा या असत्य के कार्यको हम लें, यह मालूम हो जायगा कि उसके पीछे परिणाम की इच्छा रहती है। गीताकालके पहले भी अहिंसा परमधर्मरूप मानी जाती थी। पर गीताको तो अनासक्ति के सिद्धान्तका प्रतिपादन करना था। दूसरे अध्यायमें ही यह बात स्पष्ट हो जाती है।

परंतु यदि गीताको अहिंसा मान्य थी अथवा अनासक्तिमें अहिंसा अपने-आप आ ही जाती है तो गीताकारने भौतिक युद्धको उदाहरणके रूपमें भी क्यों लिया? गीतायुगमें अहिंसा धर्म मानी जानेपर भी भौतिक युद्ध सर्वमान्य वस्तु होनेके कारण गीताकारको ऐसे युद्ध का उदाहरण लेते संकोच नहीं हुआ और न होना चाहिए था।

परंतु फलत्यागके महत्त्व का अंदाजा करते हुए गीताकारके मनमें

क्या विचार थे, उसने अहिंसाकी मर्यादा कहां निश्चित की थी, इसपर हमें विचार करनेकी आवश्यकता नहीं रहती। कवि महत्त्वके सिद्धांतोंको संसारके सम्मुख उपस्थित करता है; इसके यह मानी नहीं होते कि वह सदा अपने उपस्थित किये हुए सिद्धांतोंका महत्त्व पूर्णरूपसे पहचानता है या पहचाननेके बाद समूचेको भाषामे रख सकता है। इसमें काव्यकी और कविकी महिमा है। कविके अर्थका अंत ही नहीं है। जैसे मनुष्यका, उसी प्रकार महावाक्योंके अर्थका विकास होता ही रहता है। भाषाओंके इतिहाससे हमें मालूम होता है कि अनेक महान् शब्दोंके अर्थ नित्य नये होते रहे है। यही बात गीताके अर्थके संबंधमे भी है। गीताकारने स्वयं महान् रूढ शब्दोंके अर्थका विस्तार किया है। गीताको ऊपरी दृष्टिसे देखने पर भी यह बात मालूम हो जाती है। गीतायुगके पहले कदाचित् यज्ञमें पशुहिंसा मान्य रही हो, गीताके यज्ञमे उसकी कहीं गंधतक नहीं है। उसमें तो जपयज्ञ यज्ञोंका राजा है। तीसरा अध्याय बतलाता है कि यज्ञका अर्थ है मुख्यरूपसे परोपकारके लिए शरीरका उपयोग। तीसरा और चौथा अध्याय मिलाकर दूसरी व्याख्याएं भी निकाली जा सकती है; पर पशु-हिंसा नहीं निकाली जा सकती। यही बात गीताके संन्यासके अर्थके संबंधमे है। कर्ममात्रका त्याग गीताके सन्यासको भाता ही नहीं। गीता-का संन्यासी अतिकर्मी है तथापि अति-अकर्मी है। इस प्रकार गीताकारने महान् शब्दोंका व्यापक अर्थ करके अपनी भाषाका भी व्यापक अर्थ करना हमे सिखाया है। गीताकारकी भाषाके अक्षरोंसे यह बात भले ही निकलती हो कि संपूर्ण कर्मफलत्यागीद्वारा भौतिक युद्ध हो सकता है, परंतु गीताकी शिक्षाको पूर्णरूपसे अमलमें लानेका ४० वर्षतक सतत प्रयत्न करनेपर मुझे तो नम्रतापूर्वक ऐसा जान पड़ा है कि सत्य और अहिंसाका पूर्णरूपसे पालन किये बिना संपूर्ण कर्मफलत्याग मनुष्यके लिए असंभव है।

गीता सूत्रग्रंथ नहीं है। गीता एक महान् कर्मकाव्य है। उसमें जितना गहरे उतरिये, उतने ही उसमेंसे नये और सुंदर अर्थ लीजिये। गीता जनसमाजके लिए है, उसमें एक ही बातको अनेक प्रकारसे कहा है। अतः गीतामें आये हुए महाशब्दोंका अर्थ युग-युगमें बदलता और विस्तृत होता रहेगा। गीताका मूलमंत्र कभी नहीं बदल सकता। वह

मंत्र जिस रीतिसे सिद्ध किया जा सके, उस रीतिसे जिज्ञासु चाहे जो अर्थ कर सकता है।

गीता विधिनिषेध बतलानेवाली भी नहीं है। एकके लिए जो विहित होता है, वही दूसरेके लिए निषिद्ध हो सकता है। एक काल या एक देशमें जो विहित होता है, वह दूसरे कालसे, दूसरे देशमें निषिद्ध हो सकता है। निषिद्ध केवल फलासक्ति है, विहित है अनासक्ति।

गीतामें ज्ञानकी महिमा सुरक्षित है, तथापि गीता बुद्धिगम्य नहीं है, वह हृदयगम्य है। अतः वह अश्रद्धालुके लिए नहीं है। गीताकारने ही कहा है—

"जो तपस्वी नहीं है, जो भक्त नही है, जो सुनना नहीं चाहता और जो मेरा द्वेष करता है, उससे यह (ज्ञान) तू कभी न कहना।" १८।६७

"परतु यह परमगुह्य ज्ञान जो मेरे भक्तोंको देगा, वह मेरी परमभक्ति करनेके कारण निस्संदेह मुझे ही पावेगा।" १८।६८

"और जो मनुष्य द्वेषरहित होकर श्रद्धापूर्वक केवल सुनेगा वह भी मुक्त होकर पुण्यवान जहां बसते है उस शुभ लोकको पावेगा।" १८।७१

(कौसानी, हिमालय)
सोमवार
आषाढ कृष्ण २, १९८६
ता० २४-६-२९

—मो० क० गांधी

अ ना स क्ति यो ग

: १ :

अर्जुनविषादयोग

जिज्ञासा बिना ज्ञान नहीं होता। दुःख बिना सुख नहीं होता। धर्मसंकट—हृदयमंथन सब जिज्ञासुओंको एक बार होता ही है।

धृतराष्ट्र बोले—

हे संजय! मुझे बतलाओ कि धर्मक्षेत्ररूपी कुरु-क्षेत्रमें युद्ध करनेकी इच्छासे इकट्ठे हुए मेरे और पांडुके पुत्रोंने क्या किया? १

टिप्पणी—यह शरीररूपी क्षेत्र धर्मक्षेत्र है, क्योंकि यह मोक्षका द्वार हो सकता है। पापसे इसकी उत्पत्ति है और पापका यह भाजन बना रहता है, इसलिए यह कुरुक्षेत्र है।

कौरव अर्थात् आसुरी वृत्तियां। पांडुपुत्र अर्थात् दैवी वृत्तियां। प्रत्येक शरीरमें भली और बुरी वृत्तियों में युद्ध चलता ही रहता है, यह कौन नहीं अनुभव करता?

संजय ने कहा—

उस समय पांडवोंकी सेना सजी देखकर राजा दुर्योधन आचार्य द्रोणके पास जाकर बोले— २

हे आचार्य ! अपने बुद्धिमान शिष्य द्रुपदपुत्र धृष्टद्युम्नद्वारा सजाई हुई पांडवोंकी इस बड़ी सेनाको देखिये । ३

यहां भीम, अर्जुन-जैसे लड़नेमें शूरवीर धनुर्धर, युयुधान (सात्यकि), विराट और महारथी द्रुपदराज, ४

धृष्टकेतु, चेकितान, शूरवीर काशिराज, पुरुजित्, कुंतिभोज और मनुष्यों में श्रेष्ठ शैव्य, ५

इसी प्रकार पराक्रमी युधामन्यु, बलवान उत्तमौजा, सुभद्रापुत्र (अभिमन्यु) और द्रौपदीके पुत्र ये सभी महारथी हैं । ६

हे द्विजश्रेष्ठ ! अब हमारी ओरके जो मुख्य योद्धा हैं उन्हें आप जान लीजिये । अपनी सेनाके नायकोंके नाम मैं आपके ध्यानमें लाने के लिए कहता हूं । ७

एक तो आप, भीष्म, कर्ण, युद्धमें जयी कृपाचार्य, अश्वत्थामा, विकर्ण और सोमदत्तके पुत्र भूरिश्रवा; ८

दूसरे भी बहुतेरे नाना प्रकारके शस्त्रोंसे युद्ध करनेवाले शूरवीर हैं, जो मेरे लिए प्राण देनेवाले हैं । वे सब युद्धमें कुशल हैं । ९

भीष्मद्वारा रक्षित हमारी सेनाका बल अपूर्ण है, पर भीमद्वारा रक्षित उनकी सेना पूर्ण है । १०

इसलिए आप सब अपने-अपने स्थानसे सब मार्गोंसे भीष्मपितामहकी अच्छी तरह रक्षा करें । ११

(इस प्रकार दुर्योधनने कहा)

तब उसे आनंदित करते हुए कुरुवृद्ध प्रतापी पितामहने उच्चस्वरसे सिंहनाद करके शंख

बजाया। १२

फिर तो शंख, नगारे, ढोल, मृदंग और रणसिंगे एक साथ ही बज उठे। यह नाद भयंकर था। १३

इतनेमें सफेद घोड़ों वाले बड़े रथपर बैठे हुए श्रीकृष्ण और अर्जुनने दिव्य शंख बजाये। १४

श्रीकृष्णने पांचजन्य शंख बजाया। धनंजय अर्जुनने देवदत्त शंख बजाया। भयंकर कर्मवाले भीमने पौंड्र नामक महाशंख बजाया। १५

कुंतीपुत्र राजा युधिष्ठिरने अनंतविजय नामक शंख बजाया और नकुल ने सुघोष तथा सहदेवने मणि-पुष्पक नामक शंख बजाया। १६

बड़े धनुषवाले काशिराज, महारथी शिखंडी, धृष्टद्युम्न, विराटराज, अजेय सात्यकि, १७

द्रुपदराज, द्रौपदीके पुत्र, सुभद्रापुत्र महाबाहु अभिमन्यु, इन सबने, हे राजन्! अपने-अपने शंख बजाये। १८

पृथ्वी और आकाशको गुंजा देनेवाले उस भयंकर नादने कौरवोंके हृदय विदीर्ण कर डाले। १९

हे राजन्! हनुमान चिह्नकी ध्वजावाले अर्जुनने कौरवोंको सजे देखकर, हथियार चलानेकी तैयारीके समय अपना धनुष चढ़ाकर हृषीकेशसे ये वचन कहे— २०-२१

अर्जुन बोले—

"हे अच्युत! मेरा रथ दोनों सेनाओंके बीचमें खड़ा रखो; २१

जिससे युद्धकी कामनासे खड़े हुए लोगोंको मैं देखूं और जानूं कि इस रणसंग्राममें मुझे किसके साथ लड़ना है। २२

दुर्बुद्धि दुर्योधनका युद्धमें प्रिय करनेकी इच्छा-वाले जो योद्धा इकट्ठे हुए हैं उन्हें मैं देखूं तो सही।" २३

संजय ने कहा—

हे राजन्! जब अर्जुनने श्रीकृष्णसे यों कहा तब उन्होंने दोनों सेनाओंके बीचमें सब राजाओं और भीष्म-द्रोणके सम्मुख उत्तम रथ खड़ा करके कहा— "हे पार्थ! इन इकट्ठे हुए कौरवोंको देख।" २४-२५

वहां दोनों सेनाओंमें विद्यमान बड़े-बूढ़े, पितामह आचार्य, मामा, भाई, पुत्र, पौत्र, मित्र, ससुर और स्नेहियोंको अर्जुनने देखा। इन सब बांधवोंको यों खड़ा देखकर, खेद उत्पन्न होनेके कारण दीन बने हुए, कुंतीपुत्र इस प्रकार बोले— २६-२७-२८

हे कृष्ण! युद्धके लिए उत्सुक होकर इकट्ठे हुए इन स्वजन स्नेहियोंको देखकर मेरे गात्र शिथिल होते जा रहे हैं, मुंह सूख रहा है, शरीर कांप रहा है और रोएँ खड़े हो रहे हैं। २८-२९

हाथ से गांडीव सरक रहा है, त्वचा बहुत जलती है। मुझसे खड़ा नहीं रहा जाता, क्योंकि मेरा दिमाग चक्कर-सा खा रहा है। ३०

इसके सिवा हे केशव! मैं तो विपरीत लक्षण देख रहा हूं। युद्धमें स्वजनोंको मारकर कुछ श्रेय नहीं देखता। ३१

उन्हें मारकर न मैं विजय चाहता, न राज्य और सुख चाहता; हे गोविन्द ! मुझे राज्यका, भोगका या जिंदगीका क्या काम है ? ३२

जिनके लिए राज्य, भोग और सुखकी हमने चाहना की वे ये आचार्य, काका, पुत्र, पितामह, मामा, ससुर, पौत्र, साले और अन्य संबंधी जन जीवन और धनकी आशा छोड़कर युद्धके लिए खड़े हैं। ३३-३४

मुझे ये मार डालें अथवा मुझे तीनों लोकोंका राज्य मिले तो भी, हे मधुसूदन ! मैं उन्हें मारना नहीं चाहता। तो फिर एक जमीनके टुकड़ेके लिए कैसे मारू ? ३५

हे जनार्दन ! धृतराष्ट्रके पुत्रोंको मारकर मुझे क्या आनन्द होगा ? इन आततायियोंको मारकर भी हमें पाप ही लगेगा। ३६

इससे हे माधव ! यह उचित नहीं कि अपने ही बांधव धृतराष्ट्रके पुत्रोंको हम मारें। स्वजनको ही मारकर कैसे सुखी हो सकते हैं ? ३७

लोभसे जिनके चित्त मलिन हो गये हैं वे कुल-नाश से होनेवाले दोषको और मित्रद्रोहके पापको भले ही न देख सकें, परंतु हे जनार्दन ! कुल-नाशसे होनेवाले दोष को समझनेवाले हम लोग इस पापसे बचना क्यों न जानें ? ३८-३९

कुलके नाशसे सनातन कुल-धर्मोका नाश होता है और धर्मका नाश होनेसे अधर्म समूचे कुलको डुबा देता है। ४०

हे कृष्ण ! अधर्म की वृद्धि होनेसे कुलस्त्रियां दूषित होती हैं और उनके दूषित होनेसे वर्णका संकर होता है। ४१

ऐसे संकरसे कुलघातकका और उसके कुलका नरकवास होता है और पिंडोदककी क्रिया से वंचित रहने के कारण उसके पितरोंकी अधोगति होती है। ४२

कुलघातक लोगोंके इस वर्णसंकरको उत्पन्न करनेवाले दोषोंसे सनातन जातिधर्म और कुलधर्मोंका नाश होता है। ४३

हे जनार्दन ! कुलधर्मका नाश हुए मनुष्यका नरकमें अवश्य वास होता है, ऐसा हम लोग सुनते आये हैं। ४४

अहो, कैसे दुःखकी बात है कि हमलोग महापाप करनेको तुल गये हैं, अर्थात् राज्य-सुखके लोभसे स्वजनों को मारनेको तैयार हो गये हैं। ४५

निःशस्त्र और सामना न करनेवाले मुझको यदि धृतराष्ट्रके शस्त्रधारी पुत्र रणमें मार डालें तो वह मेरे लिए बहुत कल्याणकारक होगा। ४६

संजय ने कहा—

ऐसा कहकर रण में शोकसे व्यग्रचित हुआ अर्जुन धनुष-बाण डालकर रथके पिछले भागमें बैठ गया। ४७

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'अर्जुनविषादयोग' नामक पहला अध्याय।

: २ :

सांख्ययोग

मोहके वश होकर मनुष्य अधर्मको धर्म मानता है। मोहके कारण अर्जुनने अपना और पराया भेद किया, इस भेदको मिथ्या बतलाते हुए श्रीकृष्ण देह और आत्माकी भिन्नता, देहकी अनित्यता और पृथक्ता तथा आत्माकी नित्यता और उसकी एकता बतलाते हैं। मनुष्य केवल पुरुषार्थका अधिकारी है, परिणामका नहीं। इसीलिए उसे कर्तव्यका निश्चय करके निश्चिंत भावसे उसमें लगे रहना चाहिए। ऐसी परायणतासे वह मोक्षकी प्राप्तिको पहुंच सकता है।

संजय ने कहा—

यों करुणा से दीन बने हुए और अश्रुपूर्ण व्याकुल नेत्रोंवाले दुःखी अर्जुनसे मधुसूदनने ये वचन कहे —१

श्रीभगवान् बोले—

हे अर्जुन ! श्रेष्ठ पुरुषोंके अयोग्य, स्वर्ग से विमुख रखनेवाला और अपयश देनेवाला यह मोह तुझे ऐसी विषम घड़ी में कहांसे हो गया ? २

हे पार्थ ! तू नामर्द मत बन। यह तुझे शोभा नहीं देता। हृदयकी पामर निर्बलताका त्याग करके हे परंतप ! तू उठ। ३

अर्जुन बोले—

हे मधुसूदन ! भीष्मको और द्रोणको रणभूमि-में बाणोंसे मैं कैसे मारूं ? हे अरिसूदन ! ये तो

पूजनीय हैं। ४

महानुभाव गुरुजनोंको मारने के बदले इस लोकमें भिक्षान्न खाना भी अच्छा है; क्योंकि गुरुजनोंको मारकर तो मुझे रक्तसे सने हुए अर्थ और कामरूप भोग ही भोगने ठहरे। ५

मैं नहीं जानता कि दोनोंमें क्या अच्छा है, हम जीतें यह, या वे हमें जीतें यह ? जिन्हें मारकर मैं जीना नहीं चाहता वे धृतराष्ट्रके पुत्र यहां सामने खड़े हैं। ६

कायरतासे मेरी (जातीय) वृत्ति मारी गई है। मैं कर्त्तव्य-विमूढ़ हो गया हूं। इसलिए जिसमें मेरा हित हो, वह मुझसे निश्चयपूर्वक कहनेकी आपसे प्रार्थना करता हूं। मैं आपका शिष्य हूं। आपकी शरणमें आया हूं। मुझे मार्ग बतलाइये। ७

इस लोकमें धनधान्यसंपन्न निष्कंटक राज्य मिले और इंद्रासन मिले तो उसमें भी इंद्रियोंको चूस लेने-वाले मेरे शोकको दूर कर सकने-जैसा मैं कुछ नहीं देखता। ८

संजय ने कहा—

हे राजन् ! गुडाकेश अर्जुन हृषीकेश गोविंदसे ऐसा कहकर, 'नहीं लड़ूंगा' कहते हुए चुप हो गये। ९

हे भारत ! इन दोनों सेनाओंके बीचमें उदास होकर बैठे हुए अर्जुनसे मुस्कराते हुए हृषीकेशने ये वचन कहे। १०

श्रीभगवान् बोले—

तू शोक न करने-योग्यका शोक करता है और

पंडिताईके बोल बोलता है; परंतु पंडित मृत और जीवितोंका शोक नहीं करते। ११

क्योंकि वास्तव में देखने पर, मैं, तू या ये राजा किसी कालमें नहीं थे अथवा भविष्यमें नहीं होंगे, ऐसा कुछ नहीं है। १२

देहधारीको जैसे इस शरीरमें कौमार, यौवन और जराकी प्राप्ति होती है, वैसे ही अन्य देह भी मिलती है। उसमें बुद्धिमान पुरुषको मोह नहीं होता। १३

हे कौन्तेय ! इंद्रियोंके स्पर्श सरदी, गरमी, सुख और दुःख देनेवाले होते हैं। वे अनित्य होते हैं, आते हैं और जाते हैं। उन्हें तू सह। १४

हे पुरुषश्रेष्ठ ! सुख-दुःखमें सम रहनेवाले जिस बुद्धिमान पुरुषको ये विषय व्याकुल नहीं करते, वह मोक्षके योग्य बनता है। १५

असत् का अस्तित्व नहीं है और सत्का नाश नहीं है। इन दोनोंका निर्णय ज्ञानियोंने जाना है। १६

जिससे यह अखिल जगत व्याप्त है, उसे तू अविनाशी जान। इस अव्ययका नाश करनेमें कोई समर्थ नहीं है। १७

नित्य रहनेवाले, अपरिमित और अविनाशी देहीकी ये देहें नाशवान कही गई हैं, इसलिए हे भारत ! तू युद्ध कर। १८

जो इसे मारने वाला मानता है और जो इसे मारा हुआ मानता है, वे दोनों कुछ जानते नहीं हैं। यह (आत्मा) न मारता है, न मारा जाता है। १९

यह कभी जन्मता नहीं है, मरता नहीं है। यह था और भविष्य में नहीं होगा, ऐसा भी नहीं है। इसलिए यह अजन्मा है, नित्य है, शाश्वत है, पुरातन है, शरीर-का नाश होनेसे इसका नाश नहीं होता। २०

हे पार्थ! जो पुरुष आत्माको अविनाशी, नित्य, अजन्मा और अव्यय मानता है वह किसे, कैसे मरवाता है या किसे मारता है? २१

जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रोंको छोड़कर नये धारण करता है वैसे देहधारी जीर्ण हुई देहको त्यागकर दूसरी नई देह पाता है। २२

इस (आत्मा) को शस्त्र छेदते नहीं, आग जलाती नहीं, पानी भिगोता नहीं, वायु सुखाता नहीं। २३

यह छेदा नहीं जा सकता है, जलाया नहीं जा सकता है, न भिगोया जा सकता है, न सुखाया जा सकता है। यह नित्य है, सर्वगत है, स्थिर है, अचल है और सनातन है। २४

फिर, यह इंद्रियों और मनके लिए अगम्य है, विकाररहित कहा गया है, इसलिए इसे वैसा जानकर तुझे शोक करना उचित नहीं है। २५

अथवा जो तू इसे नित्य जन्मने और मरनेवाला माने तो भी, हे महाबाहो! तुझे शोक करना उचित नहीं है। २६

जन्मे हुएके लिए मृत्यु और मरे हुएके लिए जन्म अनिवार्य है। अतः जो अनिवार्य है उसका शोक करना उचित नहीं है। २७

हे भारत ! भूतमात्रकी जन्मके पहले की और मृत्युके पीछे की अवस्था देखी नहीं जा सकती; वह अव्यक्त है, बीचकी ही स्थिति व्यक्त होती है। इसमें चिन्ताका क्या कारण है ? २८

टिप्पणी—भूत अर्थात् स्थावर-जंगम सृष्टि।

कोई इसे आश्चर्य-समान देखता है दूसरा इसे आश्चर्यसमान वर्णन करता है और दूसरा इसे आश्चर्य-समान वर्णन किया हुआ सुनता है, परन्तु सुननेपर भी कोई इसे जानता नहीं है। २९

हे भारत ! सबकी देहमें विद्यमान यह देहधारी आत्मा नित्य अवध्य है, इसलिए भूतमात्रके विषयमें तुझे शोक करना उचित नहीं है। ३०

टिप्पणी—यहांतक श्रीकृष्णने बुद्धिप्रयोगसे आत्मा-का नित्यत्व और देहका अनित्यत्व समझाकर बतलाया कि यदि किसी स्थिति में देहका नाश करना उचित समझा जाय तो स्वजन-परिजनका भेद करके कौरव सगे हैं, इसलिए उन्हें कैसे मारा जाय, यह विचार मोहजन्य है। अब अर्जुनको बतलाते हैं कि क्षत्रिय धर्म क्या है।

स्वधर्मको समझकर भी तुझे हिचकिचाना उचित नहीं, क्योंकि धर्मयुद्धकी अपेक्षा क्षत्रियके लिए और कुछ अधिक श्रेयस्कर नहीं हो सकता ३१

हे पार्थ ! यों अपने-आप प्राप्त हुआ और मानो स्वर्गका द्वार ही खुल गया हो, ऐसा युद्ध तो भाग्यशाली क्षत्रियोंको ही मिलता है। ३२

यदि तू यह धर्मप्राप्त युद्ध नहीं करेगा तो स्वधर्म

और कीर्तिको खोकर पापको प्राप्त होगा। ३३

सब लोग तेरी निंदा निरंतर किया करेंगे और सम्मानित पुरुषके लिए अपकीर्ति मरणसे भी बुरी है। ३४

जिन महारथियोंसे तूने मान पाया है, वे तुझे भयके कारण रणसे भागा मानेंगे और तुझे तुच्छ समझेंगे। ३५

और तेरे शत्रु तेरे बलकी निंदा करते हुए बहुतसी न कहनेयोग्य बातें कहेंगे। इससे अधिक दुःखदायी और क्या हो सकता है? ३६

यदि तू मारा जायगा तो तुझे स्वर्ग मिलेगा। यदि तू जीतेगा तो पृथ्वी भोगेगा। अतः हे कौन्तेय! लड़नेका निश्चय करके तू खड़ा हो। ३७

टिप्पणी—इस प्रकार भगवानने आत्माका नित्यत्व और देहका अनित्यत्व बतलाया। फिर यह भी बतलाया कि अनायासप्राप्त युद्ध करनेमें क्षत्रियको धर्मकी बाधा नहीं होती। इस प्रकार ३१वें श्लोकसे भगवानने परमार्थके साथ उपयोगका मेल मिलाया है। इतना कहकर फिर भगवान गीताके प्रधान उपदेशका दिग्दर्शन एक श्लोकमें कराते हैं।

सुख और दुःख, लाभ और हानि, जय और पराजयको समान समझकर युद्धके लिए तैयार हो। ऐसा करनेसे तुझे पाप नहीं लगेगा। ३८

मैंने तुझे सांख्यसिद्धांत (तर्कवाद) के अनुसार तेरा यह कर्त्तव्य बतलाया।

अब योगवादके अनुसार समझाता हूं, सो सुन; इसका आश्रय लेनेसे तू कर्म-बंधनको तोड़ सकेगा। ३९

इसमें आरंभका नाश नहीं होता, उलटा नतीजा नहीं निकलता। इस धर्मका थोड़ा-सा पालन भी महा-भयसे बचा लेता है। ४०

हे कुरुनंदन! योगवादीकी निश्चयात्मक बुद्धि एक-रूप होती है, परंतु अनिश्चयवालोंकी बुद्धियां अनेक शाखाओंवाली और अनंत होती हैं। ४१

टिप्पणी—जब बुद्धि एकसे मिटकर अनेक (बुद्धियां) होती है, तब वह बुद्धि न रहकर वासनाका रूप धारण करती है। इसलिए बुद्धियोंसे तात्पर्य है वासनाएं।

अज्ञानी वेदवादी, 'इसके सिवा और कुछ नहीं है' यह कहनेवाले, कामनावाले, स्वर्ग को श्रेष्ठ माननेवाले, जन्म-मरणरूपी कर्मके फल देनेवाली, भोग और ऐश्वर्य-प्राप्तिके लिए किये जानेवाले कर्मोंके वर्णनसे भरी हुई बातें बढ़ा-बढ़ाकर कहते हैं। भोग और ऐश्वर्यमें आसक्त रहनेवाले इन लोगोंकी वह बुद्धि मारी जाती है। इनकी बुद्धि न तो निश्चयवाली होती है और न वह समाधिमें हों स्थिर हो सकती है। ४२-४३-४४

टिप्पणी—योगवादके विरुद्ध कर्मकांड अथवा वेद-वादका वर्णन उपर्युक्त तीन श्लोकोंमें आया है। कर्मकांड या वेदवादका मतलब फल उपजानेके लिए मंथन करने-वाली अगणित क्रियाएं। ये क्रियाएं वेदके रहस्यसे अलग और अल्प फलदाली होनेके कारण निरर्थक हैं।

हे अर्जुन! जो तीन गुण वेदके विषय हैं, उनसे

तू अलिप्त रह। सुख-दुःखादि द्वंद्वोंसे मुक्त हो। नित्य सत्य वस्तुमें स्थित रह। किसी वस्तुको पाने और संभालनेके झंझटसे मुक्त रह। आत्मपरायण हो। ४५

जैसे जो काम कुएंसे निकलते हैं वे सब, सब प्रकारसे सरोवरसे निकलते हैं, वैसे जो सब वेदोंमें है वह ज्ञानवान् ब्रह्मपरायणको आत्मानुभवमेंसे मिल रहता है। ४६

कर्ममें ही तुझे अधिकार है, उससे उत्पन्न होनेवाले अनेक फलोंमें कदापि नहीं। कर्मका फल तेरा हेतु न हो। कर्म न करनेका भी तुझे आग्रह न हो। ४७

हे धनंजय! आसक्ति त्यागकर योगस्थ रहते हुए अर्थात् सफलता-निष्फलतामें समान भाव रखकर तू कर्म कर। समताका ही नाम योग है। ४८

हे धनंजय! समत्वबुद्धिकी तुलनामें केवल कर्म बहुत तुच्छ है। तू समत्वबुद्धिका आश्रय ले। फलको हेतु बनानेवाले मनुष्य दयाके पात्र हैं। ४९

बुद्धियुक्त अर्थात् समतावाले पुरुषको यहां पाप-पुण्यका स्पर्श नहीं होता, इसलिए तू समत्वके लिए प्रयत्न कर। समता ही कार्यकुशलता है। ५०

क्योंकि समत्वबुद्धिवाले लोग कर्मसे उत्पन्न होनेवाले फलका त्याग करके जन्मबंधनसे मुक्त हो जाते हैं और निष्कलंक गति—मोक्षपद—पाते हैं। ५१

जब तेरी बुद्धि मोहरूपी कीचड़से पार उतर जायगी तब तुझे सुने हुएके विषयमें और सुननेको जो बाकी होगा, उसके विषयमें उदासीनता प्राप्त होगी। ५२

अनेक प्रकार के सिद्धांतोंको सुननेसे व्यग्र हुई तेरी बुद्धि जब समाधि में स्थिर होगी तभी तू समत्वको प्राप्त होगा। ५३

अर्जुन बोले—

हे केशव ! स्थितप्रज्ञ अथवा समाधिस्थके क्या लक्षण होते हैं ? स्थितप्रज्ञ कैसे बोलता, बैठता और चलता है ? ५४

श्रीभगवान बोले—

हे पार्थ ! जब मनुष्य मनमें उठती हुई समस्त कामनाओंका त्याग करता है और आत्माद्वारा ही आत्मामें संतुष्ट रहता है तब वह स्थितप्रज्ञ कहलाता है। ५५

टिप्पणी—आत्मासे ही आत्मामें संतुष्ट रहना अर्थात् आत्माका आनंद अंदरसे खोजना, सुख-दुःख देनेवाली बाहरी चीजोंपर आनंदका आधार न रखना। आनंद सुखसे भिन्न वस्तु है, यह ध्यानमें रखना चाहिए। मुझे धन मिलनेपर मैं उसमें सुख मानूं, यह मोह है। मैं भिखारी होऊं, भूखका दुःख होनेपर भी चोरी या दूसरे प्रलोभनोंमें न पड़नेमें जो बात मौजूद है वह आनंद देती है और वही आत्मसंतोष है।

दुःखसे जो दुःखी न हो, सुखकी की इच्छा न रखे और जो राग, भय और क्रोधसे रहित हो, वह स्थिरबुद्धि मुनि कहलाता है। ५६

सर्वत्र रागरहित होकर जो पुरुष शुभ या अशुभकी प्राप्तिमें न हर्षित होता है, न शोक करता है, उसकी बुद्धि स्थिर है। ५७

कछुआ जैसे सब ओरसे अंग समेट लेता है वैसे जब यह पुरुष इंद्रियोंको उनके विषयोंमेंसे समेट लेता है तब उसकी बुद्धि स्थिर हुई कही जाती है। ५८

देहधारी निराहारी रहता है तब उसके विषय मंद पड़ जाते है, परन्तु रस नहीं जाता ; वह रस तो ईश्वरका साक्षात्कार होनेसे निवृत्त होता है। ५९

टिप्पणी—यह श्लोक उपवास आदिका निषेध नहीं करता, वरन् उसकी सीमा सूचित करता है। विषयोंको शांत करनेके लिए उपवासादि आवश्यक हैं, परंतु उनकी जड़ अर्थात् उनमें रहनेवाला रस तो ईश्वरकी झांकी होनेपर ही निवृत्त होता है। ईश्वर-साक्षात्कारका जिसे रस लग जाता है वह दूसरे रसोंको भूल ही जाता है।

हे कौन्तेय ! चतुर पुरुषके उद्योग करते रहने पर भी इंद्रियां ऐसी प्रमथनशील हैं कि उसके मनको भी बलात्कार से हर लेती हैं। ६०

इन सब इंद्रियोंको वशमें रखकर योगी को मुझमें तन्मय हो रहना चाहिए; क्योंकि अपनी इंद्रियां जिसके वशमें हैं, उसकी बुद्धि स्थिर है। ६१

टिप्पणी—तात्पर्य, भक्तिके बिना—ईश्वरकी सहायताके बिना—मनुष्यका प्रयत्न मिथ्या है।

विषयोंका चिंतन करनेवाले पुरुषको उनमें आसक्ति उत्पन्न होती है, आसक्तिमेंसे कामना होती है और कामनामेंसे क्रोध उत्पन्न होता है। ६२

टिप्पणी—कामनावालेके लिए क्रोध अनिवार्य है;

क्योंकि काम कभी तृप्त होता ही नहीं ।

क्रोधमेंसे मूढ़ता उत्पन्न होती है, मूढ़तासे स्मृति भ्रांत हो जाती है, स्मृति भ्रांत होनेसे ज्ञानका नाश हो जाता है और जिसका ज्ञान नष्ट होगया वह मृतक-तुल्य है । ६३

परंतु जिसका मन अपने अधिकारमें है और जिसकी इंद्रियां रागद्वेष-रहित होकर उसके वशमें रहती हैं, वह मनुष्य इंद्रियोंका व्यापार चलाते हुए भी चित्त की प्रसन्नता प्राप्त करता है । ६४

चित्तकी प्रसन्नतासे उसके सब दुःख दूर हो जाते हैं और प्रसन्नता प्राप्त हो जानेवालेकी बुद्धि तुरंत ही स्थिर हो जाती है । ६५

जिसे समत्व नहीं, उसे विवेक नहीं, उसे भक्ति नहीं और जिसे भक्ति नहीं उसे शांति नहीं है । और जहां शांति नहीं, वहां सुख कहांसे हो सकता है ? ६६

विषयोंमें भटकनेवाली इंद्रियोंके पीछे जिसका मन दौड़ता है उसका मन वायु जैसे नौकाको जलमें खींच ले जाता है वैसे ही उसकी बुद्धिको जहां चाहे खींच ले जाता है । ६७

इसलिए हे महाबाहो ! जिसकी इंद्रियां चारों ओरके विषयोंमेंसे निकलकर उसके वशमें आ जाती हैं, उसकी बुद्धि स्थिर हो जाती है । ६८

जब सब प्राणी सोते रहते हैं तब संयमी जागता रहता है । जब लोग जागते रहते हैं तब ज्ञानवान् मुनि सोता रहता है । ६९

टिप्पणी—भोगी मनुष्य रातके बारह-एक बजे तक नाच, रंग, खानपान आदिमें अपना समय बिताते हैं और फिर सवेरे सात-आठ बजे तक सोते हैं। संयमी रातके सात-आठ बजे सोकर मध्यरात्रिमें उठकर ईश्वरका ध्यान करते हैं। इसके सिवा भोगी संसारका प्रपंच बढ़ाता है और ईश्वरको भूलता है, उधर संयमी सांसारिक प्रपंचोंसे बेखबर रहता है और ईश्वरका साक्षात्कार करता है। इस प्रकार दोनोंका पंथ न्यारा है। यह इस श्लोकमें भगवानने बतलाया है।

नदियोंके प्रवेशसे भरता रहनेपर भी जैसे समुद्र अचल रहता है, वैसे ही जिस मनुष्यमें संसारके भोग शांत हो जाते हैं, वही शांति प्राप्त करता है, न कि कामनावाला मनुष्य। ७०

सब कामनाओंका त्याग करके जो पुरुष इच्छा, ममता और अहंकाररहित होकर विचरता है, वही शांति पाता है। ७१

हे पार्थ! ईश्वरको पहचाननेवालेकी स्थिति ऐसी होती है। उसे पानेपर फिर वह मोहके वश नहीं होता और यदि मृत्युकालमें भी ऐसी ही स्थिति टिके तो वह ब्रह्मनिर्वाण पाता है। ७२

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'सांख्ययोग' नामक दूसरा अध्याय।

: ३ :

कर्मयोग

यह अध्याय गीताका स्वरूप जाननेकी कुंजी कहा जा सकता है। इसमें कर्म कैसे करना, कौन कर्म करना और सच्चा कर्म किसे कहना चाहिए, यह साफ किया गया है और बतलाया है कि सच्चा ज्ञान पारमार्थिक कर्मों में परिणत होना ही चाहिए।

अर्जुन बोले—

हे जनार्दन ! यदि आप कर्मकी अपेक्षा बुद्धिको अधिक श्रेष्ठ मानते हैं तो हे केशव ! आप मुझे घोर कर्ममें क्यों लगाते हैं ? १

टिप्पणी—बुद्धि अर्थात् समत्वबुद्धि।

अपने मिले-जुले वचनोंसे मेरी बुद्धिको आप शंका-ग्रस्त-सी कर रहे हैं। अतः आप मुझे एक ही बात निश्चयपूर्वक कहिये कि जिससे मेरा कल्याण हो। २

टिप्पणी—अर्जुन उलझनमें पड़ जाता है; क्योंकि एक ओरसे भगवान उसे शिथिल हो जानेका उलाहना देते हैं और दूसरी ओरसे दूसरे अध्यायके ४९वें, ५०वें श्लोकोंमें कर्मत्यागका आभास मिलता है। गंभीरतासे विचारनेपर ऐसा नहीं है, यह भगवान आगे बतलायेंगे।

श्रीभगवान बोले—

हे पापरहित ! इस लोकमें मैंने पहले दो अवस्थाएं बतलाई हैं : एक तो ज्ञानयोगद्वारा सांख्योंकी, दूसरी कर्मयोगद्वारा योगियोंकी। ३

कर्मका आरंभ न करनेसे मनुष्य निष्कर्मताका अनुभव नहीं करता है और न कर्मके केवल बाहरी त्यागसे मोक्ष पाता है। ४

टिप्पणी— निष्कर्मता अर्थात् मनसे, वाणीसे और शरीरसे कर्म न करनेका भाव। ऐसी निष्कर्मताका अनुभव कर्म न करनेसे कोई नहीं कर सकता। तब इसका अनुभव कैसे हो, सो अब देखना है।

वास्तवमें कोई एक क्षणभर भी कर्म किये बिना नहीं रह सकता। प्रकृतिसे उत्पन्न हुए गुण परवश पड़े प्रत्येक मनुष्यसे कर्म कराते हैं। ५

जो मनुष्य कर्म करनेवाली इंद्रियोंको रोकता है, परंतु उन-उन इंद्रियोंके विषयोंका चिंतन मनसे करता है, वह मूढ़ात्मा मिथ्याचारी कहलाता है। ६

टिप्पणी—जैसे, जो वाणीको तो रोकता है; पर मनमें किसीको गाली देता है, वह निष्कर्म नहीं है; बल्कि मिथ्याचारी है। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि जबतक मन न रोका जा सके तबतक शरीरको रोकना निरर्थक है। शरीरको रोके बिना मनपर अंकुश आता ही नहीं। परंतु शरीरके अंकुशके साथ-साथ मनपर अंकुश रखनेका प्रयत्न होना ही चाहिए। जो लोग भय या ऐसे बाहरी कारणोंसे शरीरको रोकते हैं, परंतु मनको नहीं रोकते, इतना ही नहीं, बल्कि मनसे तो विषय भोगते हैं और मौका पानेपर शरीरसे भी भोगनेमें नहीं चूकते, ऐसे मिथ्याचारीकी यहां निंदा है। इसके आगेका श्लोक इससे उलटा भाव दरसाता है।

परंतु हे अर्जुन ! जो इंद्रियोंको मनके द्वारा नियममें रखते हुए संगरहित होकर कर्म करनेवाली इंद्रियोंद्वारा कर्मयोगका आरंभ करता है वह श्रेष्ठ पुरुष है। ७

टिप्पणी—इसमें बाहर और भीतरका मेल साधा गया है। मनको अंकुशमें रखते हुए भी मनुष्य शरीर-द्वारा अर्थात् कर्मेन्द्रियोंद्वारा कुछ-न-कुछ तो करेगा ही; परंतु जिसका मन अंकुशमें है उसके कान दूषित बातें नहीं सुनेंगे, वरन् ईश्वर-भजन सुनेंगे, सत्पुरुषोंकी वाणी सुनेंगे। जिसका मन अपने वशमें है वह, जिसे हम लोग विषय मानते हैं, उसमें रस नही लेगा। ऐसा मनुष्य आत्माको शोभा देनेवाले कर्म ही करेगा। ऐसे कर्मोंका करना कर्म-मार्ग है। जिसके द्वारा आत्माका शरीरके बंधनमें छूटनेका योग सधे उसका नाम कर्मयोग है। इसमें विषयासक्तिको स्थान हो ही नहीं सकता।

इसलिए तू नियत कर्म कर। कर्म न करनेसे कर्म करना अधिक अच्छा है। तेरे शरीरका व्यापार भी कर्म बिना नही चल सकता। ८

टिप्पणी—'नियत' शब्द मूल श्लोकमें है। उसका संबंध पिछले श्लोकसे है। उसमें मनद्वारा इंद्रियोंको नियममें रखते हुए संगरहित होकर कर्म करनेवालेकी स्तुति है। अतः यहां नियत कर्मका अर्थात् इंद्रियोंको नियममें रखकर किये जानेवाले कर्मका अनुरोध किया गया है।

यज्ञार्थ किये जानेवाले कर्मके अतिरिक्त कर्मसे इस लोकमें बंधन पैदा होता है। इसलिए हे कौंतेय ! तू

रागरहित होकर यज्ञार्थ कर्म कर। ९

टिप्पणी—यज्ञ अर्थात् परोपकारार्थ, ईश्वरार्थ किये हुए कर्म।

यज्ञके सहित प्रजाको उत्पन्न करके प्रजापति ब्रह्मा-ने कहा, "यज्ञद्वारा तुम्हारी वृद्धि हो। यह तुम्हें इच्छित फल दे। १०

"तुम यज्ञद्वारा देवताओंका पोषण करो और देवता तुम्हारा पोषण करें और एक-दूसरेका पोषण करके तुम परम कल्याणको पाओ। ११

"यज्ञद्वारा संतुष्ट हुए देवता तुम्हें इच्छित भोग देंगे। उनका बदला दिये बिना, उनका दिया हुआ जो भोगेगा वह अवश्य चोर है।" १२

टिप्पणी—यहां देवका अर्थ है भूतमात्र, ईश्वरकी सृष्टि। भूतमात्रकी सेवा देव-सेवा है और वह यज्ञ है।

जो यज्ञसे उबरा हुआ खानेवाले हैं, वे सब पापोंसे छूट जाते हैं। जो अपने लिए ही पकाते हैं, वे पाप खाते हैं। १३

अन्नमेंसे भूतमात्र उत्पन्न होते हैं। अन्न वर्षासे उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञसे होती है और यज्ञकर्मसे होता है। १४

तू जान ले कि कर्म प्रकृतिसे उत्पन्न होता है, प्रकृति अक्षरब्रह्मसे उत्पन्न होती है और इसलिए सर्व-व्यापक ब्रह्म सदा यज्ञमें विद्यमान है। १५

इस प्रकार प्रवर्तित चक्रका जो अनुसरण नहीं करता, वह मनुष्य अपना जीवन पापी बनाता है,

इंद्रियसुखोंमें फंसा रहता है और हे पार्थ ! वह व्यर्थ जीता है। १६

पर जो मनुष्य आत्मामें रमण करनेवाला है, जो उसीसे तृप्त रहता है और उसीमें संतोष मानता है, उसे कुछ करनेको नहीं रहता। १७

करने, न करनेमें उसका कुछ भी स्वार्थ नहीं है। भूतमात्रमें उसे कोई निजी स्वार्थ नहीं है। १८

इसलिए तू तो संगरहित रहकर निरंतर कर्तव्य कर्म कर। असंग रहकर ही कर्म करनेवाला पुरुष मोक्ष पाता है। १९

जनकादिकने कर्मसे ही परमसिद्धि प्राप्त की। लोकसंग्रहकी दृष्टिसे भी तुझे कर्म करना उचित है। २०

जो-जो आचरण उत्तम पुरुष करते हैं, उसका अनुकरण दूसरे लोग करते हैं। वे जिसे प्रमाण बनाते हैं, उसका लोग अनुसरण करते हैं। २१

हे पार्थ ! मुझे तीनों लोकोंमें कुछ भी करनेको नहीं है। पाने योग्य कोई वस्तु न पाई हो ऐसा नहीं है, तो भी मैं कर्ममें लगा रहता हूं। २२

टिप्पणी—सूर्य, चंद्र, पृथ्वी इत्यादिकी अविराम और अचूक गति ईश्वरके कर्म सूचित करती है। ये कर्म मानसिक नहीं, किंतु शारीरिक गिने जायगे। ईश्वर [illegible] होते हुए भी शारीरिक कर्म करता है, यह कैसे कहा जा सकता है, इस शंकाकी गुंजाइश नहीं है; क्योंकि वह अशारीरिक होनेपर भी शरीरोंकी तरह आचरण करता हुआ दिखाई देता है। इसलिए

वह कर्म करते हुए भी अकर्मी है और अलिप्त है। मनुष्यों को समझना तो यह है कि जैसे ईश्वरकी प्रत्येक कृति यंत्रवत् काम करती है वैसे मनुष्यको भी बुद्धिपूर्वक, किन्तु यंत्रकी भांति ही नियमित काम करना उचित है। मनुष्यकी विशेषता यंत्रगतिका अनादर करके स्वेच्छाचारी हो जानेमें नहीं है, बल्कि ज्ञानपूर्वक उस गतिका अनुकरण करनेमें है। अलिप्त रहकर, असंग रहकर, यंत्रकी तरह कार्य करनेसे उसे घिस्सा नहीं लगता। वह मरनेतक ताजा रहता है। देह अपने नियमके अनुसार समयपर नष्ट होती है, परन्तु उसमें रहनेवाला आत्मा जैसा था, वैसा ही बना रहता है।

यदि मैं कभी अंगड़ाई लेनेके लिए भी रुके बिना कर्ममें लगा न रहूं, तो हे पार्थ ! लोग सब तरहसे मेरे बर्तावका अनुसरण करेंगे। २३

यदि मैं कर्म न करूं तो ये लोक भ्रष्ट हो जायं; मैं अव्यवस्थाका कर्ता बनूं और इन लोकोंका नाश करूं। २४

हे भारत ! जैसे अज्ञानी लोग आसक्त होकर कर्म करते हैं, वैसे ज्ञानीको आसक्तिरहित होकर लोक-कल्याणकी इच्छासे कर्म करना चाहिए। २५

कर्ममें आसक्त अज्ञानी मनुष्योंकी बुद्धिको ज्ञानी डांवाडोल न करे, परंतु समत्वपूर्वक अच्छे प्रकारसे कर्म करके उन्हें सब कर्मोंमें लगावे। २६

सब कर्म प्रकृतिके गुणोंद्वारा किये हुए होते हैं। अहंकारसे मूढ़ बना हुआ मनुष्य 'मैं कर्ता हूं' यह

मानता है। २७

हे महाबाहो ! गुण और कर्मके विभागका रहस्य जाननेवाला पुरुष 'गुण गुणोंमें बर्त रहे हैं' यह मानकर उनमें आसक्त नहीं होता। २८

टिप्पणी—जैसे श्वासोच्छ्वास आदि क्रियाएं अपने-आप होती हैं, उनमें मनुष्य आसक्त नहीं होता और जब उन अंगोंको व्याधि होती है तभी मनुष्यको उनकी चिन्ता करनी पड़ती है या उसे उन अंगोके अस्तित्वका भान होता है, वैसे ही स्वाभाविक कर्म अपने-आप होते हों तो उनमें आसक्ति नहीं होती। जिसका स्वभाव उदार है वह स्वयं अपनी उदारताको जानता तक नहीं ; पर उससे दान किये बिना रहा ही नहीं जाता। ऐसी अनासक्ति अभ्यास और ईश्वरकृपासे ही प्राप्त होती है।

प्रकृतिके गुणोंसे मोहे हुए मनुष्य, गुणोंके कर्मोंमें आसक्त रहते हैं। ज्ञानियोंको चाहिए कि वे इन अज्ञानी मंदबुद्धि लोगोंको अस्थिर न करें। २९

अध्यात्मवृत्ति रखकर, सब कर्म-मुझे अर्पण करके, आसक्ति और ममत्वको छोड़, रागरहित होकर तू युद्ध कर। ३०

टिप्पणी—जो देहमें विद्यमान आत्माको पहचानता और उसे परमात्माका अंश जानता है वह सब परमात्माको ही अर्पण करेगा, वैसे ही, जैसे कि नौकर मालिकके नामपर काम करता है और सब कुछ उसीको अर्पण करता है।

श्रद्धा रखकर, द्वेष छोड़कर जो मनुष्य मेरे इस

मतके अनुसार चलते हैं, वे भी कर्मबंधनसे छूट जाते हैं। ३१

परन्तु जो मेरे इस अभिप्रायमें दोष निकालकर उसका अनुसरण नहीं करते, वे ज्ञानहीन मूर्ख हैं। उनका नाश हुआ समझ। ३२

ज्ञानी भी अपने स्वभावके अनुसार बरतते हैं, प्राणीमात्र अपने स्वभावका अनुसरण करते हैं, वहां बलात्कार क्या कर सकता है? ३३

टिप्पणी—यह श्लोक दूसरे अध्यायके ६१वें या ६८वें श्लोकका विरोधी नहीं है। इंद्रियोंका निग्रह करते-करते मनुष्यको मर मिटना है, लेकिन फिर भी सफलता न मिले तो निग्रह अर्थात् बलात्कार निरर्थक है। इसमें निग्रहकी निंदा नहीं की गई है, स्वभावका साम्राज्य दिखाया गया है। यह तो मेरा स्वभाव है, यह कहकर कोई खोटाई करने लगे तो वह इस श्लोकका अर्थ नहीं समझता। स्वभावका हमें पता नहीं चलता। जितनी आदतें हैं सब स्वभाव नहीं हैं। आत्माका स्वभाव ऊर्ध्वगमन है। अतः आत्मा जब नीचेकी ओर जाय तब उसका प्रतिकार करना कर्त्तव्य है। इसीसे नीचेका श्लोक स्पष्ट करता है।

अपने-अपने विषयोंके सम्बन्धमें इंद्रियोंको राग-द्वेष रहता ही है। मनुष्यको उनके वश न होना चाहिए, क्योंकि वे मनुष्यके मार्ग के बाधक हैं। ३४

टिप्पणी—कानका विषय है सुनना। जो भावे वह सुननेकी इच्छा राग है। जो न भावे, वह सुननेकी

अनिच्छा द्वेष है। 'यह तो स्वभाव है' कहकर राग-द्वेषके वश नहीं होना चाहिए, उनका मुकाबला करना चाहिए। आत्माका स्वभाव सुख-दुःखसे अछूते रहना है। उस स्वभावतक मनुष्यों को पहुंचना है।

पराये धर्मके सुलभ होनेपर भी उससे अपना धर्म विगुण हो तो भी अधिक अच्छा है। स्वधर्ममें मृत्यु भली है। परधर्म भयावह है। ३५

टिप्पणी—समाजमें एकका धर्म झाड़ू देनेका होता है और दूसरेका धर्म हिसाब रखनेका होता है। हिसाब रखनेवाला भले ही श्रेष्ठ गिना जाय, परंतु झाड़ू देनेवाला अपना धर्म त्याग दे तो वह भ्रष्ट हो जायगा और समाजको हानि पहुंचेगी। ईश्वरके दरबारमें दोनोंकी सेवाका मूल्य उनकी निष्ठाके अनुसार कूता जायगा। पेशेकी कीमत वहां तो एक ही होती है। दोनों ईश्वरार्पण बुद्धिसे अपना कर्त्तव्य-पालन करें तो समानरूपसे मोक्षके अधिकारी बनते हैं।

अर्जुन बोले—

फिर यह पुरुष बलात्कारपूर्वक प्रेरित हुए की भांति, न चाहता हुआ भी, किसकी प्रेरणासे पाप करता है? ३६

श्रीभगवान बोले—

रजोगुणसे उत्पन्न होनेवाला यह (प्रेरक) काम है, क्रोध है, इसका पेट ही नहीं भरता। यह महापापी है। इसे इस लोकमें शत्रुरूप समझो। ३७

टिप्पणी—हमारा वास्तविक शत्रु अंतरमें रहने-

वाला काम कहिये या क्रोध कहिये वही है।

जैसे धुएंसे आग या मैलसे दर्पण अथवा झिल्लीसे गर्भ ढका रहता है, वैसे कामादिरूप शत्रुसे यह ज्ञान ढका रहता है। ३८

हे कौंतेय ! तृप्त न किया जा सकनेवाला यह कामरूप अग्नि नित्यका शत्रु है, उससे ज्ञानीका ज्ञान ढका हुआ है। ३९

इंद्रियां, मन और बुद्धि, इस शत्रुके निवास-स्थान हैं। इनके द्वारा ज्ञानको ढककर यह शत्रु देहधार को बेसुध कर देता है। ४०

टिप्पणी—इंद्रियोंमें काम व्याप्त होनेपर मन मलिन होता है, उससे विवेकशक्ति मंद पड़ती है, उससे ज्ञानका नाश होता है (देखो अध्याय २, श्लोक ६२-६४)

हे भरतर्षभ ! इसलिए तू पहले तो इंद्रियोंको नियममें रखकर ज्ञान और अनुभवका नाश करनेवाले इस पापीका त्याग अवश्य कर। ४१

इंद्रियां सूक्ष्म हैं, उनसे अधिक सूक्ष्म मन है, उससे अधिक सूक्ष्म बुद्धि है। जो बुद्धिसे भी अत्यंत सूक्ष्म है वह आत्मा है। ४२

टिप्पणी—तात्पर्य यह कि यदि इंद्रियां वशमें रहें तो सूक्ष्म कामको जीतना सहज होजाय।

इस प्रकार बुद्धिसे परे आत्माको पहचानकर और आत्माद्वारा मनको वशमें करके हे महाबाहो ! कामरूप दुर्जय शत्रुका संहार कर। ४३

टिप्पणी—यदि मनुष्य शरीरस्थ आत्माको जान ले तो मन उसके वशमें रहेगा, इंद्रियोंके वशमें नहीं रहेगा। और मन जीता जाय तो काम क्या कर सकता है ?

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'कर्मयोग' नामक तीसरा अध्याय।

: ४ :

ज्ञानकर्मसंन्यासयोग

इस अध्यायमें तीसरेका विशेष विवेचन है और भिन्न-भिन्न प्रकारके कई यज्ञोंका वर्णन है।

श्रीभगवान बोले—

यह अविनाशी योग मैंने विवस्वान् (सूर्य) से कहा। उन्होंने मनुसे और मनुने इक्ष्वाकुसे कहा। १

इस प्रकार परंपरासे प्राप्त, राजर्षियोंका जाना हुआ वह योग दीर्घकालके बलसे नष्ट होगया। २

वही पुरातन योग मैंने आज तुझसे कहा है। कारण, तू मेरा भक्त है और यह योग उत्तम मर्मकी बात है। ३

अर्जुन बोले—

आपका जन्म तो अभी हुआ है, विवस्वान्का पहले

हो चुका है। तब मैं कैसे जानूं कि आपने वह (योग) पहले कहा था ? ४

श्रीभगवान बोले—

हे अर्जुन ! मेरे और तेरे जन्म तो बहुत हो चुके हैं। उन सबको मैं जानता हूं, तू नहीं जानता। ५

मैं अजन्मा, अविनाशी और इसके सिवा भूतमात्र-का ईश्वर हूं; तथापि अपने स्वभावको लेकर अपनी मायाके बलसे जन्म ग्रहण करता हूं। ६

हे भारत ! जब-जब धर्म मंद पड़ता है, अधर्म जोर करता है, तब-तब मैं जन्म धारण करता हूं। ७

साधुओंकी रक्षा, दुष्टोंके विनाश तथा धर्मका पुनरुद्धार करनेके लिए युग-युगमें मैं जन्म लेता हूं। ८

टिप्पणी—यहां श्रद्धालुको आश्वासन है और सत्य की—धर्मकी—अविचलताको प्रतिज्ञा है। इस संसार-में उतार-चढ़ाव हुआ ही करता है, परंतु अन्तमें धर्मकी ही जय होती है। संतोंका नाश नहीं होता, क्योंकि सत्य-का नाश नहीं होता। दुष्टोंका नाश ही है, क्योंकि असत्य का अस्तित्व नहीं है। मनुष्यको चाहिए कि इसका खयाल रखकर अपने कर्तापनके अभिमानके कारण हिंसा न करे, दुराचार न करे। ईश्वरकी गहन माया अपना काम करती ही रहती है। यही अवतार या ईश्वरका जन्म है। वस्तुतः तो ईश्वरका जन्मना होता ही नहीं।

हे अर्जुन ! इस प्रकार जो मेरे दिव्य जन्म और कर्मका रहस्य जानता है वह शरीरका त्याग करके

पुनर्जन्म नहीं पाता, बल्कि मुझे पाता है । ९

टिप्पणी—क्योंकि जब मनुष्यका दृढ़ विश्वास हो जाता है कि ईश्वर सत्यको ही जय कराता है तब वह सत्यको नहीं छोड़ता, धीरज रखता है, दुःख सहन करता है और ममतारहित रहनेके कारण जन्म-मरण के चक्करसे छूटकर ईश्वरका ही ध्यान धरते हुए उसीमें लय हो जाता है ,

राग, भय और क्रोधसे रहित हुए, मेरा ही ध्यान धरते हुए, मेरा ही आश्रय लेनेवाले ज्ञानरूपी तपसे पवित्र हुए बहुतोंने मेरे स्वरूपको पाया है । १०

जो जिस प्रकार मेरा आश्रय लेते हैं, उस प्रकार मैं उन्हें फल देता हूं । चाहे जिस तरह भी हो, हे पार्थ ! मनुष्य मेरे मार्गका अनुसरण करते हैं—मेरे शासनमें रहते हैं । ११

टिप्पणी—तात्पर्य, कोई ईश्वरीय नियमका उल्लंघन नहीं कर सकता । जैसा बोता है वैसा काटता है ; जैसा करता है वैसा भरता है । ईश्वरीय कानूनमें—कर्मके नियममें अपवाद नहीं है । सबको समान अर्थात् अपनी योग्यताके अनुसार न्याय मिलता है ।

कर्मकी सिद्धि चाहनेवाले इस लोकमें देवताओंको पूजते हैं । इससे उन्हें कर्मजनित फल तुरन्त मनुष्य-लोकमें ही मिल जाता है । १२

टिप्पणी—देवतासे मतलब स्वर्गमें रहनेवाले इंद्र-वरुणादि व्यक्तियोंसे नहीं है । देवताका अर्थ है ईश्वर-की अंशरूपी शक्ति । इस अर्थमें मनुष्य भी देवता

है। भाप, बिजली आदि महान् शक्तियां देवता हैं। उनकी आराधना करनेका फल तुरंत और इस लोकमें मिलता हुआ हम देखते हैं। वह फल क्षणिक होता है। वह आत्माको ही संतोष नहीं देता तो मोक्ष तो दे ही कहांसे सकता है ?

गुण और कर्मके विभागानुसार चार वर्ण मैंने उत्पन्न किये हैं, उनका कर्ता होनेपर भी मुझे तू अविनाशी अकर्ता जानना। १३

मुझे कर्म स्पर्श नहीं करते हैं। मुझे इनके फलकी लालसा नहीं है। इस प्रकार जो मुझे अच्छी तरह जानते हैं, वे कर्मके बंधनमें नहीं पड़ते। १४

टिप्पणी—क्योंकि मनुष्यके सामने, कर्म करते हुए अकर्मी रहनेका सर्वोत्तम दृष्टान्त है। और सबका कर्त्ता ईश्वर ही है, हम निमित्तमात्र ही हैं, तो फिर कर्त्तापनका अभिमान कैसे हो सकता है ?

ऐसे जानकर पूर्वकालमें मुमुक्षु व्यक्तियोंने कर्म किये हैं। इससे तू भी पूर्वज जैसे सदासे करते आये हैं वैसे कर। १५

कर्म क्या है, अकर्म क्या है, इस विषयमें समझदारोंको भी मोह हुआ है। उस कर्मके विषयमें मैं तुझे यथार्थरूपसे बतलाऊंगा। उसे जानकर तू अशुभसे बचेगा। १६

कर्म, निषिद्धकर्म और अकर्मका भेद जानना चाहिए। कर्मकी गति गूढ़ है। १७

कर्ममें जो अकर्म देखता है और अकर्ममें जो कर्म

देखता है, वह लोगोंमें बुद्धिमान गिना जाता है। वह योगी है और वह संपूर्ण कर्म करनेवाला है। १८

टिप्पणी—कर्म करते हुए भी जो कर्तापनका अभिमान नहीं रखता, उसका कर्म अकर्म है, और जो कर्मका बाहरसे त्याग करते हुए भी मनके महल बनाता ही रहता है, उसका अकर्म कर्म है। जिसे लकवा हो गया है वह जब इरादा करके—अभिमानपूर्वक—बेकार हुए अंगको हिलाता है, तब हिलता है। वह बीमार अंगको हिलानेरूपी क्रियाका कर्ता बना। आत्माका गुण अकर्ताका है। मोहग्रस्त होकर अपनेको कर्ता माननेवाले आत्माको मानो लकवा होगया है और वह अभिमानी होकर कर्म करता है। इसी भांति जो कर्मकी गतिको जानता है, वही बुद्धिमान योगी कर्त्तव्यपरायण गिना जाता है। 'मैं करता हूं' यह माननेवाला कर्म-विकर्मका भेद भूल जाता है और साधनके भले-बुरेका विचार नहीं करता। आत्माकी स्वाभाविक गति ऊर्ध्व है, इसलिए जब मनुष्य नीति-मार्गसे हटता है तब यह कहा जाना चाहिए कि उसमें अहंकार अवश्य है। अभिमानरहित पुरुषके कर्म स्वभावसे ही सात्त्विक होते हैं।

जिसके समस्त आरम्भ कामना और संकल्परहित हैं, उसके कर्म ज्ञानरूपी अग्निद्वारा भस्म होगये हैं; ऐसेको ज्ञानी लोग पंडित कहते हैं। १९

जिसने कर्मफलका त्याग किया है, जो सदा संतुष्ट रहता है, जिसे किसी आश्रयकी लालसा नहीं है, वह

कर्ममें अच्छी तरह लगे रहनेपर भी, कहा जा सकता है कि वह कुछ भी नहीं करता। २०

टिप्पणी—अर्थात् उसे कर्मका बंधन भोगना नहीं पड़ता।

जो आशारहित है, जिसका मन अपने वशमें है जिसने सारा संग्रह छोड़ दिया है और जिसका शरीर ही भर कर्म करता है, वह करते हुए भी दोषी नहीं होता। २१

टिप्पणी—अभिमानपूर्वक किया हुआ कुल-कर्म चाहे जैसा सात्त्विक होनेपर भी बंधन करनेवाला है। वह जब ईश्वरार्पण बुद्धिसे, बिना अभिमानके, होता है तब बंधनरहित बनता है। जिसका 'मैं' शून्यताको प्राप्त होगया है, उसका शरीरभर ही कर्म करता है। सोते हुए मनुष्यका शरीरभर ही कर्म करता है, यह कहा जा सकता है। जो कैदी विवश होकर अनिच्छासे हल चलाता है, उसका शरीर ही काम करता है। जो अपनी इच्छासे ईश्वरका कैदी बना है, उसका भी शरीरभर ही काम करता है। खुद तो शून्य बन गया है, प्रेरक ईश्वर है।

जो यथालाभसे संतुष्ट रहता है, जो सुख-दुःखादि द्वंद्वोंसे मुक्त होगया है, जो द्वेषरहित होगया है, जो सफलता, निष्फलतामें तटस्थ है, वह कर्म करते हुए भी बंधनमें नहीं पड़ता है। २२

जो आसक्तिरहित है, जिसका चित्त ज्ञानमय है, जो मुक्त है और जो यज्ञार्थ ही कर्म करनेवाला है, उसके

सारे कर्म लय हो जाते हैं । २३

(यज्ञमें) अर्पण ब्रह्म है, हवनकी वस्तु—हवि ब्रह्म है, ब्रह्मरूपी अग्निमें हवन करनेवाला भी ब्रह्म है; इस प्रकार कर्मके साथ जिसने ब्रह्मका मेल साधा है वह ब्रह्मको ही पाता है। २४

इसके सिवा कितने ही योगी देवताओं का पूजन-रूपी यज्ञ करते हैं और कितने ही ब्रह्मरूप अग्निमें यज्ञ द्वारा यज्ञको ही होमते हैं। २५

और कितने ही श्रवणादि इंद्रियोंका संयमरूप यज्ञ करते हैं और कुछ शब्दादि विषयोंको इंद्रियाग्निमें होमते हैं। २६

टिप्पणी—सुननेकी क्रिया इत्यादिका संयम करना एक बात है और इंद्रियोंको उपयोगमें लाते हुए उनके विषयों को प्रभुप्रीत्यर्थ काममें लाना दूसरी बात है, जैसे भजनादि सुनना। वस्तुतः तो दोनों एक हैं ।

और कितने ही समस्त इंद्रियकर्मोंको और प्राण-कर्मोंको ज्ञानदीपकसे प्रचलित की हुई आत्मसंयमरूपी योगाग्निमें होमते हैं । २७

टिप्पणी—अर्थात् परमात्मामें तन्मय हो जाते हैं ।

इस प्रकार कोई यज्ञार्थ द्रव्य देनेवाले होते हैं; कोई तप करनेवाले होते हैं। कितने ही अष्टांग योग साधनेवाले होते हैं। कितने ही स्वाध्याय और ज्ञानयज्ञ करते हैं। ये सब कठिन व्रतधारी प्रयत्नशील याज्ञिक हैं। २८

कितने ही प्राणायाममें तत्पर रहनेवाले अपानको

प्राणवायुमें होमते हैं, प्राणको अपानमें होमते हैं, अथवा प्राण और अपान दोनोंका अवरोध करते हैं । २९

टिप्पणी—ये तीन प्रकारके प्राणायाम हैं—रेचक, पूरक और कुंभक । संस्कृतमें प्राणवायुका अर्थ गुजराती-(और हिन्दी) की अपेक्षा उल्टा है । वहां प्राणवायु अंदरसे बाहर निकलनेवाली वायुको कहते हैं । हम बाहरसे जिसे अंदर खींचते हैं उसे प्राणवायु (आक्सीजन) कहते हैं ।

इसके सिवा दूसरे, आहारका सयम करके प्राणोंको प्राणमें होमते हैं । यज्ञोंद्वारा अपने पापोंको क्षीण करनेवाले ये सब यज्ञके जाननेवाले हैं । ३०

हे कुरुसत्तम ! यज्ञसे बचा हुआ अमृत खानेवाले लोग सनातन ब्रह्मको पाते हैं । यज्ञ न करनेवालेके लिए यह लोक नहीं है तो परलोक तो हो ही कहांसे सकता है ? ३१

इस प्रकार वेदमें अनेक प्रकारके यज्ञोंका वर्णन हुआ है । इन सबको कर्मसे उत्पन्न हुआ जान । इस प्रकार सबको जानकर तू मोक्ष पावेगा । ३२

टिप्पणी—यहां कर्मका व्यापक अर्थ है । अर्थात् शारीरिक, मानसिक और आत्मिक । ऐसे कर्मके बिना यज्ञ नहीं हो सकता । यज्ञ बिना मोक्ष नहीं होता । इस प्रकार जानना और तदनुसार अचारण करना, इसका नाम यज्ञोंका जानना है । तात्पर्य यह कि मनुष्य अपने शरीर, बुद्धि और आत्माको प्रभुप्रीत्यर्थ—लोकसेवार्थ काममें न लावे तो वह चोर ठहरता है और

मोक्षके योग्य नहीं बन सकता । केवल बुद्धिशक्तिको ही काममें लावे और शरीर तथा आत्माको चुरावे तो वह पूरा याज्ञिक नहीं है । इन शक्तियोंको प्राप्त किये बिना उसका परोपकारार्थ उपयोग नहीं हो सकता । इसलिए आत्म-शुद्धिके बिना लोकसेवा असंभव है । सेवकको शरीर,बुद्धि और आत्मा अर्थात् नीति, तीनोंका समानरूपसे विकास करना कर्त्तव्य है

हे परंतप ! द्रव्ययज्ञकी अपेक्षा ज्ञानयज्ञ अधिक अच्छा है, क्योंकि हे पार्थ ! कर्ममात्र ज्ञानमें ही परा-काष्ठाको पहुंचते हैं । ३३

टिप्पणी—परोपकारवृत्तिसे दिया हुआ द्रव्य भी यदि ज्ञानपूर्वक न दिया गया हो तो बहुत बार हानि करता है, यह किसने अनुभव नहीं किया है ? अच्छी वृत्तिसे होनेवाले सब कर्म तभी शोभा देते हैं जब उनके साथ ज्ञानका मेल हो । इसलिए कर्ममात्रकी पूर्णाहुति तो ज्ञानमें ही है ।

इसे तू तत्त्वको जाननेवाले ज्ञानियोंकी सेवा करके और नम्रतापूर्वक विवेकसहित बारंबार प्रश्न करके जानना । वे तेरी जिज्ञासा तृप्त करेंगे । ३४

टिप्पणी—ज्ञान प्राप्त करनेकी तीन शर्तें—प्रणि-पात, परिप्रश्न और सेवा इस युगमें खूब ध्यानमें रखने योग्य हैं । प्रणिपात अर्थात् नम्रता, विवेक ; परिप्रश्न अर्थात् बारंबार पूछना ; सेवारहित नम्रता खुशामदमें शुमार हो सकती है । फिर, ज्ञान खोजके बिना संभव नहीं है, इसलिए जबतक समझमें न आवे तबतक

शिष्यका गुरुसे नम्रतापूर्वक प्रश्न पूछते रहना जिज्ञासा-की निशानी है। इसमें श्रद्धाकी आवश्यकता है। जिसपर श्रद्धा नहीं होती उसकी ओर हार्दिक नम्रता नहीं होती, उसकी सेवा तो हो ही कहांसे सकती है?

यह ज्ञान पानेके बाद हे पांडव! तुझे फिर ऐसा मोह न होगा। इस ज्ञानके द्वारा तू भूतमात्रको आत्मा-में और मुझमें देखेगा। ३५

टिप्पणी—'यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे' का यही अर्थ है। जिसे आत्मदर्शन होगया है वह अपनी और दूसरेकी आत्मामें भेद नहीं देखता।

तू समस्त पापियोंमें बड़े-से-बड़ा पापी होनेपर भी ज्ञानरूपी नौकाद्वारा सब पापोंको पार कर जायगा। ३६

हे अर्जुन! जैसे प्रज्वलित अग्नि ईंधनको भस्म कर देता है, वैसे ही ज्ञानरूपी अग्नि सब कर्मोंको भस्म कर देता है। ३७

ज्ञानके समान इस संसारमें दूसरा कुछ पवित्र नहीं है। योगमें—समत्वमें पूर्णताप्राप्त मनुष्य समयपर अपने-आपमें उस ज्ञान को पाता है। ३८

श्रद्धावान् ईश्वरपरायण, जितेंद्रिय पुरुष ज्ञान पाता है। और ज्ञान पाकर तुरंत परमशांतिको पाता है। ३९

जो अज्ञानी और श्रद्धारहित होकर संशयवान है, उसका नाश होता है। संशयवानके लिए न तो यह लोक है, न परलोक। उसे कहीं सुख नहीं है। ४०

जिसने समत्वरूपी योगद्वारा कर्मोंको अर्थात् कर्म-फलका त्याग किया है और ज्ञानद्वारा संशयको छिन्न

कर डाला है वैसे आत्मदर्शीको हे धनंजय ! कर्म बंधन-रूप नहीं होते । ४१

इसलिए हे भारत ! हृदयमें अज्ञानसे उत्पन्न हुए संशयको आत्मज्ञानरूपी तलवारसे नाश करके योग—समत्व—धारण करके खड़ा हो । ४२

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'ज्ञानकर्म-संन्यासयोग' नामक चौथा अध्याय ।

: ५ :

कर्मसंन्यासयोग

इस अध्यायमें बतलाया गया है कि कर्मयोगके बिना कर्मसंन्यास हो ही नहीं सकता और वस्तुतः दोनों एक ही हैं ।

अर्जुन बोले—

हे कृष्ण ! कर्मोंके त्यागकी और फिर कर्मोंके योग-की आप स्तुति करते हैं । मुझे ठीक निश्चयपूर्वक कहिये कि इन दोनोंमें श्रेयस्कर क्या है ? १

श्रीभगवान बोले—

कर्मोंका त्याग और योग दोनों मोक्ष देनेवाले हैं । उनमें भी कर्मसंन्याससे कर्मयोग बढ़कर है । २

जो मनुष्य द्वेष नहीं करता और इच्छा नहीं करता, उसे नित्य संन्यासी जानना चाहिए । जो सुख-दुःखादि

द्वंद्वसे मुक्त है, वह सहजमें बंधनोंसे छूट जाता है। ३

टिप्पणी—तात्पर्य, कर्मका त्याग संन्यासका खास लक्षण नहीं है, बल्कि द्वंद्वातीत होना ही है—एक मनुष्य कर्म करता हुआ भी संन्यासी हो सकता है। दूसरा, कर्म न करते हुए भी मिथ्याचारी हो सकता है। (देखो अध्याय ३, श्लोक ६)

सांख्य और योग—ज्ञान और कर्म—ये दो भिन्न हैं, ऐसा अज्ञानी कहते है, पंडित नहीं कहते। एकमें अच्छी तरह स्थिर रहनेवाला भी दोनोंका फल पाता है। ४

टिप्पणी—ज्ञानयोगी लोकसंग्रहरूपी कर्मयोगका विशेष फल संकल्पमात्रसे प्राप्त करता है। कर्मयोगी अपनी अनासक्तिके कारण बाह्य कर्म करते हुए भी ज्ञानयोगीकी शांतिका अधिकारी अनायास बनता है।

जो स्थान सांख्यमार्गी पाता है वही योगी भी पाता है। जो सांख्य और योगको एक रूप देखता है वही सच्चा देखनेवाला है। ५

हे महाबाहो! कर्मयोगके बिना कर्मत्याग कष्ट-साध्य है; परतु समभाववाला मुनि शीघ्र मोक्ष पाता है। ६

जिसने योग साधा है, जिसने हृदयको विशुद्ध किया है, जिसने मन और इंद्रियोंको जीता है और जो भूतमात्र को अपने जैसा ही समझता है, ऐसा मनुष्य कर्म करते हुए भी उससे अलिप्त रहता है। ७

देखते, सुनते, स्पर्श करते, सूंघते, खाते, चलते,

सोते, सांस लेते, बोलते, छोड़ते, लेते, आंख खोलते, मूंदते केवल इंद्रियां ही अपना काम करती हैं, ऐसी भावना रखकर तत्त्वज्ञ योगी यह समझे कि 'मैं कुछ भी नहीं करता हूं।' ८-९

टिप्पणी—जबतक अभिमान है तबतक ऐसी अलिप्त स्थिति नहीं आती। अतः विषयासक्त मनुष्य यह कहकर छूट नहीं सकता कि 'विषयोंको मैं नहीं भोगता, इंद्रियां अपना काम करती हैं।' ऐसा अनर्थ करनेवाला न गीताको समझता है और न धर्मको जानता है। यह बात नीचेका श्लोक स्पष्ट करता है।

जो मनुष्य कर्मोंको ब्रह्मार्पण करके आसक्ति छोड़कर आचरण करता है वह पापसे उसी तरह अलिप्त रहता है जैसे पानीमें रहनेवाला कमल अलिप्त रहता है। १०

शरीरसे, मनसे, बुद्धिसे या केवल इंद्रियोंसे भी योगीजन आसक्तिरहित होकर आत्मशुद्धिके लिए कर्म करते हैं। ११

समतावान कर्मफलका त्याग करके परमशांति पाता है। अस्थिरचित कामनायुक्त होनेके कारण फलमें फंसकर बंधनमें रहता है। १२

संयमी पुरुष मनसे सब कर्मोंका त्याग करके नव-द्वारवाले नगररूपी शरीरमें रहते हुए भी, कुछ न करता, न करातां हुआ सुखसे रहता है। १३

टिप्पणी—दो नाक, दो कान, दो आंखें, मल-त्यागके दो स्थान और मुख, शरीरके ये नौ मुख्य द्वार

हैं। वैसे तो त्वचाके असंख्य छिद्रमात्र दरवाजे ही हैं। इन दरवाजोंका चौकीदार यदि इनमें आने-जाने-वाले अधिकारियोंको ही आने-जाने देकर अपना धर्म पालता है तो उसके लिए कहा जा सकता है कि वह, यह आवा-जाही होते रहनेपर भी, उसका हिस्सेदार नहीं बल्कि केवल साक्षी है; इससे वह न करता है, न कराता है।

जगतका प्रभु न कर्तापनको रचता है, न कर्म रचता है, न कर्म और फलका मेल साधता है। प्रकृति ही सब करती है। १४

टिप्पणी—ईश्वर कर्ता नहीं है। कर्मका नियय अटल और अनिवार्य है। और जो जैसा करता है उसको वैसा भरना ही पड़ता है। इसीमें ईश्वरकी महान् दया और उसका न्याय विद्यमान है। शुद्ध न्यायमे शुद्ध दया है। न्यायकी विरोधी दया, दया नहीं है, बल्कि क्रूरता है। पर मनुष्य त्रिकालदर्शी नहीं है। अतः उसके लिए तो दया—क्षमा—ही न्याय है। वह स्वयं निरंतर न्यायका पात्र बना हुआ क्षमाका याचक है। वह दूसरेका न्याय क्षमासे ही चुका सकता है। क्षमाके गुणका विकास करनेपर ही अंतमें अकर्ता—योगी—समतावान—कर्ममें कुशल बनता है।

ईश्वर किसीके पाप या पुण्यको नहीं ओढ़ता। अज्ञानद्वारा ज्ञानके ढक जानेसे लोग मोहमें फंसते हैं। १५

टिप्पणी—अज्ञानसे, 'मैं करता हूं' इस वृत्तिसे

मनुष्य कर्मबंधन बांधते हुए भी भले-बुरे फलका आरोप ईश्वरपर करता है, यह मोहजाल है।

परंतु जिनके अज्ञानका आत्मज्ञानद्वारा नाश हो गया है, उनका वह सूर्यके समान, प्रकाशमय ज्ञान परमतत्त्वका दर्शन कराता है। १६

ज्ञानद्वारा जिनके पाप धुल गये हैं, वे ईश्वर-का ध्यान धरनेवाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहनेवाले, उसीको सर्वस्व माननेवाले लोग मोक्ष पाते हैं। १७

विद्वान् और विनयवान् ब्राह्मणमें, गायमें, हाथीमें, कुत्तेमें और कुत्तेको खानेवाले मनुष्यमें ज्ञानी समदृष्टि रखते हैं। १८

टिप्पणी—तात्पर्य, सबकी, उनकी आवश्यकतानु-सार सेवा करते है। ब्राह्मण और चांडालके प्रति समभाव रखनेका अर्थ यह है कि ब्राह्मणको सांप काटने-पर उसके घावको जैसे ज्ञानी प्रेमभावसे चूसकर उसका विष दूर करनेका प्रयत्न करेगा, वैसा ही बर्ताव चांडालको भी सांप काटनेपर करेगा।

जिनका मन समत्वमें स्थिर होगया है उन्होंने इस देहमें रहते ही संसारको जीत लिया है। ब्रह्म निष्क-लंक और समभावी है, इसलिए वे ब्रह्ममें ही स्थिर होते हैं। १९

टिप्पणी—मनुष्य जैसा और जिसका चिंतन करता है वैसा हो जाता है। इसलिए समत्वका चिंतन करके, दोषरहित होकर, समत्वके मूर्तिरूप निर्दोष ब्रह्मको

पाता है।

जिसकी बुद्धि स्थिर हुई है, जिसका मोह नष्ट हो-गया है, जो ब्रह्मको जानता है और ब्रह्मपरायण रहता है, वह प्रियको पाकर सुख नहीं मानता और अप्रियको पाकर दुःखका अनुभव नहीं करता। २०

बाह्य विषयोंमें आसक्ति न रखनेवाला पुरुष अपने अंतःकरणमें जो आनंद भोगता है वह अक्षय आनंद पूर्वोक्त ब्रह्मपरायण पुरुष अनुभव करता है। २१

टिप्पणी—अंतर्मुख होनेवाला ही ईश्वरका साक्षात्कार कर सकता है और वही परम आनंद पाता है। विषयोंसे निवृत्त रहकर कर्म करना और ब्रह्मसमाधिमें रमण करना ये दो भिन्न वस्तुएं नहीं हैं, वरन् एक ही वस्तुको देखनेकी दो दृष्टियां हैं—एक ही सिक्केकी दो पीठें हैं।

विषयजनित भोग अवश्य दुःखोंके कारण हैं। हे कौंतेय! वे आदि और अंतवाले हैं। बुद्धिमान् मनुष्य उनमें नहीं फंसता। २२

देहांतके पहले जिस मनुष्यने इस देहसे ही काम और क्रोधके वेगको सहन करनेकी शक्ति प्राप्त की है उस मनुष्यने समत्वको पाया है, वह सुखी है। २३

टिप्पणी—मरे हुए शरीरको जैसे इच्छा या द्वेष नहीं होता, सुख-दुःख नहीं होता, वैसे जो जीवित रहते भी मृतसमान, जड़भरतकी भांति देहातीत रह सकता है वह इस संसारमें विजयी हुआ है और वह वास्तविक सुखको जानता है।

जिसे आंतरिक आनंद है, जिसके हृदयमें शांति है, जिसे निश्चितरूपसे अंतर्ज्ञान हुआ है वह ब्रह्मरूप हुआ योगी ब्रह्मनिर्वाण पाता है। २४

जिनके पाप नष्ट होगये हैं, जिनकी शंकाएं शांत होगई हैं, जिन्होंने मनपर अधिकार कर लिया है और जो प्राणीमात्रके हितमें ही लगे रहते हैं, ऐसे ऋषि ब्रह्मनिर्वाण पाते हैं। २५

जो अपनेको पहचानते हैं, जिन्होंने काम-क्रोधको जीता है और जिन्होंने मनको वश किया है, ऐसे यतियोंको सर्वत्र ब्रह्मनिर्वाण ही है। २६

बाह्य विषयभोगोंका बहिष्कार करके, दृष्टिको भृकुटीके बीचमें स्थिर करके, नासिकाद्वारा आने-जानेवाले प्राण और अपान वायुकी गतिको एक समान रखकर, इंद्रिय, मन और बुद्धिको वशमें करके तथा इच्छा, भय और क्रोधसे रहित होकर जो मुनि मोक्षपरायण रहता है, वह सदा मुक्त ही है। २७-२८

टिप्पणी—प्राणवायु अंदरसे बाहर निकलनेवाली और अपान बाहरसे अंदर जानेवाली वायु है। इन श्लोकोंमें प्राणायामादि यौगिक क्रियाओंका समर्थन है। प्राणायामादि तो बाह्य क्रियाएं हैं और उनका प्रभाव शरीरको स्वस्थ रखने और परमात्माके रहनेयोग्य मंदिर बनानेतक ही परिमित है। भोगीका साधारण व्यायामादिसे जो काम निकलता है, वही योगीका प्राणायामादिसे निकलता है। भोगीके व्यायामादि उसकी इंद्रियोंको उत्तेजित करनेमें सहायता

पहुंचाते हैं। प्राणायामादि योगीके शरीरको निरोगी और कठिन बनानेपर भी, इंद्रियोंको शांत रखनेमें सहायता करते हैं। आजकल प्राणायामादिकी विधि बहुत ही कम लोग जानते हैं और उनमें भी बहुत थोड़े उसका सदुपयोग करते हैं। जिसने इंद्रिय, मन और बुद्धिपर अधिक नहीं तो प्राथमिक विजय प्राप्त की है, जिसे मोक्षकी उत्कट अभिलाषा है, जिसने राग-द्वेषादिको जीतकर भयको छोड़ दिया है, उसे प्राणायामादि उपयोगी और सहायक होते हैं। अंतः शौच-रहित प्राणायामादि बंधनका एक साधन बनकर मनुष्यको मोहकूपमें अधिक नीचे ले जा सकते हैं—ले जाते हैं, ऐसा बहुतोंका अनुभव है। इससे योगींद्र पतंजलिने यम-नियमको प्रथम स्थान देकर उसके साधकके लिए ही मोक्षमार्गमें प्राणायामादिको सहायक माना है।

यम पांच हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। नियम पांच हैं—शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान।

यज्ञ और तपके भोक्ता, सर्वलोकके महेश्वर और भूतमात्रके हित करनेवाले ऐसे मुझको जानकर (उक्त मुनि) शांति प्राप्त करता है २९

टिप्पणी—कोई यह न समझे कि इस अध्यायके चौदहवें, पंद्रहवें तथा ऐसे ही दूसरे श्लोकोंका यह श्लोक विरोधी है। ईश्वर सर्वशक्तिमान होते हुए कर्ता-अकर्ता, भोक्ता-अभोक्ता जो कहो सो है और नहीं है। वह अवर्णनीय है। मनुष्यकी भाषासे वह अतीत है।

इसस उसमें परस्परविरोधी गुणों और शक्तियोंका भी आरोपण करके, मनुष्य उसको झांकीकी आशा रखता है।

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'कर्म संन्यासयोग' नामक पांचवां अध्याय।

: ६ :

ध्यानयोग

इस अध्यायमें योगसाधनके—समत्व प्राप्त करनेके—कितने ही साधन बतलाये गए हैं।

श्रीभगवान बोले—

कर्मफलका आश्रय लिये बिना जो मनुष्य विहित कर्म करता है वह संन्यासी है, वह योगी है। जो अग्नि-का और समस्त क्रियाओंका त्याग करके बैठ जाता है वह नहीं। १

टिप्पणी—अग्निसे तात्पर्य है साधनमात्र। जब अग्निके द्वारा होम होते थे तब अग्निकी आवश्यकता थी। इस युगमें यदि चरखेको सेवाका साधन मानें तो उसका त्याग करनेसे संन्यासी नहीं हुआ जा सकता।

हे पांडव! जिसे संन्यास कहते हैं उसे तू योग जान। जिसने मनके संकल्पोंको त्यागा नहीं वह कभी

योगी नहीं हो सकता। २

योग साधनेवालेको कर्म साधन है, जिसने उसे साधा है उसे शांति साधन है। ३

टिप्पणी—जिसकी आत्मशुद्धि होगई है, जिसने समत्व सिद्ध कर लिया है, उसे आत्मदर्शन सहज है। इसका यह अर्थ नहीं है कि योगारूढ़को लोकसंग्रहके लिए भी कर्म करनेकी आवश्यकता नहीं रहती। लोकसंग्रहके बिना तो वह जी ही नहीं सकता। अतः सेवाकर्म करना भी उसके लिए सहज हो जाता है। वह दिखावेके लिए कुछ नहीं करता। (अध्याय ३, ४ अध्याय ५, २ से मिलाइये)

जब मनुष्य इंद्रियोंके विषयोंमें या कर्ममें आसक्त नहीं होता और सब संकल्प तज देता है तब वह योगारूढ़ कहलाता है। ४

आत्मासे मनुष्य आत्माका उद्धार करे, उसकी अधोगति न करे। आत्मा ही आत्माका बंधु है और आत्मा ही आत्माका शत्रु है। ५

उसीका आत्मा बंधु है जिसने अपने बलसे मनको जीता है। जिसने आत्माको जीता नहीं, वह अपने ही साथ शत्रुका-सा बर्ताव करता है। ६

जिसने अपना मन जीता है और जो संपूर्ण रूपसे शांत होगया है उसका आत्मा सरदी-गरमी, सुख-दुःख और मान-अपमानमें समान रहता है। ७

जो ज्ञान और अनुभवसे तृप्त होगया है, जो अविचल है, जिसने इंद्रियोंको जीत लिया है और जिसे

मिट्टी, पत्थर और सोना समान है, ऐसा ईश्वरपरायण मनुष्य योगी कहलाता है । ८

हितेच्छु, मित्र, शत्रु, निष्पक्षपाती, दोनोंका भला चाहनेवाला, द्वेषी, बंधु और साधु तथा पापी इन सबमें जो समानभाव रखता है वह श्रेष्ठ है । ९

चित्त स्थिर करके, वासना और संग्रहका त्याग करके, अकेला एकांतमें रहकर योगी निरंतर आत्माको परमात्माके साथ जोड़े । १०

पवित्र स्थानमें, न बहुत नीचा, न बहुत ऊंचा ऐसा कुश, मृगचर्म और वस्त्र एक-पर-एक बिछाकर स्थिर आसन अपने लिए करके, वहां एकाग्र मनसे बैठकर चित्त और इंन्द्रियोंको वश करके आत्मशुद्धिके लिए योग साधे । ११-१२

धड़, गर्दन और सिर एक सीधमें अचल रखकर, स्थिर रहकर, इधर-उधर न देखता हुआ, अपने नासिकाग्र पर निगाह टिकाकर पूर्ण शांतिसे, निर्भय होकर, ब्रह्मचर्यमें दृढ़ रहकर, मनको मारकर मुझमें परायण हुआ योगी मेरा ध्यान धरता हुआ बैठे । १३-१४

टिप्पणी—नासिकाग्रसे मतलब है भृकुटीके बीचका भाग । (देखो अध्याय ५-२७ ।) ब्रह्मचारीव्रतका अर्थ केवल वीर्यसंग्रह ही नहीं है, बल्कि ब्रह्मको प्राप्त करनेके लिए आवश्यक अहिंसादि सभी व्रत हैं ।

इस प्रकार जिसका मन नियममें है ऐसा योगी आत्माको परमात्माके साथ जोड़ता है और मेरी प्राप्तिमें मिलनेवाली मोक्षरूपी परम शांति प्राप्त

करता है। १५

हे अर्जुन ! यह समत्वरूप योग न तो प्राप्त होता है ठूसकर खानेवाले को, न उपवासीको, वैसे ही, वह बहुत सोनेवाले या बहुत जागनेवालेको प्राप्त नहीं होता। १६

जो मनुष्य आहार-विहारमें, दूसरे कर्मोंमें, सोने-जागनेमें परिमित रहता है, उसका योग दुःखभंजन हो जाता है। १७

भलीभांति नियमबद्ध मन जब आत्मामें स्थिर होता है और मनुष्य सारी कामनाओंसे निस्पृह हो बैठता है तब वह योगी कहलाता है। १८

आत्माको परमात्माके साथ जोड़नेका प्रयत्न करनेवाले स्थिरचित योगीकी स्थिति वायुरहित स्थानमें अचल रहनेवाले दीपककी-सी कही गई है। १९

योगके सेवनसे अंकुशमें आया हुआ मन जहां शांति पाता है, आत्मासे ही आत्माको पहचानकर आत्मामें जहां मनुष्य संतोष पाता है और इंद्रियोंसे परे और बुद्धिसे ग्रहण करनेयोग्य अनंत सुखकर जहां अनुभव होता है, जहां रहकर मनुष्य मूलवस्तुसे चलायमान नहीं होता और जिसे पानेपर दूसरे किसी लाभको वह उससे अधिक नहीं मानता और जिसमें स्थिर हुआ महादुःखसे भी डगमगाना नहीं, उस दुःखके प्रसंगसे रहित स्थितिका नाम योगकी स्थिति समझना चाहिए। यह योग ऊबे बिना दृढ़तापूर्वक साधने योग्य है। २०-२३

संकल्पसे उत्पन्न होनेवाली सारी कामनाओंका पूर्ण रूपसे त्याग करके, मनसे ही इंद्रियसमूहको सब ओरसे भलीभांति नियममें लाकर अचल बुद्धिसे योगी धीरे-धीरे शांत होता जाय और मनको आत्मामें पिरोकर, दूसरी किसी बातका विचार न करे। २४-२५

जहां-जहां चंचल और अस्थिर मन भागे, वहां-वहांसे (योगी) उसे नियममें लाकर अपनें वशमें लावे। २६

जिसका मन भलीभांति शांत हुआ है, जिसके विकार शांत होगये है, ऐसा ब्रह्ममय हुआ निष्पाप योगी अवश्य उत्तम सुख प्राप्त करता है। २७

आत्माके साथ निरंतर अनुसंधान करते हुए पाप-रहित हुआ यह योगी सरलतासे ब्रह्मप्राप्तिरूप अनंत सुखका अनुभव करता है। २८

सर्वत्र समभाव रखनेवाला योगी अपने सब भूतोंमें और सब भूतोंको अपनेमें देखता है। २९

जो मुझे सर्वत्र देखता है और सबको मुझमें देखता है, वह मेरी दृष्टिसे ओझल नहीं होता और मैं उसकी दृष्टिसे ओझल नहीं होता। ३०

मुझमें लीन हुआ जो योगी भूतमात्रमें रहनेवाले मुझको भजता है, वह चाहे जिस तरह बर्तता हुआ भी मुझमें ही बर्तता है। ३१

टिप्पणी—'आप' जबतक है तबतक तो परमात्मा 'पर' है; 'आप' मिट जानेपर—शून्य होनेपर ही

एक परमात्माको सर्वत्र देखता है। (अध्याय १३-२३ की टिप्पणी देखिये।)

हे अर्जुन ! जो मनुष्य अपने जैसा सबको देखता है और सुख हो या दुःख, दोनोंको समान समझता है, वह योगी श्रेष्ठ गिना जाता है। ३२

अर्जुन बोले—

हे मधुसूदन ! यह (समत्वरूपी) योग जो आपने कहा, उसकी स्थिरता मैं चंचलताके कारण नहीं देख पाता। ३३

क्योंकि हे कृष्ण ! मन चंचल ही है, मनुष्यको मथ डालता है और बड़ा बलवान है। जैसे वायुको दबाना बहुत कठिन है वैसे मनको वशमें करना भी मैं कठिन मानता हूं। ३४

श्रीभगवान बोले—

हे महाबाहो ! सच है कि मन चंचल होनेके कारण वशमें करना कठिन है। पर हे कौंतेय ! अभ्यास और वैराग्यसे वह वशमें किया जा सकता है। ३५

मेरा मत है कि जिसका मन अपने वशमें नहीं है, उसके लिए योग साधना बड़ा कठिन है; पर जिसका मन अपने वशमें है और जो यत्नवान है वह उपाय-द्वारा साध सकता है। ३६

अर्जुन बोले—

हे कृष्ण ! जो श्रद्धावान तो है पर यत्नमें मंद होनेके कारण योगभ्रष्ट हो जाता है, वह सफलता न पानेपर कौन-सी गति पाता है ? ३७

हे महाबाहो ! योगसे भ्रष्ट हुआ, ब्रह्ममार्गमें भटका हुआ वह छिन्न-भिन्न बादलोंकी भांति उभयभ्रष्ट होकर नष्ट तो नहीं हो जाता ? ३८

हे कृष्ण ! मेरा यह संशय दूर करनेमें आप समर्थ हैं। आपके सिवा दूसरा कोई इस संशयको दूर करनेवाला नहीं मिल सकता। ३९

श्रीभगवान बोले—

हे पार्थ ! ऐसे मनुष्योंका नाश न तो इस लोकमें होता है, न परलोकमें। हे तात ! कल्याणमार्गमें जानेवालेकी कभी दुर्गति होती ही नहीं। ४०

पुण्यशाली लोगोंको मिलनेवाले स्थानको पाकर और वहां बहुत समयतक रहकर योगभ्रष्ट मनुष्य पवित्र और साधनवालेके घर जन्म लेता है। ४१

या ज्ञानवान योगीके ही कुलमें वह जन्म लेता है। संसारमें ऐसा जन्म अवश्य बहुत दुर्लभ है। ४२

हे कुरुनंदन ! यहां उसे पूर्व जन्मके बुद्धिसंस्कार मिलते हैं और वहांसे वह मोक्षके लिए आगे बढ़ता है। ४३

उसी पूर्वाभ्यासके कारण वह अवश्य योगकी ओर खिंचता है। योगका जिज्ञासु तक सकाम वैदिक कर्म करनेवालेकी स्थितिको पार कर जाता है। ४४

लगनसे प्रयत्न करता हुआ योगी पापसे छूटकर अनेक जन्मोंसे विशुद्ध होता हुआ परम गतिको पाता है। ४५

तपस्वीसे योगी अधिक है, ज्ञानीसे भी वह अधिक

माना जाता है, वैसे ही कर्मकांडीसे वह अधिक है, इसलिए हे अर्जुन ! तू योगी बन । ४६

टिप्पणी—यहां तपस्वीकी तपस्या फलेच्छायुक्त है । ज्ञानीसे मतलब अनुभवज्ञानीसे नहीं है ।

सारे योगियोंमें भी उसे मैं सर्वश्रेष्ठ योगी मानता हूं जो मुझमें मन पिरोकर मुझे श्रद्धापूर्वक भजता है । ४७

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'ध्यान-योग' नामक छठा अध्याय ।

: ७ :

ज्ञानविज्ञानयोग

इस अध्यायमें यह समझाना आरंभ किया गया है कि ईश्वरतत्त्व और ईश्वरभक्ति क्या है ।

श्रीभगवान बोले—

हे पार्थ ! मेरेमें मन पिरोकर और मेरा आश्रय लेकर योग साधता हुआ तू निश्चयपूर्वक और संपूर्णरूपसे मुझे किस तरह पहचान सकता है सो सुन । १

अनुभवयुक्त यह ज्ञान मैं तुझे पूर्णरूपसे कहूंगा । इसे जाननेके बाद इस लोकमें अधिक कुछ जाननेको

नहीं रह जाता। २

हजारों मनुष्योंमेंसे कोई ही सिद्धिके लिए प्रयत्न करता है। प्रयत्न करनेवाले सिद्धोंमेंसे भी कोई ही मुझे वास्तविक रूपसे पहचानता है। ३

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंभाव—यह आठ प्रकारकी मेरी प्रकृति है। ४

टिप्पणी—इन आठ तत्त्वोंवाला स्वरूप क्षेत्र या क्षर पुरुष है। (देखो अध्याय १३, श्लोक ५; और अध्याय १५, श्लोक १६।)

यह अपरा प्रकृति हुई। इससे भी ऊंची परा प्रकृति है, जो जीवरूप है। हे महाबाहो ! यह जगत उसके आधारपर निभ रहा है। ५

भूतमात्रकी उत्पत्तिका कारण तू इन दोनोंको जान। समूचे जगतकी उत्पत्ति और लयका कारण मैं हूं। ६

हे धनंजय ! मुझसे उच्च दूसरा कुछ नहीं है। जैसे धागेमें मनके पिरोये हुए रहते हैं वैसे यह सब मुझमें पिरोया हुआ हुआ है। ७

हे कौंतेय ! जलमें रस मैं हूं, सूर्य-चंद्रमें तेज मैं हूं; सब वेदोंमें ओंकार मैं हूं, आकाशमें शब्द मैं हूं और पुरुषोंका पराक्रम मैं हूं। ८

पृथ्वीमें सुगंध मैं हूं, अग्निमें तेज मैं हूं, प्राणीमात्र-का जीवन मैं हूं, तपस्वीका तप मैं हूं। ९

हे पार्थ ! समस्त जीवोंका सनातन बीज मुझे जान। बुद्धिमानकी बुद्धि मैं हूं, तेजस्वीका तेज मैं हूं। १०

बलवानका काम और रागरहित बल मैं हूं और हे भरतर्षभ ! प्राणियोंमें धर्मका अविरोधी काम मैं हूं। ११

जो-जो सात्विक, राजसी और तामसी भाव हैं, उन्हें मुझसे उत्पन्न हुआ जान। परंतु मैं उनमें हूं ऐसा नहीं है, वे मुझमें हैं। १२

टिप्पणी—इन भावोंपर परमात्मा निर्भर नहीं है, बल्कि वे भाव उसपर निर्भर हैं। उसके आधारपर हैं, रहते हैं और उसके वशमें हैं।

इन त्रिगुणी भावोंसे सारा संसार मोहित हो रहा है और इसलिए उनसे उच्च और भिन्न ऐसे मुझको—अविनाशीको—वह नही पहचानता। १३

इस मेरी तीन गुणोंवाली दैवी मायाका तरना कठिन है; पर जो मेरी ही शरण लेते हैं वे इस माया-को तर जाते हैं। १४

दुराचारी, मूढ़, अधम मनुष्य मेरी शरण नहीं आते। वे आसुरीभाववाले होते हैं और मायाद्वारा उनका ज्ञान हरा हुआ होता है। १५

हे अर्जुन ! चार प्रकारके सदाचारी मनुष्य मुझे भजते हैं—दुःखी, जिज्ञासु, कुछ प्राप्तिकी इच्छावाले और ज्ञानी। १६

उनमें जो नित्य समभावी एकको ही भजनेवाला है; वह ज्ञानी श्रेष्ठ है। मैं ज्ञानीको अत्यंत प्रिय हूं और ज्ञानी मुझे प्रिय है। १७

ये सभी भक्त अच्छे हैं, पर ज्ञानी तो मेरा आत्मा

ही है, ऐसा मेरा मत है; क्योंकि मुझे पानेके सिवा दूसरी अधिक उत्तम गति है ही नहीं, यह जानता हुआ वह योगी मेरा ही आश्रय लेता है। १८

बहुत जन्मोंके अंतमें ज्ञानी मुझे पाता है। सब वासुदेवमय है, यों जाननेवाला महात्मा बहुत दुर्लभ है। १९

अनेक कामनाओंसे जिन लोगोंका ज्ञान हरा गया हैं वे अपनी प्रकृतिके अनुसार भिन्न-भिन्न विधिका आश्रय लेकर दूसरे देवताओंकी शरण जाते हैं। २०

जो-जो मनुष्य जिस-जिस स्वरूपकी भक्ति श्रद्धापूर्वक करना चाहता है, उस-उस स्वरूपमें उसकी श्रद्धाको मैं दृढ़ करता हूं। २१

श्रद्धापूर्वक उस-उस स्वरूपकी वह आराधना करता है और उसके द्वारा मेरी निर्मित की हुई और अपनी इच्छित कामनाएं पूरी करता है। २२

उन अल्प बुद्धिवालोंको जो फल मिलता है वह नाशवान होता है। देवताओंको भजनेवाले देवताओंको पाते हैं, मुझे भजनेवाले मुझे पाते हैं। २३

मेरे परम अविनाशी और अनुपम स्वरूपको न जाननेवाले बुद्धिहीन लोग इंद्रियोंसे अतीत मुझको इंद्रियगम्य मानते हैं। २४

अपनी योगमायासे ढका हुआ मैं सबके लिए प्रकट नहीं हूं। यह मूढ़ जगत मुझ अजन्मा और अव्ययको भलीभांति नहीं पहचानता। २५

टिप्पणी—इस दृश्य जगतको उत्पन्न करनेका सामर्थ्य होते हुए भी अलिप्त होनेके कारण परमात्माके

अदृश्य रहनेका जो भाव है वह उसकी योगमाया है।

हे अर्जुन ! जो हो चुके हैं, जो हैं और होनेवाले सभी भूतोंको मैं जानता हूं, पर मुझे कोई नहीं जानता। २६

हे भारत ! हे परंतप ! इच्छा और द्वेषसे उत्पन्न होनेवाले सुख-दुःखादि द्वंद्वके मोहसे प्राणीमात्र इस जगतमें मोहग्रस्त रहते हैं। २७

पर जिन सदाचारी लोगोंके पापोंका अंत हो चुका है और जो द्वंद्वके मोहसे मुक्त होगये हैं वे अटल व्रतवाले मुझे भजते हैं। २८

जो मेरा आश्रय लेकर जरा और मरणसे मुक्त होनेका प्रयत्न करते हैं वे पूर्णब्रह्मको, अध्यात्मको और अखिल कर्मको जानते हैं। २९

अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञयुक्त मुझे जिन्होंने पहचाना है, वे समत्वको पाये हुए मुझे मृत्युके समय भी पहचानते हैं। ३०

टिप्पणी—अधिभूतादिका अर्थ आठवें अध्यायमें आता है। इस श्लोकका तात्पर्य यह है कि इस संसारमें ईश्वरके सिवा और कुछ भी नही है और समस्त कर्मोंका कर्त्ता-भोक्ता वह है, ऐसा समझकर जो मृत्युके समय शांत रहकर ईश्वरमें ही तन्मय रहता है तथा कोई वासना उस समय जिसे नहीं होती, उसने ईश्वरको पहचाना है और उसने मोक्ष पाई है।

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-

विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'ज्ञान-विज्ञानयोग' नामक सातवां अध्याय ।

: ८ :

अक्षरब्रह्मयोग

इस अध्यायमें ईश्वरतत्त्वको विशेषरूपसे समझाया गया है ।

अर्जुन बोले--

हे पुरुषोत्तम ! इस ब्रह्मका क्या स्वरूप है ? अध्यात्म क्या है ? कर्म क्या है ? अधिभूत किसे कहते हैं ? अधिदैव क्या कहलाता है ? १

हे मधुसूदन ! इस देहमें अधियज्ञ क्या है और किस प्रकार है ? और संयमी आपको मृत्युके समान किस तरह पहचान सकता है ? २

श्रीभगवान बोले—

जो सर्वोत्तम अविनाशी है वह ब्रह्म है; प्राणीमात्रमें अपनी सत्तासे जो रहता है वह अध्यात्म है और प्राणी-मात्रको उत्पन्न करनेवाला सृष्टिव्यापार कर्म कहलाता है । ३

अधिभूत मेरा नाशवान स्वरूप है । अधिदैव उसमें रहनेवाला मेरा जीवस्वरूप है और हे मनुष्य-श्रेष्ठ ! अधियज्ञ इस शरीरमें स्थित किंतु यज्ञद्वारा शुद्ध हुआ जीवस्वरूप है । ४

टिप्पणी—तात्पर्य, अव्यक्त ब्रह्मसे लेकर नाशवान दृश्य पदार्थमात्र परमात्मा ही है और सब उसीकी कृति है तब फिर मनुष्यप्राणी स्वयं कर्त्तापनका अभिमान रखनेके बदले परमात्माका दास बनकर सब कुछ उसे समर्पण क्यों न करे ?

अंतकालमें मुझे ही स्मरण करते-करते जो देहत्याग करता है वह मेरे स्वरूपको पाता है, इसमें कोई संदेह नही है । ५

अथवा तो हे कौंतेय ! नित्य जिस-जिस स्वरूपका ध्यान मनुष्य धरता है, उस-उस स्वरूपको अंतकालमें भी स्मरण करता हुआ वह देह छोड़ता है और इससे वह उस-उस स्वरूपको पाता है । ६

इसलिए सदा मुझे स्मरण कर और जूझता रह; इस प्रकार मुझमें मन और बुद्धि रखनेसे अवश्य मुझे पावेगा । ७

हे पार्थ ! चित्तको अभ्याससे स्थिर करके और कहीं न भागने देकर जो एकाग्र होता है वह दिव्य परमपुरुष-को पाता है । ८

जो मनुष्य मृत्युकालमें अचल मनसे, भक्तिसे युक्त होकर और योगबलसे भृकुटीके बीचमें अच्छी तरह प्राणको स्थापित करके सर्वज्ञ, पुरातन, नियंता, सूक्ष्म-तम, सबके पालनहार, अचिंत्य, सूर्यके समान तेजस्वी, अज्ञानरूपी अंधकारसे परे स्वरूपका ठीक स्मरण करता है वह दिव्य परमपुरुषको पाता है । ९-१०

जिसे वेद जाननेवाले अक्षर नामसे वर्णन करते हैं,

जिसमें वीतराग मुनि प्रवेश करते हैं और जिसकी प्राप्तिकी इच्छासे लोग ब्रह्मचर्यका पालन करते हैं, उस पदका संक्षिप्त वर्णन मैं तुझसे करूंगा। ११

इंद्रियोंके सब द्वारोंको रोककर, मनको हृदयमें ठहराकर, मस्तकमें प्राणको धारण करके समाधिस्थ होकर ॐ ऐसे एकाक्षरी ब्रह्मका उच्चारण और मेरा चिंतन करता हुआ जो मनुष्य देह त्यागता है वह परम-गतिको पाता है। १२-१३

हे पार्थ! चित्तको अन्यत्र कहीं रखे बिना जो नित्य और निरंतर मेरा ही स्मरण करता है वह नित्ययुक्त योगी मुझे सहजमें पाता है। १४

मुझे पाकर परमगतिको पहुंचे हुए महात्मा दुःखके घर अशाश्वत पुनर्जन्मको नहीं पाते। १५

हे कौंतेय! ब्रह्मलोकसे लेकर सभी लोक फिर-फिर आनेवाले हैं; परंतु मुझे पानेके बाद मनुष्यको फिर जन्म नहीं लेना होता। १६

हजार युगतकका ब्रह्माका एक दिन और हजार युगतककी ब्रह्माकी एक रात, जो जानते हैं वे रातदिनके जाननेवाले हैं। १७

टिप्पणी—तात्पर्य, हमारे चौबीस घंटेके रात-दिन कालचक्रके अंदर एक क्षणसे भी सूक्ष्म हैं। उसकी कोई गिनती नहीं है। इसलिए उतने समयमें मिलनेवाले भोग आकाश-पुष्पवत् हैं, यों समझकर हमें उनकी ओरसे उदासीन रहना चाहिए और उतना ही समय हमारे पास है उसे भगवद्भक्तिमें, सेवामें, व्यतीतकर

सार्थक करना चाहिए और यदि तत्काल आत्मदर्शन न हो तो धीरज रखना चाहिए।

(ब्रह्माका) दिन आरंभ होनेपर सब अव्यक्तमेंसे व्यक्त होते हैं और रात पड़नेपर उनका प्रलय होता है, अर्थात् अव्यक्तमें लय हो जाते हैं। १८

टिप्पणी—यह जानकर भी मनुष्यको समझना चाहिए कि उसके हाथमें बहुत थोड़ी सत्ता है। उत्पत्ति और नाशका जोड़ा साथ-साथ चलता ही रहता है।

हे पार्थ! यह प्राणियोंका समुदाय इस तरह पैदा हो-होकर, रात पड़नेपर बरबस लय होता है और दिन उगनेपर उत्पन्न होता है। १९

इस अव्यक्तसे परे दूसरा सनातन अव्यक्त भाव है। समस्त प्राणियोंका नाश होते हुए भी वह सनातन अव्यक्त भाव नष्ट नही होता। २०

जो अव्यक्त, अक्षर (अविनाशी) कहलाता है, उसीको परमगति कहते हैं। जिसे पानेके बाद लोगोंका पुनर्जन्म नहीं होता, वह मेरा परमधाम है। २१

हे पार्थ! इस उत्तम पुरुषके दर्शन अनन्य भक्तिसे होते हैं इसमें भूतमात्र स्थित हैं और यह सब उससे व्याप्त है। २२

जिस समय मरकर योगी मोक्ष पाते हैं और जिस समय मरकर उन्हें पुनर्जन्म प्राप्त होता है वह काल, हे भरतर्षभ! मैं तुझसे कहूंगा। २३

उत्तरायणके छः महीनोंमें, शुक्लपक्षमें, दिनको जिस समय अग्निकी ज्वाला उठ रही हो उस समय

जिसकी मृत्यु होती है वह ब्रह्मको जाननेवाला ब्रह्मको पाता है। २४

दक्षिणायनके छः महीनोंमें, कृष्णपक्षमें, रात्रिमें, जिस समय धुआं फैला हुआ हो उस समय मरनेवाले चंद्रलोकको पाकर पुनर्जन्म पाते हैं। २५

टिप्पणी—ऊपरके दो श्लोक मैं पूरी तौरसे नहीं समझता। उनके शब्दार्थका गीताकी शिक्षाके साथ मेल नहीं बैठता। उस शिक्षाके अनुसार तो जो भक्तिमान हैं, जो सेवामार्गको सेता है, जिसे ज्ञान हो चुका है, वह चाहे जभी मरे, उसे मोक्ष ही है। उससे इन श्लोकोंका शब्दार्थ विरोधी है। उसका भावार्थ यह अवश्य निकल सकता है कि जो यज्ञ करता है अर्थात् परोपकारमें ही जो जीवन बिताता है, जिसे ज्ञान हो चुका है, जो ब्रह्म-विद् अर्थात् ज्ञानी है, मृत्युके समय भी यदि उसकी ऐसी स्थिति हो तो वह मोक्ष पाता है। इससे विपरीत जो यज्ञ नही करता, जिसे ज्ञान नही है, जो भक्ति नहीं जानता वह चंद्रलोक अर्थात् क्षणिक लोकको पाकर फिर संसार-चक्रमें लौटता है। चंद्रके निजी ज्योति नहीं है।

जगतमें ज्ञान और अज्ञानके ये दो परंपरासे चलते आये मार्ग माने गये हैं। एक अर्थात् ज्ञानमार्गसे मनुष्य मोक्ष पाता है और दूसरे अर्थात् अज्ञानमार्गसे उसे पुनर्जन्म प्राप्त होता है। २६

हे पार्थ! इन दोनों मार्गोंका जाननेवाला कोई भी योगी मोहमें नहीं पड़ता। इसलिए हे अर्जुन! तू सर्वदा योगयुक्त रहना। २७

टिप्पणी—दोनों मार्गोंका जाननेवाला और समभाव रखनेवाला अंधकारका—अज्ञानका मार्ग नहीं पकड़ता, इसीका नाम है मोहमें न पड़ना।

यह वस्तु जान लेनेके बाद वेदमें, यज्ञमें, तपमें और दानमें जो पुण्यफल बतलाया है, उस सबको पार करके योगी उत्तम आदिस्थान पाता है। २८

टिप्पणी—अर्थात् जिनसे ज्ञान, भक्ति और सेवा-कर्मसे समभाव प्राप्त किया है, उसे न केवल सब पुण्योंका फल ही मिल जाता है, बल्कि उसे परम मोक्षपद मिलता है।

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'अक्षरब्रह्मयोग' नामक आठवां अध्याय।

: ९ :

राजविद्याराजगुह्ययोग

इसमें भक्ति की महिमा गाई है।

श्रीभगवान बोले—

तू द्वेषरहित है, इससे तुझे मैं गुह्य-से-गुह्य अनुभवयुक्त ज्ञान दूंगा, जिसे जानकर तू अकल्याणसे बचेगा। १

विद्याओंमें यह राजा है। गूढ़ वस्तुओंमें भी राजा है। यह विद्या पवित्र है, उत्तम है, प्रत्यक्ष अनुभवमें

आने योग्य, धार्मिक, आचारमें लानेमें सहज और अविनाशी है। २

हे परंतप ! इस धर्ममें जिन्हें श्रद्धा नही है, ऐसे लोग मुझे न पाकर मृत्युमय संसार-मार्गमें बारंबार ठोकरें खाते हैं। ३

मेरे अव्यक्त स्वरूपसे यह समूचा जगत भरा हुआ है। मुझमें—मेरे आधारपर—सब प्राणी हैं, मै उनके आधारपर नहीं हूं। ४

तथापि प्राणी मुझमें नहीं हैं ऐसा भी कहा जा सकता है। यह मेरा योगबल तू देख। मैं जीवोंका पालन करनेवाला हूं, फिर भी मैं उनमें नही हूं। परंतु मैं उनका उत्पत्तिकारण हूं। ५

टिप्पणी—मुझमें सब जीव हैं और नही हैं। उनमें मैं हूं और नहीं हूं। यह ईश्करका योगबल, उसकी माया, उसका चमत्कार है। ईश्वरका वर्णन भगवानको भी मनुष्यकी भाषामें ही करना ठहरा, इसलिए अनेक प्रकारके भाषा-प्रयोग करके उसे संतोष देते हैं। ईश्वरमय सब है, इसलिए सब उसमें है। वह अलिप्त है, प्राकृत कर्त्ता नही है, यह कहा जा सकता है। परंतु जो उसके भक्त हैं, उनमें वह अवश्य है। जो नास्तिक हैं उनमें उसकी दृष्टिसे तों वह नहीं है। और इसे उसके चमत्कारके सिवा और क्या कहा जाय ?

जैसे सर्वत्र विचरती हुई महान् वायु नित्य आकाशमें विद्यमान है ही, वैसे सब प्राणी मुझमें है ऐसा जान। ६

हे कौंतेय ! सारे प्राणी कल्पके अंतमें मेरी प्रकृतिमें

लय पाते हैं और कल्पका आरंभ होनेपर मैं उन्हें फिर रचता हूं। ७

अपनी मायाके आधारसे मैं इस प्रकृतिके प्रभावके अधीन रहनेवाले प्राणियोंके सारे समुदायको बारंबार उत्पन्न करता हूं। ८

हे धनंजय! ये कर्म मुझे बंधन नहीं करते, क्योंकि मैं उनमें उदासीनके समान और आसक्तिरहित बर्तता हूं। ९

मेरे अधिकारके नीचे प्रकृति स्थावर और जंगम जगतको उत्पन्न करती है और इस हेतु,हे कौंतेय! जगत घटमाल (रहँट)की भांति घूमा करता है। १०

प्राणीमात्रका महेश्वररूप जो मैं हूं उसके भावको न जानकर मूर्ख लोग मुझ मनुष्य-तनधारीकी अवज्ञा करते हैं। ११

टिप्पणी—क्योंकि जो लोग ईश्वरकी सत्ता नहीं मानते, वे शरीरस्थित अंतर्यामीको नहीं पहचानते और उसके अस्तित्वको न मानते हुए जड़वादी बने रहते हैं।

व्यर्थ आशावाले, व्यर्थ काम करनेवाले और व्यर्थ ज्ञानवाले मूढ़ लोग मोहमें डाल रखनेवाली राक्षसी या आसुरी प्रकृतिका आश्रय लेते है। १२

इससे विपरीत, हे पार्थ! महात्मालोग दैवी प्रकृतिका आश्रय लेकर प्राणीमात्रके आदिकारण ऐसे अविनाशी मुझको जानकर एकनिष्ठासे भजते हैं। १३

दृढ़ निश्चयवाले, प्रयत्न करनेवाले वे निरंतर

मेरा कीर्तन करते हैं, मुझे भक्तिसे नमस्कार करते हैं और नित्य ध्यान धरते हुए मेरी उपासना करते हैं। १४

और दूसरे लोग अद्वैतरूपसे या द्वैतरूपसे अथवा बहुत रूपसे सब कहीं रहनेवाले मुझको ज्ञानद्वारा पूजते हैं। १५

यज्ञका संकल्प मैं हूं, यज्ञ मैं हूं, यज्ञद्वारा पितरोंका आधार मैं हूं, यज्ञकी वनस्पति मैं हूं, मंत्र मैं हूं, आहुति मैं हूं, अग्नि मैं हूं और हवन-द्रव्य मैं हूं। १६

इस जगतका पिता मैं, माता मैं, धारण करनेवाला मैं, पितामह मैं, जानने योग्य मैं, पवित्र ॐकार मैं, ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद भी मैं ही हूं। १७

गति मैं, पोषक मैं, प्रभु मैं, साक्षी मैं, निवास मैं, आश्रय मैं, हितैषी मैं, उत्पत्ति मैं, नाश मैं, स्थिति मैं, भंडार मैं और अव्यय बीज भी मैं हूं। १८

धूप मैं देता हूं, वर्षाको मैं ही रोक रखता और बरसने देता हूं। अमरता मैं हूं, मृत्यु मैं हूं और हे अर्जुन! सत् तथा असत् भी मैं ही हूं। १९

तीन वेदके कर्म करनेवाले सोमरस पीकर निष्पाप बने हुए यज्ञद्वारा मुझे पूजकर स्वर्ग मांगते हैं। वे पवित्र देवलोक पाकर स्वर्ग में दिव्य भोग भोगते हैं। २०

टिप्पणी—सभी वैदिक क्रियाएं फल-प्राप्तिके लिए की जाती थीं और उनमेंसे कई क्रियाओंमें सोमपान होता था, उसका यहां उल्लेख है। ये क्रियाएं क्या थीं, सोमरस क्या था, यह आज वास्तवमें कोई नहीं कह सकता।

इस विशाल स्वर्गलोकको भोगकर वे पुण्यका क्षय हो जानेपर मृत्युलोकमें वापस आते हैं। इस प्रकार तीन वेदके कर्म करनेवाले फलकी इच्छा रखनेवाले जन्ममरणके चक्कर काटा करते हैं। २१

जो लोग अनन्यभावसे मेरा चिंतन करते हुए मुझे भजते हैं, उन नित्य मुझमें ही रत रहनेवालोंके योग-क्षेमका भार मैं उठाता हूं। २२

टिप्पणी—इस प्रकार योगीको पहचाननेके तीन सुंदर लक्षण है—समत्व, कर्ममें कौशल, अनन्यभक्ति। ये तीनों एक-दूसरेमें ओतप्रोत होने चाहिए। भक्तिके बिना समत्व नहीं मिलता, समत्वके बिना भक्ति नहीं मिलती और कर्म-कौशलके बिना भक्ति तथा समत्वका आभासमात्र होनेका भय है। योग अर्थात् अप्राप्त वस्तुको प्राप्त करना और क्षेम अर्थात् प्राप्त वस्तुको संभालकर रखना।

और हे कौंतेय! जो श्रद्धापूर्वक दूसरे देवताको भजते हैं, वे भी भले ही विधिरहित भजें, मुझे ही भजते हैं। २३

टिप्पणी—विधिरहित अर्थात् अज्ञानवश, मुझे एक निरंजन निराकारको न जानकर।

जो मैं ही सब यज्ञोंका भोगनेवाला स्वामी हूं, उसे वे सच्चे स्वरूपमें नहीं पहचानते, इसलिए वे गिरते हैं। २४

देवताओंका पूजन करनेवाले देवलोकोंको पाते हैं, पितरोंका पूजन करनेवाले पितृलोकको पाते हैं, भूत-

प्रेतादिको पूजनेवाले उन लोकोंको पाते हैं और मुझे भजनेवाले मुझे पाते हैं। २५

पत्र, फूल, फल या जल जो मुझे भक्तिपूर्वक अर्पण करता है वह प्रयत्नशील मनुष्यद्वारा भक्तिपूर्वक अर्पित किया हुआ मैं सेवन करता हूं। २६

टिप्पणी—तात्पर्य यह कि ईश्वरप्रीत्यर्थ जो कुछ सेवाभावसे दिया जाता है, उसका स्वीकार उस प्राणीमें रहनेवाले अंतर्यामीरूपसे भगवान ही ग्रहण करते हैं,

इसलिए हे कौतेय ! जो करे, जो खाय, जो हवनमें होमे, जो तू दानमें दे, जो तप करे, वह सब मुझे अर्पण करके करना। २७

इससे तू शुभाशुभ फल देनेवाले कर्मबंधनसे छूट जायगा और फलत्यागरूपी समत्वको पाकर, जन्ममरण-से मुक्त होकर मुझे पावेगा। २८

सब प्राणियोंमें मैं समभावसे रहता हूं। मुझे कोई अप्रिय या प्रिय नहीं है। जो मुझे भक्तिपूर्वक भजते हैं वे मुझमें और मैं भी उनमें हूं। २९

भारी दुराचारी भी यदि अनन्यभावसे मुझे भजे तो उसे साधु हुआ ही मानना चाहिए; क्योंकि अब उसका अच्छा संकल्प है। ३०

टिप्पणी—क्योंकि अनन्यभक्ति दुराचारको शांत कर देती है।

वह तुरंत धर्मात्मा हो जाता है और निरंतर शांति पाता है। हे कौंतेय ! तू निश्चयपूर्वक जानना कि मेरे भक्तका कभी नाश नहीं होता। ३१

फिर हे पार्थ ! जो पापायोनि हों वे भी और स्त्रियां, वैश्य तथा शूद्र जो मेरे आश्रय ग्रहण करते हैं, वे परमगति पाते हैं। ३२

तब फिर पुण्यवान ब्राह्मण और राजर्षि जो मेरे भक्त हैं, उनका तो कहना ही क्या है ? इसलिए इस अनित्य और सुखरहित लोकमें जन्मकर तू मुझे भज। ३३

मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित यज्ञ कर, मुझे नमस्कार कर, इससे मुझमें परायण होकर आत्माको मेरे साथ जोड़कर तू मुझे ह पावेगा । ३४

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'राज-विद्याराजगुह्ययोग' नामक नवां अध्याय।

: १० :

विभूतियोग

सातवें, आठवें और नवें अध्यायमें भक्त आदिका निरूपण करनेके बाद भगवान अपनी अनंत विभूतियोंका कुछ दिग्दर्शन भक्तके लिए कराते हैं।

श्रीभगवान बोले–

हे महाबाहो ! फिर मेरा परम वचन सुन । यह मैं तुझ प्रियजनको तेरे हितके लिए कहूंगा । १

देव और महर्षि मेरी उत्पत्तिको नहीं जानते, क्योंकि मैं ही देवोंका और महर्षियोंका सब प्रकारसे आदि कारण हूं। २

मृत्युलोकमें रहता हुआ जो ज्ञानी लोकोंके महेश्वर मुझको अजन्मा और अनादि रूपमें जानता है, वह सब पापोंसे मुक्त हो जाता है। ३

बुद्धि, ज्ञान, अमूढ़ता, क्षमा, सत्य, इंद्रिय-निग्रह शांति, सुख, दुःख, जन्म, मृत्यु, भय और अभय, अहिंसा, समता, संतोष, तप, दान, यश, अपयश, इस प्रकार प्राणियोंके भिन्न-भिन्न भाव मुझसे उत्पन्न होते हैं। ४-५

सप्तर्षि, उनके पहले सनकादिक चार और (चौदह) मनु मेरे संकल्पसे उत्पन्न हुए और उनमेंसे ये लोक उत्पन्न हुए हैं। ६

इस मेरी विभूति और शक्तिको जो यथार्थ जानता है वह अविचल समताको पाता है, इसमें संशय नहीं है। ७

मैं सबकी उत्पत्तिका कारण हूं और सब मुझसे ही प्रवृत्त होते हैं, यह जानकर समझदार लोग भावपूर्वक मुझे भजते हैं। ८

मुझमें चित्त लगानेवाले, मुझे प्राणार्पण करनेवाले एक-दूसरेको बोध कराते हुए, मेरा ही नित्य कीर्तन करते हुए, संतोष और आनंदमें रहते हैं। ९

इस प्रकार मुझमें तन्मय रहनेवालोंको और मुझे प्रेमसे भजनेवालोंको मैं ज्ञान देता हूं और उससे वे मुझे

पाते हैं। १०

उनपर दया करके उनके हृदयमें स्थित मैं ज्ञानरूपी प्रकाशमय दीपकसे उनके अज्ञानरूपी अंधकारका नाश करता हूं। ११

अर्जुन बोले--

हे भगवान ! आप परमब्रह्म है, परमधाम हैं, परम-पवित्र हैं। समस्त ऋषि, देवर्षि नारद, असित, देवल और व्यास आपको अविनाशी, दिव्यपुरुष, आदिदेव अजन्मा, ईश्वररूप मानते हैं और आप स्वयं भी वैसा ही कहते हैं। १२-१३

हे केशव ! आप जो कहते है उसे मैं सत्य मानता हूं। हे भगवान ! आपके स्वरूपको न देव जानते हैं न दानव। १४

हे पुरुषोत्तम ! हे जीवोंके पिता ! हे जीवेश्वर ! हे देवोंके देव ! जगतके स्वामी ! आप स्वयं ही अपनेद्वारा अपनेको जानते है। १५

जिन विभूतियोंके द्वारा इन लोकोंमें आप व्याप रहे हैं, अपनी वह दिव्य विभूतियां पूरी-पूरी मुझसे आपको कहनी चाहिए। करते

हे योगिन् ! आपका नित्य चितन करते--१६ आपको मैं कैसे पहंचान सकता हूं ? हे भगवान ! किस किस रूपमें आपका चिंतन करना चाहिए ? . १७

हे जनार्दन ! अपनी शक्ति और अपनी विभूतिका वर्णन मुझसे फिर विस्तारपूर्वक कीजिये। आपकी अमृत-मय वाणी सुनते-सुनते तृप्ति होती ही नहीं। १८

श्रीभगवान बोले—

हे कुरुश्रेष्ठ ! अच्छा, मैं अपनी मुख्य-मुख्य दिव्य विभूतियां तुझे कहूंगा । उनके विस्तारका अंत तो है ही नहीं। १९

हे गुडाकेश ! मैं सब प्राणियोंके हृदयमें विद्यमान आत्मा हूं । मैं ही भूतमात्रका आदि, मध्य और अंत हूं २०

आदित्योंमें विष्णु मैं हूं, ज्योतियोंमें जगमगाता सूर्य मैं हूं, वायुओंमें मरीचि मै हूं, नक्षत्रोंमें चंद्र मैं हूं । २१

वेदोंमें सामवेद मैं हूं, देवोमें इंद्र मैं हूं, इंद्रियोंमें मन मैं हूं और प्राणियोंका चेतन मै हूं । २२

रुद्रोंमें शंकर मैं हूं, यक्ष और राक्षसोंमें कुबरे मैं हूं, वसुओंमें अग्नि मै हूं, पर्वतोंमें मेरु मै हूं । २३

हे पार्थ ! पुरोहितोंमें प्रधान बृहस्पति मुझे समझ । सेनापतियोमें कार्तिक स्वामी मै हूं और सरोवरोंमें सागर मैं हूं । २४

महर्षियोंमें भृगु मैं हूं, वाणीमें एकाक्षरी ॐ मैं हूं, यज्ञोंमें जप-यज्ञ मैं हूं और स्थावरोंमें हिमालय मैं हूँ । २५

सब वृक्षोंमें अश्वत्थ (पीपल) मैं हूं, देवर्षियोंमें नारद मैं हूं, गंधर्वोमें चित्ररथ मैं हूं और सिद्धोंमें कपिल-मुनि मैं हूं । २६

अश्वोंमें अमृतमेंसे उत्पन्न होनेवाला उच्चैःश्रवा मुझे जान । हाथियोंमें ऐरावत और मनुष्योंमें राजा मैं हूं । २७

हथियारोंमें वज्र मैं हूं, गायोंमें कामधेनु मैं हूं, प्रजाकी उत्पत्तिका कारण कामदेव मैं हूं, सर्पोंमें वासुकि मैं हूं। २८

नागोंमें शेषनाग मैं हूं, जलचरोंमें वरुण मैं हूं, पितरोंमें अर्यमा मैं हूं और दंड देनेवालोंमें यम मैं हूं। २९

दैत्योंमें प्रह्लाद मैं हूं, गिननेवालोंमें काल मैं हूं, पशुओंमें सिंह मैं हूं, पक्षियोंमें गरुड़ मैं हूं। ३०

पावन करनेवालोंमें पवन मैं हूं, शस्त्रधारियोंमें परशुराम मैं हूं, मछलियोंमें मगरमच्छ मैं हूं, नदियोंमें गंगा मैं हूं। ३१

हे अर्जुन ! सृष्टियोंका आदि, अंत और मध्य मैं हूं, विद्याओंमें अध्यात्मविद्या मैं हूं और विवाद करनेवालोंका वाद मैं हूं। ३२

अक्षरोंमें अकार मैं हूं, समासों में द्वंद्व मैं हूं, अविनाशी काल मैं हूं और सर्वव्यापी धारण करनेवाला भी मैं हूं। ३३

सबको हरनेवाली मृत्यु मैं हूं, भविष्यमें उत्पन्न होनेवाले का उत्पत्तिकारण मैं हूं और नारी जातिके नामोंमें कीर्ति, लक्ष्मी, वाणी, समृति, मेधा (बुद्धि), धृति (धैर्य) और क्षमा मैं हूं। ३४

सामोंमें बृहत् (बड़ा) साम मैं हूं, छंदोंमें गायत्री छंद मैं हूं। महीनोंमें मार्गशीर्ष मैं हूं, ऋतुओंमें बसंत मैं हूं। ३५

छल करनेवालेका द्यूत मैं हूं, प्रतापीका प्रभाव मैं हूं, जय मैं हूं, निश्चय मैं हूं, सात्त्विक भाववालेका सत्त्व

मैं हूं। ३६

टिप्पणी—छल करनेवालोंका द्यूत मैं हूं, इस वचन-से भड़कनेकी आवश्यकता नहीं है। यहां सारासारका निर्णय नहीं है, किंतु जो कुछ होता है वह बिना ईश्वर-की मर्जीके नहीं होता, यह बतलाना है और सब उसके अधीन है, यह जाननेवाला छली भी अपना अभिमान छोड़कर छल त्यागे।

वृष्णिकुलमें वासुदेव मैं हूं, पांडवोंमें धनंजय (अर्जुन) मैं हूं, मुनियोंमें व्यास मैं हूं और कवियोंमें उशना मैं हूं। ३७

शासकका दंड मैं हूं, जय चाहनेवालोंकी नीति मैं हूं, गुह्य बातोंमें मौन मैं हूं और ज्ञानवानका ज्ञान मैं हूं। ३८

हे अर्जुन ! समस्त प्राणियोंकी उत्पत्तिका कारण मैं हूं। जो कुछ स्थावर या जंगम है, वह मेरे बिना नहीं है। ३९

हे परंतप ! मेरी दिव्य विभूतियोंका अंत ही नहीं है। विभूतियोंका विस्तार मैंने केवल दृष्टांतरूपसेही बतलाया है। ४०

जो कुछ भी विभूतिमान, लक्ष्मीवान या प्रभावशाली है, उस-उसको मेरे तेजके अंशसे ही हुआ समझ। ४१

अथवा हे अर्जुन ! यह विस्तारपूर्वक जानकर तुझे क्या करना है। अपने एक अंशमात्रसे इस समूचे जगत-को धारण करके मैं विद्यमान हूं। ४२

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिष अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'विभूति-योग' नामक दसवां अध्याय ।

: ११ :

विश्वरूपदर्शनयोग

इस अध्यायमें भगवान अपना विराट स्वरूप अर्जुनको बतलाते हैं । भक्तोंको यह अध्याय बहुत प्रिय है । इसमें दलीलें नहीं, बल्कि केवल काव्य है । इस अध्यायका पाठ करते-करते मनुष्य थकता ही नहीं ।

अर्जुन बोले—

आपने मुझपर कृपा करके यह आध्यात्मिक परम रहस्य कहा है । आपके मुझसे कहे हुए इन वचनोंसे मेरा यह मोह टल गया है । १

प्राणियोंकी उत्पत्ति और नाशके संबंधमें आपसे मैंने विस्तारपूर्वक सुना । हे कमलपत्राक्ष, उसी प्रकार आपका अविनाशी माहात्म्य भी सुना । २

हे परमेश्वर ! आप जैसा अपनेको पहचनवाते हैं वैसे ही हैं । पुरुषोत्तम ! आपके उस ईश्वरी रूपके दर्शन करनेकी मुझे इच्छा होती है । ३

हे प्रभो ! वह दर्शन करना मेरेलिए आप संभव मानते हैं तो हे योगेश्वर ! उस अव्यय रूपका दर्शन कराइये । ४

श्रीभगवान बोले—

हे पार्थ ! मेरे सैकड़ों और हजारों रूप देख । वे नाना प्रकारके, दिव्य, भिन्न-भिन्न रंग और आकृति-वाले हैं । ५

हे भारत ! आदित्यों, वसुओं, रुद्रों, दो अश्विनी-कुमारों और मरुतोंको देख । पहले न देखे गये, ऐसे बहुतसे आश्चर्योंको तू देख । ६

हे गुडाकेश ! यहां मेरे शरीरमें एकरूपसे स्थित समूचा स्थावर और जंगम जगत तथा और जो कुछ तू देखना चाहता हो वह आज देख । ७

इन अपने चर्मचक्षुओंसे तू मुझे नही देख सकता । तुझे मैं दिव्य चक्षु देता हूं । तू मेरा ईश्वरीय योग देख । ८

संजयने कहा—

हे राजन् ! योगेश्वर कृष्णने ऐसा कहकर पार्थको अपना परम ईश्वरी रूप दिखलाया । ९

वह अनेक मुख और आंखोंवाला, अनेक अद्‌भुत दर्शनवाला, अनेक दिव्य आभूषणवाला और अनेक उठाये हुए दिव्य शस्त्रोंवाला था । १०

उसने अनेक दिव्य मालाएँ और वस्त्र धारण कर रखे थे, जिसके दिव्य सुगंधित लेप लगे हुए थे । ऐसा वह सर्वप्रकारसे आश्चर्यमय, अनंत, सर्वव्यापी देव था । ११

आकाशमें हजार सूर्योंका तेज एकसाथ प्रकाशित हो उठे तो वह तेज उस महात्माके तेज-जैसा कदाचित हो । १२

वहां इस देवाधिदेवके शरीरमें पांडवने अनेक प्रकारसे विभक्त हुआ समूचा जगत एक रूपमें विद्यमान देखा। १३

फिर आश्चर्यचकित और रोमांचित हुए धनंजय सिर झुका, हाथ जोड़कर इस प्रकार बोले— १४

अर्जुन बोले—

हे देव ! आपकी देहमें मैं देवताओंको, भिन्न-भिन्न प्रकारके सब प्राणियोंके समुदायोंको, कमलासनपर विराजमान ईश ब्रह्माको, सब ऋषियोंको और दिव्य सर्पोंको देखता हूं। १५

आपको मैं अनेक हाथ, उदर, मुख और नेत्रयुक्त अनंत रूपवाला देखता हूं। आपका अंत नही है, न मध्य है, न आपका आदि है। हे विश्वेश्वर ! आपके विश्व-रूपका मैं दर्शन कर रहा हूं। १६

मुकुटधारी, गदाधारी, चक्रधारी, तेजके पुंज, सर्वत्र जगमगाती ज्योतिवाले, साथ ही कठिनाईसे दिखाई देने-वाले अपरिमित और प्रज्वलित अग्नि किंवा सूर्यके समान सभी दिशाओंमें देदीप्यमान आपको मैं देख रहा हूं। १७

आपको मैं जाननेयोग्य परम अक्षररूप, इस जगत-का अंतिम आधार, सनातन धर्मका अविनाशी रक्षक और सनातन पुरुष मानता हूं। १८

जिसका आदि, मध्य या अंत नहीं है, जिसकी शक्ति अनंत है, जिसके अनंत बाहु हैं, जिसके सूर्यचंद्ररूपी नेत्र हैं, जिसका मुख प्रज्वलित अग्निके समान ह और जो

अपने तेजसे इस जगतको तपा रहा है, ऐसे आपको मैं देख रहा हूं। १९

आकाश और पृथ्वीके बीचके इस अंतरमें और समस्त दिशाओंमें आप ही अकेले व्याप्त हो रहे हैं। हे महात्मन्! यह आपका अद्भूत उग्ररूप देखकर तीनों लोक थरथराते हैं। २०

और यह देवोंका संघ आपमें प्रवेश कर रहा है। भयभीत हुए कितने ही हाथ जोड़कर आपका स्तवन कर रहे है। महर्षि और सिद्धोंका समुदाय '(जगतका) कल्याण हो' कहता हुआ अनेक प्रकारसे आपका यश गा रहा है। २१

रुद्र, आदित्य, वसु, साध्यगण, विश्वेदेव, अश्विनी-कुमार, मरुत, गरम ही पीनेवाले पितर, गंधर्व, यक्ष असुर और सिद्धोंका संघ ये सभी विस्मित होकर आपको निरख रहे हैं। २२

हे महाबाहो! बहुत मुख और आंखोंवाला, बहुत हाथ, जंघा और पैरोंवाला, बहुत पेटोंवाला और बहुत दाढ़ोंके कारण विकराल दीखनेवाला विशाल रूप देख-कर लोक व्याकुल होगये हैं। वैसे ही मैं भी व्याकुल हो उठा हूं। २३

आकाशका स्पर्श करते, जगमगाते अनेक रंगोंवाले, खुले मुखवाले और विशाल तेजस्वी नेत्रवाले, आपको देखकर हे विष्णु! मेरा हृदय व्याकुल हो उठा है और मैं धैर्य या शांति नहीं रख सकता। २४

प्रलयकालके अग्निके समान और विकराल दाढ़ों-

वाला आपका मुख देखकर न मुझे दिशाएं जान पड़ती हैं न शांति मिलती है। हे देवेश ! हे जगन्निवास ! प्रसन्न होइये। २५

सब राजाओंके संघसहित, धृतराष्ट्रके ये पुत्र, भीष्म, द्रोणाचर्य, यह सूतपुत्र कर्ण और हमारे मुख्य योद्धा, विकराला दाढ़ोंवाले आपके भयानक मुखमें वेगपूर्वक प्रवेश कर रहे हैं। कितनोंके ही सिर चूर होकर आपके दांतोंके बीच में लगे हुए दिखाई देते हैं। २६-२७

जिस प्रकार नदियोंकी बड़ी धाराएँ समुद्रकी ओर दोड़ती हैं उस प्रकार आपके धधकते हुए मुखमें ये लोकनायक प्रवेश कर रहे हैं। २८

जलते हुए दीपकमें जैसे पतंग बढते हुए वेगसे पड़ते हैं, वैसे ही आपके मुखमें भी सब लोग बढ़ते हुए वेगसे प्रवेश कर रहे हैं। २९

सब लोकोंको सब ओरसे निगलकर आप अपने धधकते हुए मुखसे चाट रहे हैं। हे सर्वव्यापी विष्णु ! आपका उग्र प्रकाश समूचे जगतको तेजसे पूरित कर रहा है और तपा रहा है। ३०

उग्ररूप आप कौन हैं सो मुझसे कहिये। हे देववर ! आप प्रसन्न होइए। पाप जो आदि कारण हैं उन्हें मैं जानना चाहता हूं। आपकी प्रवृत्ति मैं नहीं जानता। ३१

श्रीभगवान बोले—

लोकोंका नाश करनेवाला, बढ़ा हुआ मैं काल हूं। लोकोंका नाश करनेके लिए यहां आया हूं। प्रत्येक

सेनामें जो ये सब योद्धा आये हुए हैं उनमेंसे कोई तेरे लड़नेसे इनकार करनेपर भी बचनेवाला नहीं है। ३२

इसलिए तू उठ खड़ा हो, कीर्ति प्राप्तकर, शत्रुको जीतकर धनधान्यसे भरा हुआ राज्य भोग। इन्हें मैंने पहलेसे ही मार रखा है। हे सव्यसाची! तू तो केवल निमित्तरूप बन। ३३

द्रोण, भीष्म, जयद्रथ, कर्ण और अन्यान्य योद्धाओं-को मैं मार ही चुका हूं। उन्हें तू मार। डर मत, लड़। शत्रुको तू रणमें जीतनेको है। ३४

संजयने कहा—

केशवके ये वचन सुनकर हाथ जोड़, कांपते, बार-बार नमस्कार करते हुए, डरते-डरते प्रणाम करके मुकुटधारी अर्जुन श्रीकृष्णसे गद्गद कंठसे इस प्रकार बोले। ३५

अर्जुन बोले—

हे हृषीकेश! आपका कीर्तन करके जगत को जो हर्ष होता है और आपके लिए जो अनुराग उत्पन्न होता है वह उचित ही है। भयभीत राक्षस इधर-उधर भाग रहे हैं और सिद्धोंका सारा समुदाय आपको नमस्कार कर रहा है। ३६

हे महात्मन्! वे आपको क्यों नमस्कार न करें? आप ब्रह्मासे भी बड़े आदिकर्ता हैं। हे अनंत, हे देवेश, हे जगन्निवास! आप अक्षर हैं, सत् हैं, असत् हैं और इससे जो परे है वह भी आप ही हैं। ३७

आप आदिदेव हैं। आप पुराण-पुरुष हैं। आप

इस विश्वके परम आश्रयस्थान हैं। आप जाननेवाले हैं और जानने योग्य हैं। आप परमधाम हैं। हे अनंतरूप ! इस जगतसे आप व्याप्त हो रहे हैं ३८

वायु, यम, अग्नि, वरुण, चंद्र, प्रजापति, प्रपितामह आप ही हैं। आपको हजारों बार नमस्कार पहुंचे और फिर-फिर आपको नमस्कार पहुंचे। ३९

हे सर्व ! आपको आगे, पीछे, सब ओरसे नमस्कार है। आपका वीर्य अनंत है, आपकी शक्ति अपार है, सब आप ही धारण करते हैं, इसलिए आप सर्व हैं। ४०

मित्र जानकर और आपकी यह महिमा न जानकर हे कृष्ण ! हे यादव ! हे सखा ! इस प्रकार संबोधन कर मुझसे भूलमें या प्रेममें भी जो अविवेक हुआ हो और विनोदार्थ खेलते, सोते, बैठते या खाते अथवा सोहबतमें आपका जो कुछ अपमान हुआ हो उसे क्षमा करनेके लिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूं। ४१-४२

स्थावरजंगम जगतके आप पिता हैं। आप उसके पूज्य और श्रेष्ठ गुरु हैं। आपके समान कोई नहीं है तो आपसे अधिक तो कहांसे हो सकता है ? तीनों लोकमें आपके इस सामर्थ्यका जोड़ नहीं है। ४३

इसलिए साष्टांग नमस्कार करके आपसे, पूज्य ईश्वर से प्रसन्न होनेकी प्रार्थना करता हूं। हे देव ! जिस तरह पिता पुत्रको, सखा सखाको सहन करता है वैसे आप मेरे प्रिय होनेके कारण मेरे कल्याणके लिए मुझे सहन करने योग्य हैं। ४४

पहले न देखा हुआ आपका ऐसा रूप देखकर मेरे

रोएं खड़े होगये हैं और भयसे मेरा मन व्याकुल हो गया है। इसलिए हे देव ! अपना पहलेका रूप दिखलाइये। हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप प्रसन्न होइये। ४५

पूर्वकी भांति आपका—मुकुट, गदा, चक्रधारीका दर्शन करना चाहता हूं ! हे सहस्रबाहु ! हे विश्वमूर्ति ! अपना चतुर्भुजरूप धारण कीजिये। ४६

श्रीभगवान बोले—

हे अर्जुन ! तुझपर प्रसन्न होकर तुझे मैंने अपनी शक्तिसे अपना तेजोमय, विश्वव्यापी, अनंत, परम, आदिरूप दिखाया है। यह तेरे सिवा और किसीने पहले नहीं देखा है। ४७

हे कुरुप्रवीर ! वेदाभ्यास से, यज्ञसे, अन्यान्य शास्त्रोंके अध्ययनसे, दानसे, क्रियाओंसे, या उग्र तपोंसे तेरे सिवा दूसरा कोई यह मेरा रूप देखनेमें समर्थ नहीं है। ४८

यह मेरा विकराल रूप देखकर तू घबरा मत, मोहमें मत पड़। डर छोड़कर शांतिचित्त हो और यह मेरा परिचित रूप फिर देख। ४९

संजयने कहा—

यों वासुदेवने अर्जुनसे कहकर अपना रूप फिर दिखाया और फिर शांत मूर्ति धारण करके भयभीत अर्जुनको उस महात्माने आश्वासन दिया। ५०

अर्जुन बोले—

हे जनार्दन ! यह आपका सौम्य मानवस्वरूप देख-

कर अब मैं शांत हुआ हूं और ठिकाने आगया हूं। ५१

श्रीभगवान बोले—

जो मेरा रूप तूने देखा उसके दर्शन बहुत दुर्लभ हैं। देवता भी वह रूप देखनेको तरसते रहते हैं। ५२

जो मेरे दर्शन तूने किये हैं वह दर्शन न वेदसे, न तपसे, न दानसे अथवा न यज्ञसे हो सकते हैं। ५३

परंतु हे अर्जुन ! हे परंतप ! मेरे संबंधमें ऐसा ज्ञान, ऐसे मेरे दर्शन और मुझमें वास्तविक प्रवेश केवल अनन्य भक्तिसे ही संभव है। ५४

हे पांडव ! जो सब कर्म मुझे समर्पण करता है, मुझमें परायण रहता है, मेरा भक्त बनता है, आसक्ति-का त्याग करता है और प्राणीमात्रमें द्वेषरहित होकर रहता है, वह मुझे पाता है। ५५

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'विश्व-रूपदर्शनयोग' नामक ग्यारहवां अध्याय।

: १२ :

भक्तियोग

पुरुषोत्तमके दर्शन अनन्यभक्तिसे ही होते हैं, भगवानके इस वचनके बाद तो भक्तिका स्वरूप ही सामने आना चाहिए। यह बारहवां अध्याय सबको कंठ कर लेना चाहिए। यह छोटे-

से-छोटे अध्यायोंमें एक है। इसमें दिये हुए भक्तके लक्षण नित्य मनन करनेयोग्य हैं।

अर्जुन बोले—

इस प्रकार जो भक्त आपका निरंतर ध्यान धरते हुए आपकी उपासना करते हैं और जो आपके अविनाशी अव्यक्त स्वरूपका ध्यान धरते हैं, उनमेंसे कौन योगी श्रेष्ठ माना जायगा ? १

श्रीभगवान बोले—

नित्य ध्यान करते हुए, मुझमें मन लगाकर जो श्रद्धापूर्वक मेरी उपासना करता है उसे मैं श्रेष्ठ योगी मानता हूं। २

सब इंद्रियोंको वशमें रखकर, सर्वत्र समत्वका पालन करके जो दृढ़, अचल, धीर, अचिंत्य, सर्वव्यापी, अव्यक्त, अवर्णनीय, अविनाशी स्वरूपकी उपासना करते हैं, वे सारे प्राणियोंके हितमें लगे हुए मुझे ही पाते हैं। ३-४

जिसका चित्त अव्यक्त में लगा हुआ है उन्हें कष्ट अधिक है। अव्यक्त गतिको देहधारी कष्टसे ही पा सकता है। ५

टिप्पणी—देहधारी मनुष्य अमूर्त स्वरूपकी केवल कल्पना ही कर सकता है, पर उसके पास अमूर्त स्वरूपके लिए एक भी निश्चयात्मक शब्द नहीं है, इसलिए उसे निषेधात्मक 'नेति' शब्दसे संतोष करना ठहरा। इस दृष्टिसे मूर्तिपूजाका निषेध करनेवाले भी सूक्ष्मरीतिसे विचारा जाय तो मूर्तिपूजक ही होते हैं। पुस्तकको

पूजा करना, मंदिरमें जाकर पूजा करना, एक ही दिशा-में मुख रखकर पूजा करना, ये सभी साकार पूजाके लक्षण हैं। तथापि साकारके उस पार निराकार अचिंत्य स्वरूप है, इतना तो सबके समझ लेनेमें ही निस्तार है। भक्तिकी पराकाष्ठा यह है कि भक्त भगवानमें विलीन हो जाय और अंतमें केवल एक अद्वितीय अरूपी भगवान ही रह जाय। पर इस स्थितिको साकारद्वारा सुलभतासे पहुंचा जा सकता है, इसलिए निराकारको सीधे पहुंचनेका मार्ग कष्टसाध्य बतलाया है।

परंतु हे पार्थ ! जो मुझमें परायण रहकर, सब कर्म मुझे समर्पण करके, एक निष्ठासे मेरा ध्यान धरते हुए मेरी उपासना करते हैं और मुझमें जिनका चित्त पिरोया हुआ है उन्हें मृत्युरूपी संसार-सागरसे मैं झटपट पार कर लेता हूं। ६-७

अपना मन मुझमें लगा, अपनी बुद्धि मुझमें रख, इससे इस (जन्म) के बाद निःसंशय मुझे ही पावेगा। ८

जो तू मुझमें अपना मन स्थिर करनेमें असमर्थ हो तो, हे धनंजय ! अभ्यासयोगद्वारा मुझे पानेकी इच्छा रखना। ९

ऐसा अभ्यास रखनेमें भी तू असमर्थ हो तो कर्म-मात्र मुझे अर्पण कर और इस प्रकार मेरे निमित्त कर्म करते-करते भी तू मोक्ष पावेगा। १०

और जो मेरे निमित्त कर्म करनेभरकी भी तेरी शक्ति न हो तो यत्नपूर्वक सब कर्मोंके फलका त्याग कर। ११

अभ्यासमार्गसे ज्ञानमार्ग श्रेयस्कर है। ज्ञानमार्गसे ध्यानमार्ग विशेष है और ध्यानमार्गसे कर्मफलत्याग श्रेष्ठ है; क्योंकि इस त्यागके अंतमें तुरंत शांति हो होती है। १२

टिप्पणी—अभ्यास अर्थात् चित्तवृत्तिनिरोधकी साधना; ज्ञान अर्थात् श्रवण-मननादि; ध्यान अर्थात् उपासना। इसके फलस्वरूप यदि कर्मफलत्याग न दिखाई दे तो वह अभ्यास अभ्यास नही है, ज्ञान ज्ञान नही है और ध्यान ध्यान नहीं है।

जो प्राणीमात्रके प्रति द्वेषरहित, सबका मित्र, दयावान, ममतारहित, अहंकाररहित, सुख-दुःखमें समान, क्षमावान, सदा संतोषी, योगयुक्त, इंद्रियनिग्रही और दृढ़निश्चयी है और मुझमें जिसने अपनी बुद्धि और मन अर्पण कर दिया है, ऐसा मेरा भक्त मुझे प्रिय है। १३-१४

जिससे लोग उद्वेग नही पाते, जो लोगोसे उद्वेग नहीं पाता; जो हर्ष, क्रोध, ईर्ष्या, भय, उद्वेगसे मुक्त है, वह मुझे प्रिय है। १५

जो इच्छारहित है, पवित्र है, दक्ष (सावधान) है, तटस्थ है, चिंतारहित है, संकल्पमात्रका जिसने त्याग किया है वह मेरा भक्त है, वह मुझे प्रिय है। १६

जिसे हर्ष नहीं होता, जो द्वेष नहीं करता, जो चिंता नहीं करता, जो आशाएं नही बांधता, जो शुभा-शुभका त्याग करनेवाला है, वह भक्तिपरायण मुझे प्रिय है। १७

शत्रु-मित्र, मान-अपमान, शीत-उष्ण, सुख-दुःख—इन सबमें जो समतावान है, जिसने आसक्ति छोड़ दी है, जो निंदा और स्तुतिमें समान भावसे बर्तता है और मौन धारण करता है, चाहे जो मिले उससे जिसे संतोष है, जिसका कोई अपना निजी स्थान नहीं है, जो स्थिर चित्तवाला है, ऐसा मुनि भक्त मुझे प्रिय है। १८-१६

यह पवित्र अमृतरूप ज्ञान जो मुझमें परायण रहकर श्रद्धापूर्वक सेवन करते हैं वे मेरे अतिशय प्रिय भक्त हैं। २०

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् अर्थात् ब्रह्म विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'भक्ति योग' नामक बारहवां अध्याय।

: १३ :

क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग

इस अध्यायमें शरीर और शरीरीका भेद बतलाया है।

श्रीभगवान बोले—

हे कौंतेय! यह शरीर क्षेत्र कहलाता है और इसे जो जानता है उसे तत्त्वज्ञानी लोग क्षेत्रज्ञ कहते हैं। १

और हे भारत! समस्त क्षेत्रों—शरीरों—में स्थित मुझको क्षेत्रज्ञ जान। मेरा मत है कि क्षेत्र और क्षेत्रज्ञके भेदका ज्ञान ही ज्ञान है। २

यह क्षेत्र क्या है, कैसा है, कैसे विकारवाला है, कहांसे है और क्षेत्रज्ञ कौन है, उसकी शक्ति क्या है, यह मुझसे संक्षेपमें सुन। ३

विविध छंदोंमें, भिन्न-भिन्न प्रकारसे और उदाहरण युक्तियोंद्वारा, निश्चययुक्त ब्रह्मसूचक वाक्योंमें ऋषियोंने इस विषयको बहुत गाया है। ४

महाभूत, अहंता, बुद्धि, प्रकृति, दस इंद्रियां, एक मन, पांच विषय, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, संघात, चेतनशक्ति, धृति—यह अपने विकारोंसहित क्षेत्र संक्षेप में कहा है। ५-६

टिप्पणी—महाभूत पांच हैं—पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश। अहंकार शरीरके प्रति विद्यमान अहंता, अहंपना। अव्यक्त अर्थात् अदृश्य रहनेवाली माया, प्रकृति। दस इंद्रियोंमें पांच ज्ञानेंद्रियां—नाक, कान, आंख, जीभ और चाम, तथा पांच कर्मेंद्रिय—हाथ, पैर, मुंह और दो गुह्येंद्रियां। पांच गोचर अर्थात् पांच ज्ञानेंद्रियोंके पांच विषय—सूघना, सुनना, देखना चखना और छूना। संघात अर्थात् शरीरके तत्त्वोंकी परस्पर संहयोग करने की शक्ति। धृति अर्थात् धैर्यरूपी सूक्ष्म गुण नहीं, किंतु इस शरीरके परमाणुओंका एक दूसरेसे सटे रहनेका गुण। यह गुण अहंभावके कारण ही संभव है और यह अहंता अव्यक्त प्रकृतिमें विद्यमान है। मोहरहित मनुष्य इस अहंताका ज्ञानपूर्वक त्याग करता है और इस कारण मृत्युके समय या दूसरे आघातोंसे वह दुःख नहीं पाता। ज्ञानी-अज्ञानी सबको,

अंतमें तो, इस विकारी क्षेत्रका त्याग किये ही निस्तार है।

अमानित्वत्व, अदंभित्व, अहिंसा, क्षमा, सरलता, आचार्यकी सेवा, शुद्धता, स्थिरता, आत्मसंयम, इंद्रियोंके विषयोंमें वैराग्य, अहंकाररहितता, जन्म, मरण, जरा, व्याधि, दुःख और दोषोंका निरंतर भान, पुत्र, स्त्री और गृह आदिमें मोह तथा ममताका अभाव, प्रिय और अप्रियमें नित्य समभाव, मुझमें अनन्य ध्यानपूर्वक एकनिष्ठ भक्ति, एकांत स्थान का सेवन, जनसमूहमें सम्मिलित होनेकी अरुचि, आध्यात्मिक ज्ञानकी नित्यता-का भान और आत्मदर्शन—यह सब ज्ञान कहलाता है। इससे जो उल्टा है वह अज्ञान है। ७-११

जिसे जाननेवाले मोक्ष पाते हैं वह ज्ञेय क्या है, सो तुझसे कहूंगा। वह अनादि परब्रह्म है, वह न सत् कहा जा सकता है न असत् कहा जा सकता है। १२

टिप्पणी—परमेश्वरको सत् या असत् भी नही कहा जा सकता। किसी एक शब्दसे उसकी व्याख्या या परिचय नहीं हो सकता, ऐसा वह गुणातीत स्वरूप है।

जहां देखो वहीं उसके हाथ, पैर, आंखें, सिर, मुंह और कान हैं। सर्वत्र व्याप्त होकर वह इस लोकमें विद्यमान है। १३

सब इंद्रियोंके गुणोंका आभास उसमें मिलता है तो भी वह स्वरूप इंद्रियरहित और सबसे अलिप्त है, तथापि सबको धारण करनेवाला है। वह गुणरहित होनेपर भी गुणोंका भोक्ता है। १४

वह भूतोंके बाहर है और अंदर भी है। वह गतिमान है और स्थिर भी है। सूक्ष्म होनेके कारण वह अविज्ञेय है। वह दूर है और समीप भी है। १५

टिप्पणी—जो उसे पहचानता है वह उसके अंदर है। गति और स्थिरता, शांति और अशांति हम लोग अनुभव करते हैं और सब भाव उसीमेंसे उत्पन्न होते हैं, इसीलिए वह गतिमान और स्थिर है।

भूतोंमें वह अविभक्त है और विभक्त-सरीखा भी विद्यमान है। वह जाननेयोग्य (ब्रह्म) प्राणियोंका पालक नाशक और कर्ता है। १६

ज्योतियोंकी भी वह ज्योति है, अंधकारसे वह पर कहा जाता है। ज्ञान वही है, जाननेयोग्य वही है और ज्ञानसे जो प्राप्त होता है वह भी वही है। वह सबके हृदयमें मौजूद है। १७

इस प्रकार क्षेत्र, ज्ञान और ज्ञेयके विषयमें मैंने संक्षेपमें बतलाया। इसे जानकर मेरा भक्त मेरे भावको पाने योग्य बनता है। १८

प्रकृति और पुरुष दोनोंको अनादि जान। विकार और गुणोंको प्रकृतिसे उत्पन्न हुआ जान। १९

कार्य और कारणका हेतु प्रकृति कही जाती है और पुरुष सुख-दुःखके भोगमें हेतु कहा जाता है। २०

प्रकृतिमें रहनेवाला पुरुष प्रकृतिसे उत्पन्न होनेवाले गुणोंको भोगता है और यह गुणसंग भली-बुरी योनिमें उसके जन्मका कारण बनता है। २१

टिप्पणी—प्रकृतिको हम लोग लौकिक भाषामें

मायाके नामसे पुकारते हैं । पुरुष जीव है । माया अर्थात् मूलस्वभावके वशीभूत हो जीव सत्त्व, रजस् या तमस्से होनेवाले कार्योंका फल भोगता है और इससे कर्मानुसार पुनर्जन्म पाता है।

इस देहमें स्थित जो परमपुरुष है वह सर्वसाक्षी, अनुमतिदेनेवाला, भर्ता, भोक्ता, महेश्वर और परमात्मा भी कहलाता है । २२

जो मनुष्य इस प्रकार पुरुष और गुणमयी प्रकृति को जानता है, वह सब प्रकारसे कार्य करता हुआ भी फिर जन्म नहीं पाता । २३

टिप्पणी—२, ९, १२ और अन्यान्य अध्यायोंकी सहायतासे हम जान सकते हैं कि यह श्लोक स्वेच्छाचार-का समर्थन करनेवाला नही है, बल्कि भक्तिकी महिमा बतलानेवाला है । कर्ममात्र जीवके लिए बंधनकर्ता हैं, किंतु यदि वह सब कर्म परमात्माको अर्पण कर दे तो वह बंधनमुक्त हो जाता है और इस प्रकार जिसमेंसे कर्तृत्वरूपी अहंभाव नष्ट होगया है और जो अंतर्यामीको चौबीसों घंटे पहचान रहा है वह पापकर्म कर ही नही सकता । पापका मूल ही अभिमान है । जहां 'मैं' नही है वहां पाप नहीं है । यह श्लोक पापकर्म न करनेकी युक्ति बतलाता है ।

कोई ध्यानमार्गसे आत्माद्वारा आत्माको अपनेमें देखता है; कितने ही ज्ञानमार्गसे और दूसरे कितने ही कर्ममार्गसे । २४

और कोई इन मार्गोंको न जाननेके कारण दूसरोंसे

परमात्माके विषयमें सुनकर, सुने हुएपर श्रद्धा रखकर और उसमें परायण रहकर उपासना करते हैं और वे भी मृत्युको तर जाते हैं । २५

जो कुछ चर या अचर वस्तु उत्पन्न होती है वह हे भरतर्षभ ! क्षेत्र और क्षेत्रज्ञके अर्थात् प्रकृति और पुरुषके संयोगसे उत्पन्न हुई जान । २६

समस्त नाशवान प्राणियोंमें अविनाशी परमेश्वरको समभावसे मौजूद जो जानता है वही उसका जाननेवाला है । २७

जो मनुष्य ईश्वरको सर्वत्र समभावसे अवस्थित देखता है वह अपने-आपका घात नहीं करता और इससे परमगतिको पाता है । २८

टिप्पणी—समभावसे अवस्थित ईश्वरको देखनेवाला आप उसमें विलोन हो जाता है और अन्य कुछ नहीं देखता । इसलिए विकारवश न होकर मोक्ष पाता है, अपना शत्रु नहीं बनता ।

सर्वत्र प्रकृति ही कर्म करती है, ऐसा जो समझता है और इसीलिए आत्माको अकर्तारूप जानता है वही जानता है २९

टिप्पणी—कैसे, जैसे कि सोते हुए मनुष्यका आत्मा निद्राका कर्ता नहीं है, किंतु प्रकृति निद्राका कर्म करती है। निर्विकार मनुष्य के नेत्र कोई गंदगी नहीं देखते । प्रकृति व्यभिचारिणी नहीं है। अभिमानी पुरुष जब उसका स्वामी बनता है तब उस मिलापमेंसे विषय-विकार उत्पन्न होते हैं ।

जब वह जीवोंका अस्तित्व पृथक् होनेपर भी एकमें ही स्थित देखता है और इसीलिए सारे विस्तारको उसीसे उत्पन्न हुआ समझता है तब वह ब्रह्मको पाता है। ३०

टिप्पणी—अनुभवसे सब कुछ ब्रह्ममें ही देखना ब्रह्मको प्राप्त करना है। उस समय जीव शिवसे भिन्न नहीं रह जाता।

हे कौंतेय! यह अविनाशी परमात्मा अनादि और निर्गुण होनेके कारण शरीरमें रहता हुआ भी न कुछ करता और न किसीसे लिप्त होता है। ३१

जिस प्रकार सूक्ष्म होनेके कारण सर्वव्यापी आकाश लिप्त नहीं होता, वैसे सब देहमें रहनेवाला आत्मा लिप्त नहीं होता। ३२

जैसे एक ही सूर्य इस समूचे जगतको प्रकाश देता है, वैसे हे भारत! क्षेत्री समूचे क्षेत्रको प्रकाशित करता है। ३३

जो ज्ञानचक्षुद्वारा क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका भेद और प्रकृतिके बंधनसे प्राणियोंकी मुक्ति कैसे होती है यह जानता है वह ब्रह्मको पाता है। ३४

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'क्षेत्र-क्षेत्रज्ञविभागयोग' नामक तेरहवां अध्याय।

: १४ :

गुणत्रयविभागयोग

गुणमयी प्राकृतिका थोड़ा परिचय करानेके बाद स्वभावतः तीनों गुणोंका वर्णन इस अध्यायमें आता है और यह करते हुए गुणातीतके लक्षण भगवान गिनाते हैं। दूसरे अध्यायमें जो लक्षण स्थितप्रज्ञके दिखाई देते हैं, बारहवेंमें जो भक्तके दिखाई देते हैं, वैसे इसमें गुणातीतके हैं।

श्रीभगवान बोले—

ज्ञानोंमें जिस उत्तम ज्ञानका अनुभव करके सब मुनियोंने यह शरीर छोड़नेपर परम गति पाई है वह मैं तुझसे फिर कहूंगा। १

इस ज्ञानका आश्रय लेकर जिन्होंने मेरे भावको प्राप्त किया है उन्हें उत्पत्तिकालमें जन्मना नहीं पड़ता और प्रलयकालमें व्यथा भोगनी नहीं पड़ती। २

हे भारत! महद्ब्रह्म अर्थात् प्रकृति मेरी योनि है। उसमें मैं गर्भाधान करता हूं और उससे प्राणीमात्रकी उत्पत्ति होती है। ३

हे कौंतेय! सब योनियोंमें जिन-जिन प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है उनकी उत्पत्तिका स्थान मेरी प्रकृति है और उसमें बीजारोपण करनेवाला पिता—पुरुष—मैं हूं।

हे महाबाहो! सत्त्व, रजस् और तमस् प्रकृतिसे उत्पन्न होनेवाले गुण हैं। वे अविनाशी देहधारी—जीव— को देहके संबंधमें बांधते हैं। ४

इनमें सत्त्वगुण निर्मल होनेके कारण प्रकाशक और आरोग्यकर है, और हे अनघ ! वह देहीको सुखके और ज्ञानके संबंधमें बांधता है । ६

हे कौंतेय ! रजोगुण रागरूप होनेसे तृष्णा और आसक्तिका मूल है, वह देहधारीको कर्मपाशमें बांधता है । ७

हे भारत ! तमोगुण अज्ञानमूलक है । वह देहधारीमात्रको मोहमें डालता है और वह देहीको असावधानी, आलस्य तथा निद्राके पाशमें बांधता है । ८

हे भारत ! सत्त्व आत्माको शांतिसुखका संग कराता है, रजस् कर्मका और तमस् ज्ञानको ढककर प्रमादका संग कराता है । ९

हे भारत ! जब रजस् और तमस् दबते हैं तब सत्त्व ऊपर आता है; सत्त्व और तमस् दबते है तब रजस् और सत्त्व तथा रजस् दबते हैं तब तमस् उभरता है । १०

सब इंद्रियोंद्वारा इस देहमें जब प्रकाश और ज्ञानका उद्भव होता है तब सत्त्वगुणकी वृद्धि हुई है, ऐसा जानना चाहिए । ११

हे भरतर्षभ ! जब रजोगुणकी वृद्धि होती है तब लोभ प्रवृत्ति, कर्मोंका आरंभ, अशांति और इच्छाका उदय होता है । १२

हे कुरुनंदन । जब तमोगुणकी वृद्धि होती है तब अज्ञान, मंदता, असावधानी और मोह उत्पन्न होता है । १३

सत्त्वगुणकी वृद्धि हुई होनेपर देहधारी मरता है तो वह उत्तम ज्ञानियोंके निर्मल लोकको पाता है। १४

रजोगुणमें मृत्यु होनेपर देहधारी कर्मसंगीके लोकमें जन्मता है और तमोगुणमें मृत्यु पानेवाला मूढ़योनि में जन्मता है। १५

टिप्पणी—कर्मसंगीसे तात्पर्य है मनुष्यलोक और मूढ़योनिसे तात्पर्य पशु इत्यादि लोक।

सत्कर्मका फल सात्त्विक और निर्मल होता है। राजसी कर्मका फल दुःख होता है और तामसी कर्मका फल अज्ञान होता है। १६

टिप्पणी—जिसे हम लोग सुख-दुःख मानते हैं यहां उस सुख-दुःखका उल्लेख नहीं समझना चाहिए। सुखसे मतलब है आत्मानंद, आत्मप्रकाश। इससे जो उल्टा है वह दुःख है। १७ वें श्लोकमें यह स्पष्ट हो जाता है।

सत्त्वगुणमेंसे ज्ञान उत्पन्न होता है। रजोगुणमेंसे लोभ और तमोगुणमेंसे असावधानी, मोह और अज्ञान उत्पन्न होता है। १७

सात्त्विक मनुष्य ऊंचे चढ़ते हैं, राजसी मध्यमें रहते हैं और अंतिम गुणवाले तामसी अधोगति पाते हैं। १८

ज्ञानी जब ऐसा देखता है कि गुणोंके सिवा और कोई कर्त्ता नहीं है और जो गुणोंसे पर है उसे जानता है तब वह मेरे भावको पाता है। १९

टिप्पणी—गुणोंको कर्त्ता माननेवालेको अहंभाव होता ही नहीं। इससे उसके सब काम स्वाभाविक

और शरीरयात्राभरके लिए होते हैं। और शरीरयात्रा परमार्थके लिए ही होती है, इसलिए उसके सारे कामोंमें निरंतर त्याग और वैराग्य होना चाहिए। ऐसा ज्ञानी स्वभावतः गुणोंसे परे निर्गुण ईश्वरकी भावना करता और उसे भजता है।

देहके संगसे उत्पन्न होनेवाले इन तीन गुणोंको पार करके देहधारी जन्म, मृत्यु और जराके दुःखसे छूट जाता है और मोक्ष पाता है। २०

अर्जुन बोले—

हे प्रभो! इन गुणोंको तर जानेवाला किन लक्षणोंसे पहचाना जाता है? उसके आचार क्या होते हैं? और वह तीनों गुणोंको किस प्रकार पार करता है? २१

श्रीभगवान बोले—

हे पांडव! प्रकाश, प्रवृत्ति और मोह प्राप्त होनेपर जो दुःख नहीं मानता और इनके प्राप्त न होनेपर इनकी इच्छा नहीं करता, उदासीनकी भांति जो स्थिर है, जिसे गुण विचलित नही करते, गुण ही अपना काम कर रहे हैं यह मानकर जो स्थिर रहता है और विचलित नहीं होता, जो सुख-दुःख में सम रहता है, स्वस्थ रहता है, मिट्टीके ढेले, पत्थर और सोनेको समान समझता है, प्रिय अथवा अप्रिय वस्तु प्राप्त होनेपर एकसमान रहता है, ऐसा बुद्धिमान जिसे अपनी निंदा या स्तुति समान है, जिसे मान और अपमान समान है, जो मित्रपक्ष और शत्रुपक्षमें समानभाव रखता है और जिसने समस्त आरंभोंका त्याग कर दिया है, वह गुणा-

तीत कहलाता है । २२-२५

टिप्पणी—२२ से २५ तकके श्लोक एकसाथ विचारने योग्य हैं । प्रकाश, प्रवृत्ति और मोह पिछले श्लोकमें कहे अनुसार क्रमसे सत्त्व, रजस् और तमस्के परिणाम अथवा चिह्न हैं । कहनेका तात्पर्य यह है कि जो गुणोंको पार कर गया है उसपर उस परिणामका कोई प्रभाव नहीं पड़ता । पत्थर प्रकाशकी इच्छा नहीं करता, न प्रवृत्ति या जड़ताका द्वेष करता है । उसे बिना चाहे शांति है, उसे कोई गति देता है तो वह उसका द्वेष नहीं करता । गति देनेके बाद उसे ठहरा करके रख देता है तो इससे, प्रवृत्ति—गति बंद होगई, मोह—जड़ता प्राप्त हुई, ऐसा सोचकर वह दुखी नहीं होता, वरन् तीनों स्थितियोंमें वह एकसमान बर्तता है । पत्थर और गुणातीतमें अंतर यह है कि गुणातीत चेतनमय है और उसने ज्ञानपूर्वक गुणोंके परिणामों-का—स्पर्शका त्याग किया है और जड़—पत्थर-सा बन गया है । पत्थर गुणोंका अर्थात् प्रकृतिके कार्योंका साक्षी है, पर कर्त्ता नहीं है, वैसे ज्ञानी उसका साक्षी रहता है, कर्त्ता नहीं रह जाता । ऐसे ज्ञानीके संबंधमें यह कल्पना की जा सकती है कि वह २३वें श्लोकके कथनानुसार 'गुण अपना काम किया करते हैं' यह मानता हुआ विचलित नहीं होता और अचल रहता है, उदासीन-सा रहता है—अडिग रहता है । यह स्थिति गुणोंमें तन्मय हुए हम लोग धैर्यपूर्वक केवल कल्पना करके समझ सकते हैं, अनुभव नहीं कर सकते ।

परंतु उस कल्पनाको दृष्टिमें रखकर हम 'मैं'पनेको दिन-दिन घटाते जायं तो अंत में गुणातीतकी अवस्थाके समीप पहुंचकर उसकी झांकी कर सकते हैं। गुणातीत अपनी स्थितिका अनुभव करता है, वर्णन नहीं कर सकता। जो वर्णन कर सकता है वह गुणातीत नहीं है, क्योंकि उसमें अहंभाव मौजूद है। जिसे सब लोग सहजमें अनुभव कर सकते है वह शांति, प्रकाश, 'धांधल'—प्रवृत्ति और जड़ता—मोह है। गीतामें स्थान-स्थानपर इसे स्पष्ट किया है कि सात्त्विकता गुणातीतके समीप-से-समीपकी स्थिति है। इसलिए मनुष्यमात्रका प्रयत्न सत्त्वगुणके विकास करनेका है। यह विश्वास रखे कि उसे गुणातीतता अवश्य प्राप्त होगी।

जो एकनिष्ठ भक्तियोगद्वारा मुझे सेता है वह इन गुणोंको पार करके ब्रह्मरूप बननेयोग्य होता है। २६

और ब्रह्मकी स्थिति मैं ही हूं, शाश्वत मोक्षकी स्थिति मैं हूं। वैसे ही सनातन धर्मकी और उत्तम सुखकी स्थिति भी मैं ही हूं।

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'गुणत्रयविभागयोग' नामक चौदहवां अध्याय।

: १५ :

पुरुषोत्तमयोग

भगवानने इस अध्यायमें क्षर और अक्षरसे परे अपना उत्तम स्वरूप समझाया है।

श्रीभगवान बोले—

जिसका मूल ऊंचे है, जिसकी शाखा नीचे है और वेद जिसके पत्ते हैं, ऐसे अविनाशी अश्वत्थ वृक्षका बुद्धिमान लोगोंने वर्णन किया है, इसे जो जानते हैं वे वेदके जाननेवाले ज्ञानी हैं। १

टिप्पणी—'श्वः' का अर्थ है आनेवाला कल। इसलिए अश्वत्थका मतलब है आगामी कलतक न टिकनेवाला क्षणिक संसार। संसारका प्रतिक्षण रूपांतर हुआ करता है, इससे वह अश्वत्थ है; परंतु ऐसी स्थितिमें वह सदा रहनेवाला होनेके कारण तथा उसका मूल ऊर्ध्व अर्थात् ईश्वर है, इस कारण वह अविनाशी है। उसमें यदि वेद अर्थात् धर्मके शुद्ध ज्ञानरूपी पत्ते न हों तो वह शोभा नहीं दे सकता। इस प्रकार संसारका यथार्थ ज्ञान जिसे है और जो धर्मको जाननेवाला है वह ज्ञानी है।

गुणोंके स्पर्शद्वारा बढ़ी हुई और विषयरूपी कोपलोंवाली उस अश्वत्थकी डालियां नीचे-ऊपर फैली हुई हैं; कर्मोंका बंधन करनेवाली उसकी जड़ें मनुष्यलोकमें नीचे फैली हुई हैं। २

टिप्पणी—यह संसारवृक्षका अज्ञानीकी दृष्टिवाला

वर्णन है। उसके ऊंचे ईश्वरमें रहनेवाले मूलको वह नहीं देखता, बल्कि विषयोंकी रमणीयतापर मुग्ध रहकर तीनों गुणोंद्वारा इस वृक्षका पोषण करता है और मनुष्यलोकमें कर्मपाशमें बंधा हुआ रहता है।

उसका यथार्थ स्वरूप देखनेमें नहीं आता। उसका अंत नही है, आदि नही है, नीव नही है। खूब गहराईतक गई हुई जड़ोंवाले इस अश्वत्थवृक्षको असंगरूपी बलवान शस्त्रसे काटकर मनुष्य यह प्रार्थना करे—'जिसने सनातन प्रवृत्ति—माया—को फैलाया है उस आदि पुरुषकी मैं शरण जाता हूं।' और उस पदको खोजे जिसे पानेवालेको पुन जन्ममरणके फेरमें पडना नही पड़ता। ३-४

टिप्पणी—असंगसे मतलब है असहयोग, वैराग्य। जबतक मनुष्य विषयोंसे असहयोग न करे, उनके प्रलोभनोंसे दूर न रहे तबतक वह उनमें फंसता ही रहेगा। इस श्लोकका आशय यह है कि विषयोके साथ खेल खेलना और उनसे अछूते रहना यह अनहोनी बात है।

जिसने मान-मोहका त्याग किया है, जिसने आसक्तिसे होनेवाले दोषोंको दूर किया है, जो आत्मामें नित्य निमग्न है; जिसके विषय शांत होगये हैं, जो सुखदुःखरूपी द्वन्द्वोंसे मुक्त है वह ज्ञानी अविनाशी पदको पाता है। ५

जहां सूर्यको, चंद्रको या अग्निको प्रकाश नहीं देना पड़ता, जहां जानेवालेको फिर जन्मना नहीं पड़ता, वह मेरा परमधाम है। ६

मेरा ही सनातन अंश जीवलोकमें जीव होकर प्रकृतिमें रहनेवाली पांच इंद्रियोंको और मनको आकर्षित करता है। ७

(जीव बना हुआ यह मेरा अंशरूपी) ईश्वर जब शरीर धारण करता है या छोड़ता है तब यह उसी तरह (मनके साथ इंद्रियोंको) साथ ले जाता है जैसे वायु आसपासके मंडलमेंसे गंध ले जाता है। ८

और वह कान, आंख, त्वचा, जीभ, नाक और मनका आश्रय लेकर विषयोंका सेवन करता है। ९

टिप्पणी—यहां 'विषय' शब्दका अर्थ बीभत्स विलास नहीं है, बल्कि प्रत्येक इंद्रियकी स्वाभाविक क्रिया है, जैसे आंखका विषय है देखना, कानका सुनना, जीभका चखना। ये क्रियाएं जब विकारवाली, अहंभाववाली होती हैं तब दूषित—बीभत्स ठहरती हैं। जब निर्विकार होती है तब वे निर्दोष हैं। बच्चा आंख से देखता या हाथसे छूता हुआ विकार नहीं पाता, इसलिए नीचेके श्लोकमें कहते हैं—

(शरीरका) त्याग करनेवाले या उसमें रहनेवाले अथवा गुणोंका आश्रय लेकर भोग भोगनेवालेको (इस अंशरूपी ईश्वरको), मूर्ख नहीं देखते, किंतु दिव्यचक्षु ज्ञानी देखते हैं। १०

यत्न करते हुए योगीजन अपनेमें स्थित (इस ईश्वर) को देखते हैं। जिन्होंने आत्म-शुद्धि नहीं की है, ऐसे मूढ़जन यत्न करते हुए भी इसे नहीं पहचानते। ११

टिप्पणी—इसमें और नवें अध्यायमें दुराचारीको भगवानने जो वचन दिया है उसमें विरोध नहीं है। अकृतात्मासे तात्पर्य है भक्तिहीन, स्वेच्छाचारी, दुराचारी। जो नम्रतापूर्वक श्रद्धासे ईश्वरको भजता है वह आत्मशुद्ध हो जाता है और ईश्वरको पहचानता है। जो यम-नियमादिकी परवा न कर केवल बुद्धिप्रयोगसे ईश्वरको पहचानना चाहते हैं, वे अचेता—चित्तसे रहित, रामसे रहित, रामको नही पहचान सकते।

सूर्यमें विद्यमान जो तेज समूचे जगतको प्रकाशित करता है और जो तेज चंद्रमें तथा अग्निमें विद्यमान है, वह मेरा है, ऐसा जान। १२

पृथ्वीमें प्रवेश करके अपनी शक्तिसे मै प्राणियोंको धारण करता हूं और रसोंको उत्पन्न करनेवाला चंद्र बनकर समस्त वनस्पतियोंका पोषण करता हूं। १३

प्राणियोंके शरीरका आश्रय लेकर जठराग्नि होकर प्राण और अपान वायुद्वारा मैं चार प्रकारका अन्न पचाता हूं। १४

सबके हृदयोंमें अधिष्ठित मेरे द्वारा स्मृति, ज्ञान और उनका अभाव होता है। समस्त वेदोंद्वारा जानने योग्य मैं ही हूं, वेदोंका जाननेवाला मैं हूं, वेदांतका प्रकट करनेवाला भी मैं ही हूं। १५

इस लोकमें क्षर अर्थात् नाशवान और अक्षर अर्थात् अविनाशी दो पुरुष हैं। भूतमात्र क्षर हैं और उनमें जो स्थिर रहनेवाला अंतर्यामी है वह अक्षर कहलाता है। १६

इसके सिवा उत्तम पुरुष और है। वह परमात्मा कहलाता है। यह अव्यय ईश्वर तीनों लोकमें प्रवेश करके उनका पोषण करता है। १७

क्योंकि मैं क्षरसे पर और अक्षरसे भी उत्तम हूं, इसलिए वेदों और लोकोंमें पुरुषोत्तम नामसे प्रख्यात हूं। १८

हे भारत! मोहरहित होकर मुझ पुरुषोत्तमको इस प्रकार जो जानता है वह सब जानता है और मुझे पूर्णभाव से भजता है। १९

हे अनघ! यह गुह्य-से-गुह्य शास्त्र मैंने तुझसे कहा। हे भारत! इसे जानकर मनुष्यको चाहिए कि वह बुद्धिमान बने और अपना जीवन सफल करे। २०

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'पुरुषोत्तमयोग' नामक पंद्रहवां अध्याय।

: १६ :

दैवासुरसंपद्विभागयोग

इस अध्यायमें दैवी और आसुरी संपद्का वर्णन है।

श्रीभगवान बोले—

हे भारत! अभय, अंतःकरणकी शुद्धि, ज्ञान और योगमें निष्ठा, दान, दम, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, सरलता,

अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शांति, अपैशुन, भूतदया, अलोलुपता, मृदुता, मर्यादा, अचंचलता, तेज, क्षमा, धृति, शौच, अद्रोह, निरभिमान—इतने गुण उसमें होते हैं जो दैवी संपत्को लेकर जन्मा है। १-३

टिप्पणी—दम अर्थात् इंद्रियनिग्रह, अपैशुन अर्थात् किसीकी चुगली न खाना, अलोलुपता अर्थात् लालसा न रखना—लंपट न होना, तेज अर्थात् प्रत्येक प्रकार-की हीन वृत्तिका विरोध करनेका जोश, अद्रोह अर्थात् किसीका बुरा न चाहना या करना।

दंभ, दर्प, अभिमान, क्रोध, पारुष्य, अज्ञान, हे पार्थ! इतने आसुरी संपत् लेकर जन्मनेवालोंमें होते है। ४

टिप्पणी—जो अपनेमें नही है वह दिखाना दंभ है, ढोग है, पाखंड है। दर्प यानी बड़ाई, पारुष्यका अर्थ है कठोरता।

दैवी संपत् मोक्ष देनेवाली और आसुरी (सपत्) बंधनमें डालनेवाली मानी गई है। हे पाडव! तू विषाद मन कर। तू दैवी सपत् लेकर जन्मा है। ५

इस लोकमें दो प्रकारकी सृष्टि है—दैवी और आसुरी। हे पार्थ! दैवीका विस्तारसे वर्णन किया गया। आसुरीका (अब) सुन। ६

आसुर लोग यह नहीं जानते कि प्रवृत्ति क्या है, निवृत्ति क्या है। वैसे ही उन्हें शौचका, आचारका और सत्यका भान नहीं है। ७

वे कहते हैं, जगत असत्य, निराधार और ईश्वर-

रहित है। केवल नर-मादाके संबंधसे हुआ है। उसमें विषय-भोगके सिवा और क्या हेतु हो सकता है? ८

भयंकर काम करनेवाले, मंदमति, दुष्टगण इस अभिप्रायको पकड़े हुए जगतके शत्रु, उसके नाशके लिए उत्पन्न होते है। ९

तृप्त न होनेवाली कामनाओंसे भरपूर, दंभी, मानी, मदांध, अशुभ निश्चयवाले मोहसे दुष्ट इच्छाएं ग्रहण करके प्रवृत्त होते है। १०

प्रलयपर्यंत अंत ही न होनेवाली ऐसी अपरिमित चिंताका आश्रय लेकर, कामोंके परमभोगी, 'भोग ही सर्वस्व है', ऐसा निश्चय करनेवाले, सैकड़ों आशाओंके जालमें फसे हुए, कामी, क्रोधी, विषयभोगके लिए अन्यायपूर्वक धन-सचयकी चाह रखते हैं। ११-१२

आज मैंने यह पाया, यह मनोरथ (अब) पूरा करूंगा, इतना धन मेरे पास है, फिर कल इतना और मेरा हो जायगा, इस शत्रुको तो मारा, दूसरेको भी मारूंगा; मैं सर्वसंपन्न हूं, भोगी हूं, सिद्ध हूं, बलवान हूं, सुखी हूं; मैं श्रीमान् हूं, कुलीन हूं, मेरे समान दूसरा कौन है? मैं यज्ञ करूंगा, दान दूंगा, मौज करूंगा— अज्ञानसे मूढ़ हुए लोग ऐसा मानते हैं और अनेक भ्रांतियोंमें पड़े, मोहजालमें फसे, विषयभोगमें मस्त हुए अशुभ नरकमें गिरते हैं। १३-१६

अपनेको बड़ा माननेवाले, अकड़बाज, धन तथा मानके मदमें मस्त हुए (ये लोग) दंभसे और विधि-रहित नाममात्रके ही यज्ञ करते हैं। १७

अहंकार, बल, घमंड, काम और क्रोधका आश्रय लेनेवाले, निंदा करनेवाले और उनमें तथा दूसरोंमें रहनेवाला जो मैं, उसका वे द्वेष करनेवाले हैं। १८

इन नीच, द्वेषी, क्रूर अमंगल नराधमोंको मैं इस संसारकी अत्यंत आसुरी योनिमें ही बारंबार डालता हूं। १९

हे कौंतेय! जन्म-जन्म आसुरी योनिको पाकर और मुझे न पानेसे ये मूढ़ लोग इससे भी अधिक अधम गति पाते हैं। २०

आत्माका नाश करनेवाले नरकके ये त्रिविध द्वार हैं—काम, क्रोध और लोभ। इसलिए इन तीनका मनुष्यको त्याग करना चाहिए। २१

हे कौंतेय! इस त्रिविध नरकद्वारसे दूर रहनेवाला मनुष्य आत्माके कल्याणका आचरण करता है और इससे परम गतिको पाता है। २२

जो मनुष्य शास्त्रविधिको छोड़कर स्वेच्छासे भोगों-में लीन होता है वह न सिद्धि पाता है, न सुख पाता है, न परमगति पाता है। २३

टिप्पणी—शास्त्रविधिका अर्थ धर्मके नामसे माने जानेवाले ग्रंथोंमें बतलाई हुई अनेक क्रियाएं नहीं, बल्कि अनुभव-ज्ञानवाले सत्यपुरुषोंका अनुभव किया हुआ संयम मार्ग है।

इसलिए कार्य और अकार्यका निर्णय करनेमें तुझे शास्त्रको प्रमाण मानना चाहिए। शास्त्रविधि क्या है, यह जानकर यहां तुझे कर्म करना उचित है। २४

टिप्पणी—जो ऊपर बतलाया जा चुका है, शास्त्र-का वही अर्थ यहां भी है। सबको निज-निजके नियम बनाकर स्वेच्छाचारी न बनना चाहिए, बल्कि धर्मके अनुभवीके वाक्यको प्रमाण मानना चाहिए, यह इस श्लोकका आशय है।

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'दैवासुर-संपद्विभागयोग' नामक सोलहवां अध्याय।

: १७ :

श्रद्धात्रयविभागयोग

शास्त्र अर्थात् शिष्टाचारको प्रमाण मानना चाहिए, यह सुनकर अर्जुनको शंका हुई कि जो शिष्टाचारको न मान सके; पर श्रद्धापूर्वक आचरण करे उसकी कैसी गति होती है। इस अध्यायमें इसका उत्तर देनेका प्रयत्न है; परंतु शिष्टाचाररूपी दीपस्तंभ छोड़ देनेके बादकी श्रद्धामें भयोंकी संभावना बतला-कर भगवानने संतोष माना है। इसलिए श्रद्धा और उसके आधारपर होनेवाले यज्ञ, तप, दान आदिके गुणानुसार तीन भाग करके दिखाये हैं और 'ॐ तत्सत्' की महिमा गाई है।

अर्जुन बोले—

हे कृष्ण! शास्त्रविधि अर्थात् शिष्टाचारकी परवा न कर जो केवल श्रद्धासे ही पूजादि करते हैं उनकी गति

कैसी होती है ?—सात्त्विक, राजसी वा तामसी ? १

श्रीभगवान बोले—

मनुष्यमें स्वभावसे ही तीन प्रकारकी श्रद्धा अर्थात् सात्त्विक, राजसी और तामसी होती है, वह तू सुन। २

हे भारत ! सबकी श्रद्धा अपने स्वभावका अनुसरण करती है। मनुष्यमें कुछ-न-कुछ श्रद्धा तो होती ही है। जैसी जिसकी श्रद्धा, वैसा वह होता है। ३

सात्त्विक लोग देवताओंको भजते है, राजस लोग यक्षों और राक्षसोंको भजते हैं और दूसरे तामस लोग भूतप्रेतादिको भजते हैं। ४

दंभ और अहंकारवाले, काम और रागके बलसे प्रेरित जो लोग शास्त्रीय विधिसे रहित घोर तप करते हैं, वे मूढ़ लोग शरीरमें स्थित पंच महाभूतोंको और अंतःकरणमें विद्यमान मुझको भी कष्ट देते है। ऐसोंको आसुरी-निश्चयवाला जान। ५-६

आहार भी तीन प्रकारसे प्रिय होता है। उसी प्रकार, यज्ञ, तप और दान (भी तीन प्रकारसे प्रिय होता) है। उसका यह भेद तू सुन। ७

आयुष्य, सात्त्विकता, बल, आरोग्य, सुख और रुचि बढ़ानेवाले, रसदार, चिकने, पौष्टिक और मनको रुचिकर आहार सात्त्विक लोगोंको प्रिय होते हैं। ८

तीखे, खट्टे, खारे, बहुत गरम, चरपरे, रूखे, दाहकारक आहार राजस लोगोंको प्रिय होते हैं और वे दुःख, शोक तथा रोग उत्पन्न करनेवाले होते हैं। ९

पहरभरसे पड़ा हुआ, नीरस, दुर्गंधित, बासी, जूठा,

अपवित्र भोजन तामस लोगोंको प्रिय होता है। १०

जिसमें फलकी इच्छा नहीं है, जो विधिपूर्वक कर्त्तव्य समझकर, मनको उसमें पिरोकर होता है वह यज्ञ सात्त्विक है। ११

हे भरतश्रेष्ठ ! जो फलके उद्देश्यसे और दंभसे होता है उस यज्ञको राजसी जान। १२

जिसमें विधि नहीं है, अन्नकी उत्पत्ति नही है, मंत्र नहीं है, त्याग नहीं है, श्रद्धा नहीं है, उस यज्ञको बुद्धिमान लोग तामस यज्ञ कहते हैं। १३

देव, ब्राह्मण, गुरु और ज्ञानीकी पूजा, पवित्रता, सरलता, ब्रह्मचर्य, अहिंसा—यह शारीरिक तप कहलाता है। १४

दुःख न देनेवाला, सत्य, प्रिय, हितकर वचन तथा धर्मग्रंथोंका अभ्यास—यह वाचिक तप कहलाता है। १५

मनकी प्रसन्नता, सौम्यता, मौन, आत्मसंयम, भावनाशुद्धि यह मानसिक तप कहलाता है। १६

समभावयुक्त पुरुष जब फलेच्छाका त्याग करके परम श्रद्धापूर्वक यह तीन प्रकारका तप करते हैं तब उसे बुद्धिमान लोग सात्त्विक तप कहते हैं। १७

जो सत्कार, मान और पूजाके लिए दंभपूर्वक होता है वह अस्थिर और अनिश्चित तप, राजस कहलाता है। १८

जो तप कष्ट उठाकर, दुराग्रहपूर्वक अथवा दूसरेके नाशके लिए होता है वह तामस तप कहलाता है। १९

देना उचित है ऐसा समझकर, बदला मिलनेकी आशाके बिना, देश, काल और पात्रको देखकर जो दान होता है उसे सात्त्विक दान कहा गया है। २०

जो दान बदला मिलनेके लिए अथवा फलको लक्ष्यकर और दुःखके साथ दिया जाता है वह राजसी दान कहा गया है। २१

देश, काल और पात्रका विचार किये बिना, बिना मानके, तिरस्कारसे दिया हुआ दान, तामसी कहलाता है। २२

ब्रह्मका वर्णन 'ॐ तत् सत्' इस तरह तीन प्रकारसे हुआ है और इसके द्वारा पूर्वकालमें ब्राह्मण, वेद और यज्ञ निर्मित हुए। २३

इसलिए ब्रह्मवादी 'ॐ' का उच्चारण करके यज्ञ, दान और तपरूपी क्रियाएं सदा विधिवत् करते हैं। २४

और, मोक्षार्थी 'तत्' का उच्चारण करके फलकी आशा रखे बिना यज्ञ, तप और दानरूपी विविध क्रियाएं करते हैं। २५

सत्य और कल्याणके अर्थमें 'सत्' शब्दका प्रयोग होता है। और हे पार्थ! भले कामोंमें भी 'सत्' शब्द व्यवहृत होता है। २६

यज्ञ, तप और दानमें दृढ़ताको भी सत् कहते हैं। तत्के निमित्त ही कर्म है, ऐसा संकल्प भी सत् कहलाता है। २७

टिप्पणी—उपरोक्त तीन श्लोकोंका भावार्थ यह हुआ कि प्रत्येक कर्म ईश्वरार्पण करके ही करना चाहिए,

क्योंकि ॐ ही सत् है, सत्य है। उसे अर्पण किया हुआ ही फलता है।

हे पार्थ ! जो यज्ञ, दान, तप या दूसरा कार्य बिना श्रद्धाके होता है वह असत् कहलाता है। वह न तो यहांके कामका है, न परलोकके। २८

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्म-विद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'श्रद्धात्रय-विभागयोग' नामक सत्रहवां अध्याय।

: १८ :

संन्यासयोग

इस अध्यायको उपसंहाररूप मानना चाहिए। इस अध्याय का या गीताका प्रेरक मन्त्र यह कहा जा सकता है—'सब धर्मोंको तजकर मेरी शरण ले।' यह सच्चा संन्यास है; परंतु सब धर्मोंके त्यागका मतलब सब कर्मोंका त्याग नहीं है। परोपकारके कर्मोंमें भी जो सर्वोत्कृष्ट कर्म हों उन्हें उसे अर्पण करना और फलेच्छाका त्याग करना, यह सर्वधर्मत्याग या संन्यास है।

अर्जुन बोले—

हे महाबाहो ! हे हृषीकेश ! हे केशिनिषूदन ! संन्यास और त्यागका पृथक्-पृथक् रहस्य मैं जानना चाहता हूं। १

श्रीभगवान बोले—

काम्य (कामनासे उत्पन्न हुए) कर्मोंके त्यागको

ज्ञानी संन्यासके नामसे जानते हैं। समस्त कर्मोंके फलके त्यागको बुद्धिमान लोग त्याग कहते हैं। २

कितने ही विचारवान पुरुष कहते हैं कि कर्ममात्र दोषमय होनेके कारण त्यागनेयोग्य है। दूसरोंका कथन है कि यज्ञ, दान और तपरूप कर्म त्यागनेयोग्य नहीं है। ३

हे भरतसत्तम ! इस त्यागके विषयमें मेरा निर्णय सुन। हे पुरुषव्याघ्र ! त्याग तीन प्रकारसे वर्णन किया गया है। ४

यज्ञ, दान और तपस्वी कर्म त्याज्य नही है वरन् करनेयोग्य है। यज्ञ, दान और तप विवेकीको पावन करनेवाले हैं। ५

हे पार्थ ! ये कर्म भी आसक्ति और फलेच्छाका त्याग करके करने चाहिए, ऐसा मेरा निश्चित उत्तम अभिप्राय है। ६

नियत कर्मका त्याग उचित नही है। मोहके वश होकर उसका त्याग किया जाय तो वह त्याग तामस माना जाता है। ७

दुःखकारक समझकर कायाकष्टके भयसे जो कर्मका त्याग करता है वह राजस त्याग है और इससे उसे त्यागका फल नहीं मिलता। ८

हे अर्जुन ! करना चाहिए, ऐसा समझकर जो नियत कर्म संग और फलको त्यागकर किया जाता है वह त्याग ही सात्त्विक माना गया है। ९

संशयरहित हुआ, शुद्ध भावनावाला, त्यागी और

बुद्धिमान अप्रसुविधाजनक कर्मका द्वेष नही करता, सुविधावालेमें लीन नहीं होता। १०

कर्मका सर्वथा त्याग देहधारीके लिए सम्भव नहीं है ; परन्तु जो कर्मफलका त्याग करता है वह त्यागी कहलाता है । ११

त्याग न करनेवालेके कर्मका फल कालांतरमें तीन प्रकारका होता है, अशुभ, शुभ और शुभाशुभ । जो त्यागी (संन्यासी) है उसे कभी नही होता। १२

हे महाबाहो ! कर्ममात्रकी सिद्धिके विषयमें सांख्यशास्त्रमें पांच कारण कहे गये हैं। वे मुझसे जान। १३

वे पांच ये है—क्षेत्र, कर्ता, भिन्न-भिन्न साधन, भिन्न-भिन्न क्रियाएं और पांचवां दैव। १४

शरीर, वाचा अथवा मनसे जो कोई भी कर्म मनुष्य नीतिसम्मत या नीतिविरुद्ध करता है उसके ये पांच कारण होते है। १५

ऐसा होनेपर भी, असंस्कारी बुद्धिके कारण जो अपनेको ही कर्ता मानता है वह दुर्मति कुछ समझता नहीं है । १६

जिसमें अहंकारभाव नही है, जिसकी बुद्धि मलिन नहीं है, वह इस जगतको मारते हुए भी नही मारता, न बन्धनमें पड़ता है। १७

टिप्पणी—ऊपर-ऊपरसे पढ़नेपर यह श्लोक मनुष्यको भुलावेमें डालनेवाला है। गीताके अनेक श्लोक काल्पनिक आदर्शका अवलंबन करनेवाले हैं। उसका

सच्चा नमूना जगतमें नही मिल सकता और उपयोगके लिए भी जिस तरह रेखागणितमें काल्पनिक आदर्श आकृतियोंकी आवश्यकता है उसी तरह धर्म-व्यवहारके लिए है। इसलिए इस श्लोकका अर्थ इस प्रकार किया जा सकता है—जिसकी अहंता नष्ट होगई है और जिसकी बुद्धिमें लेशमात्र भी मैल नही है, उसके लिए कह सकते हैं कि वह भले ही सारे जगतको मार डाले; परन्तु जिसमें अहंता नहीं है उसे शरीर ही नहीं है। जिसकी बुद्धि विशुद्ध है वह त्रिकालदर्शी है। ऐसा पुरुष तो केवल एक भगवान है। वह करते हुए भी अकर्ता है, मारते हुए भी अहिंसक है। इससे मनुष्यके सामने तो एक न मारनेका और शिष्टाचार—शास्त्र—का ही मार्ग है।

कर्मकी प्रेरणामें तीन तत्त्व विद्यमान है—ज्ञान, ज्ञेय और परिज्ञाता। कर्मके अंग तीन प्रकारके होते हैं—इंद्रियां, क्रिया और कर्ता। १८

टिप्पणी—इसमें विचार और आचारका समीकरण है। पहले मनुष्य कर्त्तव्य कर्म (ज्ञेय), उसकी विधि (ज्ञान) को जानता है—परिज्ञाता बनता है। इस कर्मप्रेरणाके प्रकारके बाद वह इंद्रियों (करण) द्वारा क्रियाका कर्ता बनता है। यह कर्मसंग्रह है।

ज्ञान, कर्म और कर्ता गुणभेदके अनुसार तीन प्रकारके हैं। गुणगणनामें उनका जैसा वर्णन किया जाता है वैसा सुन। १९

जिसके द्वारा मनुष्य समस्त भूतोंमें एक ही अवि-

नाशी भावको और विविधतामें एकताको देखता है उसे सात्त्विक ज्ञान जान। २०

भिन्न-भिन्न (देखनेमें) होनेके कारण समस्त भूतोंमें जिसके द्वारा मनुष्य भिन्न-भिन्न विभक्त भावोंको देखता है उस ज्ञानको राजस जान। २१

जिसके द्वारा एक ही कार्यमें बिना किसी कारणके सब आ जानेका भास होता है, जो रहस्यरहित और तुच्छ है वह तामस ज्ञान कहलाता है। २२

फलेच्छारहित पुरुषका आसक्ति और राग-द्वेषके बिना किया हुआ नियत कर्म सात्त्विक कहलाता है। २३

टिप्पणी—(देखो, टिप्पणी ३-८)

भोगकी इच्छा रखनेवाले जिस कार्यको 'मैं करता हूं', इस भावसे बड़े आयासपूर्वक कहते है वह राजस कहलाता है। २४

मनुष्य जो काम परिणामका, हानिका, हिंसाका और अपनी शक्तिका विचार किये बिना, मोहके वश होकर आरंभ करता है वह तामस कर्म कहलाता है। २५

जो आसक्ति और अहंकाररहित है, जिसमें दृढ़ता और उत्साह है, जो सफलता-निष्फलतामें हर्ष-शोक नहीं करता वह सात्त्विक कर्ता कहलाता है। २६

जो रागी है, जो कर्मफलकी इच्छावाला है, लोभी है, हिंसावान है, मलिन है, हर्ष और शोकवाला है, वह राजस कर्ता कहलाता है।। २७

जो अव्यवस्थित, असंस्कारी, झक्की, शठ, नीच, आलसी, अप्रसन्नचित्त और दीर्घसूत्री है, वह तामस

कर्ता कहलाता है। २८

हे धनंजय ! बुद्धि और धृतिके गुणके अनुसार पूरे और पृथक्-पृथक् तीन प्रकार कहता हूं, उन्हें सुन। २९

प्रवृत्ति, निवृत्ति, कार्य, अकार्य, भय, अभय, बंध, मोक्षका भेद जो बुद्धि (उचित रीतिसे) जानती है वह सात्त्विक बुद्धि है। ३०

जो बुद्धि धर्म-अधर्म और कार्य-अकार्यका विवेक गलत ढंगसे करती है, वह बुद्धि, हे पार्थ ! राजसी है। ३१

हे पार्थ ! जो बुद्धि अंधकारसे घिरी हुई है, अधर्मको धर्म मानती है और सब बातें उलटी ही देखती है वह तामसी है। ३२

हे पार्थ ! जिस एकनिष्ठ धृतिसे मनुष्य मन, प्राण और इंद्रियोंकी क्रियाको साम्यबुद्धिसे धारण करता है, वह धृति सात्त्विकी है। ३३

हे पार्थ ! जिस धृतिसे मनुष्य फलाकांक्षी होकर धर्म, काम और अर्थको आसक्तिपूर्वक धारण करता है वह धृति राजसी है ! ३४

जिस धृतिसे दुर्बुद्धि मनुष्य निद्रा, भय, शोक, निराशा और मदको छोड़ नहीं सकता, हे पार्थ ! वह तामसी धृति है। ३५

हे भरतर्षभ ! अब तीन प्रकारके सुखका वर्णन मुझसे सुन। जिसके अभ्याससे मनुष्य प्रसन्न रहता है, जिससे दुःखका अंत होता है, जो आरंभमें विषसमान

लगता है, परिणाममें अमृत-जैसा होता है, जो आत्म-ज्ञानकी प्रसन्नतामेंसे उत्पन्न होता है, वह सात्त्विक सुख कहलाता है । ३६-३७

विषय और इंद्रियोंके संयोगसे जो आरंभमें अमृत-समान लगता है पर परिणाममें विषसमान होता है, वह सुख राजस कहा गया है । ३८

जो आरंभमें और परिणाममें आत्माको मोहग्रस्त करनेवाला और निद्रा, आलस्य तथा प्रमादमेंसे उत्पन्न हुआ है, वह तामस सुख कहलाता है । ३९

पृथ्वी में या देवताओंके मध्य स्वर्गमें ऐसा कुछ भी नहीं है जो प्रकृतिमें उत्पन्न हुए इन तीन गुणोंसे मुक्त हो । ४०

हे परंतप ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रके कर्मोंके भी उनके स्वभावजन्य गुणोंके कारण विभाग होगये हैं । ४१

शम, दम, तप, शौच, क्षमा, सरलता ज्ञान, अनुभव, आस्तिकता—ये ब्राह्मणके स्वभावजन्य कर्म हैं । ४२

शौर्य, तेज, धृति, दक्षता, युद्धमें पीठ न दिखाना, दान, शासन—ये क्षत्रियके स्वभावजन्य कर्म हैं । ४३

खेती, गोरक्षा, व्यापार—ये वैश्यके स्वभावजन्य कर्म हैं । और शूद्रका स्वभावजन्य कर्म सेवा है । ४४

स्वयं अपने कर्ममें रत रहकर पुरुष मोक्ष पाता है । अपने कर्ममें रत हुआ मनुष्य किस प्रकार मोक्ष पाता है, सो सुन । ४५

जिसके द्वारा प्राणियोंकी प्रवृत्ति होती है और जिसके द्वारा यह सारे-का-सारा व्याप्त है उसे जो पुरुष स्वकर्मद्वारा भजता है वह मोक्ष पाता है। ४६

परधर्म सुकर होनेपर भी उससे विगुण स्वधर्म अधिक अच्छा है। स्वभावके अनुरूप कर्म करनेवाले मनुष्यको पाप नहीं लगता। ४७

टिप्पणी—स्वधर्म अर्थात् अपना कर्त्तव्य। गीताकी शिक्षाका मध्यबिंदु कर्मफलत्याग है और स्वकर्मकी अपेक्षा अधिक उत्तम कर्त्तव्य खोजनेपर फलत्याग-के लिए स्थान नहीं रहता, इसलिए स्वधर्मको श्रेष्ठ कहा है। सब धर्मोंका फल उसके पालनमें आ जाता है।

हे कौंतेय! स्वभावतः प्राप्त कर्म, सदोष होनेपर भी छोड़ना न चाहिए। जिस प्रकार अग्निके साथ धुएंका संयोग है उसी प्रकार सब कामोंके साथ दोष मौजूद है। ४८

जिसने सब कहींसे आसक्तिको खींच लिया है, जिसने कामनाओंको त्याग दिया है, जिसने मनको जीत लिया है, वह संन्यासद्वारा निष्कामतारूपी परम-सिद्धि पाता है। ४९

हे कौंतेय! सिद्धि प्राप्त होनेपर मनुष्य ब्रह्मको किस प्रकार पाता है, सो मुझसे संक्षेपमें सुन। ज्ञानकी पराकाष्ठा वही है। ५०

जिसकी बुद्धि शुद्ध होगई है, ऐसा योगी दृढ़तापूर्वक अपनेको वशमें करके, शब्दादि विषयोंका त्याग कर, रागद्वेषको जीतकर, एकांत सेवन करके,

अल्पाहार करके, वाचा, काया और मनको अंकुशमें रखकर, ध्यानयोगमें नित्यपरायण रहकर, वैराग्यका आश्रय लेकर, अहंकार, बल, दर्प, काम, क्रोध और परिग्रहका त्याग कर, ममतारहित और शांत होकर ब्रह्मभावको पानेयोग्य बनता है। ५१-५३

ब्रह्मभावको प्राप्त प्रसन्नचित्त मनुष्य न तो शोक करता है, न कुछ चाहता है। भूतमात्रमें समभाव रखकर मेरी परमभक्तिको पाता है। ५४

मैं कैसा और कौन हूं इसे भक्तिद्वारा वह यथार्थ जानता है और इस प्रकार मुझे यथार्थ जानकर मुझमें प्रवेश करता है। ५५

मेरा आश्रय ग्रहण करनेवाला सदा सब कर्म करता हुआ भी मेरी कृपासे शाश्वत, अव्ययपदको पाता है। ५६

मनसे सब कर्मों को मुझमें अर्पण करके, मुझमें परायण होकर, विवेकबुद्धिका आश्रय लेकर निरंतर मुझमें चित्त लगा। ५७

मुझमें चित्त लगानेपर कठिनाइयोंके समस्त पहाड़को मेरी कृपासे पार कर जायगा, किंतु यदि अहंकारके वश होकर मेरी न सुनेगा तो नाश हो जायगा। ५८

अहंकारके वश होकर 'मैं युद्ध नहीं करूंगा' ऐसा तू मानता हो तो यह तेरा निश्चय मिथ्या है। तेरा स्वभाव ही तुझे उस तरफ़ बलात्कार से घसीट ले जायगा। ५९

हे कौंतेय ! अपने स्वभावजन्य कर्मसे बद्ध होनेके

कारण तू जो मोह के वश होकर नहीं करना चाहता वह बरबस करेगा । ६०

हे अर्जुन ! ईश्वर सब प्राणियोंके हृदयमें वास करता है और अपनी मायाके बलसे उन्हें चाकपर चढ़े हुए घड़ेकी तरह घुमाता है । ६१

हे भारत ! सर्वभावसे तू उसकी शरण ले । उसकी कृपासे परमशांतिमय अमरपद को पावेगा । ६२

इस प्रकार गुह्य-से-गुह्य ज्ञान मैने तुझसे कहा । इस सारेका भलीभांति विचार करके तुझे जो अच्छा लगे सो कर । ६३

और सबसे भी गुह्य ऐसा मेरा परमवचन सुन । तू मुझे बहुत प्रिय है, इसलिए मैं तुझसे तेरा हित कहूंगा । ६४

मुझसे लगन लगा, मेरा भक्त बन, मेरेलिए यज्ञ कर, मुझे नमस्कार कर । तू मुझे ही प्राप्त करेगा, यह मेरी सत्य प्रतिज्ञा है । तू मुझे प्रिय है । ६५

सब धर्मोका त्याग करके एक मेरी ही शरण ले । मैं तुझे सब पापोंसे मुक्त करूंगा । शोक मत कर । ६६

जो तपस्वी नही है, जो भक्त नहीं है, जो सुनना नहीं चाहता और जो मेरा द्वेष करता है, उससे यह (ज्ञान) तू कभी न कहना । ६७

परंतु यह परम गुह्य ज्ञान जो मेरे भक्तोंको देगा वह मेरी परम भक्ति करनेके कारण निःसन्देह मुझे ही पावेगा । ६८

उसकी अपेक्षा मनुष्योंमें मेरा कोई अधिक प्रिय

सेवक नही है और इस पृथ्वीमें उसकी अपेक्षा मुझे कोई अधिक प्रिय होनेवाला भी नहीं है। ६९

हमारे इस धर्म्यसंवादका जो अभ्यास करेगा, वह मुझे यज्ञद्वारा भजेगा, ऐसा मेरा मत है। ७०

और जो मनुष्य द्वेषरहित होकर श्रद्धापूर्वक केवल सुनेगा वह भी मुक्त होकर, पुण्यवान जहां बसते हैं, उस शुभलोकको पावेगा। ७१

टिप्पणी—इसमें तात्पर्य यह है कि जिसने इस ज्ञान का अनुभव किया है वही इसे दूसरे को दे सकता है। शुद्ध उच्चारण करके अर्थसहित सुना जानेवालोंके विषयमें ये दोनों श्लोक नहीं हैं।

हे पार्थ! यह तूने एकाग्रचित्तसे सुना? हे धनंजय! इस अज्ञानके कारण जो मोह तुझे हुआ था वह क्या नष्ट होगया? ७२

अर्जुन बोले—

हे अच्युत! आपकी कृपासे मेरा मोह नाश होगया है। मुझे समझ आगई है, शंकाका समाधान हो जानेसे मैं स्वस्थ होगया हूं। आपका कहा करूंगा। ७३

संजयने कहा—

इस प्रकार वासुदेव और महात्मा अर्जुन का यह रोमांचित करनेवाला संवाद मैंने सुना। ७४

व्यासजीकी कृपासे योगेश्वर श्रीकृष्णके श्रीमुखसे मैंने यह गुह्य परम योग सुना। ७५

हे राजन्! केशव और अर्जुनके इस अद्भुत और

पवित्र संवादका स्मरण कर-करके, मैं बारंबार आनंदित होता हूं। ७६

हे राजन्! हरिके उस अद्‌भुत रूपका खूब स्मरण कर-करके मैं बहुत विस्मित होता हूं और बारंबार आनंदित होता रहता हूं। ७७

जहां योगेश्वर कृष्ण हैं, जहां धनुर्धारी पार्थ है, वहां श्री है, विजय है, वैभव है और अविचल नीति है, ऐसा मेरा अभिप्राय है। ७८

टिप्पणी—योगेश्वर कृष्णसे तात्पर्य है अनुभवसिद्ध शुद्ध ज्ञान और धनुर्धारी अर्जुनसे अभिप्राय है तदनुसारिणी क्रिया, इन दोनोंका संगम जहां हो, वहां संजयने जो कहा है उसके सिवा दूसरा क्या परिणाम हो सकता है?

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्‌गीतारूपी उपनिषद अर्थात् ब्रह्मविद्यांतर्गत योगशास्त्रके श्रीकृष्णार्जुनसंवादका 'संन्यासयोग' नामक अठारहवां अध्याय।

ॐ शांतिः

श्रीमद्भगवद्गीता

[मूल संस्कृत-पाठ]

प्रथमोऽध्यायः

धृतराष्ट्र उवाच

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः ।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय ॥ १ ॥

संजय उवाच

दृष्ट्वा तु पाण्डवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा ।
आचार्यमुपसंगम्य राजा वचनमब्रवीत् ॥ २ ॥
पश्यैतां पाण्डुपुत्राणामाचार्य महतीं चमूम् ।
व्यूढां द्रुपदपुत्रेण तव शिष्येण धीमता ॥ ३ ॥
अत्र शूरा महेष्वासा भीमार्जुनसमा युधि ।
युयुधानो विराटश्च द्रुपदश्च महारथः ॥ ४ ॥
धृष्टकेतुश्चेकितानः काशिराजश्च वीर्यवान् ।
पुरुजित्कुन्तिभोजश्च शैब्यश्च नरपुङ्गवः ॥ ५ ॥
युधामन्युश्च विक्रान्त उत्तमौजाश्च वीर्यवान् ।
सौभद्रो द्रौपदेयाश्च सर्व एव महारथाः ॥ ६ ॥
अस्माकं तु विशिष्टा ये तान्निबोध द्विजोत्तम ।
नायका मम सैन्यस्य संज्ञार्थं तान्ब्रवीमि ते ॥ ७ ॥
भवान्भीष्मश्च कर्णश्च कृपश्च समितिंजयः ।
अश्वत्थामा विकर्णश्च सौमदत्तिस्तथैव च ॥ ८ ॥
अन्ये च बहवः शूरा मदर्थे त्यक्तजीविताः ।
नानाशस्त्रप्रहरणाः सर्वे युद्धविशारदाः ॥ ९ ॥

अपर्याप्तं तदस्माकं बलं भीष्माभिरक्षितम् ।
पर्याप्तं त्विदमेतेषां बलं भीमाभिरक्षितम् ॥१०॥
अयनेषु च सर्वेषु यथाभागमवस्थिताः ।
भीष्ममेवाभिरक्षन्तु भवन्तः सर्व एव हि ॥११॥
तस्य संजनयन्हर्षं कुरुवृद्धः पितामहः ।
सिंहनादं विनद्योच्चैः शङ्खं दध्मौ प्रतापवान् ॥१२॥
ततः शङ्खाश्च भेर्यश्च पणवानकगोमुखाः ।
सहसैवाभ्यहन्यन्त स शब्दस्तुमुलोऽभवत् ॥१३॥
ततः श्वेतैर्हयैर्युक्ते महति स्यन्दने स्थितौ ।
माधवः पाण्डवश्चैव दिव्यौ शङ्खौ प्रदध्मतुः ॥१४॥
पाञ्चजन्यं हृषीकेशो देवदत्तं धनंजयः ।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः ॥१५॥
अनन्तविजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः ।
नकुलः सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ ॥१६॥
काश्यश्च परमेष्वासः शिखण्डी च महारथः ।
धृष्टद्युम्नो विराटश्च सात्यकिश्चापराजितः ॥१७॥
द्रुपदो द्रौपदेयाश्च सर्वशः पृथिवीपते ।
सौभद्रश्च महाबाहुः शङ्खान्दध्मुः पृथक्पृथक् ॥१८॥
स घोषो धार्तराष्ट्राणां हृदयानि व्यादारयत् ।
नभश्च पृथिवीं चैव तुमुलो व्यनुनादयन् ॥१९॥
अथ व्यवस्थितान्दृष्ट्वा धार्तराष्ट्रान्कपिध्वजः ।
प्रवृत्ते शस्त्रसंपाते धनुरुद्यम्य पाण्डवः ॥२०॥
हृषीकेशं तदा वाक्यमिदमाह महीपते ।

अर्जुन उवाच

सेनयोरुभयोर्मध्ये रथं स्थापय मेऽच्युत ॥२१॥

यावदेतान्निरीक्षेऽहं योद्धुकामानवस्थितान् ।
कैर्मया सह योद्धव्यमस्मिन्रणसमुद्यमे ॥२२॥
योत्स्यमानानवेक्षेऽहं य एतेऽत्र समागताः ।
धार्तराष्ट्रस्य दुर्बुद्धेर्युद्धे प्रियचिकीर्षवः ॥२३॥

संजय उवाच

एवमुक्तो हृषीकेशो गुडाकेशेन भारत ।
सेनायोरुभयोर्मध्ये स्थापयित्वा रथोत्तमम् ॥२४॥
भीष्मद्रोणप्रमुखतः सर्वेषां च महीक्षिताम् ।
उवाच पार्थ पश्यैतान्समवेतान्कुरूनिति ॥२५॥
तत्रापश्यत्स्थितान्पार्थः
पितॄनथ पितामहान् ।
आचार्यान्मातुलान्भ्रातॄन्
पुत्रान्पौत्रान्सखींस्तथा ॥२६॥
श्वशुरान्सुहृदश्चैव सेनयोरुभयोरपि ।
तान्समीक्ष्य स कौन्तेयः सर्वान्बन्धूनवस्थितान् ॥२७॥
कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत् ।

अर्जुन उवाच

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ॥२८॥
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति ।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥२९॥
गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते ।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः ॥३०॥
निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव ।
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ॥३१॥

न काङ्क्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च ।
किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा ॥३२॥
येषामर्थेकाङ्क्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च ।
त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च ॥३३॥
आचार्याः पितरः पुत्रास्तथैव च पितामहाः ।
मातुलाः श्वशुराः पौत्राः श्याला· सम्बन्धिनस्तथा ॥३४
एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि मधुसूदन ।
अपि त्रैलोक्यराज्यस्य हेतोः किं नु महीकृते ॥३५॥
निहत्य धार्तराष्ट्रान्नः का प्रीति. स्याज्जनार्दन ।
पापमेवाश्रयेदस्मान्हत्वैतानाततायिनः ॥३६॥
तस्मान्नार्हा वयं हन्तु धार्तराष्ट्रान्स्वबान्धवान् ।
स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव ॥३७॥
यद्यप्येते न पश्यन्ति लोभोपहतचेतसः ।
कुलक्षयकृतं दोषं मित्रद्रोहे च पातकम् ॥३८॥
कथं न ज्ञेयमस्माभिः पापादस्मान्निवर्तितुम् ।
कुलक्षयकृतं दोषं प्रपश्यद्भिर्जनार्दन ॥३९॥
कुलक्षये प्रणश्यन्ति कुलधर्माः सनातनाः ।
धर्मे नष्टे कुलं कृत्स्नमधर्मोऽभिभवत्युत ॥४०॥
अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः ।
स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः ॥४१॥
संकरो नरकायैव कुलघ्नानां कुलस्य च ।
पतन्ति पितरो ह्येषां लुप्तपिण्डोदकक्रियाः ॥४२॥
दोषैरेतैः कुलघ्नानां वर्णसंकरकारकैः ।
उत्साद्यन्ते जातिधर्माः कुलधर्माश्च शाश्वताः ॥४३॥

उत्सन्नकुलधर्माणां मनुष्याणां जनार्दन ।
नरकेऽनियतं वासो भवतीत्यनुशुश्रुम ॥४४॥
अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम् ।
यद्राज्यसुखलोभेन हन्तुं स्वजनमुद्यताः ॥४५॥
यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शस्त्रपाणयः ।
धार्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरं भवेत् ॥४६॥

संजय उवाच

एवमुक्त्वार्जुनः संख्ये रथोपस्थ उपाविशत् ।
विसृज्य सशरं चापं शोकसंविग्नमानसः ॥४७॥

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अर्जुनविषादयोगो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

द्वितीयोऽध्यायः

संजय उवाच

तं तथा कृपयाविष्टमश्रुपूर्णाकुलेक्षणम् ।
विषीदन्तमिदं वाक्यमुवाच मधुसूदनः ॥१॥

श्रीभगवानुवाच

कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम् ।
अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यमकीर्तिकरमर्जुन ॥ २ ॥
क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते ।
क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परंतप ॥ ३ ॥

अर्जुन उवाच

कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधुसूदन ।
इषुभिः प्रति योत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन ॥ ४ ॥
गुरूनहत्वा हि महानुभावान्
श्रेयो भोक्तुं भैक्ष्यमपीह लोके ।
हत्वार्थकामांस्तु गुरूनिहैव
भुञ्जीय भोगान्रुधिरप्रदिग्धान् ॥ ५ ॥
न चैतद्विद्मः कतरन्नो गरीयो
यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः ।
यानेव हत्वा न जिजीविषाम-
स्तेऽवस्थिताः प्रमुखे धार्तराष्ट्राः ॥ ६ ॥

कार्पण्यदोषोपहतस्वभावः
पृच्छामि त्वां धर्मसंमूढचेताः ।
यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे
शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम् ॥ ७ ॥
न हि प्रपश्यामि ममापनुद्याद्
यच्छोकमुच्छोषणमिन्द्रियाणाम् ।
अवाप्य भूमावसपत्नमृद्धं
राज्यं सुराणामपि चाधिपत्यम् ॥ ८ ॥

संजय उवाच

एवमुक्त्वा हृषीकेशं गुडाकेशः परंतप ।
न योत्स्य इति गोविन्दमुक्त्वा तूष्णीं बभूव ह ॥ ९ ॥
तमुवाच हृषीकेशः प्रहसन्निव भारत ।
सेनयोरुभयोर्मध्ये विषीदन्तमिदं वचः ॥१०॥

श्रीभगवानुवाच

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे ।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः ॥१२॥
न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः ।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम् ॥१२॥
देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा ।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥१३॥
मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः ।
आगमापायिनोऽनित्यास्तांस्तितिक्षस्व भारत ॥१४॥
यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ ।
समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥१५॥

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ॥१६॥
अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम् ।
विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति ॥१७॥
अन्तवन्त इमे देहा नित्यस्योक्ताः शरीरिणः ।
अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत ॥१८॥
य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम् ।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते ॥१९॥

न जायते म्रियते वा कदाचिन्-
नायं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥२०॥

वेदाविनाशिनं नित्यं य एनमजमव्ययम् ।
कथं स पुरुषः पार्थ कं घातयति हन्ति कम् ॥२१॥

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥२२॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥२३॥
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च ।
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः ॥२४॥
अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते ।
तस्मादेवं विदित्वैनं नानुशोचितुमर्हसि ॥२५॥

अथ चैनं नित्यजातं नित्यं वा मन्यसे मृतम् ।
तथापि त्वं महाबाहो नैवं शोचितुमर्हसि ॥२६॥
जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च ।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ॥२७॥
अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥२८॥

आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेन-
माश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः ।
आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति
श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित् ॥२९॥

देही नित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्य भारत ।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि न त्वं शोचितुमर्हसि ॥३०॥
स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि ।
धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते ॥३१॥
यदृच्छया चोपपन्नं स्वर्गद्वारमपावृतम् ।
सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम् ॥३२॥
अथ चेत्त्वमिमं धर्म्यं संग्रामं न करिष्यसि ।
ततः स्वधर्मं कीर्तिं च हित्वापापमवाप्स्यसि ॥३३॥

अकीर्तिं चापि भूतानि
कथयिष्यन्ति तेऽव्ययाम् ।
संभावितस्य चाकीर्ति-
र्मरणादतिरिच्यते ॥३४॥

भयाद्रणादुपरतं मंस्यन्ते त्वां महारथाः ।
येषां च त्वं बहुमतो भूत्वा यास्यसि लाघवम् ॥३५॥

अवाच्यवादांश्च बहून्वदिष्यन्ति तवाहिताः ।
निन्दन्तस्तव सामर्थ्यं ततो दुःखतरं नु किम् ॥३६॥

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्ग
जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय
युद्धाय कृतनिश्चयः ॥३७॥

सुखदुःखे समे कृत्वा [illegible] जयाजयौ ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि ॥३८॥
एषा तेऽभिहिता सांख्ये बुद्धिर्योगे त्विमां शृणु ।
बुद्धया युक्तो यया पार्थ कर्मबन्धं प्रहास्यसि ॥३९॥
नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥४०॥
व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनन्दन ।
बहुशाखा ह्यनन्ताश्च बुद्धयोऽव्यवसायिनाम् ॥४१॥
यामिमां पुष्पितां वाचं प्रवदन्त्यविपश्चितः ।
वेदवादरता. पार्थ नान्यदस्तीति वादिनः ॥४२॥
कामात्मानः स्वर्गपरा जन्मकर्मफलप्रदाम् ।
क्रियाविशेषबहुलां भोगैश्वर्यगतिं प्रति ॥४३॥
भोगैश्वर्यप्रसक्तानां तयापहृतचेतसाम् ।
व्यवसायात्मिका बुद्धिः समाधौ न विधीयते ॥४४॥
त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ।
निर्द्वन्द्वो नित्यसत्त्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान् ॥४५॥
यावानर्थ उदपाने सर्वतः संप्लुतोदके ।
तावान्सर्वेषु वेदेषु ब्राह्मणस्य विजानतः ॥४६॥

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥४७॥
योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनंजय ।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ॥४८॥
दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगाद्धनंजय ।
बुद्धौ शरणमन्विच्छ कृपणाः फलहेतवः ॥४९॥
बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते ।
तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम् ॥५०॥
कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः ।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम् ॥५१॥
यदा ते मोहकलिलं बुद्धिर्व्यतितरिष्यति ।
तदा गन्तासि निर्वेदं श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च ॥५२॥
श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला ।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि ॥५३॥

अर्जुन उवाच

स्थितप्रज्ञस्य का भाषा समाधिस्थस्य केशव ।
स्थितधीः किं प्रभाषेत किमासीत व्रजेत किम् ॥५४॥

श्रीभगवानुवाच

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान् ।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते ॥५५॥
दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः ।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ॥५६॥
यः सर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्य शुभाशुभम् ।
नाभिनन्दति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥५७॥

यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥५८॥
विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः ।
रसवर्ज रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते ॥५९॥
यततो ह्यपि कौन्तेय पुरुषस्य विपश्चितः ।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः ॥६०॥
तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः ।
वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥६१॥
ध्यायतो विषयान्पुसः सङ्गस्तेषूपजायते ।
सङ्गात्सजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ॥६२॥
क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ॥६३॥
रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन् ।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति ॥६४॥
प्रसादे सर्वदुःखानां हानिरस्योपजायते ।
प्रसन्नचेतसो ह्याशु बुद्धिः पर्यवतिष्ठते ॥६५॥
नास्ति बुद्धिरयुक्तस्य न चायुक्तस्य भावना ।
न चाभावयतः शान्तिरशान्तस्य कुतः सुखम् ॥६६॥
इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनु विधीयते ।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥६७॥
तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥६८॥
या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥६९॥

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं
समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत् ।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे
स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ॥७०॥

विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः ।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥७१॥
एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति ।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥७२॥

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे साख्ययोगो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥

तृतीयोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन ।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ॥ १ ॥
व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे ।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम् ॥ २ ॥

श्रीभगवानुवाच

लोकेऽस्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ ।
ज्ञानयोगेनसांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ॥ ३ ॥
न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते ।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ॥ ४ ॥
न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥ ५ ॥
कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥ ६ ॥
यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन ।
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते ॥ ७ ॥
नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्धयेदकर्मणः ॥ ८ ॥
यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः ।
तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर ॥ ९ ॥

सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः ।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुक् ॥१०॥
देवान्भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः ।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ ॥११॥
इष्टान्भोगान्हि वो देवा दास्यन्ते यज्ञभाविताः ।
तैर्दत्तानप्रदायेभ्यो यो भुङ्क्ते स्तेन एव सः ॥१२॥
यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः ।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात् ॥१३॥
अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः ।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः ॥१४॥
कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ।
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥१५॥
एवं प्रवर्तितं चक्रं नानुवर्त्तयतीह यः ।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं पार्थ स जीवति ॥१६॥
यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः ।
आत्मन्येव च संतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते ॥१७॥
नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन ।
न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः ॥१८॥
तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचार ।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः ॥१९॥
कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः ।
लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हस ॥२०॥
यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥२१॥

न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि ॥२२॥
यदि ह्यहं न वर्त्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥२३॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् ।
संकरस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥२४॥
सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत ।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् ॥२५॥
न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसङ्गिनाम् ।
जोषयेत्सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन् ॥२६॥
प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥२७॥
तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः ।
गुणाः गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते ॥२८॥
प्रकृतेर्गुणसंमूढाः सज्जन्ते गुणकर्मसु ।
तानकृत्स्नविदो मन्दान्कृत्स्नविन्न विचालयेत् ॥२९॥
मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा ।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ॥३०॥
ये मे मतमिदं नित्यमनुतिष्ठन्ति मानवाः ।
श्रद्धावन्तोऽनसूयन्तो मुच्यन्ते तेऽपि कर्मभिः ॥३१॥
ये त्वेतदभ्यसूयन्तो नानुतिष्ठन्ति मे मतम् ।
सर्वज्ञानविमूढांस्तान्विद्धि नष्टानचेतसः ॥३२॥
सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।
प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति ॥३३॥

इन्द्रियस्येन्द्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ ॥३४॥
श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥३५॥

अर्जुन उवाच

अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः ।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ॥३६॥

श्रीभगवानुवाच

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः ।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥३७॥
धूमेनाव्रियते वह्निर्यथादर्शो मलेन च ।
यथोल्वेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम् ॥३८॥
आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा ।
कामरूपेण कौन्तेय दुष्पूरेणानलेन च ॥३९॥
इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते ।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥४०॥
तस्मात्त्वमिन्द्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ॥४१॥
इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः ।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥४२॥
एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥४३॥

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे कर्मयोगो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥३॥

चतुर्थोऽध्यायः

श्रीभगवानुवाच

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् ॥ १ ॥
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः ।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परंतप ॥ २ ॥
स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः ।
भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम् ॥ ३ ॥

अर्जुन उवाच

अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः ।
कथमेतद्विजानीयां त्वमादौ प्रोक्तवानिति ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन ।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप ॥ ५ ॥
अजोऽपि सन्नव्ययात्मा
भूतानामीश्वरोऽपि सन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय
संभवाम्यात्ममायया ॥६॥
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥ ७ ॥

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥ ८ ॥
जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः ।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन ॥ ९ ॥
वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः ।
बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः ॥१०॥
ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥११॥
काङ्क्षन्तः कर्मणां सिद्धिं यजन्त इह देवताः ।
क्षिप्रं हि मानुषे लोके सिद्धिर्भवति कर्मजा ॥१२॥
चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम् ॥१३॥
न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा ।
इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बध्यते ॥१४॥
एवं ज्ञात्वा कृतं कर्म पूर्वैरपि मुमुक्षुभिः ।
कुरु कर्मैव तस्मात्त्वं पूर्वैः पूर्वतरं कृतम् ॥१५॥

किं कर्म किमकर्मेति
कवयोऽप्यत्र मोहिताः ।
तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि
यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात् ॥१६॥

कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः ।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः ॥१७॥
कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः ।
स बुद्धिमान्मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत् ॥१८॥

यस्य सर्वे समारम्भाः कामसंकल्पवर्जिताः ।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं तमाहुः पण्डितं बुधाः ॥१९॥
त्यक्त्वा कर्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः ।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किंचित्करोति सः ॥२०॥
निराशीर्यतचित्तात्मा त्यक्तसर्वपरिग्रहः ।
शारीरं केवलं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ॥२१॥
यदृच्छालाभसंतुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः ।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते ॥२२॥
गतसङ्गस्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतसः ।
यज्ञायाचरतः कर्म समग्रं प्रविलीयते ॥२३॥
ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना ॥२४॥
दैवमेवापरे यज्ञं योगिनः पर्युपासते ।
ब्रह्माग्नावपरे यज्ञं यज्ञेनैवोपजुह्वति ॥२५॥
श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति ।
शब्दादीन्विषयानन्य इन्द्रियाग्निषु जुह्वति ॥२६॥
सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि चापरे ।
आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते ॥२७॥
द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञ योगयज्ञास्तथापरे ।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ॥२८॥
अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे ।
प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः ॥२९॥
अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति ।
सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः ॥३०॥

यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम् ।
नायं लोकोऽस्त्ययज्ञस्य कुतोऽन्यः कुरुसत्तम ॥३१॥
एवं बहुविधा यज्ञा वितता ब्रह्मणो मुखे ।
तान्सर्वानेवं ज्ञात्वा विमोक्ष्यसे ॥३२॥
श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परंतप ।
सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते ॥३३॥
तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥३४॥
यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव ।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि ॥३५॥
अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृत्तमः ।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं संतरिष्यसि ॥३६॥
यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ।
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा ॥३७॥
न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति ॥३८॥
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं
तत्परः संयतेन्द्रियः ।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्ति-
मचिरेणाधिगच्छति ॥३९॥
अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति ।
नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः ॥४०॥
योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंच्छिन्नसंशयम् ।
आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय ॥४१॥

तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः ।
छित्त्वैनं संशयं योगमुतिष्ठोत्तिष्ठ भारत ॥४२॥

ॐ तत्सत्

इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे ज्ञानकर्मसंन्यासयोगो नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

पञ्चमोऽध्यायः

अर्जुन उवाच

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच

संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासात्कर्मयोगो विशिष्यते ॥ २ ॥
ज्ञेयः स नित्यसंन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति।
निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुखं बन्धात्प्रमुच्यते ॥ ३ ॥
सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।
एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम् ॥ ४ ॥
यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति ॥ ५ ॥
संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः।
योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति ॥ ६ ॥
योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।
सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते ॥ ७ ॥
नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।
पश्यञ्शृण्वन्स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्स्वपञ्श्वसन् ॥ ८ ॥
प्रलपन्विसृजन्गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन् ॥ ९ ॥

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥१०॥
कायेन मनसा बुद्धया केवलैरिन्द्रियैरपि ।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये ॥११॥
युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥१२॥
सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी ।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन् ॥१३॥
न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः ।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥१४॥
नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः ।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः ॥१५॥
ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः ।
[illegible] प्रकाशयति तत्परम् ॥१६॥
तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥१७॥
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥

जो लोग अनन्यभावसे मेरा चिन्तन करते हुए मुझे भजते हैं, उन नित्य मुझमें ही रत रहनेवालोंके योग-क्षेमका भार मैं उठाता हूं । ९-२२

टिप्पणी—योग अर्थात् वस्तुको प्राप्त करना और क्षेम अर्थात् प्राप्त वस्तुको संभाल रखना ।

१३

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥

पत्र, फूल, फल या जल जो मुझे भक्तिपूर्वक अर्पण करता है वह प्रयत्नशील मनुष्य द्वारा भक्तिपूर्वक अर्पित किया हुआ मैं सेवन करता हूं। ९-२६

टिप्पणी—तात्पर्य यह कि ईश्वरप्रीत्यर्थ जो-कुछ सेवाभावसे दिया जाता है, उसका स्वीकार उस प्राणीमें रहनेवाले अन्तर्यामी रूपसे भगवान ही करते हैं।

१४

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥

इसलिए हे कौन्तेय! तू जो करे, जो खाय, जो हवनमें होमे, जो दानमें दे, जो तप करे, वह सब मुझे अर्पण करके कर। ९-२७

१५

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥

सब प्राणियोंमें मैं समभावसे रहता हू। मुझे कोई अप्रिय या प्रिय नहीं है। जो मुझे भक्तिपूर्वक भजते हैं वे मुझमें हैं और मैं भी उनमें हूं। ९-२९

१६

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥

भारी दुराचारी भी यदि अनन्यभावसे मुझे भजे

तो उसे साधु हुआ ही मानना चाहिए, क्योंकि अब उसका अच्छा सकल्प है। ९-३०

टिप्पणी—क्योंकि अनन्य भक्ति दुराचारको शान्त कर देती है।

१७

क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति।
कौन्तेय प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥

वह तुरन्त धर्मात्मा हो जाता है और निरन्तर शान्ति पाता है। हे कौन्तेय! तू निश्चयपूर्वक जानना कि मेरे भक्तका कभी नाश नही होता। ९-३१

१८

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः॥

मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त यज्ञ कर, मुझे नमस्कार कर, इससे मुझमें परायण होकर आत्माको मेरे साथ जोड़कर तू मुझे ही पावेगा। ९-३४

१९

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः॥

मैं सबकी उत्पत्तिका कारण हूं और सब मुझसे ही प्रवृत्त होते हैं, यह जानकर समझदार लोग भावपूर्वक मुझे भजते हैं। १०-८

२०

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्य तुष्यन्ति च रमन्ति च ॥

मुझमें चित्त लगानेवाले, मुझे प्राणार्पण करनेवाले एक-दूसरेको बोध कराते हुए, मेरा ही नित्य कीर्तन करते हुए, सन्तोष और आनन्दमें रहते हैं। १०-९

२१

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥

इस प्रकार मुझमें तन्मय रहनेवालोंको और मुझे प्रेमसे भजनेवालोंको मैं ज्ञान देता हूं और उससे वे मुझे पाते हैं। १०-१०

२२

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः ।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ॥

उनपर दया करके उनके हृदयमें स्थित मैं ज्ञान-रूपी प्रकाशमय दीपकसे उनके अज्ञानरूपी अन्धकारका नाश करता हूं। १०-११

२३

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥

जो मेरे दर्शन तूने किये है वह दर्शन न वेदसे,

न तपसे, न दानसे, अथवा न यज्ञसे ही हो सकते हैं। ११-५३

२४

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रष्वेटुं च परंतप॥

परन्तु हे अर्जुन! हे परंतप! मेरे सम्बन्धमें ऐसा ज्ञान, ऐसे मेरे दर्शन और मुझमें वास्तविक प्रवेश केवल अनन्य-भक्तिसे ही सम्भव है। ११-५४

२५

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव॥

हे पाण्डव! जो सब कर्म मुझे समर्पण करता है, मुझमें परायण रहता है, मेरा भक्त बनता है, आसक्ति-का त्याग करता है और प्राणीमात्रमें द्वेषरहित होकर रहता है, वह मुझे पाता है। ११-५५

२६

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः॥

जिससे लोग उद्वग नहीं पाते, जो लोगोंसे उद्वेग नहीं पाता, जो हर्ष, क्रोध, ईर्ष्या, भय और उद्वेगसे मुक्त है, वह मुझे प्रिय है। १२-१५

२७

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम् ।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति ॥

समस्त नाशवान प्राणियोंमें अविनाशी परमेश्वरको समभावसे मौजूद जो जानता है वही उसका जाननेवाला है । १३-२७

२८

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम् ।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः ॥

जिसके द्वारा प्राणियोंकी प्रवृत्ति होती है और जिसके द्वारा यह समस्त व्याप्त है उसे जो पुरुष स्वकर्म द्वारा भजता है वह मोक्ष पाता है । १८-४६

२९

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥

हे अर्जुन ! ईश्वर सब प्राणियोंके हृदयमें वास करता है और अपनी मायाके बलसे उन्हें चाकपर चढ़े हुए घड़ेकी तरह घुमाता है । १८-६१

३०

तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत ।
तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥

हे भारत ! तू सर्वभावसे उसकी शरण

ले। उसकी कृपासे परमशान्तिमय अमरपदको पावेगा। १८-६२

३१

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

सब धर्मोंका त्याग करके एक मेरी ही शरण ले। मैं तुझे सब पापोंसे मुक्त करूंगा। शोक मत कर! १८-६६

३२

संजय उवाच

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥

संजयने कहा—

जहां योगेश्वर कृष्ण है, जहां धनुर्धारी पार्थ हैं, वहां श्री है, विजय है, वैभव है और अविचल नीति है ऐसा मेरा अभिप्राय है। १८-७८

टिप्पणी—योगेश्वर कृष्णसे तात्पर्य है अनुभव-सिद्ध शुद्ध ज्ञान, और **धनुर्धारी** अर्जुनसे अभिप्राय है तदनुसारिणी क्रिया। इन दोनोंका सगम जहां हो वहां संजयने ने जो कहा, उसके सिवा दूसरा क्या परिणाम हो सकता है?

३३

अर्जुन उवाच

पश्यामि देवांस्तव देव देहे
सर्वांस्तथा भूतविशेषसंघान् ।
ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थ-
मृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥

अर्जुन बोले--

हे देव ! आपकी देहमें मैं देवताओंको, भिन्न-भिन्न प्रकारके सब प्राणियोंके समुदायोंको, कमलासन पर विराजमान ईश ब्रह्माको, सब ऋषियोंको और दिव्य सर्पों को देखता हूँ । ११-१५

३४

अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रं
पश्यामि त्वां सर्वतोऽनन्तरूपम् ।
नान्तं न मध्यं न पुनस्तवादिं
पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूप ॥

आपको मैं अनेक हाथ, उदर, मुख और नेत्र-युक्त अनन्तरूपवाला देखता हूँ । आपका अन्त नहीं है,..मध्य नहीं है, न है आपका आदि । हे विश्वेश्वर ! आपके विश्वरूपका मैं दर्शन कर रहा हूँ । ११-१६

३५

त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं
त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् ।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता
सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे ॥

आपको मैं जाननेयोग्य परम अक्षररूप, इस जगतका अन्तिम आधार, सनातन धर्मका अविनाशी रक्षक और सनातन पुरुष मानता हूँ। ११-१८

३६

अनादिमध्यान्तमनन्तवीर्य-
मनन्तबाहुं शशिसूर्यनेत्रम् ।
पश्यामि त्वां दीप्तहुताशवक्त्रं
स्वतेजसा विश्वमिदं तपन्तम् ॥

जिसका आदि, मध्य या अन्त नहीं है, जिसकी शक्ति अनन्त है, जिसके अनन्त बाहु हैं, जिसके सूर्यचन्द्ररूपी नेत्र हैं, जिसका मुख प्रज्वलित अग्निके समान है और जो अपने तेजसे इस जगतको तपा रहा है, ऐसे आपको मैं देख रहा हूँ। ११-१९

३७

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि
व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः ।
दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं
लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन् ॥

आकाश और पृथ्वीके बीचके इस अन्तर में और समस्त दिशाओंमें आप ही अकेले व्याप्त हो रहे हैं। हे महात्मन् ! यह आपका अद्भुत उग्र रूप देखकर तीनों लोक थरथराते हैं। ११-२०

३८

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण-
स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम् ।
वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम
त्वया ततं विश्वमनन्तरूप ॥

आप आदिदेव है। आप पुराणपुरुष है। आप इस विश्व के परम आश्रयस्थान है। आप जाननेवाले है और जाननेयोग्य है। आप परमधाम हैं। हे अनन्तरूप ! इस जगत में आप व्याप्त हो रहे हैं। ११-३८

३९

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः
प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च ।
नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्वः
पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ॥

वायु, यम, अग्नि, वरुण, चन्द्र, प्रजापति, प्रपितामह आप ही हैं। आपको हज़ारों बार नमस्कार पहुंचे। और फिर भी आपको नमस्कार पहुंचे। ११-३९

४०

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते
नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व ।
अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं
सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः ॥

हे सर्व ! आपको आगे, पीछे, सब ओरसे नमस्कार है। आपका वीर्य अनन्त है, आपकी शक्ति अपार है, सब-कुछ आप ही धारण करते हैं, इसलिए आप ही सर्व हैं। ११-४०

४१

पितासि लोकस्य चराचरस्य
त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् ।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो
लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ॥

स्थावरजंगम जगतके आप पिता हैं। आप उसके पूज्य और श्रेष्ठ गुरु हैं। आपके समान कोई नहीं है तो आपसे अधिक तो कहांसे हो सकता है ? तीनों लोकमें आपके सामर्थ्यका जोड़ नहीं है। ११-४३

४२

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं
प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् ।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः
प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥

इसलिए साष्टांग नमस्कार करके आपसे, पूज्य ईश्वरसे प्रसन्न होनेकी प्रार्थना करता हूं। हे देव! जिस तरह पिता पुत्रको, सखा सखाको सहन करता है, वैसे आप मेरे प्रिय होनेके कारण मेरे कल्याणके लिए मुझे सहन करनेयोग्य हैं। ११-४४

गीतापदार्थकोष

[गीताके शब्दोंका अर्थसहित स्थल-निर्देश]

पाठकोंसे निवेदन

काका साहबने अपने 'दो शब्द' में बताया है कि यह कोष बारह वर्ष पहले तैयार हुआ और जैसा चाहिए था वैसा न होनेपर भी आज क्यों छप रहा है।

जिन्हें मेरे नामसे प्रकाशित अनुवादमें कुछ भी रस है उनके लिए यह कोष सहज ही आवश्यक है। संभव है, अन्य गीताभ्यासियोके लिए भी यह उपयोगी हो। ऐसे लोगोके लिए मेरी यह सूचना है कि यदि 'पदार्थकोष' मे दिये हुए अर्थ उन्हें न रुचें और दूसरे अर्थ अधिक प्रिय लगें तो वे उन्हे उसीमें लिख लें। ऐसा करनेसे उन्हें बहुत थोडी मेहनत-में अपना मनचाहा कोष मिल जायगा और इस प्रकार अभ्यास करने वाले व्यक्ति यदि अपने पसंद किये हुए अर्थ मेरे पास भेज दें तो मैं आभारी होऊगा।

मैं ज्यों-ज्यों गीताका अभ्यास करता हूं त्यों-त्यों मुझे उसकी अनुपमता अधिक मालूम होती जाती है। मेरे लिए वह आध्यात्मिक कोष है।

मैं जब कभी कार्याकार्यकी परेशानीमें पड़ता हूं तब उसका आश्रय लेता हूं और अबतक उसने मुझे कभी निराश नहीं किया। वह सचमुच काम-धेनु है। रोज एक श्लोक, फिर दो, फिर पाच, फिर रोज एक अध्याय, फिर चौदह दिनमे पारायण और अंतमें कई वर्षसे हममेंसे कुछ लोग सात दिन-के पारायणतक पहुच गये है और सुबह साढ़े चार बजेके लगभग निश्चित दिनोके निश्चित अध्यायोंकी ध्वनि सुनाई पड़ती है। कुछ-ने—बहुत थोड़े लोगोंने—अठारहों अध्याय कंठ कर लिये है। वारके हिसाबसे सुबहकी प्रार्थनामें रोज यह क्रम चलता है :

शुक्र १, २; शनि ३, ४, ५; रवि ६, ७, ८; सोम ९, १०, ११, १२; मंगल १३, १४, १५; बुध १६, १७; गुरु १८.

इस विभाजनके विषय मे इतना ही कहना काफी है कि इसके पीछे एक विचारश्रेणी रही है। ऐसा अनुभव है कि इस प्रकार मनन करनेमें

ठीक-ठीक सुविधा होती है।

यह प्रश्न उठना सभव है कि शुक्रवारसे ही पारायण क्यो शुरू हुआ। इसका कारण इतना ही है : काफी समयतक चौदह दिनका पारायण चलता रहा। यरवदा जेलमे मुझे सात दिनके पारायण की बात सूझी और एक शुक्रवार को उसपर अमल हुआ, इसलिए और उसी समयसे पारायण-सप्ताह शुक्रवारसे शुरू होता है।

पारायणकी बात यहां देनेके दो हेतु हैं। एक तो यह बताना कि गीता-भक्ति आजतक हममेसे कुछ लोगोको कहांतक ले गई है और दूसरे पाठकोको अभ्यासमे प्रोत्साहन देनेवाला रास्ता बताना

किन्तु गीता गाकर ही निहाल नही हो सकते। गीता धर्म-दर्शक कोष है, आत्माकी उलझनको सुलझानेवाली प्रचड शक्ति है, दीन-दुखियों-का आधार है, सोतेसे जगानेवाली है, जो ऐसा मानता है उसे ही गीता-गान मदद दे सकता है। यहा यह कहनेका आशय बिल्कुल नहीं है कि बिना अर्थ समझे गीता-गान स्वतन्त्ररूपसे मनुष्यका कल्याण करता है। प्रयत्नपूर्वक पाले हुए तोतेको गीता अवश्य कंठ कराई जा सकती है; किन्तु उससे तोतेको या उसके शिक्षकको जरा भी पुण्य नही मिलनेका।

गीता जीती-जागती, जीवन देनेवाली, अमर माता है। दूध पिलाकर पालने-पोसनेवाली माता एक दिन धोखा देकर चली जायगी। हम देखते हैं, असंख्य माताएं अपनी सतानको तूफानमेसे बचानेमें असमर्थ रहती है। किन्तु गीतामाताका आश्रय लेनेवाला भयंकर तूफानमेसे उबर जाता है। वह नित्य जाग्रत है। कभी धोखा नही देती। किन्तु जैसे बिना मांगे मां भी दूध नही पिलाती वैसे ही गीतामाता भी बिना मागे कुछ नही देती। वह किसीको अपनी गोदमे लेनेसे पहले उसकी कठिन परीक्षा लेती है, पूर्ण भक्तिकी अपेक्षा रखती है। शुष्क भक्तिसे भी काम नही चलेगा। वह अनन्य भक्ति चाहती है। इसलिए जो लोग उसे सर्वार्पण करनेको तैयार नही उन्हे आश्रय देना वह बिलकुल अस्वीकार कर देती है।

भौतिक शास्त्रके बड़े-बड़े अभ्यासी उसके पीछे पागल हो जाते है तब कही उन्हे उसका कुछ दर्शन होता है। एम. ए., बी. ए., होनेवाले रात-दिन पढते हैं, उसपर पैसा खर्च करते हैं, शरीर सुखाते है। इस प्रकार

प्रयत्न करनेवालोमेसे कुछ ही लोग पहली बारमे उत्तीर्ण होते है। उत्तीर्ण न होनेवाले निराश न होकर बार-बार प्रयत्न करते है और उत्तीर्ण होने-पर ही शातिसे बैठते है। और अत मे—?

गीतामृत का पान करनेके लिए तो इन प्रयत्नोकी अपेक्षा बहुत अधिक प्रयत्नकी आवश्यकता होनी चाहिए और है ही। परतु उस अमृत-पानकी गरज कितनोको है ? गरज है तो कितने लोग जी तोडकर प्रयत्न करने को तैयार होते है? हम जानते है कि जैसे मैंने बताया है उस दृष्टि-से गीता-भक्ति करनेवालोकी सख्या नहीके बराबर है। तो भी सब लोग यह कबूल करते है कि गीता सारे उपनिषदोंका दोहन है। किसी भी हिन्दू-को उसके ज्ञानसे रहित नही होना चाहिए; किंतु आजकल धर्ममात्रकी कीमत घट गई है। उसके कारणोमे जानेका यह अवसर नही है। मैंने तो, यह गीतापदार्थकोष प्रकाशित हो रहा है, इस निमित्तसे जिज्ञासुओका ध्यान गीतारूपी रत्नकी तरफ खीचने और उसका सदुपयोग कैसे हो सकता है यह बताने का प्रयत्न इस निवेदनमे किया है, वह सफल हो।

सेगाव, वर्धा
२४–९–३६

—मोहनदास करमचंद गांधी

दो शब्द

गीताके शब्दोंकी (पदोंका) अक्षरानुक्रमणिका, उनका स्थलनिर्देश और उनका अर्थकोष गांधीजीने सन् १९२२-२३ में यरवदा जेलमें तैयार किया। जेल की पढ़ाई और साहित्य-प्रवृत्ति के सम्बन्धमें गांधीजीने लिखा है :

"जबसे मैंने संसार मे प्रवेश किया तबसे मुझे लगा कि सामान्य ज्ञान प्राप्त करनेके लिए मुझे पढना चाहिए। किंतु मुझे जीवनमें पहले-से ही तूफान और संकट दिखाई दिये। इसलिए साहित्यमें रस लेने-को अधिक समय न मिला। सन् १८९४ के बाद कुछ पढ़ने-पढ़ानेका समय मुझे मिला तो वह केवल दक्षिण अफ्रीकाकी जेलोमें ही। मुझे पढ़ने-का शौक पैदा हुआ इतना ही नहीं, बल्कि अपना सस्कृतका ज्ञान पूरा करने और तामिल, हिंदी तथा उर्दूका अभ्यास करनेको मेरा मन हुआ। दक्षिण अफ्रीकाकी जेलोंमें मेरी पढ़नेकी अभिरुचि तीव्र हुई थी। इसलिए दक्षिण अफ्रीकाके अपने आखिरी कारावासके समय मुझे समय से पहले छोड़ दिया गया तब मुझे दुःख हुआ।

"इसलिए हिन्दुस्तानमें जब ऐसा अवसर आया तब मैंने आनंदपूर्वक उसका स्वागत किया। मैंने यरवदामें अभ्यासका एक नियमित क्रम बना लिया, जिसे पूरा करनेके लिए ६ वर्ष काफी न थे।

"जर्जरित शरीरवाला ५४ वर्षका बूढ़ा होते हुए भी मैंने २४ वर्ष-के तरुणके समान उत्साहपूर्वक अभ्यास शुरू किया। मैं अपने समयके एक-एक क्षणका हिसाब रखता और चाहता था कि छूटनेपर मैं उर्दू और तामिलका अच्छा अभ्यासी होकर और संस्कृतका अच्छा ज्ञान लेकर ही बाहर निकलू। सस्कृतके मूल ग्रथ पढनेकी मेरी कामना पूरी हो जाती, किंतु ऐसा होनेका संयोग न था। दुर्भाग्यसे मैं बीमार पड़ गया। उसके परिणामस्वरूप मैं छूटा और मेरे अभ्यासके रंगमें भंग हो गया।"

फिर भी गांधीजीने अनेक भाषाओंकी छोटी-बड़ी मिलाकर डेढ़ सौ

किताबें तो पढ़ ही डालीं। इनमे महाभारत, गीता और उपनिषदोंका अभ्यास तो था ही। वह लिखते है :

"जिन पुस्तकोंके बिना मेरा काम चल ही नही सकता था वे महाभारत, रामायण और भागवत थीं। वेदको मूलमें देखनेकी इच्छा उपनिषद्से सतेज हुई। उसकी उत्कट कल्पनाओसे अपार आनंद हुआ और उसकी आध्यात्मिकतासे मेरी आत्मा शांत हुई।"

इस पढ़ाईके साथ-साथ उन्होने यह गीतापदार्थकोष भी तैयार किया। इसके सबंधमें उन्होंने लिखा है :

"जेलमें किये गए अपने अभ्यासकी इस समालोचनाको पूरा करनेसे पहले मैं विद्यार्थी पाठकको नियमित कार्य करनेकी उपयोगिताके संबंधमे तथा शुष्क वस्तुओको रसपूर्ण बनानेकी रीतिके सबधमें दो शब्द कह दू। मेरे अपने अभ्यास और नित्यप्रतिके उपयोगके लिए मुझे गीताकी एक शब्दानुक्रमणिका तैयार करनी थी। शब्द और उनके संबंध लिखने और दो-दो बार उनको क्रमसे लगानेका काम बहुत रसपूर्ण नहीं है। मेरी धारणा थी कि अपने कारावासके समय मैं यह काम करू तो भी इस कामके लिए बहुत समय देना मुझे रुचिकर न था। मेरा समयपत्रक भरा हुआ था। इससे रोज केवल बीस मिनट इस काममे देनेका मैंने निश्चय किया। इस कार्य मे इतना थोड़ा समय देनेसे यह बेगार-जैसा नही मालूम होता था। उलटे, रोज उसका समय होनेकी मैं राह देखता। जब उसकी दूसरी बारकी अनुक्रमणिका तैयार करनेका समय आया तब तो मैं उसमें तल्लीन होने लगा। जिज्ञासु स्वय इस बातका अनुभव कर देखे। जिन शब्दोका अनुक्रम मुझे ठीक करना था उनके पहले अक्षरोंका अक्षरानुक्रम मैंने पहले तैयार किया, किंतु प्रत्येक अक्षरके शब्दोंको आंतरिक अक्षरानुक्रममे किस रीतिसे लगायें, यह प्रश्न मेरे लिए जटिल हो गया। मैंने कभी शब्दकोष तैयार नही किया था। इससे मुझे स्वतत्र रूपसे काम करनेकी रीति खोजनी पड़ी और जब मैंने वह खोज ली तब मेरे आनंदका पार नहीं रहा। बचपनमें जो आनंद गोली और कंचेके खेलमें आता उससे भी अधिक आनद मुझे इस अनुक्रमणिकाको लगानेके खेलसे मिला। यह रीति सुघड़, तेज और भूल

होने ही न पाये, ऐसी थी। यह सारा काम पूरा करते मुझे अठारह महीने लगे। आज अब इस शब्दानुक्रममे देखकर मैं तत्काल जान सकता हू कि गीताजीमे आया हुआ कोई भी शब्द कहा और कितनी बार प्रयुक्त हुआ है। इसमें दूसरा भी अभिप्राय रहा है। यदि मैं कभी गीताके सबधमे अपने विचार लिखनेमे समर्थ हुआ तो इस शब्दानुक्रम और इन विचारोको पाठकोके समक्ष रखना भी चाहता हू।"

ऐसी बात नही है कि गीताका पदानुक्रम इसके पहले किसीने तैयार न किया हो। थोडी-बहुत पूर्णतावाले ऐसे गीता-पद-कोष चार-पांच तो हैं ही, किंतु गाधीजीको अपने विनोदके लिए और जेलकी सहूलियतके लिए इस प्रकारका कोष स्वतत्र रूपसें तैयार करना था। गांधीजीका मानस प्रत्येक क्षेत्र मे शास्त्रीय रीतिसे काम करता है। गीताके अभ्यास-की सुविधाके लिए उन्होने एक बार अनेक भाषन्तरोंके हरेक श्लोकके अनुवाद इकट्ठे करके टाइप कराये थे। इसे अंग्रेजीमे 'कॉन्कोर्डन्स' (सादृश्य) करते है। इसका उद्देश्य अक्षरानुक्रमसे यह बताना होता है कि अमुक ग्रथमे अथवा अमुक लेखककी तमाम रचनाओंमे अमुक शब्द कहा-कहा और कितनी बार आया है। गाधीजीने इसमे हरेक पदका अर्थ भी देकर इसकी उपयोगिता बढा दी है। इसलिए पद केवल पदकोष न रहकर अर्थकोष भी हो गया है। और इसीलिए इसको **गीतापदार्थकोष** नाम दिया गया है। इस पदार्थकोषमे उन्होने पहले सस्कृत कोषोमे दिये हुए अर्थ ही लिखे थे। बादमे जब उन्होने गीताके अपने अर्थको स्पष्ट करनेके लिए **अनासक्तियोग** लिखा तब उसमे दिये हुए अर्थ भी इस पदार्थकोषमे जोड दिये गए। ऑडिनेन्सराजकी धाधलीके दिनोंमे यह संवर्धित कोष खो गया। इसलिए अभी-अभी दो-तीन मित्रोने गाधीजीके मूल हस्तलिखित पदसे फिर मेहनत करके यह तैयार किया है और आज यह पाठकोके हाथमे दिया जा रहा है।

यह कोष जैसा बना है उससे गांधीजीको पूर्ण संतोष नही है। उनकी इच्छा थी कि अर्थ देना ही है तो प्रत्येक महत्त्वके शब्दका अलग-अलग भाष्यकारोंने और गीताके नये-पुराने अभ्यासियोने अलग-अलग जो अर्थ किया है, वह सब व्यवस्थित रीतिसे दें। इससे भाष्यार्थका तुलनात्मक

अभ्यास सुलभ हो जाता।

यह तो अर्थ-भेदकी दृष्टि हुई। दूसरी रीतिसे भी अर्थकोषको शास्त्र-शुद्ध करनेके लिए शब्दोका धात्वर्थ देकर उसके बाद गीता-युगतक इन शब्दोके अर्थमे कैसे अंतर पड़ता गया और गीताने इन शब्दोंका खास क्या अर्थ किया है यह बताना चाहिए। उसके बाद तत्त्वज्ञानके विकास-का अनुसरण करके भाष्यकारोंको यह अर्थ क्यो बदलना पड़ा, यह भी थोड़ेमे बताना चाहिए। इस रीतिसे अर्थ-विकासकी सीढियो अथवा प्रवाहको बताकर गीताके लिए पर्याप्त 'सेमेन्टिकस्' (शब्दार्थ-शास्त्र) बनाना चाहिए। जैसा मनुष्योंका विकास होता है, वैसे मनुष्य-जातिमे प्रयुक्त महान् शब्दोके अर्थमे भी विकास होता जाता है। शब्द भी वस्तुतः सगुण पुरुष ही है।

इस अर्थ-विकासके सबधमे अनासक्तियोगकी प्रस्तावनामे गांधीजीने लिखा है : "मनुष्यकी भाति महावाक्योके अर्थका विकास भी होता ही रहता है। भाषाओके इतिहासकी जाच कीजिए तो मालूम होगा कि अनेक महान् शब्दोके अर्थ नित्य नये होते रहे है.... . गीताकारने महा-शब्दोंका व्यापक अर्थ करके अपनी भाषाका भी व्यापक अर्थ करना हमे सिखाया है।"

आगे चलकर वह लिखते है : "गीता एक महान् धर्मकाव्य है। उसमे जितने गहरे उतरेगे उतने ही नये और सुदर अर्थ उसमेसे मिलेगे ..... गीतामे आये हुए महाशब्दों का अर्थ युग-युगमे बदलता और विस्तृत होता रहेगा। गीताका मूल मत्र कभी नही बदल सकता। वह मत्र जिस रीतिसे साधा जा सके उस रीतिसे जिज्ञासु चाहे जो अर्थ कर सकता है।"

गाधीजीकी इच्छाके अनुसार ऐसा व्यापक और शास्त्रशुद्ध सपूर्ण गीतापदार्थकोष जब तैयार होगा तब होगा। इस समय तो हम उनकी बारह वर्ष पहलेकी प्रवृत्तिका फल गीताभ्यासियो के आगे रखते है।

सरस्वती-पूजन
२४–९–'३६

—दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर

गीता-पदार्थ-कोष

अ

अकर्तारम्—४-१३, १३-२९ अकर्ता; अकर्तारूपमें

अकर्म—४-१६, १८ कर्मशून्यता, अकर्म

अकर्मकृत्—३-५ कर्म किये बिना

अकर्मणः—३-८ कर्म न करनेसे; ३-८ कर्म न करनेवालेकी, कर्म बिना; ४-१७ कर्म-शून्यताका, अकर्मका

अकर्मणि—२-४७ कर्मशून्यतामे, कर्म न करनेके विषयमें; ४-१८ अकर्ममें

अकल्मषम्—६-२७ पापरहित हुए को, निष्पापको

अकारः—१०-३३ अकार; 'अ' यह अक्षर

अकार्यम्—१८-३१ न करने योग्य

अकीर्तिकरम्—२-२ लांछन लगानेवाला, अपयश देनेवाला

अकीर्तिम्—२-३४ अपकीर्ति, निंदा

अकीर्तिः—२-३४ अयश, अपकीर्ति

अकुर्वत—१-१ किया

अकुशलम्—१८-१० दुःखकर, असुविधाजनक.

अकृतबुद्धित्वात्—१८-१६ असंस्कृत बुद्धिके कारण

अकृतात्मानः—१५-११ संस्कार-रहित लोग, जिन्होंने आत्म-शुद्धि नहीं की है ऐसे लोग

अकृतेन—३-१८ न करनेसे

अकृत्स्नविदः—३-२९ अज्ञानी मंदबुद्धि लोगोंको, अधकचरे ज्ञान वालोको

अक्रियः—६-१ क्रियाओंका न करनेवाला

अक्रोधः—१६-२ क्रोधरहित होना

अक्लेद्यः—२-२४ जो भिगोया न जा सके ऐसा

अक्षय (य्य) म्—५-२१ अविनाशी

अक्षय्य (जिसे नष्ट न किया जा सके)

अक्षयः—१०-३३ नाशरहित अविनाशी

अक्षरसमुद्भवम्—३-१५ (अविनाशी) परमात्मासे उत्पन्न हुआ; शाश्वत ब्रह्म (अक्षर) से उत्पन्न हुआ

अक्षरम्—८-३, ११; ११-१८,

३७; १२-१, ३ अक्षर, अविनाशी; १०-२५ ॐ कार, 'ॐ' यह अक्षर

अक्षरः—८-२१ अविनाशी; १५-१६, १६ अक्षर (पुरुष)

अक्षराणाम्—१०-३३ अक्षरोंमें, वर्णोंमे

अक्षरात्—१५-१८ अक्षरसे

अखिलम्—४-३३ पूरा, निःशेष; ७-२९ अखिल; १५-१२ सारे, समूचे

अगतामून्—२-११ जिनके प्राण नही गये है उनको, जीवितोंको

अग्निः—४-३७; ८-२४; ९-१६; ११-३९; १८-४८ अग्नि

अग्नौ—१५-१२ अग्निमे

अग्रे—१८-३७, ३८, ३९ आरभमे

अघम्—३-१३ पापको

अघायुः—३-१६ पापी जीवनवाला

अङ्गानि—२-५८ अंगो (को), गात्रो (को)

अचरम्—१३-१५ स्थावर, स्थिर

अचलप्रतिष्ठम्—२-७० अचल स्थितिवालेको, जिसकी मर्यादा निश्चल है उसे, अचल प्रतिष्ठावालेको

अचलम्—६-१३; १२-३ अचल

अचलः—२-२४ अचल

अचला—२-५३ स्थिर (बुद्धि)

अचलाम्—७-२१ दृढ

अचलेन—८-१० अचल, निश्चल

अचापलम्—१६-२ अचांचल्य, अचंचलता, दृढता

अचिन्त्यरूपम्—८-९ विचारमे न आ सके ऐसे रूपवाला, अचिन्त्य

अचिन्त्यम्—१२-३ अचिन्त्य

अचिन्त्यः—२-२५, जिसका चिन्तन न किया जा सके ऐसा, मनके लिए अगम्य

अचिरेण—४-३९ तुरत, बिना विलबके

अचेतसः—३-३२; १५-११; १७-६ अविवेकी, ज्ञानहीन, मूढ

अच्छेद्यः—२-२४ जो छेदा न जा सके ऐसा

अच्युत—१-२१; ११-४२; १८-७३ हे अच्युत, कृष्ण

अजस्रम्—१६-१९ निरतर, बारंबार

अजम्—२-२१; ७-२५, १०-३, १२ अजन्मा, जन्मरहित

अजः—२-२०; ४-६ अजन्मा, जन्मरहित

अजानता—११-४१ अनजाने, भूलमें

अजानन्तः—७-२४; ९-११; १३-२५ न जाननेवाले

अज्ञः—४-४० अज्ञानी

अज्ञानजम्—१०-११ अज्ञानसे

उत्पन्न हुआ, अज्ञानरूप; १४-८ अज्ञानमूलक

अज्ञानविमोहिताः—१६-१५ अज्ञानसे अति मूढ हुआ

अज्ञानसंभूतम्—४-४२ अज्ञानसे उत्पन्न हुआ

अज्ञानसंमोहः—१८-७२ अज्ञानजन्य मोह

अज्ञानम्—५-१६; १३-११; १४-१६, १७; १६-४ अज्ञान

अज्ञानाम्—३-२६ अज्ञानियोंकी

अज्ञानेन—५-१५ अज्ञान-अविद्यासे

अणीयांसम्—८-९ छोटा, अत्यन्त सूक्ष्म

अणोः—८-९ अणुसे

अतत्त्वार्थवत्—१८-२२ तत्त्वरहित, रहस्यहीन, मूल स्वरूपसे विपरीत (तुलना करो १८-३२)

अतन्द्रित—३-२३ आलस्यरहित (होकर)

अतपस्काय—१८-६७ तपश्चर्या-रहितको, असंयमीको, जो तपस्वी नहीं है उसे

अतः—९-२४; १५-१८ इसलिए, इस कारणसे; १३-११ इससे, इनसे

अतः परम्—२-१२ इससे आगे; १२-८ इस लोकसे, इस जन्मके बाद

अतितरन्ति—१३-२५ तर जाते है

अतिनीचम्—६-११ बहुत नीचा

अतिमानिता—१६-३ अति अभिमान

अतिरिच्यते—२-३४ अधिक है, बढ जाती है

अतिवर्तते—६-४४; १४-२१ लांघ जाता है, तर जाता है

अतिस्वप्नशीलस्य—६-१६ अधिक सोनेवालेको

अतीतः—१४-२१; १५-१८ लांघ गया हुआ, ... को तर जाने वाला,..... से पर

अतीत्य—१४-२० लांघकर; पार करके

अतीन्द्रियम्—६-२१ इंद्रियोंसे अतीत,—पर, जिसका अनुभव न हो सके ऐसा

अतीव—१२-२० बहुत

अत्यद्भुतम्—१८-७७ अति आश्चर्यकारक, अद्भुत

अत्यन्तम्—६-२८ अनत

अत्यर्थम्—७-१७ बहुत

अत्यश्नतः—६-१६ बहुत खानेवालेको, ठूस-ठूसकर खानेवालेको

अत्यागिनाम्—१८-१२ अत्यागीको, त्याग न करनेवालेको

अत्युच्छ्रितम्—६-११ बहुत ऊंचा

अत्येति—८-२८.....के उस पार जाता है, उल्लंघन कर जाता है

अत्र—१-४, २३; ४-१६; ८-२, ४,५; १८-१४ यहां; ४-१६; ८-५; १०-७ इस विषयमे

अथ—१-२०, २-३३; ३-३६ अब; १-२६; ११-५; १८-५८ और; २-२६; १२-६, ११ यदि; ३-३६; ११-४० फिर

अथवा—६-४२; १०-४२; ११-४२ अथवा

अथो—४-३५ इसलिए, उसके बाद

अदक्षिणम्—१७-१३ बिना दक्षिणाके, बिना त्यागके (यज्ञके)

अदम्भित्वम्—१३-७ अदभित्व, दम्भ न प्रकट करना

अदाह्यः—२-२४ जो जल न सके

अदृष्टपूर्वम्—११-४५ पहले न देखा हुआ

अदृष्टपूर्वाणि—११-६ पहले देखने में न आये हुए

अदेशकाले—१७-२२ अयोग्य देश और कालमे

अद्भुतम्—११-२०; १८-७४, ७६, अद्भुत, आश्चर्यकारक, अलौकिक

अद्य—४-३; ११-७; १६-१३ आज

अद्रोहः—१६-३ किसीका बुरा न करना, अद्रोह

अद्वेष्टा—१२-१३ द्वेष न करनेवाला, निर्वैर

अधमाम्—१६-२० अधम, नीच

अधर्मस्य—४-७ अधर्मका

अधर्मम्—१८-३१, ३२ अधर्मको

अधर्मः—१-४० अधर्म

अधर्माभिभवात्—१-४१ अधर्मकी वृद्धि होनेसे, अधर्मके आक्रमणसे

अधः—१४-१८ नीचे, अधोगति (पाते हैं); १५-२, २ नीचे

अधःशाखम्—१५-१ नीचेकी ओर शाखावाला, जिसकी शाखा नीचे की ओर है ऐसा

अधिकतरः—१२-५ (प्रमाणमे) बहुत अधिक

अधिकम्—६-२२ अधिक

अधिकः—६-४६, ४६, ४६ अधिक, बड़ा

अधिकारः—२-४७ अधिकार

अधिगच्छति—२-६४; ४-३६; ६-१५; २-७१; ५-६, २४; १४-१६; १८-४६; प्राप्त होता है, पाता है

अधिदैवतम्—८-४ } अधिदैव,
अधिदैवम्—८-१ } जीवस्वरूप

अधिभूतम्—८-१; ४ नामरूप

मात्र, नाशवान सृष्टि-स्वरूप, अधिभूत

अधियज्ञ.—८-२, ४ सब यज्ञका अभिमानी विष्णु, देह में रहते हुए भी यज्ञ द्वारा शुद्ध हुआ जीवस्वरूप

अधिष्ठानम्—३-४० निवासस्थान, आश्रय, किला, १८-१४ क्षेत्र, शरीर

अधिष्ठाय—४-६ लेकर; १५-९ आश्रय लेकर

अध्यक्षेण—९-१०, नियन्ता द्वारा, अधिकारके नीचे

अध्यात्मचेतसा—३-३० विवेकात्मबुद्धिसे, अध्यात्मवृत्ति रखकर

अध्यात्मज्ञाननित्यत्वम्—१३-११ अध्यात्मज्ञानका नित्यत्व, आध्यात्मिक ज्ञानकी नित्यताका भान

अध्यात्मनित्याः—१५-५ परमात्मस्वरूपके विचारमें निमग्न, आत्मामें नित्यनिमग्न

अध्यात्मविद्या—१०-३२ आत्मज्ञान, अध्यात्मविद्या

अध्यात्मसंज्ञितम्—११-१ आध्यात्मिक, 'अध्यात्म' नामका

अध्यात्मम्—७-२९ अध्यात्मको, शरीरमें स्थित अंतरात्माको; ८-१, ३ अध्यात्म, प्राणीमात्र मे स्वसत्तासे रहनेवाला

अध्येष्यते—१८-७० अभ्यास करेगा

अध्रुवम्—१७-१८ अनिश्चित

अनघ—३-३; १४-६; १५-२० हे पापरहित !

अनन्त—११-३७ हे अनन्त। अंतरहित

अनन्तबाहुम्—११-१९ अनन्त हाथोंवालेको

अनन्तरम्—१२-१२ बादमें, तुरत, अनन्तर

अनन्तरूप—११-३८ हे अनन्तरूप (कृष्ण)

अनन्तवीर्यम्—११-१९ अपार वीर्य (बल) वालेको

अनन्तवीर्यामितविक्रमः—११-४० अनन्त सामर्थ्य और अमाप बलवाला

अनन्तम्—११-११, ४७ अन्त रहितको

अनन्तरूपम्—११-१६ अनन्त रूपवालेको

अनन्तविजयम्—१-१६ अनन्तविजय नामक (युधिष्ठिरके) शंखको

अनन्तः—१०-२९ शेषनाग

अनन्ताः—२-४१ अनन्त, अपार

अनन्यचेता:—८-१४ जिसका चित्त और कहीं न हो वह, एकाग्र मनवाला

अनन्यभाक्—९-३० अनन्य निष्ठावाला, एकनिष्ठ(होकर)

अनन्यमनस:—९-१३ अनन्य चित्तवाले (होकर), एक-निष्ठासे

अनन्यथा—८-२२; ११-५४ अनन्य (भक्ति) से

अनन्येन—(योगेन) १२-६ एक—निष्ठासे

अनन्ययोगेन—१३-१० अनन्य ध्यानपूर्वक, अनन्य योगसे

अनन्या:—९-२२ दूसरेको न पूजनेवाले, अनन्य भावसे

अनपेक्ष:—१२-१६ इच्छारहित, नि:स्पृह

अनपेक्ष्य—१८-२५ बिना विचार किये

अनभिष्वङ्ग—१३-९ ममताका अभाव, निर्ममत्व

अनभिसधाय—१७-२५ (फलकी) आशा रखे बिना, इच्छा किये बिना

अनभिस्नेह:—२-५७ रागरहित, स्नेहरहित

अनयो:—२-१६ इन ('सत्' और 'असत्') का

अनल:—७-४ अग्नि, तेज (तन्मात्रा)

अनलेन—३-३९ अग्निसे

अनवलोकयन्—६-१३ न देखता हुआ

अनवाप्तम्—३-२२ जो वस्तु न पाई गई हो, न मिली हो, अप्राप्त

अनशनत:—६-१६ उपवासीको, न खानेवालेको

अनसूयन्त:—३-३१ द्वेषको त्यागनेवाले, निंदा न करने-वाले

अनसूयवे—९-१ द्वेषरहितको, निन्दा न करनेवालेको, दोषदर्शन न करनेवालेको

अनसूय:—१८-७१ द्वेषरहित, असूयारहित

अनहंकार:—१३-८ अहंकाररहित होना, अहंकारका अभाव, नम्रता

अनहंवादी—१८-२६ अहंतारहित

अनात्मन:—६-६ जिसने आत्मा को नहीं जीता है उसका, अजितेन्द्रियका

अनादित्वात्—१३-३१ अनादि होनेसे, अनादिताके कारण

अनादिमत्—१३-१२ अनादि, बिना आदिका

अनादिमध्यान्तम्— ११-१९

जिसका आदि, मध्य या अंत न हो उसे; उत्पत्ति, स्थिति और नाशसे रहितको

अनादिम्—१०-३ आदिरहित, सनातन, अनादिरूप

अनादी—१३-१९ अनादि (द्विव.)

अनामयम्—२-५१ निष्कलक आमय-रोगरहित, निर्दोष, १४-६ आरोग्यकर, उपद्रव-रहित

अनारम्भात्—३-४ आरम्भ न करनेसे

अनार्यजुष्टम्—२-२ श्रेष्ठ पुरुषके अयोग्य, जो क्षुद्र पुरुषको ही शोभा दे, आर्य पुरुष जिसका सेवन न करे ऐसा

अनावृत्तिम्—८-२३, २६ मोक्ष, जहासे पीछे (इस ससार मे) लौटकर न आना पडे

अनाशितः—२-१८ अविनाशीका, नाशरहितका

अनाश्रितः—६-१ आश्रय लिये बिना, इच्छा किये बिना

अनिकेतः—१२-१९ बिना घरका, जिसका कोई अपना निजी स्थान नहीं है

अनिच्छन्—३-३६ न चाहता हुआ

अनित्यम्—९-३३ अनित्य, क्षणिक

अनित्याः—२-१४ क्षणिक, अनित्य

अनिर्देश्यम्—१२-३ अवर्णनीय, शब्दोद्वारा जिसका वर्णन न हो सके ऐसा

अनिर्विण्णचेतसा—६-२३ बिना ऊबे

अनिष्टम्—१८-१२ अशुभ, दुःख-कर

अनीश्वरम्—१६-८ ईश्वररहित

अनुकम्पार्थम्—१०-११ दया करके, दया करनेके लिए

अनुचिन्तयन्—८-८ चिन्तन करता हुआ, एकाग्र होनेवाला

अनुतिष्ठन्ति—३-३१, ३२ अनु-करण करते है, अगीकार करते है

अनुत्तमम्—७-२४ अनुपम, सर्वोत्तम

अनुत्तमम्—७-१८ जिसकी अपेक्षा दूसरी अधिक उत्तम न हो, ऐसी सर्वोत्तम (गति)

अनुद्विग्नमनाः—२-५६ उद्वेगरहित मनवाला

अनुद्वेगकरम्—१७-१५ जो दुःख न दे ऐसा

अनुपकारिणे—१७-२० उपकार न करनेवालेको—न माननेवाले-को (बदला मिलनेकी आशा बिना)

अनुपश्यति—१३-३०; १४-१६ (वह) देखता है

अनुपश्यन्ति—१५-१० (वे) देखते हैं

अनुपश्यामि—१-३१ (मैं) देखता हू

अनुप्रपन्नाः—९-२१ आश्रय लेनेवाले—करनेवाले

अनुबन्धम्—१८-२५ कर्मोंके परिणामको, भविष्यमें होनेवाले शुभ या अशुभको

अनुबन्धे—१८-३९ परिणाममे, आखिरमें, अतमे

अनुमन्ता—१३-२२ अनुमति देनेवाला

अनुरज्यते—११-३६ अनुराग—प्रीति करता है

अनुवर्तते—३-२१ (वह) अनुसरण करता है

अनुवर्तन्ते—३-२३; ४-११ (वे लोग) अनुसरण करते है, उनके नीचे (अधीन) रहते है

अनुवर्तयति—३-१६ अनुसरण करता है, चलाता है

अनुविधीयते—२-६७ पीछे दौड़ा जाता है, पिरोया जाता है

अनुशासितारम्—८-९ नियन्ता—शास्ता—ईश्वर को

अनुशुश्रुम—१-४४ सुनते आये है

अनुशोचन्ति—२-११ शोक करते है

अनुशोचितुम्—२-२५ शोक करनेको

अनुषज्जते—६-४ आसक्त होता है, १८-१० लीन होता है, प्रीति करता है,

अनुसंततानि—१५-२ फैले हुए, छाये हुए, पसरे हुए (है)

अनुस्मर—८-७ स्मरण कर, स्मरण रख

अनुस्मरन्—८-१३ चिन्तन करता हुआ, स्मरण करता हुआ

अनुस्मरेत्—८-९ ठीक स्मरण करता है

अनेकचित्तविभ्रान्ताः— १६-१६ अनेक भ्रान्तियोंमे पड़े हुए, अनेक प्रकारके चित्तके संकल्पोसे भ्रांत हुए

अनेकजन्मसंसिद्धः—६-४५ अनेक जन्मके प्रयत्नोसे शुद्ध हुआ, सिद्धि पाया हुआ

अनेकदिव्याभरणम्— ११-१० अनेक दिव्य आभूषणवाला

अनेकधा—११-१३ अनेक रीतिसे

अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रम्—११-१६ अनेक हाथ, उदर, मुख और नेत्रवालेको

अनेकवक्त्रनयनम्—११-१० अनेक

मुख और आखोवालेको

अनेकवर्णम्—११-२४ अनेक रगवालेको·

अनेकाद्भुतदर्शनम्— ११-१० अनेक अद्भुत दर्शनवाला, अति आश्चर्यकारक स्वरूप-वाला

अनेन—३-१०, ११ इस (यज्ञ) द्वारा ; ६-१० इस (कारण) से ; ११-८ इस (चर्मचक्षु) से

अन्तकाले—२-७२ : ८-५ अत-कालमे, मरणकालमे

अन्तगतम्—७-२८ जिसका अत आ गया है, जो नष्ट हो गया है

अन्तरम्—११-२० अतर, मध्य-भाग, १३-३४ भेद

अन्तरात्मना—६-४७ चित्तसे, मन लगाकर

अन्तरारामः—५-२४ जिसके अन्तरमे शाति है, जिसके अतर मे सारी क्रीडाए है

अन्तरे—५-२७ बीचमे

अन्तर्ज्योतिः—५-२४ जिसे अंतज्ञनि हुआ है, अन्तरमे प्रकाशवान

अन्तवत्—७-२३ नाशवान, अत-वाला

अन्तवन्तः—२-१८ नाशवान, अंतवाले

अन्तम्—११-१६ अंतको

अन्तः—१०-१६, २०, ३२, ४० ; १५-३ अंत, १३-१५ अदर ; २-१६ निर्णय, अंत

अन्तःशरीरस्थम्—१७-६ अत-करणमे रहनेवालेको, शरीरके अतरमे रहनेवालेको

अन्तःसुखः—५-२४ जिसे अतरका आनद है

अन्तःस्थानि—८-२२ भीतर स्थित, अंदर रहे हुए, अंतगत

अन्तिके—१३-१५ नजदीक, समीपमे

अन्ते—७-१६ अतमे, आखिरमे ; ८-६ अतमे, मरणकालमे

अन्नम्—१५-१४ अन्न

अन्नसभव—३-१४ अन्नकी उत्पत्ति

अन्नात्—३-१४ अन्नसे

अन्यत्—२-३१, ४२, ७-२, ७, ११-७ ; १६-८ दूसरा कोई, दूसरा

अन्यत्र—३-९ दूसरे, दूसरेसे, अतिरिक्त (कर्म) से

अन्यथा—१३-११ उल्टा, विपरीत

अन्यदेवताभक्ताः—९-२३ अन्य देवताको भजनेवाले

अन्यदेवताः—७-२० दूसरे देव-ताओंको

अन्यया—८-२६ दूसरेसे, दूसरे मार्गसे
अन्यम्—१४-१९ और किसीको, अन्यको, दूसरेको
अन्य.—२-२९, २९ ; ६-३९ ; ८-२० ; ११-४३ ; १५-१७; १६-१५ ; १८-६९ दूसरा ; ४-३१ दूसरा, परलोक
अन्यान्—११-३४ दूसरोंको
अन्यानि—२-२२ दूसरे
अन्याम्—७-५ दूसरी, ऊंची
अन्यायेन—१६-१२ अनीतिसे, अन्यायपूर्वक
अन्ये—१-९ ; ४-२६ ; ९-१५ ; १७-४ दूसरे ; १३-२४, २५ कुछ, कोई
अन्येन—११-४७, ४८ दूसरेके-द्वारा
अन्येभ्यः—१३-२५ दूसरोंके पाससे
अन्वशोच—२-११ (तू) शोक किया करता है
अन्विच्छ—२-४९ ले, खोज
अन्विताः—९-२३ , १७-१ युक्त, वाले, (श्रद्धा) पूर्वक
अपनुद्यात्—२-८ टाले, दूर कर सके ।
अपरम्—६-२२ दूसरे किसीको , ४-४ इधरका, दूसरा
अपरस्परसंभूतम्—१६-८ स्त्री (अपर) पुरुष (पर) के संबधसे उत्पन्न, नरमादाके संबधसे उत्पन्न, परस्पर संबंध—कार्यकारणभावरहित
अपरा—७-५, दूसरी, निम्न प्रकारकी
अपराजितः— १-१७ अजेय, न हारे ऐसा
अपराणि—२-२२ दूसरे
अपरान्—१६-१४ दूसरोंको
अपरिग्रहः—६-१० संग्रहरहित, अपरिग्रही
अपरिमेयाम्—१६-११ अमाप
अपरिहार्ये—२-२७ अनिवार्य (विषयमें)
अपरे—४-२५, २७, २८, २९, ३० कुछ, कोई ; १३-२४ ; १८-३ दूसरे
अपर्याप्तम्—१-१० अपूर्ण, अनत
अपलायनम्—१८-४ पीछे न हटना, भाग न जाना, अडिग रहना
अपश्यत्—१-२६ ; ११-१३ देखा
अपहृतचेतसाम्—२-४४ जिनकी बुद्धि मारी गई है उनकी, अविवेकियोंकी
अपहृतज्ञानाः—७-१५ जिनका ज्ञान नष्ट हो गया है वे
अपात्रेभ्यः—१७-२२ अपात्रोंको

अपानम्—४-२९ अपान वायुको
अपाने—४-२९ अपान वायुमे
अपावृतम्—२-३२ खुला हुआ, उघड़ा हुआ
अपि—१-२७ इत्यादि, से, फिर भी, तो भी
अपुनरावृत्तिम्—५-१७ फिर देह धारण न करना, मोक्ष
अपैशुनम्—१६-२ निन्दा न करना, चुगली न खाना, अपैशुन
अपोहनम्—१५-१५ अभाव, दूर होना
अप्रकाश.—१४-१३ अंधकार, अज्ञान, विवेकशून्यता
अप्रतिमप्रभावः—११-४३ अनुपमेय प्रभाववाला, जिसकी सामर्थ्य-की जोड़ नही
अप्रतिष्ठम्—१६-८ बिना आधारका
अप्रतिष्ठः—६-३८ आधाररहित, योगसे भ्रष्ट हुआ
अप्रतीकारम्—१-४६ प्रतिकार न करनेवालेको, सामने न होने-वालेको
अप्रदाय—१७-१२ बिना दिये
अप्रमेयम्—११-१७, ४२ अमाप, प्रमाणसे बाहर
अप्रमेयस्य—२-१८ अमापका
अप्रवृत्तिः—१४-१३ प्रवृत्तिका अभाव, मदना
अप्राप्य—६-३७ ; ९-३ ; १६-२० न पाकर (न पानेसे), न पाते हुए
अप्रियम्—५-२० अप्रिय, अनिष्ट वस्तु
अप्सु—७-८ पानीमे
अफलप्रेप्सुना—१८-२३ फलेच्छा-रहित (पुरुष) के द्वारा
अफलाकाङ्क्षिभिः—१७-११, १७ जिन्हे फलकी इच्छा नही उनके द्वारा, फलेच्छाका त्याग करके
अबुद्धयः—७-२४ बुद्धिहीन, अज्ञानी, मूर्ख लोग
अब्रवीत्—१-२, २७ ; बोला ; ४-१ कहा
अभक्ताय—१८-६७ जो भक्त नही है उसको—उसके लिए
अभयम्—१०-४ ; १६-१ अभय, निर्भयता
अभवत्—१-१३ था, हुआ
अभावयतः—२-६६ ध्यान-रहितको, जिसे भक्ति नही उसे
अभावः—२-१६ नाश, अभाव ; १०-४ मृत्यु
अभाषत—११-१४ बोला

अभिक्रमनाशः—२-४० आरंभका नाश

अभिजनवान्—१६-१५ कुलीन

अभिजातस्य—१६-३, ४ (लेकर) जन्मे हुएका

अभिजातः—१६-५ (लेकर) जन्मा हुआ

अभिजानन्ति—९-२४ (वे) पहचानते है, जानते है

अभिजानाति—४-१४; ७-१३, २५; १८-५५ (वह) अच्छी तरह जानता है, पहचानता है

अभिजायते—२-६२; ६-४१; १३-२३ उत्पन्न होता है, जन्मता है

अभितः—५-२६ सर्वत्र, सब स्थितियोंमें, जीते जी और मरनेके बाद

अभिधास्यति—१८-६८ कहेगा, देगा

अभिधीयते—१३-१; १७-२७, १८-११ कहलाता है

अभिनन्दति—२-५७ हर्षित होता है

अभिप्रवृत्तः—४-२० तल्लीन हुआ, पूरी तरह प्रवृत्त हुआ

अभिभवति—१-४० आक्रमण करता है, डुबाये देता है

अभिभूय—१४-१० पराजय करके, दबाकर

अभिमानः—१६-४ अभिमान, गर्व

अभिमुखाः—११-२८ तरफ मुह वाले, तरफ (होकर), अभिमुख

अभिरक्षन्तु—१-११ बराबर रक्षण करो

अभिरतः—१८-४५ निष्ठावाला, गुथा हुआ, रत (रहकर)

अभिविज्वलन्ति—११-२८ धधकते हुए, प्रकाशमान

अभिसधाय—१७-१२ को उद्देश्य करके, के उद्देश्यसे

अभिहिता—२-३९ कही, कही हुई है

अभ्यधिकः—११-४३ ज्यादा, अधिक

अभ्यर्च्य—१८-४६ सतुष्ट करके, भजकर, पूजा करके

अभ्यसूयकाः—१६-१८ बहुत निदा करनेवाले, दूसरेका उत्कर्ष सहन न करनेवाले

अभ्यसूयति—१८-६७ द्वेष करता है, दोष निकालता है

अभ्यसूयन्तः—३-३२ दोष निकालनेवाले

अभ्यहन्यन्त—१-१३ बज उठे, बजे

अभ्यासयोगयुक्तेन—८-८ अभ्यास-रूप योगसे एकाग्र हुए (चित्त) से, अभ्यास द्वारा

अभ्यासयोगेन—१२-९ चित्तको एक स्वरूपमें पिरोनेसे, अभ्यासयोगसे

अभ्यासात्—१२-१२ अभ्यास—अभ्यासमार्गकी अपेक्षा ; १८-३६ अभ्याससेवनसे

अभ्यासे—१२-१० अभ्यास रखनेमें

अभ्यासेन—६-३५ अभ्याससे

अभ्युत्थानम्—४-७ वृद्धि, जोर करना, जोरपर आना

अमलान्—१४-१४ निर्मल

अमानित्वम्—१३-७ नम्रता, आत्मस्तुति न करना

अमी—११-२१, २६, २८ ये

अमुत्र—६-४० परलोकमें

अमूढाः—१५-५ ज्ञानी पुरुष

अमृतत्वाय—२-१५ मोक्षके अमरताके लिए

अमृतस्य—१४-२७ मोक्षका, अविनाशीका, अमृतका

अमृतम्—९-१९; १३-१२, १४-२० अमरता, मोक्ष १०-१८ अमृतके समान मधुर वचन

अमृतोद्भवम्—१०-२७ अमृतमें से उत्पन्न, अमृतमंथनके समय निकली हुआ

अमृतोपमम्—१८-३७, ३८ अमृतकी उपमाके लायक. अमृत-जैसा

अमेध्यम्—१७-१० यज्ञके लिए अयोग्य, अपवित्र, अभक्ष्य

अम्बुवेगाः—११-२८ जलप्रवाह, नदियोंकी मोटी धार

अम्भसा—५-१० पानीसे

अम्भसि—२-६७ पानीमें

अयज्ञस्य—४-३१ यज्ञ न करनेवालेको (के लिए)

अयतिः—६-३७ जो पूरा प्रयत्न न कर सका हो, यत्नमें मंद

अयथावत्—१८-३१ अयोग्य-रीतिसे, जो यथायोग्य न हो

अयनेषु—१-११ मार्गोंमें, नियुक्त स्थानमें

अयशः—१०-५ अपकीर्ति, अपयश

अयम्—२-१९, २०, २०, २४, २४, २४, २५, २५, २५, ३०, ५८; ३-९, ३६; ४-३, ३१, ४०; ६-२१, ३३; ७-२५; ८-१९; ११-१; १३-३१; १५-९; १७-३ यह

अयुक्तस्य—२-६६, जिसे समत्व न हो उसे

अयुक्तः—५-१२ अयोगी, अस्थिर-चित्त; १८-२८ चंचल, असावधान, अव्यवस्थित

अयोगतः—५-६ कर्मयोगके बिना

अरतिः—१३-१० अप्रीति, (सम्मिलित होनेकी) अरुचि

अरागद्वेषतः—१८-२३ रागद्वेष के बिना

अरिसूदन—२-४ हे शत्रुका नाश करनेवाले कृष्ण

अर्चितुम्—७-२१ पूजना, भक्ति करना

अर्जुन—२-२, ४५; ३-७; ४-५, ६, ३७; ६-१६; ६-३२, ४६; ७-१६, २६; ८-१६, २७; ९-१९; १०-३२, ३९, ४२; ११-४७, ५४; १८-६, ३४, ६१, हे अर्जुन

अर्जुनम्—११-५० अर्जुनको

अर्जुनः—१-२१, ४७ अर्जुन

अर्थकामान—२-५ द्रव्यकी कामना-वालोंको, अर्थ और कामरूप (भोगोंको)

अर्थव्यपाश्रयः—३-१८ व्यक्तिगत लाभ, हानिलाभार्थ व्यवहार, प्रयोजनसंबंध

अर्थसंचयान्—१६-१२ द्रव्य-संचय को

अर्थः—२-४६; ३-१८ अर्थ, प्रयो-जन, स्वार्थ

अर्थार्थी—७-१६ धनादिकी इच्छा-वाला, प्राप्तिकी इच्छावाला

अर्थे—१-३३, ३४ वास्ते; २-२७; ३-३४ के विषयमें

अर्पणम्—४-२४ अर्पण करनेकी, होमनेकी क्रिया, होमनेका साधन

अर्पितमनोबुद्धिः—८-७; १२-१४ जिसने मन तथा बुद्धि अर्पण की है

अर्यमा—१०-२९ पितरोका देवता, अर्यमा

अर्हति—२-१७ (वे) शक्तिमान होते है, लायक होते हैं

अर्हसि—२-२५, २६, २७, ३०, ३१; ३-२०; ६-३९; १०-१६; ११-४४, १६-२४ (तू) लायक है, (तुझे) ठीक लगता है

अर्हाः—१-३७ योग्य

अलसः—१८-२८ आलसी

अलोलुप्त्वम्—१६-२ लोलुपताका अभाव, अलोलुपता

अल्पबुद्धयः—१६-९ अल्पमतिवाले, मदमति

अल्पमेधसाम्—७-२३ कम बुद्धि-वालोंका, अल्पबुद्धि लोगोंका

अल्पम्—८-२२ तुच्छ, थोड़ा

अवगच्छ—१०-४१ जान, समझ

अवजानन्ति—९-११ अवज्ञा—तिरस्कार—करते है

अवज्ञातम्—१७-२२ अवज्ञापूर्वक, अपमान करके, तिरस्कारसे

अवतिष्ठति—१४-२३ स्थिर रहता है
अवतिष्ठते—६-१८ स्थिर होता है
अवध्यः—२-३० अवध्य, जो न मारा जा सके
अवनिपालसंघैः—११-२६ राजाओके समुदायसहित
अवरम्—२-४९ नीचेका, तुच्छ
अवशम्—९-८ पराधीन, असहाय
अवशः—३-५; ६-४४; ८-१९; १८-६०; पराधीन, परवश, असहाय
अवशिष्यते—७-२ बाकी रहता है
अवष्टभ्य—९-८ आश्रय लेकर; १६-९ पकडे रखकर
अवसादयेत्—६-५ नाश करे, अधःपात करे
अवस्थातुम्—१-३० खडा—स्थिर—रहना
अवस्थितम्—१५-११ रहे हुएको
अवस्थितः—९-४; १३-३२; प्रतिष्ठित, के आश्रित रहा हुआ
अवस्थितान्—१-२२, २७ खडे हुओंको
अवस्थिताः—१-११, ३३; २-६; ११-३२; रहे हुए, खड़े हुए, खडा किये हुए
अवहासार्थम्—११-४२ मस्खरीके लिए, विनोदके लिए
अवाच्यवादान्—२-३६ न बोलने योग्य बोल
अवाप्तव्यम्—३-२२ प्राप्त करनेको, प्राप्त करने योग्य
अवाप्तुम्—६-३६ प्राप्त होना, साधना
अवाप्नोति—१५-८; १६-२३; १८-५६ प्राप्त करता है
अवाप्य—२-८ प्राप्त करके
अवाप्यते—१२-५ प्राप्त की जाती है
अवाप्स्यथ—३-११ प्राप्त होओगे
अवाप्स्यसि—२-३८, ५३; १२-१०; प्राप्त करेगा; २-३३ प्राप्त होगा
अविकम्पेन—१०-७ अचल, अविचल
अविकार्यः—२-२५ जो विकारको न प्राप्त हो
अविज्ञेयम्—१३-१५ जो न जाना जाय ऐसा
अविद्वांसः—३-२३ अज्ञानी
अविधिपूर्वकम्—९-२३; १६-१७; विधिरहित, अज्ञानपूर्वक, बिना विधिके
अविनश्यन्तम्—१३-२७ अविनाशीको
अविनाशि—२-१७ नाशरहित, अविनाशी

अविनाशिनम्— २-२१ अविनाशी-को

अविपश्चितः— २-४२ अज्ञानी, अविवेकी लोग

अविभक्तम्— १३-१६ अखंडित, अविभक्त; १८-२० एकताको

अवेक्षे—१-२३ देखूं

अवेक्ष्य—२-३१ देखकर, समझकर

अव्यक्तनिधनानि—२-२८ जिनका अंतकाल अप्रकट है, जिनकी मरनेके बादकी स्थिति न देखी जा सके, ऐसे

अव्यक्तमूर्तिना—९-४ अप्रकट मूर्तिसे, (मेरे) अव्यक्त स्वरूपसे

अव्यक्तसंज्ञके—८-१८ जो अव्यक्त नामसे पहचाना जाता है उसमे

अव्यक्तम्—७-२४ अप्रकट, अव्यक्त, इन्द्रियोंसे अतीत; १२-१, ३ अव्यक्तको; १३-५ प्रकृति

अव्यक्तः—२-२५; ८-२०, २१ अव्यक्त, इन्द्रियोंके लिए अगम्य

अव्यक्ता—१२-५ अव्यक्त-निर्गुण-ब्रह्मसंबंधी

अव्यक्तात्—८-१८ प्रकृतिमेंसे, अव्यक्तमेंसे; ८-२० अव्यक्तसे, अव्यक्तकी अपेक्षा

अव्यक्तादीनि—२-२८ जिसका आरंभ अप्रकट है, जिसकी पूर्वकी स्थिति देखी नहीं जा सकती ऐसा

अव्यक्तासक्तचेतसाम्—१२-५ अव्यक्तका चिंतन करनेवालोंको, जिनका चित्त अव्यक्तमें लगा है उनको

अव्यभिचारिणी— १३-१० एकनिष्ठ

अव्यभिचारिण्या— १८-३३ एकनिष्ठ (धृतिके द्वारा)

अव्यभिचारेण—१४-२६ एकनिष्ठ (...के द्वारा)

अव्ययस्य— २-१७; १४-२७ अविकारीका, शाश्वतका

अव्ययम्—२-२१; ४-१, १३; ७-१३; २४, २५; ९-२; ९-१३, १८; ११-२, ४; १४-५; १५-१, ५; १८-२०; १८-५६ अव्यय, अविकारी, निर्विकारी, नाशरहित

अव्ययः—११-१८; १३-३१, १५-१७ अविनाशी, अव्यय

अव्ययात्मा—४-६ अविनाशी

अव्ययाम्—२-३४ अविनाशी, सदाके लिए, निरंतर

अव्यवसायिनाम्—२-४१ अनिश्चित विचार वालोंकी, अनिश्चयवालोंकी

अशक्तः—१२-११ अशक्त, असमर्थ
अशमः—१४-१२ अशांति
अशस्त्रम्—१-४६ शस्त्रहीनको
अशान्तस्य—२-६६ अशांतका, जिसे शांति न हो उसे
अशाश्वतम्—८-१५ अनित्य, अशाश्वत
अशास्त्रविहितम्—१७-५ शास्त्र-निषिद्ध, शास्त्रीय विधिरहित
अशुचिव्रताः—१६-१० अमंगल आचारवाले, अशुभ निश्चयो-वाले
अशुचिः—१८-२७ अपवित्र, मैला
अशुचौ—१६-१६ अपवित्र—अशुभ—मे
अशुभात्—४-१६; ९-१ अशुभ—पाप—मेंसे, अकल्याणमेसे
अशुभान्—१६-१९ पापोंको, अमगलको
अशुश्रूषवे—१८-६७ जो सुननेकी इच्छा नहीं करता उसे
अशेषतः—६-२४, ३९; ७-२ पूर्ण रूपसे, पूरी तरहसे; १८-११ सर्वथा
अशेषेण—४-३५; १०-१६; १८-२९, ९३ निःशेष, पूर्ण रीतिसे
अशोच्यान्—२-११ न शोक करने योग्यको
अशोच्यः—२-२४ जो न सूख सके
अश्नन—५-८ खाता हुआ
अश्नन्ति—९-२० (वे) भोगते है, सेवन करते है
अश्नामि—९-२६ (मैं) सेवन करता हूं
अश्नासि—९-२७ (तू) खाता है
अश्नुते—३-४; ५-२१; ६-२८; (वह) अनुभव करता है १३-१२; १४-२० प्राप्त होता है
अश्रद्दधानः—४-४० श्रद्धारहित
अश्रद्धधानाः—९-३ श्रद्धाहीन
अश्रद्धया—१७-२८ श्रद्धाके बिना
अश्रुपूर्णाकुलेक्षणम्—२-१ आंसूसे जिसकी आख भरकर व्याकुल हो गई है उसे, अश्रुपूर्ण व्याकुल नेत्रवालेको
अश्रौषम्—१८-७४ (मैंने) सुना
अश्वत्थम्—१५-१, ३ अश्वत्थको, अश्वत्थ वृक्षको, आनेवाले क्षण तक न टिक सके ऐसे (क्षण-भंगुर) को
अश्वत्थः—१०-२६ पीपल, अश्वत्थ वृक्ष
अश्वत्थामा—१-८ द्रोणाचार्यका पुत्र
अश्वानाम्—१०-२७ घोड़ोंमें
अश्विनौ—११-६, २२ (दो) अश्विनीकुमार

अष्टधा—७-४ आठ प्रकारकी, आठ प्रकारके

असक्तबुद्धिः—१८-४९ अनासक्त बुद्धिवाला, जिसने आसक्ति खींच ली है

असक्तम्—९-९; १३-१४ आसक्तिरहित

असक्तः—३-७, १९, १९, २५ फलेच्छारहित, सगरहित

असक्तात्मा—५-२१ जिसका मन आसक्त नही

असक्तिः—१३-९ सगरहित होना

असगशस्त्रेण—१५-३ असंगरूपी शस्त्रसे

असतः—२-१६ असत्का

असत्—९-१९; ११-३७; १३-१२; १७-२८ असत्

असत्कृतम्—१७-२२ सत्कार किये बिना, मान किये बिना

असत्कृतः—११-४२ अपमान किया हुआ, अपमानित

असत्यम्—१६-८ असत्य

असद्ग्राहान्—१६-१० अशुभ निश्चयोको, दुष्ट इच्छाओको

असपत्नम्—२-८ शत्रुरहित, निष्कटक

असमर्थः—१२-१० अशक्त, असमर्थ

असंन्यस्तसंकल्पः—६-२ जिसने संकल्पोंका त्याग नही किया वह

असंमूढः—५-२०; १०-३; १५-१९ मोहरहित, ज्ञानी, जिसका मोह नष्ट हो गया है

असंमोहः—१०-४ मोहरहितता, अमूढता

असयतात्मना—६-३६ जिसने संयम नही रखा उससे, जिसका मन अपने वशमे नही है उससे

असंशयम्—६-३५; ७-१, ८-७ बेशक, निश्चयपूर्वक

असंशयः—१८-६८ निःशक

असि—४-३, ३६; ८-२; १०-१७; ११-३८, ४०, ४२, ४३, ५२, ५३; १२-१०, ११; १६-५, १८-६४, ६५ (तू) है

असितः—१०-१३ एक ऋषिका नाम

असिद्धौ—४-२२ निष्फलतामे

असुखम्—९-३३ सुखरहित

असृष्टान्नम्—१७-१३ बिना अन्नदानका, जिसमे अन्नकी उत्पत्ति नहीं

असौ—११-२६; १६-१४ यह

अस्ति—२-४०, ४२, ६६; ३-२२; ४-३१, ४०; ६-१६; ७-७; ८-५; ९-२९; १०-१८, १९ ३९, ४०; ११-४३; १६-१३. १५; १८-४०; (वे) हैं; ६-१६ मिलता है, साध्य है

अस्तु—२-४७; ३-१०; ११-३१, ३६, ४० होवे
अस्थिरम्—६-२६ अस्थिर
अस्मदीयैः—११-२६ हमारे (सबधियो) के साथ
अस्माकम्—१-७, १० हमारा
अस्मात्—१-३६ इस (पाप) से
अस्मान्—१-३६ हमे
अस्माभिः—१-३६ हमसे
अस्मि—७-८, ६, १०, ११, ११; १०-२१, २२, २३, २४, २५, २८, २६, ३०, ३१, ३३, ३६, ३७, ३८; ११-३२, ४५, ५१; १५-१८, १६-१५; १८-५५, ७३ (मैं) हू
अस्मिन्—१-२२; २-१३; ३-३; ८-२; १३-२२; १४-११; १६-६ इसमे
अस्य—२-१७, ४०, ५६, ६५, ६७; ३-१८, ३४, ४०; ६-३६; ६-३; १७, ११-१८, ३८, ४३, ५२; १३-२१; १५-३ इसका
अस्याम्—२-७२ इसमें
अस्वर्ग्यम्—२-२ स्वर्गसे विमुख रखनेवाला
अहत्वा—२-५ न मारकर
अहरागमे—८-१८, १६ (ब्रह्मा-का) दिवस शुरू होते हुए निकलते हुए
अहम्—१-२२, २३; २-४, ७, १२; ३-२, २३, २४, २७; ४-१, ५, ७, ११; ६-३० ३३, ३४; ७-२, ६, ८, १०, ११, १२, १७, २१, २५, २६; ८-४, १४; ६-४, ७, १६, १७, १६, २२, २४, २६, २६; १०-१, २, ८, ११, १७, २०, २०, २१, २३, २४, २५, २८, २६, ३०, ३१, ३२, ३३, ३४, ३५, ३६, ३७, ३८, ३६, ४२; ११-२३, ४२, ४४, ४६, ४८, ५३, ५४; १२-७; १४-३, ४, २७; १५-१३, १४, १५, १८; १६-१४, १६; १८-६६, ७०, ७४, ७५ मैं
अहंकारविमूढात्मा—३-२७ अहंकारसे मूढ हुआ मनुष्य
अहंकारम्—१६-१८; १८-५३, ५६ अहकारको
अहंकारः—७-४; १३-५ शरीर मे रही हुई अहंता, अहंपना, जो गुण न हो उसका आरोपण, प्रकृतिके मूल-तत्त्वोंमेसे एक
अहंकारात्—१८-५८ अहंकारसे,

अहंकारके वश होकर

अहंकृतः—१८-१७ मैं कर्त्ता हूँ ऐसे अहंकारका (भाव)

अहः—८-१७, २४ दिवस

अहिताः—२-३६; १६-६ शत्रु

अहिंसा—१०-५; १३-७; १६-२; १७-१४ मन, वचन, कायासे किसीको पीडा न देना, अहिंसा

अहैतुकम्—१८-२२ हेतुरहित, रहस्यसे परे

अहो—१-४५ अहो, अरे

अहोरात्रविदः—८-१७ रात और दिवस जाननेवाले

अंशः—१५-७ भाग, अवयव, अंश

अंशुमान्—१०-२१ किरणोवाला, चमचमाता

आ

आकाशस्थितः—९-६ आकाशमें रहा हुआ

आकाशम्—१३-३२ आकाश

आख्यातम्—१८-६३ कहा गया है, कहा है

आख्याहि—११-३१ (तू) कह

आगच्छेत्—३-३४ आवे, होवे

आगताः—४-१०; १४-२ आए हुए, प्राप्त हुए

आगमापायिनः—२-१४ आनेजानेवाले, जो आते है और जाते है

आचरतः—४-२३ (कर्म) करनेवालेका

आचरति—३-२१; १६-२२ आचरणमें लाता है, आचरण करता है

आचरन्—३-१९ आचरण करता हुआ, (कर्म) करता हुआ

आचारः—१६-७ आचरण, सदाचार, आचार

आचार्य—१-३ हे आचार्य

आचार्यम्—१-२ आचार्यको, आचार्यके पास

आचार्यान्—१-२६ आचार्योंको

आचार्याः—१-३४ आचार्य

आचार्योपासनम्—१३-७ गुरुसेवा

आज्यम्—९-१६ घी, आहुति

आढ्यः—१६-१५ धनवान, श्रीमंत

आततायिनः—१-३६ आततायियोंको (शास्त्रकार उनके छः प्रकार गिनाते है : जलानेवाला, विष देनेवाला, खूनी तथा स्त्री, क्षेत्र और धन हरण करनेवाला)

आतिष्ठ—४-४२ आचरण कर, धारण कर

आत्थ—११-३ (तू) कहता है

आत्मकारणात्—३-१३ अपने लिए

आत्मतृप्तः—३-१७ आत्मामे तृप्त, संतुष्ट

आत्मन—४-४२; ५-१६; ६-५, ६, ११, १६; ८-१२; १०-१८; १६-२१, २२; १७-१६; १८-३६ आत्माका, अपना

आत्मना—२-२५; ३-४३; ६-५, ६, २०; १०-१५; १३-२४, २८ आत्मासे —द्वारा, अपनेसे—द्वारा

आत्मनि—२-५५, ३-१७; ६-१८, २० आत्मामे, ४-३५, ३८; ६-२६, २६; १३-२४; १५-११ अपने बारेमें, अपने अदर; ५-२१ अंतरमे

आत्मपरदेहेषु—१६-१८ अपने और पराये शरीरमे

आत्मबुद्धिप्रसादजम्— १८-३७ आत्मविषयक बुद्धिके प्रसादसे उत्पन्न, आत्मज्ञान-जनित प्रसन्नतासे उत्पन्न हुआ

आत्मभावस्थः—१०-११ (उनके) हृदयमें स्थित, अंतःकरणमें रहकर

आत्ममायया—४-६ अपनी मायासे, मेरी मायाके बलसे

आत्मयोगात्—११-४७ अपने योगबलसे, मेरी शक्तिसे

आत्मरतिः—३-१७ आत्ममग्न, आत्मामें रमनेवाला

आत्मवन्तम्—४-४१ आत्मवानको, आत्मनिष्ठको, आत्मदर्शीको

आत्मवश्यैः—२-६४ आत्माके वशमे रही हुई (इन्द्रियों) से, आत्माके अधीन रखकर

आत्मवान्—२-४५ आत्मस्वरूपमे स्थित, आत्मपरायण

आत्मविनिग्रहः—१३-७; १७-१६ मनोनिग्रह, आत्मसंयम

आत्मविभूतय —१०-१६, १६ अपनी विभूतियां

आत्मविशुद्धये—६-१२ आत्मशुद्धि के लिए

आत्मशुद्धये—५-११ आत्मशुद्धिके लिए

आत्मसभाविताः—१६-१७ आत्मश्लाघा करनेवाले, अपनेको बड़ा माननेवाले

आत्मसयमयोगाग्नौ—४-२७ आत्मसंयमरूप योगाग्निमें

आत्मसंस्थम्—६-२५ आत्मामें स्थिर

आत्मा—६-५, ६; ७-१८; ९-५; १०-२०; १३-२३ आत्मा
आत्मानम्—३-४३; ४-७; ६-५, १०, १५, २०, २८, २९; ९-३४; १०-१५, ११-३, ४; १३-२४, २८, २९, १८-१६, ५१ आत्माको, अपनेको
आत्मौपम्येन—६-३२ अपने साथ तुलना करके, अपने-जैसा मानकर
आत्यन्तिकम्—६-२१ अनन्त, परम
आदत्ते—५-१५ ग्रहण करता है, ओढ़ता है
आदर्शः—३-३८ दर्पण
आदिकर्त्रे—११-३७ आदिकर्त्ताको, सिरजनहारको
आदित्यगतम्—१५-१२ आदित्यमें (सूर्यमें) स्थित
आदित्यवत्—५-१६ सूर्यके-जैसा, सूर्यकी तरह
आदित्यवर्णम्—८-९ सूर्यके समान तेजवालेको
आदित्यानाम्—१०-२१ आदित्योंमें
आदित्यान्—११-६ आदित्योंको
आदिदेवम्—१०-१२ आदिदेवको, देवोंमें प्रथमको
आदिदेवः—११-३८ देवोंमें प्रथम
आदिम्—११-१६ आदिको
आदि—१०-२ उत्पत्तिकारण आदिकारण; १०-२०, ३२; १५-३ आदि, आरम्भ
आदौ—३-४१ प्रथम; ४-४ पहले
आद्यन्तवन्तः—५-२२ आदि और अंतवाले
आद्यम्—८-२८; ११-३१, ४७; १५-४ प्रथम, आदिकारण-रूप, आदिमें विद्यमान
आधत्स्व—१२-८ लगा, चिपका, पिरो
आधाय—५-१० अर्पण करके; ८-१२ धारण करके, स्थापित करके
आधिपत्यम्—२-८ मुखियापन, प्रभुत्व
आपन्नम्—७-२४ प्राप्त हुएको
आपन्नाः—१६-२० प्राप्त हुए, प्राप्त होकर
आपः—२-२३, ७० पानी; ७-४ पानी, रस, जलतन्मात्रा
आपूर्य—११-३० पूरा करके, भर करके
आपूर्यमाणम्—२-७० चारों ओरसे पूर्ण होते हुए—भरते हुए (को)
आप्तुम्—५-६; १२-९ पाने—प्राप्त करने (की)

आप्नुयाम्—३-२ (मैं) प्राप्त करूं, पाऊं

आप्नुवन्ति—८-१५ (वे) प्राप्त करते हैं

आप्नोति—२-७० ; ३-१९ ; ४-२१ ; ५-१२ ; १८-४७, ५० प्राप्त करता है

आब्रह्मभुवनात्—८-१६ ब्रह्मलोक-तक (के)

आयुधानाम्—१०-२८ अस्त्रोंमें, हथियारोंमें

आयुःसत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः—१७-८ आयुष्य, उत्साह (सत्त्व), बल, आरोग्य, आनन्द (सुख) और रुचि बढ़ानेवाले

आरभते—३-७ आरंभ करता है

आरभ्यते—१८-२५ आरंभ किया जाता है, शुरू किया जाता है

आरम्भः—१४-१२ (कर्मोंका) आरम्भ

आरुरुक्षोः—६-३ ऊपर चढ़नेकी, प्राप्त करनेकी—इच्छावाले-को, साधन करने वालेको, उत्थान चाहनेवालेको

आर्जवम्—१३-७ ; १६-१ ; १७-१४ ; १८-४२ सरलता

आर्त्तः—७-१६ (रोगादिके भयसे) दुःखी

आवयोः—१८-७० हम दोनोंका

आवर्तते—८-२६ पीछे फिरता है

आवर्तिनः—८-१६ पीछे लौटने-वाले

आविश्य—१५-१३, १७ प्रवेश करके

आविष्टम्—२-१ घिरे हुएको, दीन बने हुएको

आविष्टः—१-२८ घिरा हुआ, दीन बना हुआ

आवृतम्—३-३८, ३९, ५-१५ ढका हुआ

आवृतः—३-३८ ढका हुआ

आवृता—१८-३२ ढकी हुई, घिरी हुई

आवृताः—१८-४८ ढके हुए, घिरे हुए

आवृत्तिम्—८-२३ पीछे लौटना, पुनर्जन्म

आवृत्य—३-४० ; १३-१३ ; १४-९ ढांककर, व्याप्त (आवृत) कर

आवेशितचेतसाम्—१२-७ जिनका चित्त पिरोया हुआ है उनका करके, लगाकर, एकाग्र करके

आव्रियते—३-३८ ढंका जाता है, घिरा रहता है

आशयात्—१५-८ स्थानमेंसे, आसपासके मंडलमेंसे

आशापाशशतैः—१६-१२ आशा-

रूपी सैकड़ों बंधनोसे, आशाके सैकड़ों फदोसे

आशु—२ ६५ तुरत

आश्चर्यवत्—२-२९ आश्चर्यपूर्वक, आश्चर्य-जैसा

आश्चर्याणि—११-६ आश्चर्यमय रूपोको

आश्रयेत्—१-३६ आश्रय लेगा, लगेगा

आश्रितम्—९-११ धारण किये हुएको, आश्रय लेनेवालेको

आश्रितः—१२-११ ; १५-१४ का आश्रय लेनेवाला (लेकर)

आश्रिताः—७-१५ ; ९-१३ का आश्रय लेनेवाले, के आश्रयमे रहे हुए

आश्रित्य—७-२९ , १६-१० ; १८-५९ आश्रम लेकर

आश्वासयामास—११-५० आश्वासन दिया, शात किया

आवेश्य—८-१० ; १२-२ स्थापित

आसक्तमनाः—७-१ जिसका मन पिरोया हुआ है वह

आसनम्—६-११ आसन

आसने—६-१२ आसनपर

आसम्—२-१२ (मैं) था

आसाद्य—९-२० प्राप्त करके

आसीत—२-५४, ६१ ; ६-१४ बैठता है, स्थिर होता है

आसीनम्—९-९ बैठे हुए को, (स्थिर) रहे हुए को

आसीनः—१४-२३ (स्थिर) रहा हुआ, बैठा हुआ

आसुरनिश्चयान्—१७-६ आसुरी निश्चय—निष्ठावालोको

आसुरम्—७-१५ ; १६-६ आसुरी

आसुरः—१६-६ आसुरी

आसुरा.—१६-७ असुर (लोग)

आसुरी—१६-५ आसुरी

आसुरीषु—आसुरी (योनियो) मे

आसुरीम्—९-१२ ; १६-४ २० आसुरी (को)

आस्तिक्यम्—१८-४२ आस्तिकता, ईश्वर है ऐसी श्रद्धा

आस्ते—३-६ ; ५-१३ रहता है, बरसता है

आस्थाय—७-२० आश्रय लेकर

आस्थितः—५-४ ; ६-३१ ; ८-१२ आश्रय लिये हुए, स्थित हुआ, ७-१८ आश्रय लेता है

आस्थिताः—३-२० प्राप्त हुए

आह—१-२१ ; ११-३५ कहा

आहवे—१-३१ युद्धमे

आहारः—१७-७ खुराक, आहार

आहाराः—१७-८, " ९ आहार (भोजनके पदार्थ)

आहुः—३-४२ ; ४-१९ ; ८-२१ ; १०-१३ ; १४-१६ ; १६-८ ;

कहते हैं
आहो—१७-१ अथवा

इ

इक्ष्वाकवे—४-१ मनुपुत्र इक्ष्वाकुको
इङ्गते—६-१६; १४-२३ हिलता है
इच्छ—१२-६ इच्छा रख
इच्छति—७-२१ इच्छा करता है
इच्छन्तः—८-११ इच्छा करते हुए, प्राप्तिकी इच्छासे,
इच्छसि—११-७, १८-६०, ६३ (तू) इच्छा करता है
इच्छा—१३-६ इच्छा
इच्छाद्वेषसमुत्थन—७-२७ इच्छा और द्वेषसे उत्पन्न हुए (...के द्वारा)
इच्छामि—१-३५, ११-३१, ४६; १८-६ (मैं) इच्छा करता हू
इज्यते—१७-११, १२ अनुष्ठान किया जाता है, यज्ञ किया जाता है
इज्यया—११-५३ यज्ञसे—के द्वारा
इतरः—३-२१ अन्य, दूसरे
इतः—७-५ इससे (इसकी अपेक्षा); १४-१ इस ससारसे—इस देहको छोड़नेके बाद
इति—१-२५, ४४ इत्यादि, ऐसा; ४-३ लिए, उससे १५-२० यह, १७-२० ऐसा (मानकर)
इदम्—१-१०, २१, २८; २-१, २, १०, ३-३१, ३८, ७-२, ५; ७-७ १३, ८-२२, २८; ९-१ २, ४, १०-४२, ११-१६, २०, ४१, ४७, ४६, ५१, ५२, १२-२०, १३-१; १४-२; १५-२०, १६-१३, २१, १८-४६, ६७, ६८ यह २-१७ यह (जगत्)
इदानीम्—११-५१, १८-३६ अब
इन्द्रियकर्माणि—४-२७ इन्द्रिय-कर्मोको
इन्द्रियगोचराः—१३-५ इन्द्रियोके विषय
इन्द्रियग्रामम्—६-२४; १२-४ इन्द्रियोके समुदायको, समस्त इन्द्रियोको
इन्द्रियस्य—३-३४, ३४ इन्द्रियका
इन्द्रियाग्निषु—४-२६ इन्द्रियरूपी अग्निमे
इन्द्रियाणाम्—२-८, ६७ इन्द्रियो-का; १०-२२ इन्द्रियोंमे
इन्द्रियाणि—२-६०, ६१, ६८; ३-४०, ४२; ५-६; १३-५ इन्द्रिया, (पाच

ज्ञानेन्द्रियां, पाच कर्मेन्द्रिया और मन); २-५८; ३-७, ४१; ४-२६; १५-७ इन्द्रियोको

इन्द्रियारामः—३-१६ इन्द्रिय-भोगी, विषयलपट, इन्द्रिय-सुखमें फंसा रहनेवाला

इन्द्रियार्थान्—३-६ इन्द्रियोंके विषयोंको

इन्द्रियार्थेभ्यः—२-५८, ६८ इन्द्रियोंके विषयोमेसे

इन्द्रियार्थेषु—५-९; ६-४, १३-८ इन्द्रियोके विषयोमे, विषयोंमे,

इन्द्रियेभ्यः—३-४२ इन्द्रियोंसे

इन्द्रियैः—२-६४; ५-११ इन्द्रियों-द्वारा—से

इमम्—१-२८; २-३३; ४-१, २; ९-८, ३३; १३-३३; १६-१३; १७-७; १८-६८, ७०, ७४, ७६ इसको

इमान्—१०-१६; १८-१७ इन सबको

इमाम्—२-३९, ४२ इसे

इमाः—३-२४; इन सबको १०-६ ये (सब)

इमे—१-३३; २-१२, १८; ३-२४ ये (सब)

इमौ—१५-१६ ये (दो)

इयम्—७-४, ५ यह

इव—२-१०; ३-२, ३६ मानो; २-५८, ६७; ५-१०; ६-३४, ३८; ७-७; ११-४४; १३-१६; १५-८; १८-३७, ३८, ४८ जैसा, सदृश

इषुभिः—२-४ बाणों से

इष्टकामधुक्—३-१० - इच्छित फल देने वाला (कामधेनु)

इष्टम्—१८-१२ सुखकर, शुभ

इष्टः—१८-६४ प्रिय; १८-७० पूजित

इष्टानिष्टोपपत्तिषु—१३-९ प्रिय और अप्रिय घटनाओमे

इष्टान्—३-१२ इष्ट, इच्छित (भोगोंको)

इष्टाः—१७-९ प्रिय

इष्ट्वा—९-२० पूजा करके, पूजकर

इह—२-५, ४०, ४१, ५०; ३-१६, १८, ३७; ४-२, १२, ३८, ५-१९, २३, ६-४०; ७-२; ११-७, ३२; १५-३; १६-२४, १७-१८, २८ यहीं, इसमे, इस लोकमें

ई

ईक्षते—६-२९; १८-२० देखता है

ईड्यम्—११-४४ पूज्य (को)

ईदृक्—११-४६ ऐसा
ईदृशम्—२-३२; ६-४२ ऐसा इस प्रकारका
ईशम्—११-१५, ४४ नियताको, ईशको, ईश्वरको,
ईश्वरभावः—१८-४३ प्रभुता, राज्यकर्त्तापन
ईश्वरम्—१३-२८ ईश्वरको
ईश्वरः—४-६ स्वामी; १५-८ जीवरूप बना हुआ यह मेरा अंशरूपी ईश्वर; १५-१७, १८-६१ ईश्वर, परमात्मा, १६-१४ ईश्वर, सर्वसम्पन्न
ईहते—(वे) इच्छा करते है
ईहन्ते—१६-१२ (वे) इच्छा करते है

उ

उक्तम्—११-१, ४१; १२-२०, १३-१८; १५-२० कहा हुआ उक्त, कहा गया
उक्तः—१-२४; ८-२१, १३-२२ कहा गया, कहा हुआ
उक्ताः—२-१८ कहे गये है, कहा है
उक्त्वा—१-४७; २-९; ११-९, २१, ५० कहकर, बोलकर
उग्रकर्माणः—१६-९ घोर कर्म करनेवाले, भयानक काम करनेवाले
उग्ररूपः—११-३१ भयंकर रूपवाला, उग्ररूप
उग्रम्—११-२० उग्र
उग्राः—११-३० उग्र
उग्रैः—११-४८ उग्र (तपों) से
उच्चैः—१-१२ ऊचे स्वरसे
उच्चैःश्रवसम्—१०-२७ उच्चैः-श्रवा नामका जो इन्द्रका घोडा है, उसे
उच्छिष्टम्—१७-१० जूठन
उच्छोषणम्—२-८ चूस लेनेवाले
उच्यते—२-२५, ४८, ५५, ५६, ३-६, ४०, ६-३, ४, ८, १८, ८-१, ३; १३-१२, १७, २०; १४-२५; १५-१६; १७-१४, १५, १६, २७, २८; १८-२३, २५, २६, २८ कहाता है, कहा जाता है
उत—१-४०, १४-९, ११ सचमुच, भी
उत्क्रामति—१५-८ छोड़ता है, त्यागता है
विशिष्यते—३-७; ५-२; ६-९; ७-१७; १२-१२ (वह) विशेष है, श्रेष्ठ है, बढ़ जाता है, अच्छा है
विशुद्धया—१८-५१ सस्कारी—शुद्ध (द्वारा)
विशुद्धात्मा—५-७ जिसने अपने हृदयको शुद्ध किया है वह
विश्वतोमुखम्—९-१५; ११-११ विश्वव्यापकको, चारों ओर जिसके मुख है उसे, सर्वव्यापीको
विश्वतोमुखः—१०-३३ चारों ओर मुखवाला, सर्वव्यापी
विश्वम्—११-१९, ३८ विश्व, जगत, जगतको; ११-४७ विश्वव्यापीको
विश्वमूर्ते—११-४६ हे विश्वमूर्ति
विश्वरूपम्—११-१६ विश्वरूपको
विश्वस्य—११-१८, ३८ जगतका, विश्वका
विश्वे—११-२२ विश्वेदेव
विश्वेश्वर—११-१६ हे जगतके ईश्वर
विषमे—२-२ कठिन समयमे, सकटमे
विषयप्रवाला.—१५-२ विषयरूपी जिनके पल्लव—अंकुर—है वे विषयरूपी कोपलवाली
विषयान्—२-६२, ६४; ४-२६; १५-९; १८-५१ विषयोको
विषया.—२-५९ विषय
विषयेन्द्रियसंयोगात्—१८-३८ विषय और इद्रियोके सयोग-से—मिलापसे
विषम्—१८-३७, ३८ जहर
विषादम्—१८-३५ खिन्नताको, निराशा
विषादी—१८-२८ शोकातुर, गमगीन
विषीदन्—१-२८ खिन्न होता हुआ, खेद पाता हुआ
विषीदन्तम्—२-१, १० दुःखीको, उदास होकर बैठे हुएको
विष्टभ्य—१०-४२ व्याप्त होकर, धारण करके
विष्ठितम्—१३-१७ विशेष रूप-

से स्थित (पाठान्तर 'धिष्ठितम्)
विष्णुः—१०-२१ विष्णु, सर्वव्यापी भगवान
विष्णो—११-२४, ३० हे कृष्ण—विष्णु
विसर्गः—८-३ त्याग, क्रिया, व्यापार
विसृजन्—५-९ (मलादिका) त्याग करता हुआ, छोड़ता हुआ
विसृजामि—९-७, ८ (मैं) उत्पन्न करता हूं, सर्जन करता हूं
विसृज्य—१-४७ छोड़कर, अलग रखकर
विस्तरशः—११-२; १६-६ विस्तारपूर्वक
विस्तरस्य—१०-१९ विस्तारको
विस्तरः—१०-४० विस्तार
विस्तरेण—१०-१८ विस्तारसे—पूर्वक
विस्तारम्—१३-३० बिस्तारको
विस्मयः—१८-७७ आश्चर्य
विस्मयाविष्टः—११-१४ आश्चर्यमें लीन, आश्चर्यचकित
विस्मिताः—११-२२ विस्मित, आश्चर्यचकित
विहाय—२-२२, ७१ छोड़कर, अलग डालकर
विहारशय्यासनभोजनेषु—११-४२ खेलते, सोते, बैठते और खाते हुए
विहितान्—७-२२ निर्मित की हुई (को)
विहिताः—१७-२३ निर्माण किये हुए
वीक्षन्ते—११-२२ (वे) देखते है, निरीक्षण करते है
वीतरागभयक्रोधः—२-५६ जिसके राग, भय और क्रोध दूर हो गये है वह
वीतरागभयक्रोधाः—४-१० जिनके राग, भय और क्रोध दूर हो गये है वे; राग, भय और क्रोधसे रहित
वीतरागाः—८-११ जिन्होने रागद्वेषादिका त्याग किया है वे, वीतरागी
वीर्यवान्—१-५, ६ बलवान, शूरवीर
वृकोदरः—१-१५ भेड़ियेके समान पेटवाला—भीम
वृजिनम्—४-३६ पाप (समुद्र) को
वृष्णीनाम्—१०-३७ यादवोंमें, वृष्णिकुलमें
वेगम्—५-२३ जोरको, वेगको

वेत्ता—११-३८ जाननेवाला, ज्ञाता

वेत्ति—२-१६; ४-६; ६-२१; ७-३; १०-३, ७; १३-१, २३; १४-१६; १८-२१, ३० (वह) जानता है, मानता है, अनुभव करता है

वेत्थ—४-५; १०-१५ (तू) जानता है

वेद—२-२१, २६; ७-२६; १५-१ (वह) जानता है, मानता है; ४-५; ७-२६ (मैं) जानता हूं

वेदयज्ञाध्ययनैः—११-४८ वेदोंमें (वेदाभ्याससे), यज्ञसे और शास्त्रोंके अध्ययनसे

वेदवादरता.—२-४२ वेदवादी

वेदवित्—१५-१, १५ वेद जाननेवाला, ज्ञानी

वेदविदः—८-११ वेद जाननेवाले

वेदानाम्—१०-२२ वेदोंमें

वेदान्तकृत्—१५-१५ वेदान्तका कर्त्ता—प्रकट करनेवाला, वेदका रहस्य प्रकट करनेवाला

वेदाः—२-४५; १७-२३ वेद

वेदितव्यम्—११-१८ जानने योग्य

वेदितुम्—१८-१ जाननेके लिए

वेदेषु—२-४६; ८-२८ वेदोंमें

वेदे—१५-१८ वेदमें, वेदोंमें

वेदैः—११-५३; १५-१५ वेदोंद्वारा

वेद्यम्—९-१७; ११-३८ जानने योग्य

वेद्यः—१५-१५ जानने योग्य

वेपथुः—१-२९ कंपकंपी

वेपमान.—११-३५ कांपता हुआ, धूजता हुआ

वैनतेयः—१०-३० विनताका पुत्र—गरुड़

वैराग्यम्—१३-८; १८-५२ विरक्तता, वैराग्य, वैराग्यको

वैराग्येण—६-३५ वैराग्यसे

वैरिणम्—३-३७ वैरी—दुश्मनको

वैश्यकर्म—१८-४४ वैश्यका कर्म

वैश्याः—९-३२ वैश्य

वैश्वानरः—१५-१४ जठराग्नि, वैश्वानर अग्नि

व्यक्तमध्यानि—२-२८ जिनका मध्यकाल प्रकट हो गया है ऐसे, जिनके बीचकी स्थिति व्यक्त है ऐसे

व्यक्तयः—४-१८ स्थावर-जंगमादि भूत, व्यक्त भूत—सृष्टि

व्यक्तिम्—७-२४; १०-१४ प्रकट होना, व्यक्तता, स्वरूप

व्यतितरिष्यति—२-५२ (वह) पार उतर जायगा

व्यतीतानि—४-५ हो चुके, बीत गये
व्यथन्ति—१४-२ (वे) नाशको प्राप्त होते है, व्यथा पाते हैं
व्यथयन्ति—२-१५ (वे) पीड़ा देते हैं, व्याकुल करते है
व्यथा—११-४६ अकुलाहट, व्यथा
व्यथिष्ठाः—११-३४ देखो 'मा व्यथिष्ठाः' (न व्यथित हो)
व्यदारयत्—१-१६ (उसने) चीर डाला
व्यनुनादयन्—१-१६ गुजा देनेवाला
व्यपाश्रित्य—६-३२ आश्रय लेकर
व्यपेतभीः—११-४६ जिसका भय चला गया है वह, भयरहित
व्यवसायः—१०-३६; १८-५६ निश्चय
व्यवसायात्मिका—२-४१, ४४ निश्चयवाली, निश्चयात्मक
व्यवसितः—६-३० यथार्थ संकल्पवाला, निश्चयवाला
व्यवसिताः—१-४५ तैयार हुए
व्यवस्थितान्—१-२० सज्ज, सजे हुए
व्यवस्थितौ—३-३४ (दो) रहते है
व्यात्ताननम्—११-२४ खुले हुए मुखवालेको
व्याप्तम्—११-२० व्याप्त (है)
व्यामिश्रेण—३-२ मिश्र, दो अर्थवाली
व्याप्य—१०-१६ व्याप्त होकर
व्यासप्रसादात्—१८-७५ व्यासकी कृपासे
व्यासः—१०-१३, ३७ व्यास मुनि
व्याहरन्—८-१३ उच्चारण करता हुआ, जपता हुआ
व्युदस्य—१८-५१ छोड़कर, तजकर, जीतकर
व्यूढम्—१-२ व्यूहके आकारमे
व्यूढाम्—१-३ सज्ज, व्यूहाकार (को)
व्रज—१८-६६ (तू) जा
व्रजेत—२-५४ (वह) चलता है, बरतना है, चले, बरते

श

शक्नोति—५-२३ (वह) सकता है समर्थ है
शक्नोमि—१-३० (मैं) सकता हूं, समर्थ हूं
शक्नोषि—१२-६ (तू) सकता है, समर्थ है
शक्यसे—११-८ (तू) सकता है, समर्थ है
शक्यम्—११-४; १८-१९ शक्य
शक्यः—६-३६; ११-४८, ५३, ५४ शक्य
शङ्खम्—१-१२ शंख (को)

शङ्खाः—१-१३ शंख
शङ्खान्—१-१८ शंखों (को)
शङ्खौ—१-१४ (दो) शंख
शठः—१८-२८ वंचक, धोखा देनेवाला, शठ
शतशः—११-५ सैकडोंमें, सैकड़ों
शत्रुत्वे—६-६ शत्रुत्वमें
शत्रुम्—३-४३ शत्रुको
शत्रुवत्—६-६ शत्रु-जैसा
शत्रुः—१६-१४ शत्रु
शत्रून्—११-३३ शत्रुओंको
शत्रौ—१२-१८ शत्रुमे
शनैः—६-२५ धीरे
शब्दब्रह्म—६-४४ वेद, वेदोक्त कर्मका फल, सकाम वैदिक कर्म करनेवालेकी स्थिति
शब्दः—१-१३; ७-८ आवाज, ध्वनि, शब्द
शब्दादीन्—४-२६; १८-५१ शब्द आदिको, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध आदि पाँच इंद्रियविषयोंको
शमम्—११-२४ शांतिको
शमः—६-३; १०-४; १८-४२ अंतर्निग्रह, शांति, शम
शरणम्—२-४६; ६-१८; १८-५२, ६६ आश्रय, शरण
शरीरम्—१३-१; १५-८ शरीर, शरीरको
शरीरयात्रा—३-८ शरीरका व्यापार—चेष्टा—स्थिति
शरीरवाङ्मनोभिः—१८-१५ शरीर, वाणी और मनद्वारा
शरीरविमोक्षणात्—५-२३ शरीरके अत—देहांत—के पहले
शरीरस्थम्—१७-६ शरीरमे स्थितको
शरीरस्थः—१३-३१ शरीरमे स्थित
शरीराणि—२-२२ देह, शरीर
शरीरिण.—२-१८ शरीरी—जीव-आत्मा-का
शरीरे—१-२६; २-२०; ११-१३ शरीरमे
शर्म—११-२५ सुख, शांति
शशाङ्कः—११-३६; १५-६ चंद्रमा
शशिसूर्यनेत्रम्—११-१६ चंद्र और सूर्य जिसकी आंखें है, उसे
शशिसूर्ययोः—७-८ चंद्र और सूर्यमे, चंद्र-सूर्यकी
शशी—१०-२१ चंद्रमा
शश्वत्—६-३१ शाश्वत, सनातन
शश्वच्छान्तिम्—६-३१ निरंतर सनातन शांतिको
शस्त्रपाणयः—१-४६ हाथमे शस्त्रवाले
शस्त्रभृताम्—१०-३१ शस्त्र-

धारियोमें
शस्त्रसंपाते—१-२० शस्त्रप्रहारमें (प्रवृत्ते शस्त्रसंपाते—शस्त्र-प्रहार शुरू होनेपर)
शस्त्राणि—२-२३ शस्त्र
शंकरः—१०-२३ शंकर
शससि—५-१ (तू) बखानता है, स्तुति करता है
शाखाः—१५-२ शाखाएं, डालियां
शाधि—२-७ (तू) सिखावन दे, रास्ता बता
शान्तरजसम्—६-२७ जिसका रजोगुण शांत हो गया है—शमन हो गया है, जिसके विकार शात हो गये हैं
शान्तः—१८-५३ शांत
शान्तिम्—२-७०, ७१; ४-३९; ५-१२, २९; ६-१५; ९-३१; १८-६२ शांतिको
शान्तिः—२-६६; १२-१२; १६-२ शांति
शारीरम्—४-२१ शरीरका, शरीरसंबधी, शरीरकी स्थिति; १७-१४ शारीरिक (तप)
शाश्वतधर्मगोप्ता—११-१८ अविचल सनातन धर्मका रक्षक
शाश्वतम्—१०-१२; १८-५६, ६२ नित्य, सनातन, शाश्वत
शाश्वतस्य—१४-२ शाश्वतकी
शाश्वतः—२-२० शाश्वत
शाश्वताः—१-४३ सनातन
शाश्वतीः—६-४१ शाश्वत
शाश्वते—८-२६ शाश्वत, सनातन, चलती आई (दो गतियां)
शास्त्रविधानोक्तम्—१६-२४ शास्त्रमे कहा हुआ, शास्त्र-विधिको
शास्त्रविधिम्—१६-२३; १७-१ शास्त्रमे बताई हुई क्रियाको, शास्त्रविधिको-शिष्टाचारको
शास्त्रम्—१५-२०; १६-२४ शास्त्र
शिखन्डी—१-१७ शिखंडी
शिखरिणाम्—१०-२३ शिखर-वालोंमें, पर्वतोंमे
शिरसा—११-१४ सिरसे
शिष्यः—२-७ शिष्य
शिष्येण—१-३ शिष्यद्वारा, शिष्य
शीतोष्णसुखदुःखदा—२-१४ सर्दी, गर्मी, सुख और दुःख देनेवाले
शीतोष्णसुखदुःखेषु—६-७; १२-१८ सर्दी, गर्मी, सुख और दुःखमें
शुक्लकृष्णे—८-२६ शुक्ल और कृष्ण (दो गतियां), ज्ञान और अज्ञानके (मार्ग)
शुक्लः—८-२४ सफेद, पवित्र,

शुक्लपक्ष

शुचः—१६-५; १८-६६ देखो 'मा शुचः' (शोक न कर)

शुचिः—१२-१६ पवित्र

शुचीनाम्—६-४१ पवित्र (लोगों) का

शुचौ—६-११ पवित्र (में)

शुनि—५-१८ कुत्तेमे

शुभान्—१८-७१ शुभ (लोको) को

शुभाशुभपरित्यागी—१२-१७ शुभ और अशुभका त्याग करनेवाला

शुभाशुभफलैः—९-२८ अच्छे-बुरे फलवाले (के द्वारा)

शुभाशुभम्—२-५७ शुभ और अशुभको

शूद्रस्य—१८-४४ शूद्रका

शूद्राणाम्—१८-४१ शूद्रोंका

शूद्राः—९-३२ शूद्र लोग, शूद्र

शूराः—१-४, ९ शूरवीर

शृणु—२-३९; ७-१; १०-१; १३-३; १६-६; १७-२, ७; १८-४, १९, २९, ३६, ४५, ६४ (तू) सुन

शृणुयात्—१८-७१ (वह) सुने

शृणोति—२-२९ (वह) सुनता है

शृण्वतः—१०-१८ सुननेवालेकी, सुनते हुए

शृण्वन्—५-८ सुनते हुए

शैब्यः—१-५ एक राजाका नाम, शिबि लोगोंका राजा

शोकम्—२-८; १८-३५ शोकको

शोकसविग्नमानसः—१-४७ शोकसे व्याकुल-व्यग्रचित

शोचति—१२-१७; १८-५४ (वह) शोक करता है, चिंता करता है

शोचितुम्—२-२६, २७, ३० शोक करनेको

शोषयति—२-२३ (वह) सुखाता है

शौचम्—१३-७; १६-३, ७; १७-१४; १८-४२ अंतर और बाहर की शुद्धि, शौच, पवित्रता

शौर्यम्—१८-४३ पराक्रम, शौर्य

श्यालाः—१-३४ साले

श्रद्दधानाः—१२-२० श्रद्धा रखनेवाले

श्रद्धया—६-३७; ७-२१, २२; ९-२३; १२-२; १७-१, १७ श्रद्धाद्वारा—से

श्रद्धा—१७-२, ३ श्रद्धा

श्रद्धामयः—१७-३ श्रद्धावाला, श्रद्धामय

श्रद्धावन्तः—३-३१ श्रद्धावाले

श्रद्धावान्—४-३९; ६-४७; १८-७१ श्रद्धावाला

श्रद्धाविरहितम्—१७-१३ श्रद्धा-

शून्य, श्रद्धारहित
श्रद्धाम्—७-२१ श्रद्धाको
श्रिताः—९-१२ आश्रित, आश्रय लेनेवाले
श्रीमत्—१०-४१ लक्ष्मीवाला, कांतिवाला
श्रीमताम्—६-४१ श्रीमंतोंका, विभूतिमानोंका, साधन-संपन्नोका
श्रीः—१०-३४; १८-७८ श्री, शोभा, लक्ष्मी
श्रुतम्—१८-७२ सुना हुआ, सुना
श्रुतवान्—१८-७५ (मैं) सुनता था, (मैंने) सुना
श्रुतस्य—२-५२ सुना हुआ
श्रुतिपरायणाः—१३-२५ सुने हुए-पर श्रद्धा रखनेवाले
श्रुतिविप्रतिपन्ना—२-५३ (अनेक प्रकारके) सिद्धांत (श्रुतियां), सुनकर व्यग्र बनी हुई
श्रुतौ—११-२ सुने हुए, सुने
श्रुत्वा—२-२९; ११-३५; १३-२५ सुनकर
श्रेयः—१-३१; २-७; ३-२, ११; १६-२२ श्रेय, कल्याण; २-५, ३१; ३-३५; ५-१; १२-१२ अधिक अच्छा, श्रेयस्कर
श्रेयान्—३-३५; ४-३३; १८-४७ अच्छा, अधिक अच्छा
श्रेष्ठः—३-२१ प्रधान पुरुष, उत्तम पुरुष
श्रोतव्यस्य—२-५२ सुनने योग्यका, जिसका सुनना बाकी रहा हो उसमें, सुने हुएके विषयमे
श्रोत्रम्—१५-९ कान
श्रोत्रादीनि—४-२६ कान आदि (इंद्रियों) को
श्रोष्यसि—१८-५८ (तू) सुनेगा
श्वपाके—५-१८ कुत्तोको पकाकर खानेवाले—चाडालमें
श्वशुरान्—१-२७ श्वशुरोको
श्वशुराः—१-३४ श्वशुर
श्वसन्—५-८ श्वास लेते हुए
श्वेतैः—१-१४ धौले, सफेद (के द्वारा)

ष

षण्मासाः—८-२४, २५ छः मास

स

सक्तम्—१८-२२ आसक्त
सक्तः—५-१२ लिपटा हुआ, फंसा हुआ, आसक्त
सक्ताः—३-२५ आसक्त
सखा—४-३; ११-४१, ४४ मित्र
सखीन्—१-२६ मित्रोंको, सखाओं-को
सखे—११-४१ हे मित्र

सख्युः—११-४४ सखाका, मित्रका
सगद्गदम्—११-३५ गद्गद् होकर, गद्गद् कंठसे
सकरस्य—३-२४ संकरका, अव्यवस्थाका, वर्णसंकरका
संकरः—१-४२ (वर्णोंका) मिश्रण, संकर
संकल्पप्रभवान्—६-२४ संकल्पोंसे उत्पन्न हुए (कामों) को
सख्ये—१-४७; २-४ सग्राममे
संगम्—२-४८; ५-१०, ११; १८-६, ९ आसक्ति—संगको
सगरहितम्—१८-२३ आसक्ति बिना
संगवर्जितः—११-५५ (धनादिकी) आसक्तिसे रहित
संगविवर्जितः—१२-१८ काम-त्यागी, आसक्तिरहित
संगः—२-४७ संग, आग्रह; २-६२ आसक्ति
संगात्—२-६२ सगसे, आसक्तिसे
संग्रहेण—८-११ संक्षेपमें
सङ्ग्रामम्—२-३३ लड़ाई, संग्राम
संघातः—१३-६ (शरीर, इंद्रिय आदिका) समुदाय, संघात
सचराचरम्—९-१० स्थावरजंगम पदार्थोंको; ११-७ स्थावर-जंगमसहित (जगत) को
सचेताः—११-५१ प्रसन्नचित्त, शांत
सच्छब्दः—१७-२६ 'सत्' शब्द
सज्जते—३-२८ (वह) आसक्त होता है
सज्जन्ते—३-२९ (वे) आसक्त होते है, रहते है
संजनयन्—१-१२ उत्पन्न करता हुआ, पैदा करता हुआ
संजय—१-२ हे संजय
संजयति—१४-९ उत्पन्न करता है, संयोग करता है, आसक्त करता है
सजयः—१-२, २४, ४७; २-१, ९; ११-९, ३५, ५०; १८-७४ सजय
सजायते—२-६२; १३-२६; १४-१७ उत्पन्न होता है
संज्ञार्थम्—१-७ नाम (जानने) के लिए, जानकारी के लिए
सत्—९-१९; ११-३७; १३-१२; १७-२३, २६, २७ ईश्वरका नाम, सत्
सततयुक्तानाम्—१०-१० (मुझमें) सतत तन्मय रहनेवालोंका
सततयुक्ताः—१२-१ अहर्निश समाहित रहते हुए, निरन्तर ध्यान करते हुए
सततम्—३-१९; ६-१०; ८-१४; ९-१४; १२-१४; १७-२४;

१८-५७ निरंतर, सदा, हमेशा

सतः—२-१६ सतका

सति—१८-१६ होनेपर, होते हुए भी

सत्कारमानपूजार्थम्—१७-१८ सत्कार, मान और पूजाके निमित्त—प्राप्त करनेके लिए

सत्त्वन्—१०-३६; १४-५, ६, ९, १०, ११; १७-१ सत्त्व, सत्त्व-गुण; १०-४१; १३-२६; १८-४० वस्तु, पदार्थ, प्राणी

सत्त्ववताम्—१०-३६ सात्त्विक पुरुषोंका, सात्त्विक भावना-वालोंका

सत्त्वसमाविष्टः—१८-१० आत्मा-अनात्माका विवेक करनेवाला, शुद्ध भावनावाला

सत्त्वसशुद्धिः—१६-१ अंतःकरण-की निर्मलता—शुद्धि

सत्त्वस्थाः—१४-१८ सात्त्विक (वृत्तिवाले), सत्त्वगुणसे युक्त

सत्त्वात्—१४-१७ सत्त्वगुणसे

सत्त्वानुरूपा—१७-३ अंतःकरण—स्वभावके अनुसार, प्रकृति—स्वभावका अनुसरण करने-वाली

सत्त्वे—१४-१४ सत्त्वगुणमें

सत्यम्—१०-४; १६-२७; १७-१५ जैसा सुना, देखा, अनुभव किया हो वैसा कहना, सत्य; १८-६५ सत्य, सचमुच

सदसत्—११-३७ सत् (व्यक्त) और असत् (अव्यक्त)

सदसद्योनिजन्मसु—१३-२१ अच्छी-बुरी योनिमें जन्मकी बाबत (जन्म मिलने का)

सदा—५-२८; ६-१५, २८; ८-६; १०-१७; १८-५६ हमेशा, सदा, निरंतर

सदृशम्—३-३३ (के) जैसा, अनु-सार; ४-३८ (के) समान

सदृशः—१६-१५ के जैसा, समान

सदृशी—११-१२ के जैसी, समान

सदोषम्—१८-४८ दूषित, दोष-वाला

सद्भावे—१७-२६ अस्तित्व भाव-में—जैसे पुत्र न हो, वहां पुत्र हो इस भावमें, सत्य या अस्तित्वके अर्थमें

सन्—(अपि) ४-६ होते हुए

सनातनम्—४-३१; ७-१० सना-तन, शाश्वत

सनातनः—२-२४; ८-२०; ११-१८; १५-७ प्राचीन, अनादि, सनातन

सनातनाः—१-४० सनातन

संतरिष्यसि—४-३६ (तू) तर जायगा

सन्तः—३-१३ सत्पुरुष, संत, वे होते है

संतुष्टः—३-१७; १२-१४, १९ संतोष पाया हुआ, तृप्त

सदृश्यन्ते—११-२७ (वे) दिखाई देते है

सनियम्य—१२-४ संयम करके, वशमें रखकर

सनिविष्टः—१५-१५ प्रवेश करके, रहा हुआ

संन्यसनात्—३-४ (बाह्य) त्यागसे

संन्यस्य—३-३०; ५-१३; १२-६; १८-५७ त्यागकर, अर्पण करके

[illegible] १८-२ अर्पणरूप सन्यास और कर्मरूप योग—अथवा कर्यसन्यासरूपी योग—से समाहित हुआ, फलत्यागरूपी समत्वको पाया हुआ

संन्यासस्य—१८-१ सन्यासका

सन्यासम्—५-१; ६-२; १८-२ सर्वथा त्यागको, कर्मोके त्यागको, संन्यासको

संन्यासः—५-२, ६; १८-७ (कर्मोका) त्याग, सन्यास

संन्यासिनाम्—१८-१२ संन्यासियोंका, त्यागियोंका

संन्यासी—६-१ सर्वकर्मत्यागी, संन्यासी

संन्यासेन—१८-४९ संन्यासद्वारा

सपत्नान्—११-३४ शत्रुओंको

सप्त—१०-६ सात (ऋषि-भृगु वशिष्ठ, मरीचि, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह और क्रतु)

समक्षम्—११-४२ उपस्थितिमे, सोहबतमे, जाहिरमे

समग्रम्—४-२३; ११-३० सब, सर्व, सारा, सारेको, ७-१ सपूर्णको, सपूर्णरूपसे

समग्रान्—११-३० सब (को)

समचित्तत्वम्—१३-९ समचित्तता, समानता, समभाव

समता—१०-५ समचित्तता, समता, बराबरीपना

समतीतानि—७-२६ बीतेहुए (को)

समतीत्य—१४-२६ लाघकर, पार करके

समत्वम्—२-४८ समानता, समता

समदर्शनः—६-२९ समान देखनेवाला, समभाव रखनेवाला

समदर्शिनः—५-१८ समान भाव रखनेवाले, समदृष्टि रखते है

समदुःखसुखम्—२-१५ सुख-दुःखमे सम रहनेवाले (को)

समदुःखसुखः—१२-१४; १४-२४ जिसे सुख-दुःख समान है ऐसा,

सुख-दु:खके बारेमें समान

समधिगच्छति—३-४ पाता है, प्राप्त करता है

समन्ततः—६-२४ चारो ओरसे, सब दिशाओंसे

समन्तात्—११-१७, ३० चारों ओर, सब दिशाओंमें

समबुद्धयः—१२-४ समान बुद्धि-वाले, समदर्शी

समबुद्धिः—६-९ सम भाववाला, समान भाव रखनेवाला

समम्—५-१९ समभावी; ६-१३ समरेखामें; ६-३२; १३-२७, २८ समान रीतिसे, समान भावसे

समलोष्टाश्मकाञ्चनः—६-८; १४-२४ जिसे मिट्टीका ढेला, पत्थर और सोना समान है ऐसा

समवस्थितम्—१३-२८ समभाव-से रहनेवालेको

समवेतान्—१-२५ इकट्ठे हुओं (को)

समवेताः—१-१ इकट्ठे हुए

सम—२-४८; ४-२२; ९-२९; १२-१८; १८-५४ समान भाववाला, समान, तटस्थ, समतावाला

समागताः—१-२३ इकट्ठे हुए

समाचर—३-९, १९ (तू) अच्छी तरह कर, बरत, (कर्म) कर

समाचरन्—३-२६ करता हुआ, अच्छी तरह (कर्म) करता हुआ

समाधातुम्—१२-९ स्थापित करने-के लिए, समाहित करनेके लिए

समाधाय—१७-११ निश्चित करके, स्थिर करके, पिरोकर

समाधिस्थस्य—२-५४ स्थिरचित्त योगीकी, समाधिस्थकी

समाधौ—२-४४, ५३ समाधिमें समाधिके बारेमें

समाप्नोपि—११-४० (तू) व्याप्त है, धारण करता है

समारम्भाः—४-१९ आरंभ

समासतः—१३-१८ थोड़ेमें, संक्षेपमें

समासेन—१३-३, ६; १८-५० संक्षेपमें, थोड़ेमें

समाहर्तुम्—११-३२ नाश करनेको, संहार करनेको

समाहितः—६-७ सम-स्थिर रहा हुआ,—रहता है, एक समान

समाः—६-४१ संवत्सर

समितिञ्जयः—१-८ युद्धमें जय प्राप्त करनेवाला

समिद्धः—४-३७ सुलगा हुआ, प्रज्वलित

समीक्ष्य—१-२७ ध्यानपूर्वक देखकर
समुद्रम्—२-७०; ११-२८ सागरको
समुद्धर्ता—१२-७ बचानेवाला, उद्धार करनेवाला
समुपस्थितम्—१-२८ इकट्ठा हुए (को); २-२ उत्पन्न हुआ, उपस्थित हुआ
समुपाश्रित—१८-५२ आश्रय लेकर रहनेवाला, आश्रय लिया हुआ
समृद्धवेगाः—११-२९, २९ बढ़ते जाते वेगवाले (होकर), बढ़ते हुए वेगमे
समृद्धम्—११-३३ समृद्धिवाला, धन-धान्यसे भरा हुआ
समे—२-३८ समान (दो)
समौ—५-२७ समान, समभावी, एक समान (दो)
संपत्—१६-५ सपत्ति
सपदम्—१६-३, ४, ५ संपत्तिको
संपद्यते—१३-३० होती है
सपश्यन्—३-२० देखकर,—का विचार करते हुए
सप्रकीर्तितः—१८-४ वर्णन किया गया है, कहा गया है
संप्रतिष्ठा—१५-३ पाया, नींव
संप्रवृत्तानि—१४-२२ प्राप्त होनेपर, आ जानेपर
संप्रेक्ष्य—६-१३ अच्छी तरह निगाह डालकर, नजर टिकाकर, देखकर
संप्लुतोदके—२-४६ सरोवरमे (से)
सबन्धिनः—१-३४ सगे-संबधी
सभवन्ति—१४-४ (वे) उत्पन्न होते है
सभवः—१४-३ उत्पत्ति
सभवामि—४-६, ८ (मै) जन्म लेता हूं
सभावितस्य—२-३४ प्रतिष्ठितका, मान पाये हुएका (को)
संमोहम्—७-२७ मूर्च्छाको
संमोहः—२-६३ अविवेक, मूढ़ता
समोहात्—२-६३ समोहसे, मूढ़तासे
सम्यक्—५-४, ८-१०; ९-३० भली प्रकारसे
सरसाम्—१०-२४ सरोवरोमे
सर्गः—५-१९ ससार, जन्म
सर्गाणाम्—१०-३२ सृष्टियोंमे
सर्गे—७-२७ सृष्टिमे, जगतमे, १४-२ उत्पत्तिकालमे
सर्पाणाम्—१०-२८ सर्पोमें
सर्व—११-४० हे सर्वरूप (ईश्वर)
सर्वकर्मणाम्—१८-१३ सब कर्मोंकी, कर्ममात्रकी
सर्वकर्मफलत्यागम्—१२-११; १८-२ सब कर्मोंके फल-

त्यागका
सर्वकर्माणि—३-२६ सारे कर्म; ४-३७; ५-१३; १८-५६, ५७ सब कर्मोंको
सर्वकामेभ्यः—६-१८ सब कामनाओंसे
सर्वकिल्बिषैः—३-१३ सब पापोंसे
सर्वक्षेत्रेषु—१३-२ सब शारीरिक क्षेत्रोंमें
सर्वगतम्—२-२४; १३-३२ सबमें व्याप्त, सर्वव्यापी
सर्वगत—२-२४ सबमें व्याप्त, सर्वव्यापी
सर्वगुह्यतमम्—१८-६४ सबसे गुह्य, सब गुह्योंमें गुह्यतम
सर्वज्ञानविमूढान्—३-३२ ज्ञानहीन मूर्खोंको
सर्वतः—२-४६ सब प्रकार; ११-१६, १७, ४०; १३-१३ सबसे, सब तरफसे, चारों ओर
सर्वतःपाणिपादम्—१३-१३ सब ओर हाथ-पैरवाला
सर्वतःश्रुतिमत्—१३-१३ सब ओर कानवाला
सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्—१३-१३ जिसके सब तरफ आंख, मुंह और सिर है वह
सर्वत्र—२-५७; ६-२९, ३०, ३२; १२-४; १३-२८, ३२; १८-४९ सब जगह
सर्वत्रगम्—१२-३ सर्वव्यापीको, सब जगह जानेवालेको
सर्वत्रगः—६-६ सब जगह जानेवाला, सब जगह विचरण करनेवाला
सर्वथा—६-३१; १३-२३ सब प्रकारसे; चाहे जैसा
सर्वदुर्गाणि—१८-५८ सब संकटोंको, (संकटरूपी) पहाड़ोंको
सर्वदुःखानाम्—२-६५ सब दुःखोंका
सर्वदेहिनाम्—१४-८ सब प्राणियोंका, देहधारीमात्रका
सर्वद्वाराणि—८-१२ सब द्वारोंको, इंद्रियोंको
सर्वद्वारेषु—१४-११ सब द्वारोंमें, इंद्रियोंमें
सर्वधर्मान्—१८-३६ सब धर्मोंको
सर्वपापेभ्यः—१८-६६ सब पापोंसे
सर्वपापैः—१०-३ सब पापोंसे
सर्वभावेन—१५-१९; १८-६२ पूर्णभावसे, समभावसे
सर्वभूतस्थम्—६-२९ भूतमात्रमें स्थित
सर्वभूतस्थितम्—६-३१ भूतमात्रमें रहे हुएको
सर्वभूतहिते—५-२५; १२-४

प्राणिमात्रके हितमे

सर्वभूतात्मभूतात्मा—५-७ सर्व प्राणियोंको अपने-जैसा माननेवाला, सम्यग्दर्शी, समदर्शी

सर्वभूतानाम्—२-६९; ५-२९; ७-१०; १०-३९; १२-१३; १४-३, १८-६१ सब प्राणियोंका भूतमात्रका

सर्वभूतानि—६-२९; १८-६१ भूतमात्रको, प्राणीमात्रको, प्राणीमात्रको; ७-२७; ९-४, ७ भूतमात्र, सर्व प्राणी

सर्वभूताशयस्थितः—१०-२० सब प्राणियोंके हृदयमे रहा हुआ

सर्वभूतेषु—३-१८; ७-९; ९-२९; ११-५५; १८-२० भूतमात्रमे

सर्वभृत्—१३-१४ सबका पोषणकर्त्ता, धारण करनेवाला

सर्वम्—२-१७; ४-३३, ३६; ६-३०; ७-७, १३, १९; ८-२२, २८; ९-४; १०-८, १४; ११-४०; १३-१३; १८-४६ सब, सारा, सबको, सारेको

सर्वयज्ञानाम्—९-२४ सब यज्ञोका

सर्वयोनिषु—१४-४ सब योनियोंमें

सर्वलोकमहेश्वरम्—५-२९ सब लोकोंके महेश्वर (को)

सर्ववित्—१५-१९ सर्वज्ञ, सब कुछ जाननेवाला

सर्ववृक्षाणाम्—१०-२६ सब पेड़ोमे

सर्ववेदेषु—७-८ सब वेदोमे

सर्वशः—१-१८ सबने; २-५८, ६८ सब ओरसे; ३-२३, २७; ४-११; १०-२; १३-२९ सबोने, सर्व प्रकारसे

सर्वसंकल्पसंन्यासी—६-४ सब संकल्पोका त्याग करनेवाला

सर्वस्य—२-३०; ७-२५; ८-९; १०-८; १३-१७; १५-१५; १७-३, ७ सबका (—को)

सर्वहरः—१०-३४ सबका सहारकर्ता, सबको हरण करनेवाला

सर्व.—३-५; ११-४० सर्व, सारे

सर्वाणि—२-३०, ६१; ३-३०; ४-५; २७; ७-६; ९-६; १५-१६ सब, सबोंको

सर्वान्—१-२७; २-५५, ७१; ४-३२; ६-२४; ११-१५ सबको

सर्वारम्भपरित्यागी—१२-१६; १४-२५ सब आरभका त्याग करनेवाला, संकल्पमात्रका जिसने त्याग किया है वह

सर्वारम्भाः—१८-४८ सब कर्म

सर्वार्थान्—१८-३२ सब वस्तुओंको

सर्वाश्चर्यमयम्—११-११ सब प्रकारसे आश्चर्यमयको

सर्वाः—८-१८; ११-२०; १५-१३ सब

सर्वे—१-६, ६, ११, ३३; २-१२, ७०; ४-१६, ३०; ७-१८; १०-१३, ११-२२, २६, ३२, ३६; १४-१ सब

सर्वेन्द्रियगुणाभासम्—१३-१४ जिनमे सब इन्द्रियोके गुणोंका आभास होता है वह

सर्वेन्द्रियविवर्जितम्—१३-१४ इंद्रियोसे रहित, बिना सब इद्रियोका

सर्वेभ्यः—४-३६ सबसे

सर्वेषाम्—१-२५; ६-७ सबका, सबमें

सर्वेषु—१-११; २-४६; ८-७, २०, २७; १३-२७; १८-२१; ५४ सबमे

सर्वैः—१५-१५ सबके द्वारा

सविकारम्—१३-६ विकारसहित (क्षेत्र)

सविज्ञानम्—७-२ अनुभवयुक्त, विज्ञानसहित

सव्यसाचिन्—११-३३ हे बाएं हाथसे बाण चला सकनेवाले (अर्जुन)

सशरम्—१-४७ बाणसहित (को)

सह—१-२२; ११-२६; १३-२३ साथ, सहित

सहजम्—१८-४८ जन्मसे प्राप्त हुए, सहज प्राप्त

सहदेवः—१-१६ सहदेव, पांडवोंमें पाचवां भाई

सहयज्ञाः—३-१० यज्ञसहित

सहसा—१-१३ एकाएक, एक साथ

सहस्रकृत्व.—११-३६ हजारो बार

सहस्रबाहो—११-४६ हे हजार हाथवाले

सहस्रयुगपर्यन्तम्—८-१७ हजारो युगतकका

सहस्रशः—११-५ हजारोकी संख्या-में

सहस्रेषु—७-३ हजारोमे

सयतेन्द्रियः—४-३६ जिसने अपनी इद्रिया वशमे रखी है वह, जितेंद्रिय

सयमताम्—१०-२६ नियमन करनेवालोमे, दड देनेवालोमे

सयमाग्निषु—४-२६ संयमरूपी अग्नियोमे

सयमी—२-६६ योगी, सयमी

संयम्य—२-६१; ३-६; ६-१४ सयममें रखकर, वशमे रख-कर; ८-१२ रोककर, बंद करके

संयाति—२-२२ (वह) जाता है, प्राप्त करता है; १५-८ जाता है

संवादम्—१८-७०, ७४, ७६ सवादको

सवृत्त—११-५१ शांत हुआ—हुआ हूं

संशयम्—४-४२ ; ६-३६ सशयको

सशयस्य—६-३६ संशयका

सशयः—८-५ ; १०-७ ; १२-८ शका, सशय

सशयात्मनः—४-४० शकाशीलका

सशयात्मा—४-४० शंकाशील

सशितव्रताः—४-२८ तीक्ष्ण व्रत करनेवाले, कठिन व्रतधारी

सशुद्धकिल्बिषः—६-४५ जिसके पाप धुल गये है वह, पापमुक्त

संश्रिताः—१६-१८—का आश्रय लेनेवाले

संसारेषु—१६-१९ ससारमे, लोकमे

संसिद्धिम्—३-२० ; ८-१५ ; १८-४५ ज्ञानको, मोक्षको, परम सिद्धिको

ससिद्धौ—६-४३ मोक्षके लिए, परम सिद्धिके लिए

संस्तभ्य—३-४३ स्थिर करके वश-में करके

संस्पर्शजा.—५-२२ विषयेन्द्रिय-संबंधसे होनेवाले, विषयजन्य

सस्मृत्य—१८-७६, ७७ याद करके

संहरते—२-५८ (वह) समेट लेता है, इकट्ठा कर लेता है

सः—१-१३, इ० वह

सा—२-६९ ; ६-१९ ; ११-१२ ; १७-२ ; १८-३०, ३१, ३२, ३३, ३४, ३५ वह (स्त्रीलिंग)

साक्षात्—१८-७५ स्वयं, प्रत्यक्ष

साक्षी—९-१८ कृताकृतको देखने-वाला, साक्षी

सागरः—१०-२४ समुद्र

सात्त्विकप्रिया.—१७-८ सात्त्विक लोगोंको प्रिय

सात्त्विकम्—१४-१६ ; १७-२० ; १८-२०, २३, ३७ सात्त्विक ; सत्त्वगुणयुक्त

सात्त्विकः—१७-११ ; १८-९, २६ सात्त्विक

सात्त्विकाः—७-१२ सात्त्विक, सत्त्वगुणात्मक ; १७-४ सात्त्विक लोग

सात्त्विकी—१७-२ ; १८-३०, ३३ सात्त्विक, सत्त्वगुणात्मक

सात्यकिः—१-१७ एक यादव, युयुधान, श्रीकृष्णका सारथि

साधर्म्यम्—१४-२ समान भावको, सरूपताको

साधिभूताधिदैवम्—७-३० अधि-भूत—पंचमहाभूतों और अधि-दैव—देवसहितको

साधियज्ञम्—७-३० अधियज्ञवाले को

साधुभावे—१७-२६ जहां असाधुता हो वहां साधुता चाहनेके भावमें, कल्याण (साधु) के अर्थ (भाव) मे
साधुषु—६-९ साधुओमें
साधुः—९-३० साधु
साधूनाम्—४-८ साधुओका
साध्याः—११-२२ साध्य देव, साध्य
साम—९-१७ सामवेद
सामर्थ्यम्—२-३६ बल
सामवेदः—१०-२२ सामवेद
सामासिकस्य—१०-३३ समास (समूह) मे
साम्नाम्—१०-३५ सामोमे, सामवेदके सूक्तोमे
साम्ये—५-१९ समान भावमे, समत्वमे
साम्येन—६-३३ साम्यबुद्धि (के साधन) से, समत्वरूपी (योग)
साहंकारेण—१८-२४ मैं करता हूं, इस भावसे
सांख्ययोगौ—५-४ सांख्य (ज्ञान) योग और कर्मयोग
सांख्यम्—५-५ सन्यासको, सांख्ययोगको
सांख्यानाम्—३-३ ज्ञानयोगियोंकी, सांख्योंकी
सांख्ये—२-३९; १८-१३ परमार्थ-वस्तुविवेकमे, सांख्यसिद्धान्त (तर्कवाद) मे (की), सांख्यशास्त्रमें, वेदांतमे
सांख्येन—१३-२४ सांख्यसे, ज्ञान (मार्ग) से
सांख्यैः—५-५ संन्यासियोसे, सांख्ययोगियोंद्वारा
सिद्धये—७-३; १८-१३ सिद्धिके लिए
सिद्धसंघाः—११-३६ सिद्धोके समुदाय-सघ
सिद्धः—१६-१४ सर्वसंपन्न, सिद्ध
सिद्धानाम्—७-३; १०-२६ सिद्धोका (–मे)
सिद्धिम्—३-४; ४-१२; १२-१०; १४-१; १६-२३; १८-४५, ४६; १८-५० सिद्धिको, मोक्षको, परम गतिको, पूर्णत्वको
सिद्धिः—४-१२ सिद्धि, फल
सिद्धौ—४-२२ फलप्राप्तिमे, सफलतामे
सिद्ध्यसिद्ध्योः—२-४८; १८-२६ सिद्धि-असिद्धिमे, सफलता-निष्फलतामे
सिंहनादम्—१-१२ सिंहसमान गर्जना, सिंहनाद
सीदन्ति—१-२८ (वे) ढीले होते है
सुकृतदुष्कृते—२-५० अच्छे-बुरे कर्मको, पाप-पुण्यको

सुकृतस्य—१४-१६ सत्कर्मका, अच्छी तरह किये हुएका

सुकृतम्—५-१५ पुण्य

सुकृतिनः—७-१६ अच्छे काम करनेवाले, सदाचारी

सुखदुःखे—२-३८ सुख और दुःखमे

सुखदुःखसञ्ज्ञैः—१५-५ सुख-दुःख नामसे पहचाने जानेवाले (के द्वारा)

सुखदुःखानाम्—१३-२० सुख-दुःखोंका

सुखम्—२-६६; ४-४०; ५-२१; ६-२१, २७, २८, ३२; १०-४; १३-६; १६-२३; १८-३६, ३७, ३८, ३९ सुख, सुखको; ५-३ सरलतासे ५-१३ सुखसे, सुखमे

सुखसङ्गेन—१४-६ सुखके संबंधसे, सुखके साथ

सुखस्य—१४-२७ सुखका

सुखानि—१-३२, ३३ सुख, सुखोंको

सुखिनः—१-३७; २-३२ सुखी, भाग्यशाली (लोग)

सुखी—५-२३; १६-१४ सुखी

सुखे—१४-९ सुखमे

सुखेन—६-२८ सुखसे, सहजतासे, अनायास

सुखेषु—२-५६ सुखोंमें

सुघोषमणिपुष्पकौ—१-१६ सुघोष और मणिपुष्पक नामक नकुल और सहदेवके शंख

सुदुराचारः—९-३० अत्यंत दुराचारी

सुदुर्दर्शम्—११-५२ बहुत कठिनाईसे देखा जा सके ऐसा, बहुत दुर्लभ दर्शनवाला

सुदुर्लभः—७-१९ कठिनाईसे मिलनेवाला, बहुत दुर्लभ

सुदुष्करम्—६-३४ अत्यन्त कठिनाईसे किया जा सकने योग्य

सुनिश्चितम्—५-१ ठीक निश्चयपूर्वक, अच्छी तरहसे निश्चय करके

सुरगणाः—१०-२ देवोंके संघ, देव

सुरसंघाः—११-२१ देवोंके समुदाय, सघ

सुराणाम्—२-८ देवोंका

सुरेन्द्रलोकम्—९-२० स्वर्गको, देवलोकको, इंद्रलोकको

सुलभः—८-१४ सहज, मिलने-जैसा

सुविरूढमूलम्—१५-३ गहराईतक गई हुई जड़ोंवाले

सुसुखम्—९-२ सुख देनेवाला, सहल

सुहृत्—९-१८ हितेच्छु, मित्र

सुहृदम्—५-२९ हित करनेवाले (को)

सुहृदः—१-२७ प्रत्युपकारके बिना भला करनेवाले (को) स्नेहियोंको

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु—६-९ हितेच्छु, मित्र, शत्रु, निष्पक्षपाती (तटस्थ) दोनो (पक्ष) का भला चाहनेवाला, द्वेष्य और बंधुओमे

सूक्ष्मत्वात्—१३-१५ सूक्ष्मताके कारण

सूतपुत्रः—११-२६ सूतपुत्र कर्ण

सूत्रे—७-७ डोरीमे, सूत्रमे

सूयते—९-१० (वह) उत्पन्न करता है

सूर्यसहस्रस्य—११-१२ हजार सूर्यका

सूर्यः—१५-६ सूरज

सृजति—५-१४ (वह) उत्पन्न करता है, रचता है

सृजामि—४-७ (मैं) उत्पन्न करता हू

सृती—८-२७ (दो) मार्ग

सृष्टम्—४-१३ सिरजा है, उत्पन्न किया है

सृष्ट्वा—३-१० उत्पन्न करके

सेनयोः—१-२१, २४; २-१० दोनों सेनाओंकी; १-२७ दोनों सेनाओंमे

सेनानीनाम्—१०-२४ सेनापतियोंमें

सेवते—१४-२६ (वह) सेवा करता है

सेवया—४-३४ सेवाद्वारा, सेवा करके

सैन्यस्य—१-७ सेनाका

सोढुम्—५-२३; ११-४४ सहन करनेकी

सोम.—१५-१३ चंद्र

सोमपाः—९-२० सोमरस पीनेवाले

सौक्ष्म्यात्—१३-३२ सूक्ष्मताके कारण

सौभद्रः—१-६, १८ सुभद्राका पुत्र अभिमन्यु

सौमदत्तिः—१-८ सोमदत्तका पुत्र, (दूसरा नाम भूरिश्रवा)

सौम्यत्वम्—१७-१६ सुजनता, सौम्यता

सौम्यवपुः—११-५० शांतमूर्ति, प्रसन्नदेह

सौम्यम्—११-५१ शांत, सौम्य

स्कन्दः—१०-२४ देवोंके सेनापति कार्तिकस्वामी

स्तब्धः—१८-२८ अक्खड़, झक्की

स्तब्धाः—१६-१७ अक्खड

स्तुतिभिः—११-२१ स्तोत्रोंद्वारा

स्तुवन्ति—११-२१ (वे) स्तुति करते हैं, यश गाते है

स्तेनः—३-१२ चोर, तस्कर

स्त्रिय.—९-३२ स्त्रियां
स्त्रीषु—१-४१ स्त्रियोंमे
स्थाणुः—२-२४ स्थिर
स्थानम्—५-५; ८-२८; ९-१८; १८-६२ पद, स्थिति, स्थान
स्थाने—११-३६ योग्य है, उचित स्थानपर है
स्थापय—१-२१ खडा रखो
स्थापयित्वा—१-२४ स्थापन करके, खड़ा रखकर
स्थावरजङ्गमम्—१३-२६ अचर और चर, स्थावर-जंगम
स्थावराणाम्—१०-२५ स्थिर वस्तुओंमें, स्थावरोमे
स्थास्यति—२-५३ (वह) स्थिर होगा—रहेगा
स्थितप्रज्ञस्य—२-५४ स्थिर बुद्धि-वालेकी, स्थितप्रज्ञकी
स्थितप्रज्ञः—२-५५ स्थितप्रज्ञ
स्थितधीः—२-५४, ५६ स्थिर बुद्धिवाला
स्थितम्—५-१९; १३-१६; १५-१० रहा हुआ, स्थिर
स्थितः—५-२०; ६-१०, १४, २१, २२; १०-४२; १८-७३ रहा हुआ, स्थिर
स्थितान्—१-२६ खड़े हुए (को)
स्थिताः—५-१९ स्थिर, स्थिर हुए हैं
स्थितिम्—६-३३ स्थितिको
स्थितिः—२-७२ निष्ठा, स्थिति; १७-२७ दृढता, स्थिरता, स्थिर भावना
स्थितौ—१-१४ बैठे हुए (दो)
स्थित्वा—२-७२ रहकर, स्थिर होकर
स्थिरबुद्धिः—५-२० स्थिर बुद्धि-वाला
स्थिरम्—६-११; १२-९ स्थिर अचल
स्थिरमतिः—१२-१९ स्थिर बुद्धि-वाला
स्थिरः—६-१३ स्थिर
स्थिराम्—६-३३ स्थिर (को)
स्थिरा.—१७-८ पौष्टिक
स्थैर्यम्—१३-७ स्थिरता
स्निग्धाः—१७-८ स्निग्ध, चिकना-हटवाले, चिकने
स्पर्शनम्—१५-९ स्पर्शेन्द्रिय, त्वचा
स्पर्शान्—५-२७ इन्द्रियोंके विषयोवाले स्पर्शको, विषय-भोगोको
स्पृशन्—५-८ छूता हुआ, स्पर्श करता हुआ
स्पृहा—४-१४; १४-१२ तृष्णा, लालसा, इच्छा
स्म—२-३ निषेधवाची 'मा' के साथ आनेवाला अतिरिक्त

उपपद; देखो 'मा' (स्म गमः) में
स्मरति—८-१४ (वह) याद करता है, स्मरण करता है
स्मरन्—३-६; ८-५, ६ याद करता हुआ, चिंतन करता हुआ
स्मृतम्—१७-२०, २१; १८-३८ स्मृतिमें कहा हुआ, कहा गया है
स्मृतः—१७-२३ स्मरण किया हुआ, स्मृतिमें कहा हुआ, कहा गया है
स्मृता—६-१६ कही हुई, कही गई है
स्मृतिभ्रंशात्—२-६३ स्मृति भ्रांत होनेसे
स्मृतिविभ्रमः—२-६३ स्मृति भ्रांत होना, होश गुम होना
स्मृतिः—१०-३४; १५-१५ स्मरणशक्ति, स्मृति, १८-७३ भान
स्यन्दने—१-१४ रथमे
स्यात्—१-३६; २-७; ३-१७; १०-३६; ११-१२; १५-२०; १८-४० (वह) हो
स्याम्—३-२४; १८-७० (मैं) होऊं
स्याम—१-३७ (हम) हों
स्युः—६-३२ (वे) हों
स्रंसते—१-३० (वह) खिसक जाता है, गिरता है
स्रोतसाम्—१०-३१ नदियोंमें
स्वकर्मणा—१८-४६ अपने कर्मसे
स्वकर्मनिरतः—१८-४५ अपने कर्ममे रत हुआ
स्वकम्—११-५० अपने (रूप) को
स्वचक्षुषा—११-८ अपनी (प्राकृत) आंखोंद्वारा, चर्म-चक्षुद्वारा
स्वजनम्—१-२८, ३१, ४७, ४५ स्वजनको, सगे-संबंधियोंको
स्वतेजसा—११-१६ अपने तेजसे
स्वधर्मम्—२-३१, ३३ स्वधर्मको
स्वधर्मः—३-३५; १८-४७ स्वधर्म, अपना धर्म
स्वधर्मे—३-३५ स्वधर्ममे
स्वधा—६-१६ पितरोंको चढ़ाया जानेवाला अन्न, (यज्ञद्वारा) पितरोंका आधार
स्वनुष्ठितात्—३-३५; १८-४७ अच्छी तरह अनुष्ठान किये हुए की अपेक्षा सुलभ—सुकर की अपेक्षा
स्वपन्—५-८ सोता हुआ
स्वप्नम्—१८-३५ निद्राको
स्वबान्धवान्—१-३७ अपने बांधवोंको
स्वभावजम्—१८-४२, ४३, ४४

पूर्वसंस्कारसे उत्पन्न, स्वभाव-जन्य, स्वाभाविक

स्वभावजा—१७-२ स्वभावके साथ जन्मी हुई, स्वभाव-सहज, स्वभावतः

स्वभावजेन—१८-६० स्वभाव-जन्य (द्वारा)

स्वभावनियतम् —१८-४७, स्व-भावसिद्ध, स्वभावानुरूप

स्वभावप्रभवैः—१८-४१ स्वभाव-जन्य—प्रकृति से उत्पन्न ए (गुणोके द्वारा)

स्वभावः—५-१४; ८-३ आत्मा-का मूल स्वरूप, प्रकृति

स्वम्— ६-१३ अपना

स्वयम्—४-३८; १०-१३, १५; १८-७५ अपने आप, खुद

स्वया—७-२० अपनी (प्रकृति द्वारा)

स्वर्गतिम्—९-२० स्वर्गकी गति-को, स्वर्गप्राप्तिको

स्वर्गद्वारम् —२-३२ स्वर्गका दरवाजा

स्वर्गपराः—२-४३ स्वर्गको श्रेष्ठ माननेवाले

स्वर्गम्—२-३७ स्वर्गको

स्वर्गलोकम्—९-२१ स्वर्गलोकको

स्वल्पम्— २-४० थोड़ा, यत्किं-चित् पालन)

स्वस्ति—११-२१ भला हो, कल्याण हो

स्वस्थः—१४-२४ आत्मस्थ, स्वस्थ

स्वस्याः—३-३३ अपनी

स्वाध्यायज्ञानयज्ञाः—४-२८ वेदा-भ्यास और शास्त्रज्ञानरूपी यज्ञ करनेवाले, स्वाध्याय और ज्ञानयज्ञ करनेवाले

स्वाध्यायः—१६-१ वेदादिका अभ्यास, स्वाध्याय

स्वाध्यायाभ्यसनम्—१७-१५ वेदोंका, धर्मग्रन्थोका अभ्यास

स्वाम्—४-६; ९-८ अपनी (प्रकृति) को

स्वे—१८-४५ अपनेमें

स्वेन—१८-६० अपने (द्वारा)

ह

ह—२-९ एक उपपद है

हतम्—२-१९ मारे हुए (को)

हतः—२-३७; १६-१४ मारा हुआ

हतान्—११-३४ मारे हुओंको

हत्वा—१-३१, ३६, ३७; २-५, ६; १८-१७ मारकर, हनन करके

हनिष्ये—१६-१४ (मैं) मारूंगा

हन्त—१०-१९ अब, अच्छा

हन्तारम्—२-१९ मारनेवाले (को)

हन्ति—२-१९, २१; १८-१७ (वह) मारता है, हनन करता है

हन्तुम्—१-३५, ३७, ४५ मारनेको

हन्यते—२-१९, २० (वह) मारा जाता है, हनन किया जाता है

हन्यमाने—२-२० हनन होने पर, नाश होनेपर, नाश होनेसे

हन्युः—१-४६ (वे) मारें, मार डालें

हयैः—१-१४ घोडोंद्वारा

हरति—२-६७ (वह) हरण कर लेता है, खीच ले जाता है

हरन्ति—२-६० (वे) हर लेते हैं

हरिः—११-९ कृष्ण

हरेः—१८-७७ हरिका, कृष्णका

हर्षशोकान्वितः—१८-२७ हर्ष और शोकसे घिरा हुआ, हर्ष और शोकवाला

हर्षम्—१-१२ आनन्द (को) हर्ष (को)

हर्षामर्षभयोद्वेगैः—१२-१५ हर्ष, अमर्ष (क्रोध), भय और उद्वेगसे

हविः—४-२४ वलि, हवनकी वस्तु

हस्तात्—१-३० हाथसे

हस्तिनि—५-१८ हाथीमे

हानिः—२-६५ नाश

हि—१-११ इत्यादि, एक पादपूरक उपपद; सचमुच, कारण कि; 'पर' के अर्थमे भी कभी-कभी उपयोगमें आता है

हितकाम्यया—१०-१ हितेच्छासे, हितके लिए

हितम्—१८-६४ लाभ, हित

हित्वा—२-३३ छोड़कर, खोकर

हिनस्ति—१३-२८ (वह) नाश करता है, घात करता है

हिमालयः—१०-२५ हिमालय पर्वत

हिंसात्मकः—१८-२७ हिंसक स्वभाववाला, हिंसावान

हिंसाम्—१८-२५ हिंसा-पर-पीडनको

हुतम्—४-२४ होमा हुआ; ९-१६ हवन, हवनद्रव्य; १७-२८ हवन किया हुआ, यज्ञ

हृतज्ञानाः—७-२० जिनका ज्ञान हरा गया है वे

हृत्स्थम्—४-४२ हृदयमे रहे हुए

हृदयदौर्बल्यम्—२-३ हृदयकी दुर्बलता

हृदयानि—१-१९ हृदयोंको

हृदि—८-१२; १३-१७; १५-१५ हृदयमें

हृद्देशे—१८-६१ हृदयस्थानमें, हृदयमें

हृद्याः—१७-८ हृदयको प्रिय, मनको प्रिय लगें ऐसे

हृषितः—११-४५ आनंदित

हृषीकेश—११-३६; १८-१ हे इंद्रियोंके ईश—कृष्ण

हृषीकेशम्—१-२१; २-९ हृषीकेशको

हृषीकेशः—१-१५, २४; २-१० कृष्ण

हृष्टरोमा—११-१४ रोमांचित

हृष्यति—१२-१७ (वह) हर्षित होता है

हृष्यामि—१८-७६, ७७ (मैं) हर्षित होता हूं, प्रसन्न होता हू

हे—११-४१ हे, संबोधनार्थक उपपद

हेतवः—१८-१५ कारण, हेतु

हेतुना—९-१० हेतुसे, कारणसे

हेतुमद्भिः—१३-४ कार्यकारण-के हेतुवाले (के द्वारा), युक्ति-वाले (के द्वारा), उदाहरण तर्क (के द्वारा)

हेतुः—१३-२० कारण, हेतु

हेतोः—१-३५ कारणसे, हेतुसे

ह्रियते—६-४४ (वह) खिंचता है

ह्रीः—१६-२ अकार्यमें लज्जा, मर्यादा, व्रीड़ा

गीता-माता

[गीता-संबंधी विविध विचार]

गीता - माता

: १ :

गीता-माता

गीता शास्त्रोंका दोहन है। मैंने कहीं पढ़ा था कि सारे उपनिषदोंका निचोड़ उसके ७०० श्लोकोंमें आ जाता है। इसलिए मैंने निश्चय किया कि कुछ न हो सके तो भी गीताका ज्ञान प्राप्त कर लूं। आज गीता मेरे लिए केवल बाइबिल नहीं है, केवल कुरान नहीं है, मेरे लिए वह माता हो गई है। मुझे जन्म देनेवाली माता तो चली गई, पर सकटके समय गीता-माता के पास जाना मैं सीख गया हूं। मैंने देखा है कि जो कोई इस माताकी शरण जाता है, उसे ज्ञानामृतसे वह तृप्त करती है।

कुछ लोग कहते हैं कि गीता तो महा गूढ़ ग्रंथ है। स्व० लोकमान्य तिलकने अनेक ग्रंथोंका मनन करके पंडितकी दृष्टिसे उसका अभ्यास किया और उसके गूढ़ अर्थोंको वे प्रकाशमें लाये। उसपर एक महाभाष्य-की रचना भी की। तिलक महाराजके लिए यह गूढ़ ग्रंथ था; पर हमारे जैसे साधारण मनुष्यके लिए वह गूढ नही है। सारी गीताका वाचन आपको कठिन मालूम हो तो आप पहले केवल तीन अध्याय पढ़ लें। गीताका सब सार इन तीन अध्यायोंमें आ जाता है। बाकीके अध्यायोंमें वही बात अधिक विस्तारसे और अनेक दृष्टियोंसे सिद्ध की गई है। यह भी किसीको कठिन मालूम हो तो इन तीन अध्यायोंमेसे कुछ ऐसे श्लोक छांटे जा सकते हैं[1] जिनमें गीताका निचोड़ आ जाता है। तीन जगहोंपर

---

[1] गांधीजी ने स्वयं चुने हुए श्लोकोंका एक संग्रह 'गीता प्रवेशिका'-के नामसे किया था, जो इस पुस्तकमें अन्यत्र दिया गया है।

तो गीतामें यह भी आता है कि सब धर्मोंको छोड़कर तू केवल मेरी ही शरण ले। इससे अधिक सरल और सादा उपदेश क्या हो सकता है? जो मनुष्य गीतामेसे अपने लिए आश्वासन प्राप्त करना चाहे तो उसे उसमेसे वह पूरा-पूरा मिल जाता है। जो मनुष्य गीताका भक्त होता है, उसके लिए निराशाकी कोई जगह नही है, वह हमेशा आनंदमें रहता है।

पर इसके लिए बुद्धिवाद नहीं, बल्कि अव्यभिचारिणी भक्ति चाहिए। अबतक मैंने एक भी ऐसे आदमीको नहीं जाना जिसने गीताका अव्यभिचारिणी भक्तिसे सेवन किया हो और जिसे गीतासे आश्वासन न मिला हो। तुम विद्यार्थी लोग कहीं परीक्षामें फेल हो जाते हो तो निराशाके सागरमे डूब जाते हो। गीता निराश होनेवालोंको पुरुषार्थ सिखाती है, आलस्य और व्यभिचारका त्याग बताती है। एक वस्तुका ध्यान करना, दूसरी चीज बोलना और तीसरीको सुनना इसको व्यभिचार कहते हैं। गीता सिखाती है कि पास हो या फेल, दोनों चीजें समान है। मनुष्यको केवल प्रयत्न करनेका अधिकार है, फलपर कोई अधिकार नही। यह आश्वासन मुझे कोई नही दे सकता, वह तो अनन्य भक्तिसे ही प्राप्त होता है। सत्याग्रहीकी हैसियतसे मैं कह सकता हूं कि इसमेसे नित्य ही मुझे कुछ-न-कुछ नई वस्तु मिलती रहती है। कोई मुझे कहेगा कि यह तुम्हारी मूर्खता है तो मैं उसे कहूंगा कि मैं अपनी इस मूर्खतापर अटल रहूंगा। इसलिए सब विद्यार्थियोसे मैं कहूंगा कि सवेरे उठकर तुम इसका अभ्यास करो। तुलसीदासका मैं भक्त हूं; पर तुम लोगोंको इस समय मैं तुलसीदास नही सुझाता हूँ। विद्यार्थीकी हैसियतसे तुम गीताका ही अभ्यास करो, पर द्वेष-भावसे नहीं, भक्ति-भावसे। तुम उसमें भक्ति-पूर्वक प्रवेश करोगे तो जो तुम्हे चाहिए वह उसमेंसे मिलेगा। अठारहों अध्याय कंठ करना कोई खेल नहीं है, पर करने जैसी चीज तो है ही। तुम एक बार उसका आश्रय लोगे तो देखोगे कि दिनोंदिन उसमें तुम्हारा अनुराग बढ़ेगा। फिर तुम कारागृहमें हो या जंगलमें, आकाशमें हो या अंधेरी कोठरीमें, गीताका रटन तो निरंतर तुम्हारे हृदयमें चलता ही रहेगा और उसमेंसे तुम्हें आश्वासन मिलेगा। तुमसे

यह आधार तो कोई छीन ही नहीं सकता। इसके रटनमें जिसका प्राण जायगा उसके लिए तो वह सर्वस्व ही है; केवल निर्वाण नहीं, बल्कि ब्रह्म-निर्वाण है।

: २ :

गीतासे प्रथम परिचय

विलायतमें रहते हुए कोई एक साल हुआ होगा, इस बीच दो थियोसाफिस्ट मित्रोंसे मुलाकात हुई। दोनों सगे भाई थे और अविवाहित थे। उन्होने मुझसे गीताकी बात चलाई। उन दिनों ये एडविन आरनॉल्डकृत गीताके अंग्रेजी-अनुवाद को पढ़ रहे थे, पर मुझे उन्होंने अपने साथ संस्कृतमें गीता पढनेके लिए कहा। मैं लज्जित हुआ, क्योकि मैंने तो गीता न संस्कृतमे, न भाषामे ही पढ़ी थी। मुझे उनसे यह बात झेपते हुए कहनी पड़ी; पर साथ ही यह भी कहा कि मैं आपके साथ पढ़ने के लिए तैयार हूं। यों तो मेरा सस्कृत-ज्ञान नहीके बराबर है, फिर भी मै इतना समझ सकूगा कि अनुवाद कहीं गड़बड़ होगा तो वह बता सकू। इस तरह इन भाइयोंके साथ मेरा गीता-वाचन आरभ हुआ। दूसरे अध्यायके अंतिम श्लोकोमें :

ध्यायतो विषयान्पुसः सगस्तेषूपजायते ।
संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ॥
क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृतिभ्रंशात् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ॥[1]

इन श्लोकोंका मेरे दिलपर गहरा असर हुआ। बस कानोमें उनकी ध्वनि दिन-रात गूंजा करती। तब मुझे प्रतीत हुआ कि भगवद्गीता तो अमूल्य

---

[1] विषयका चिंतन करनेसे, पहले तो उसके साथ संग पैदा होता है और संगसे कामकी उत्पत्ति होती है। कामनाके पीछे-पीछे क्रोध आता है। फिर क्रोधसे संमोह, संमोहसे स्मृतिभ्रम और स्मृतिभ्रमसे बुद्धिका नाश होता है और अंतमें पुरुष खुद ही नष्ट हो जाता है।

ग्रंथ है। यह धारणा दिन-दिन अधिक दृढ़ होती गई, और अब तो तत्त्वज्ञानके लिए मैं उसे सर्वोत्तम ग्रंथ मानता हूं। निराशाके समय इस ग्रंथने मेरी अमूल्य सहायता की है। यों इसके लगभग तमाम अंग्रेजी अनुवाद मैं पढ गया हू; परन्तु एडविन आरनॉल्डका अनुवाद सबमें श्रेष्ठ मालूम होता है। उन्होने मूल ग्रंथके भावोंकी अच्छी रक्षा की है और तिसपर भी वह अनुवाद जैसा नही मालूम होता। फिर भी यह नहीं कह सकते कि इस समय मैंने भगवद्गीताका अच्छा अध्ययन कर लिया है। उसका रोजमर्रा पाठ तो वर्षों बाद शुरू हुआ।

'आत्मकथा,' नवां सस्करण
पृष्ठ ७१

: ३ :

गीताका अध्ययन

गीताका अध्ययन शुरू किया। एक छोटा-सा 'जिज्ञासुमंडल' भी बनाया गया और नियम-पूर्वक अध्ययन आरंभ हुआ। गीताजीके प्रति मेरा प्रेम और श्रद्धा तो पहले हीसे थी। अब उसका गहराई के साथ रहस्य समझनेकी आवश्यकता दिखाई दी। मेरे पास एक-दो अनुवाद रखे थे। उनकी सहायतासे मूल संस्कृत समझनेका प्रयत्न किया और नित्य एक या दो श्लोक कंठ करनेका निश्चय किया।

सुबहका दतौन और स्नानका समय मैं गीताजी कंठ करनेमें लगाता। दतौनमे १५ और स्नानमें २० मिनट लगते। दतौन अंग्रेजी रिवाजके मुताबिक खड़े-खड़े करता। सामने दीवारपर गीताजीके श्लोक लिखकर चिपका देता और उन्हे देख-देखकर रटता रहता। इस तरह रटे हुए श्लोक स्नान करने तक पक्के हो जाते। बीचमें पिछले श्लोकोंको भी दुहरा जाता। इस प्रकार मुझे याद पडता है कि १३ अध्याय तक गीता कण्ठ करली थी, पर बादमें कामकी झंझटें बढ़ गईं। सत्याग्रहका जन्म हो गया और उस बालक की परवरिशका भार मुझपर आ पड़ा, जिससे विचार करनेका समय भी

उसके लालन-पालनमें बीता और कह सकते हैं कि अब भी बीत रहा है।

गीता-पाठका असर मेरे सहाध्यायियोंपर तो जो कुछ पड़ा हो वह वही बता सकते हैं, किन्तु मेरे लिए तो गीता आचारकी एक प्रौढ़ मार्गदर्शिका बन गई है। वह मेरा धार्मिक कोष हो गई है। अपरिचित अंग्रेजी शब्दके हिज्जे या अर्थको देखनेके लिए जिस तरह मैं अंग्रेजी कोषको खोलता, उसी तरह आचार-संबंधी कठिनाइयों और उसकी अटपटी गुत्थियोंको गीताजीके द्वारा सुलझाता। उसके अपरिग्रह, समभाव इत्यादि शब्दोने मुझे गिरफ्तार कर लिया। यही धुन रहने लगी कि समभाव कैसे प्राप्त करू, कैसे उसका पालन करूँ ? जो अधिकारी हमारा अपमान करे; जो रिश्वतखोर हैं, रास्ते चलते जो विरोध करते है, जो कलके साथी है, उनमे और उन सज्जनोंमें जिन्होने हमपर भारी उपकार किया है, क्या कुछ भेद नहीं है ? अपरिग्रहका पालन किस तरह मुमकिन है ? क्या यह हमारी देह ही हमारे लिए कम परिग्रह है ? स्त्री-पुरुष आदि यदि परिग्रह नहीं तो फिर क्या है ? क्या पुस्तकोसे भरी इन अलमारियोंमें आग लगा दू ? पर यह तो घर जलाकर तीर्थ करना हुआ। अन्दरसे तुरंत उत्तर मिला, "हां, घरबारको खाक किए बिना तीर्थ नही किया जा सकता।" इसमे अंग्रेजी कानूनके अध्ययनने मेरी सहायता की। स्नेल-रचित कानूनके सिद्धान्तोंकी चर्चा याद आई। ट्रस्टी शब्दका अर्थ, गीताजीके अध्ययनकी बदौलत अच्छी तरह समझमे आया। कानूनशास्त्रके प्रति मनमे आदर बढ़ा, उसके अंदर भी मुझे धर्मका तत्त्व दिखाई पडा। ट्रस्टी यों करोड़ोकी सपत्ति रखते हैं, फिरभी उसकी एक पाईपर उनका अधिकार नहीं होता। इसी तरह मुमुक्षुको अपना आचरण रखना चाहिए, यह पाठ मैने गीताजीसे सीखा। अपरिग्रही होनेके लिए समभाव रखनेके लिए हेतुका और हृदयका परिवर्त्तन आवश्यक है, यह बात मुझे दीपककी तरह स्पष्ट दिखाई देने लगी। बस, तुरंत रेवाशंकरभाईको लिखा कि बीमेकी पालिसी बद कर दीजिए। कुछ रुपया वापस मिल जाय तो ठीक, नहीं तो खैर। बाल-बच्चों और गृहिणीकी रक्षा वह ईश्वर करेगा जिसने उनको और हमको पैदा किया है। यह आशय मेरे उस पत्रका था। पिताके समान अपने बड़े भाईको लिखा, "आजतक मैं जो कुछ बचाता रहा, आपके अर्पण करता

रहा, अब मेरी आशा छोड़ दीजिए। अब जो कुछ बच रहेगा, वह यहींके सार्वजनिक कामोंमें लगेगा।"

आत्मकथा', नवां संस्करण
पृष्ठ २६५

: ४ :

गीता-ध्यान

कल्पनाका चित्र कुछ भी खींचा हो और उसका ध्यान किया हो तो इसमे दोष नही देखता। लेकिन गीतामाताके ध्यानसे सतोष होता हो तो और क्या चाहिए ? गीताका ध्यान दो तरहसे हो सकता है : एक तो उसे माताके रूपमे माना है। इसलिए सामने माताकी तस्वीरकी जरूरत रहती हो तो या तो अपनी माँमें ही, यदि वह मर गई हो तो, कामधेनुका आरोपण करके गीताके रूपमे मानकर उसका ध्यान करना चाहिए, या कोई भी काल्पनिक चित्र मनमे खीच लिया जाय। उसे गोमाताका रूप दिया हो तो भी काम चल सकता है। दूसरी तरह हो सके तो इसे मैं ज्यादा अच्छा समझता हू। हम हमेशा जो अध्याय बोलते हों, उसमेसे या किसी भी अध्यायके किसी भी श्लोक या किसी शब्दका ध्यान धरना ही उसका चिन्तवन करना है। गीतामे जितने शब्द हैं उतने ही उसके आभूषण है और प्रियजनोके आभूषणोका ध्यान करना भी उन्हीका ध्यान धरनेके बराबर है। यही बात गीताकी है। लेकिन इसके सिवा किसीको और कोई ढंग मिल जाय तो भले ही वह उस ढंगसे ध्यान धरे। जितने दिमाग उतनी ही विविधता होती है। कोई दो व्यक्ति एक ही तरीकेसे एक ही चीजका ध्यान नहीं करते। दोनोंके वर्णन और कल्पनामें कुछ-न-कुछ फर्क तो रहेगा ही।

छठे अध्यायके अनुसार जरा-सी भी की हुई साधना बेकार नहीं जाती, और जहांसे रह गई हो वहांसे दूसरे जन्ममे आगे चलती है। इसी तरह जिसमे कल्याणमार्गकी तरफ मुड़नेकी इच्छा तो जरूर हो मगर अम्ल करनेकी शक्ति न हो, उसे ऐसा मौका जरूर मिलेगा, जिससे दूसरे जन्ममें उसकी

यह इच्छा दृढ़ हो। इस बारेमें भी मेरे मनमें कोई शंका नहीं है। मगर इसका यह अर्थ न किया जाय कि तब तो हम इस जन्ममें शिथिल रहें, तो भी काम चलेगा। ऐसी इच्छा इच्छा नही है, या वह बौद्धिक है, मगर हार्दिक नही है। बौद्धिक इच्छाके लिए कोई स्थान ही नहीं है। वह मरनेके बाद नही रहती; पर जो इच्छा दिलमे पैठ जाती है उसके पीछे प्रयत्न तो होना ही चाहिए। मगर कई कारणोंसे और शरीरकी कमजोरीसे संभव है कि यह इच्छा इस जन्ममे पूरी न हो और इस तरहका अनुभव हमें रोज होता है। मगर इस इच्छाको लेकर जीव देहको छोडता है और दूसरे जन्ममे इस जन्मकी उपाधिया कम होकर यह इच्छा फलती है या ज्यादा मजबूत तो होनी ही है। इस तरह कल्याणकृत लगातार आगे बढता ही रहता है।

ज्ञानेश्वर महाराजने निवृत्तिनाथके जीते हुए उनका ध्यान धरा हो तो भले ही धरा हो; लेकिन इतना होनेपर भी मेरी पक्की राय है कि वह हमारे नकल करने लायक नही है। जिसका ध्यान करना है वह पूर्णता को पाया हुआ व्यक्ति होना चाहिए। जीवित व्यक्तिके लिए इस तरहका ख्याल करना बिलकुल बेजा और गैरजरूरी है। किन्तु यह हो सकता है कि ज्ञानेश्वर महाराजने शरीरधारी निवृत्तिनाथका ध्यान किया हो। मगर हम इस झगडेमें कहां पड़े? और जब जीवित मूर्तिका ध्यान करनेका सवाल उठता है तब कल्पनाकी मूर्तिकी गुंजायश नही रहती। और इसका उल्लेख करके जवाब दिया हो तो इस जवाबसे बुद्धिभ्रंश होना सभव है।

पहले अध्यायमे जो नाम दिये है, वे सब नाम, मेरी रायमे, व्यक्तिवाचक होनेके बजाय गुणवाचक ज्यादा है। दैवी और आसुरी वृत्तियोके बीचकी लड़ाईका बयान करते हुए कविने वृत्तियोंको मूर्तिमान बनाया है। इस कल्पनामें इस बातसे इनकार नहीं किया गया है कि पांडवों और कौरवोके बीच हस्तिनापुरके पास सचमुच युद्ध हुआ होगा। मेरी ऐसी कल्पना है कि उस जमानेका कोई दृष्टान्त लेकर कविने इस महान ग्रथकी रचना की है। इसमें भूल हो सकती है, या ये सब नाम ऐतिहासिक हों तो ऐतिहासिक आरंभके लिए ये नाम देना बेजा भी नहीं माना जा सकता। विषय-

विचारके लिए पहला अध्याय जरूरी है, इसलिए गीता-पाठके वक्त उसे पढ लेना भी जरूरी है।

'महादेवभाईनी डायरी',
पहला भाग, पृष्ठ २२३
१८ जून, १९३२

... ...

वह दिन याद आता है जब मि० बेकर मुझे वेलिंग्टन कन्वेन्शनमें ईसाई बनानेको ले गये। वे हमेशा मेरे साथ चर्चा करते थे। मैं उन्हें कहता कि आप मुझमें श्रद्धा जाग्रत कीजिए। जो भी अच्छा असर आप मुझ पर डालना चाहते हो, वह डालने देनेके लिए मैं तैयार हू। इसलिए उन्होंने कहा कि वेलिंग्टन कन्वेन्शनमें चलो। वहां समर्थ लोग आयगे। आप उनसे मिलेगे तो आपको विश्वास हुए बिना रहेगा ही नही। सारे डब्बे में गोरे बैठे थे और मैं अकेला ऊपरके बकपर दबा हुआ बैठा था। वे लोग कहने लगे, "देखिये, हिक्स नदी आई, भव्य प्रदेश है। देखिये, सूर्योदयके दर्शन तो कीजिये !" मगर मैं उतरता ही न था। मैं तो ११वे अध्यायका पाठ कर रहा था। बेकरने मुझसे पूछा, "क्या पढ़ रहे है ?" मैंने कहा, "भगवद्गीता।" उन्हे लगा होगा कि कैसा मूर्ख है कि बाइबिल नहीं पढ़ता ! मगर क्या करते ? उन्हें मुझपर जबरदस्ती तो करनी न थी। कन्वेन्शनमें मेरेलिए विशेष प्रार्थना भी हुई। मगर मैं कोरा-का-कोरा ही लौटा।

'महादेवभाईनी डायरी'
पहला भाग, पृष्ठ २२७
१९ जून, १९३२

: ५ :

गीतापर आस्था

....फिर एक 'विशालबुद्धि' पुरुष—गीताका प्रणेता उत्पन्न हुआ। उसने हिन्दू-समाजको गहरे तत्त्वज्ञानसे भरा और साथ ही हिन्दू-धर्मका ऐसा दोहन अर्पित किया कि जो मुग्ध जिज्ञासुको सहज ही समझमें आ सकता है। हिन्दू-धर्मका अध्ययन करनेकी इच्छा रखनेवाले प्रत्येक हिन्दूके लिए यह एकमात्र सुलभ ग्रंथ है और यदि अन्य सभी धर्मशास्त्र जलकर भस्म हो जायं तब भी इस अमर ग्रंथके सात सौ श्लोक यह बतानेके लिए पर्याप्त होंगे कि हिन्दू-धर्म क्या है और उसे जीवन में किस प्रकार उतारा जाय। मैं सनातनी होनेका दावा करता हूं; क्योंकि चालीस वर्षोंसे उस ग्रंथके उपदेशोंको जीवनमे अक्षरशः उतारनेका मैं प्रयत्न करता आया हूं। गीताके मुख्य सिद्धान्तके विपरीत जो कुछ भी हो, उसे मैं हिन्दू-धर्मका विरोधी मानकर अस्वीकार करता हूं। गीतामें किसी भी धर्म या धर्म-गुरुके प्रति द्वेष नहीं। मुझे यह कहते बड़ा आनंद होता है कि मैंने गीताके प्रति जितना पूज्यभाव रखा है, उतने ही पूज्यभावसे मैंने बाइबिल, कुरान, ज़ंदअवस्ता और संसारके अन्य धर्म-ग्रथ पढ़े हैं। इस वाचनने गीताके प्रति मेरी श्रद्धाको दृढ बनाया है। उससे मेरी दृष्टि और उससे मेरा हिन्दू धर्म विशाल हुआ है। जैसे कि जरथुस्त, ईसा और मुहम्मदके जीवन-चरितको मैंने समझा है, वैसे ही गीताके बहुतसे वचनोंपर मैंने प्रकाश डाला है। इससे इन सनातनी मित्रोने मुझे जो ताना दिया है, वह मेरे लिए तो आश्वासनका कारण बन गया है। मैं अपनेको हिन्दू कहनेमे गौरव मानता हूं; क्योंकि मेरे मनमें यह शब्द इतना विशाल है कि पृथ्वीके चारों कोनोंके पैगंबरोके प्रति यह केवल सहिष्णुता ही नहीं रखता, वरन् उन्हें आत्मसात् कर लेता है। इस जीवन-संहितामें कहीं भी अस्पृश्यताको स्थान हो, ऐसा मैं नहीं देखता। इसके विपरीत, लौह-चुंबकके समान चित्ताकर्षक वाणीमें मेरी बुद्धिको स्पर्श करके और इसके भी आगे मेरे हृदयको पूर्णतया स्पर्श करके मेरे मनमें यह आस्था उत्पन्न करती है कि भूतमात्र एक रूप हैं, वे

सभी ईश्वरमेसे निकले हैं और उसीमें विलीन हो जानेवाले है। भगवती गीतामाताद्वारा उपदिष्ट सनातन धर्मके अनुसार जीवनका साफल्य बाह्य आचार और कर्मकांडमे नहीं, वरन् सम्पूर्ण चित्तशुद्धिमें और शरीर, मन और आत्मा-सहित समग्र व्यक्तित्वको परब्रह्मके साथ एकाकार कर देनेमें है। गीताके इस सदेशको अपने जीवनमे ओतप्रोत करके मैं करोड़ों की मानवमेदिनीके पास गया हूं और उन्होने मेरी बातें सुनी है सो मेरी राजनीतिज्ञताके कारण अथवा मेरी वाणीकी छटाके कारण नही, बल्कि मेरा विश्वास है कि मुझे अपना, अपने धर्मका मानकर सुनी है। समयके साथ-साथ मेरी यह श्रद्धा अधिकाधिक दृढ़ होती गई है कि मैं सनातन-धर्मी होनेका दावा करू; यह चीज गलत नही और यदि ईश्वरकी इच्छा होगी तो वह मुझे इस दावेपर मेरी मृत्युकी मुहर लगा लेने देगा।

'महादेवभाईनी डायरी,'
भाग २, पृष्ठ ४३५
४ नवबर, १९३२

: ६ :

गीताका अर्थ

एक मित्र इस प्रकार प्रश्न करते है :

"गीताका संदेश क्या है ? हिंसा या अहिंसा ? मालूम होता है कि यह झगड़ा हमेशा ही चलता रहेगा। यह बात और है कि हम गीतामें किस सदेशको देखना चाहते हैं और उसमें से कौनसा संदेश निकालना चाहते हैं और यह दूसरी ही बात है कि उसको सीधे ही पढ़नेपर क्या छाप पड़ती है। जिसके दिलमे यह बात जम गई है कि अहिंसा-तत्त्व ही जीवन-संदेश है, उसके लिए तो यह प्रश्न गौण है। वह तो यही कहेगा कि गीतामेंसे अहिंसा निकलती हो तो मुझे वह ग्राह्य है। इतने भव्य ग्रंथमेसे अहिंसा जैसा भव्य धार्मिक सिद्धान्त ही निकलना चाहिए; किन्तु

यदि न निकलता हो तो गीताको भी रहने दीजिए। उसको आदरसे पूजेंगे; लेकिन उसे प्रमाण ग्रंथ नही मानेंगे।

"प्रथम अध्यायको पढ़नेपर यही प्रतीत होता है कि अहिंसा-वृत्तिसे प्रेरित अर्जुन अशस्त्र होकर कौरवोके हाथों मरनेको तैयार है। हिंसासे होनेवाले पाप और हानि उसकी निगाहमे साफ नजर आते है। विषादसे वह कांप उठता है और कहता है :

'अहो बत् महत्पापं कर्त्तुं व्यवसिता वयम्।' इसपर श्रीकृष्ण उससे कहते है—समझदार होकर भी यह क्या बोलते हो? कोई किसीको न मारता है, न कोई मरता ही है। आत्मा अमर है और शरीरका नाश तो होगा ही। इसलिए इस धर्म-प्राप्त युद्धको लड़ लो। जय क्या और पराजय क्या? केवल अपना कर्तव्य पूरा करो।

"११वे अध्यायमे भी उसे विश्वरूप दिखाकर भगवान् श्रीकृष्ण यही कहते है।

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो
[illegible] प्रवृत्तः।
× × ×
मया हतांस्त्वं जहि मा व्यथिष्ठा।

"ईश्वरकी दृष्टिमे हिंसा और अहिंसा दोनों समान ही है; लेकिन मनुष्यके लिए ईश्वरका संदेश क्या हो सकता है?"

'युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान्।'

यह क्या? गीताका सदेश यदि अहिंसा हो तो १ और ११ अध्याय सुसम्बद्ध नही मालूम होते। वे उसके पोषक तो है ही नहीं। ऐसी शंकाओंका समाधान कौन करे?

"कामकी भीड़मेसे कुछ समय निकालकर आप इसका जवाब दें तो कितना अच्छा हो!"

ऐसे प्रश्न तो हुआ ही करेंगे। जिसने कुछ अध्ययन किया है उसे उनका यथाशक्ति जवाब भी देना होगा; किन्तु इनका समाधान करनेपर भी आखिर मुझे यह तो कहना ही पड़ेगा कि मनुष्य वही करेगा जो उसका हृदय उसे करनेको कहेगा। प्रथम हृदय है और फिर बुद्धि। प्रथम

सिद्धांत और फिर प्रमाण। प्रथम स्फुरण और फिर उसके अनुकूल तर्क। प्रथम कर्म और फिर बुद्धि। इसीलिए बुद्धि कर्मानुसारिणी कही गई है। मनुष्य जो कुछ भी करता है या करना चाहता है उसका समर्थन करनेके लिए प्रमाण भी ढूढ निकालता है।

इसलिए मैं समझता हू कि मेरा गीताका अर्थ सबके अनुकूल न होगा। ऐसी स्थितिमें यदि मैं इतना कहू कि गीताके मेरे अर्थपर मैं किस तरह पहुचा और धर्मशास्त्रियोंके अर्थ निकालनेमे मैंने किन-किन सिद्धान्तोको मान्य रखा है तो यही बस होगा। "परिणाम चाहे कुछ आवे, मुझे तो युद्ध करना चाहिए। जो शत्रु मरने योग्य है, वे तो स्वयं ही मरे हुए है। मुझे तो उनको मारनेमे मात्र निमित्त बनना है।"

१८८६के सालमे गीताजीसे मेरा प्रथम परिचय हुआ। उस समय मेरी उम्र २० सालकी थी। मैं अहिंसाधर्मको बहुत ही थोडा समझता था। शत्रुको भी प्रेमसे जीतना चाहिए, यह मैं गुजराती कवि शामल भट्टके इस छप्पयसे "पाणी आपे ने वाय भलु भोजन तो दीजे" सीखा था। इसमे जो सत्य है वह मेरे हृदयमे अच्छी तरह बैठ गया था, किन्तु उस समय मुझे उसमेसे जीव-दयाकी स्फुरणा नही हुई थी। इसके पहले मैं देश हीमे मासाहार कर चुका था। मैं मानता था कि सर्पादिका नाश करना धर्म है। मुझे याद आता है कि मैंने खटमल इत्यादि जीव मारे है। मुझे तो यह भी याद आता है कि मैंने एक बिच्छूको भी मारा था। आज यह समझा हू कि ऐसे जहरीले जीवोको भी न मारना चाहिए। उस समय मैं यह मानता था कि हमे अंग्रेजोके साथ लडनेके लिए तैयारी करनी होगी। 'अंग्रेज राज्य करते है इसमे आश्चर्य ही क्या है'—इस आशयकी एक कविता गुनगुनाया करता था। मेरा मासाहार इसी तैयारीका कारण था। विलायत जानेके पहले मेरे ऐसे विचार थे। मैं मांसाहार इत्यादिसे बच गया, इसका कारण माताको दिये हुए वचनोको मरते दम तक पालन करनेकी मेरी वृत्ति ही थी। सत्यके प्रति मेरे प्रेमने बहुत-सी आपत्तियोंमेसे मेरी रक्षा की है।

अब दो अंग्रेजोसे प्रसंग पड़नेपर मुझे गीता पढ़नी पड़ी। 'पढ़नी पड़ी' इसलिए कहता हूं, क्योंकि उसे पढ़नेकी मुझे कोई खास इच्छा न थी;

लेकिन जब इन दो भाइयोंने मुझे उनके साथ गीता पढ़नेको कहा तब मैं शर्मिन्दा हुआ। मुझे अपने धर्मशास्त्रोका कुछ भी ज्ञान नहीं है, इस ख्यालसे मुझे बड़ा दु ख हुआ। मालूम होता है, इस दुःखका कारण अभिमान था। मेरा सस्कृतका अध्ययन ऐसा तो था ही नही कि गीताजीके सब श्लोकोंका अर्थ मैं बिना किसी मददके ठीक-ठीक समझलू। ये दोनों भाई तो कुछ भी न समझते थे। उन्होंने सर एडविन आरनॉल्डका गीताजीका उत्तमोत्तम काव्यानुवाद मेरे सामने रख दिया। मैने तो फौरन ही उस पुस्तकको पढ़ डाला और उसपर मै मुग्ध हो गया। तबसे लेकर आजतक दूसरे अध्यायके अतिम १६ श्लोक मेरे हृदयमे अकित है। मेरे लिए तो सब धर्म उन्हीमे आ जाता हैं। उसमे सपूर्ण ज्ञान है। उसमे कहे हुए सिद्धात अचल है। उसमें बुद्धिका भी सपूर्ण प्रयोग किया गया है; लेकिन यह बुद्धि संस्कारी बुद्धि है। उसमे अनुभव ज्ञान है।

इस परिचयके बाद तो मैने बहुत-से अनुवाद पढे, बहुत-सी टीकाएं पढी, बहुत-से तर्क किये और सुने, लेकिन उसे पढनेपर जो छाप मुझपर पडी थी वह दूर नही हुई। ये श्लोक गीताजीके अर्थको समझनेकी कुजी है। उससे विरोधी अर्थवाले वचन यदि मिले तो उन्हे त्याग करनेकी भी सलाह मैं दूगा। नम्र और विनयी मनुष्यको तो त्याग करनेकी भी जरूरत नहीं है। वह तो सिर्फ यो ही कह दे कि दूसरे श्लोकोंका आज इसके साथ मेल नही मिलता है तो यह मेरी बुद्धिका ही दोष है। समय बीतनेपर इनका और इन उन्नीस श्लोकोमे कहे गये सिद्धांतोका भी मेल बैठ जायगा। अपने मनसे और दूसरोसे यह कहकर वह शात हो जायगा।

शास्त्रका अर्थ करनेमें संस्कार और अनुभवकी आवश्यकता है। 'शूद्रको वेदका अभ्यास नहीं होता', यह वाक्य सर्वथा गलत नही है। शूद्र अर्थात् असस्कारी, मूर्ख, अज्ञान। वह वेदादिका अभ्यास करके उनका अनर्थ करेगा। बडी उम्रके भी सब लोग बीजगणितके कठिन प्रश्न अपने आप समझनेके अधिकारी नही है। उनको समझनेके पहले उन्हें कुछ प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। व्यभिचारीके मुखसे 'अहं ब्रह्मास्मि' क्या शोभा देगा? उसका वह क्या अर्थ (या अनर्थ) करेगा?

अर्थात शास्त्रका अर्थ करनेवाला यमादिका पालन करनेवाला होना

चाहिए। यमादिका शुष्क पालन जैसा कठिन है, वैसा ही निरर्थक भी है। शास्त्रोंने गुरुका होना आवश्यक माना है; लेकिन इस जमानेमें गुरुओंका तो करीब-करीब लोप-सा हो गया है। ज्ञानी लोग इसीलिए भक्ति-प्रधान प्राकृत ग्रंथोंका पठन-पाठन करनेकी शिक्षा देते है; किन्तु जिनमें भक्ति नहीं, श्रद्धा नहीं, वे शास्त्रका अर्थ करनेके अधिकारी नही होते। विद्वान् लोग [illegible] उसमेंसे भले ही निकालें; लेकिन वह शास्त्रार्थ नहीं। शास्त्रार्थ तो अनुभवी ही कर सकता है।

परंतु प्राकृत मनुष्योंके लिए भी कुछ सिद्धांत तो है ही। शास्त्रोंके वे अर्थ, जो सत्यके विरोधी हैं, सही नहीं हो सकते। जिसे सत्यके सत्य होनेके बारेमें ही शका है उसके लिए शास्त्र है ही नही, अथवा यो कहिए कि उसके लिए सब शास्त्र अशास्त्र है। उसको कोई नही पहुंच सकता। जिसे शास्त्रमेंसे अहिंसा नही प्राप्त हुई है, उसके लिए भय है, लेकिन यह बात नही कि उसका उद्धार न हो। सत्य विध्यात्मक है, अहिंसा निषेधात्मक है। सत्य वस्तुका साक्षी है, अहिंसा वस्तु होनेपर भी उसका निषेध करती है। सत्य है, असत्य नही है। हिंसा है, अहिंसा नहीं है। फिर भी अहिंसा ही होनी चाहिए। यही परम धर्म है। सत्य स्वयंसिद्ध है। अहिंसा उसका सपूर्ण फल है। सत्यमें वह छिपी हुई ही है; किंतु वह सत्यकी तरह व्यक्त नही है। इसलिए उसको मान्य किये बिना मनुष्य भले ही शास्त्रका शोध करे, उसका सत्य आखिर उसे अहिंसा ही सिखावेगा।

सत्यका अर्थ तपश्चर्या तो है ही। सत्यका साक्षात्कार करनेवाले तपस्वीने चारों ओर फैली हुई हिंसामेंसे अहिंसादेवीको ससारके सामने प्रकट करके कहा—हिंसा मिथ्या है, माया है, अहिंसा ही सत्य वस्तु है। अहिंसाके बिना सत्यका साक्षात्कार असंभावित है। ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह भी अहिंसाके अर्थमें है। ये अहिंसाको सिद्ध करनेवाले हैं। अहिंसा सत्यका प्राण है। उसके बिना मनुष्य पशु है। सत्यार्थी अपनी शोधके लिए प्रयत्न करते हुए यह सब बड़ी जल्दी समझ लेगा और फिर उसे शास्त्रका अर्थ करनेमें कोई मुसीबत पेश न आवेगी।

शास्त्रका अर्थ करनेमें दूसरा नियम यह है कि उसके प्रत्येक अक्षरको

न पकड़कर उसकी ध्वनि खोजनी चाहिए, उसका रहस्य समझना चाहिए। तुलसीदासजीकी रामायण उत्तम ग्रंथ है; क्योंकि उसकी ध्वनि स्वच्छता है, दया है, भक्ति है। उसने 'शूद्र गवार ढोल पशु नारी, ये सब ताड़नके अधिकारी' लिखा, इसलिए यदि कोई पुरुष अपनी स्त्रीको मारे तो उसकी अधोगति होगी। रामचंद्रजीने सीताजीपर कभी प्रहार नही किया। इतना ही नही, उन्हे कभी दुःख भी नहीं पहुचाया। तुलसीदासजीने केवल प्रचलित वाक्यको लिख दिया। उन्हे इस बातका ख्याल कभी न हुआ होगा कि इस वाक्यका आधार लेकर अपनी अर्धांगनाका ताड़न करनेवाले पशु भी कही निकल पड़ेगे। यदि स्वयं तुलसीदासजीने भी रिवाजके वशवर्त्ती होकर अपनी पत्नीका ताड़न किया हो तो भी क्या ? यह ताड़न अवश्य ही दोष है। फिर भी रामायण पत्नीके ताड़नके लिए नही लिखी गई है। रामायण तो पूर्ण-पुरुषका दर्शन करानेके लिए, सतीशिरोमणि सीताजीका परिचय करानेके लिए और भरतकी आदर्श भक्तिका चरित्र चित्रित करनेके लिए लिखी गई है। उसमें मिलनेवाला दोषयुक्त रिवाजों-का समर्थन त्याज्य है। तुलसीदासजीने भूगोल सिखानेके लिए अपना अमूल्य ग्रथ नही बनाया है, इसलिए उनके ग्रथमें यदि गलत भूगोल पाया जाय तो उसका त्याग करना अपना धर्म है।

अब गीताजी देखें। ब्रह्मज्ञान-प्राप्ति और उसके साधन, यही गीताजीके विषय है। दो सेनाओंके बीच युद्धका होना निमित्त है। भले ही ऐसा कहे कि कवि स्वयं युद्धादिको निषिद्ध नही मानते थे और इस-लिए उन्होंने युद्धके प्रसंगका इस प्रकार उपयोग किया है। महाभारत पढनेके बाद तो मेरे ऊपर दूसरी ही छाप पड़ी है। व्यासजीने इतने सुदर ग्रंथकी रचना करके युद्धके मिथ्यात्वका ही वर्णन किया है। कौरव हारे तो उससे क्या हुआ ? और पांडव जीते तो भी उससे क्या हुआ ? विजयी कितने बचे ? उनका क्या हुआ ? कुंती माताका क्या हाल हुआ ? और आज यादव-कुल कहां है ?

जहां विषय युद्ध-वर्णन और हिंसाका प्रतिपादन नहीं है, वहां उसपर जोर देना बिलकुल अनुचित ही माना जायगा और यदि कुछ श्लोकोंका संबंध अहिंसाके साथ बैठाना मुश्किल मालूम होता है तो सारी गीताजीको

हिंसाके चौखटेमें मढना तो उससे कहीं ज्यादा मुश्किल है।

कवि जब किसी ग्रथकी रचना करता है तो वह उसके सब अर्थोंकी कल्पना नही कर लेता है। काव्यकी यही खूबी है कि वह कविसे भी बढ़ जाता है। जिस सत्यका वह अपनी तन्मयतामें उच्चारण करता है, वही सत्य उसके जीवनमे अक्सर नही पाया जाता। इसलिए बहुतेरे कवियोंका जीवन उनके काव्योके साथ सुसंगत नही मालूम होता। दूसरा अध्याय, जिससे विषयका आरंभ होता है और अटारहवां अध्याय, जिसमें उसकी पूर्णाहुति होती है, देखनेसे यही प्रतीत होगा कि गीताजीका सर्वांश तात्पर्य हिंसा नहीं, वरन् अहिंसा है। मध्यमे देखोगे तो भी यही प्रतीत होगा। बिना क्रोध, राग या द्वेषके हिंसाका होना सभव नही और गीता तो क्रोधादिको पार करके गुणातीतकी स्थितिमे पहुचानेका प्रयत्न करती है। गुणातीतमे क्रोधका सर्वथा अभाव होता है। अर्जुनने कान तक खीचकर जब-जब धनुष चढाया, उस समयकी उसकी लाल-लाल आखें मैं आज भी देख सकता हू।

परंतु अर्जुनने कब अहिंसाके लिए युद्ध छोड़नेकी हठ की थी? उसने तो बहुतसे युद्ध किये थे। उसे तो एकाएक मोह हो गया था। वह तो अपने सगे-सबधियोको नही मारना चाहता था। अर्जुनने दूसरोको, जिन्हें वह पापी ममझता हो, न मारनेकी बात तो की न थी। श्रीकृष्ण तो अंतर्यामी हैं। यह अर्जुनका यह क्षणिक मोह समझ लेते है और इसलिए उससे कहते हैं, "तुम हिंसा तो कर चुके हो। अब इस प्रकार एकाएक समझदार बननेका दंभ करके तुम अहिंसा न सीख सकोगे। इसलिए जिस कामका तुमने आरभ किया है उसे अब तुम्हें पूरा ही करना चाहिए।" घंटेमें चालीस मीलके वेगसे जानेवाली रेलगाड़ीमे बैठा हुआ व्यक्ति एकाएक प्रवाससे विरक्त होकर यदि चलती हुई गाड़ीसे ही कूद पडे तो यही कहा जायगा कि उसने आत्म-हत्या की है। उससे उसने प्रवास या रेलगाडीमे बैठनेके मिथ्यात्वको कुछ नहीं सीखा है। अर्जुनका भी यही हाल था। अहिंसक कृष्ण अर्जुनको दूसरी सलाह दे ही नही सकते थे; लेकिन उससे यह अर्थ नहीं निकाल सकते कि गीताजीमें हिंसा हीका प्रतिपादन किया गया है। यह अर्थ निकालना उतना ही अनुचित है

जितना कि यह कहना कि शरीर-व्यापारके लिए कुछ हिंसा अनिवार्य है और इसलिए हिंसा ही धर्म है। सूक्ष्मदर्शी इस हिंसामय शरीरसे अशरीरी होनेका अर्थात् मोक्षका ही धर्म सिखाता है।

लेकिन धृतराष्ट्र कौन थे, दुर्योधन, युधिष्ठिर और अर्जुन कौन थे? कृष्ण कौन थे? क्या ये सब ऐतिहासिक पुरुष थे? और क्या गीताजीमें उनके स्थूल व्यवहारका ही वर्णन किया गया है? अकस्मात् अर्जुन सवाल करता है और कृष्ण सारी गीता पढ़ जाते हैं! और अर्जुन यह कहकर भी कि उसका मोह नष्ट हो गया है यही गीता फिर भूल जाता है और कृष्णसे दुबारा अनुगीता कहलवाता है!

मैं तो दुर्योधनादिको आसुरी और अर्जुनादिको दैवी वृत्ति मानता हूं। धर्मक्षेत्र यह शरीर ही है। उसमें द्वंद्व चलता ही रहता है और अनुभवी ऋषि कवि उसका तादृश वर्णन करते है। कृष्ण तो अंतर्यामी हैं और हमेशा शुद्ध-चित्तमे घडीकी तरह टिक-टिक करते रहते है। यदि चित्तको शुद्धिरूपी चाबी नही दी गई तो अंतर्यामी यद्यपि वहां रहते तो है, तथापि उनका टिकटिकाना तो अवश्य ही बंद हो जाता है।

कहनेका आशय यह नही कि इसमे स्थूल युद्धके लिए अवकाश ही नहीं है। जिसे अहिंसा सूझी ही नही है उसे यह धर्म नही सिखाया गया है कि कायर बनना चाहिए। जिसे भय लगता है, जो संग्रह करता है, जो विषयमें रत है, वह अवश्य ही हिंसामय युद्ध करेगा; लेकिन उसका वह धर्म नही है। धर्म तो एक ही है। अहिंसाके मानी हैं मोक्ष और मोक्ष है सत्यनारायणका साक्षात्कार। इसमें पीठ दिखानेको तो कहीं अवकाश ही नही है। इस विचित्र संसारमे हिंसा तो होती ही रहेगी। उससे बचनेका मार्ग गीता दिखाती है; लेकिन साथ-ही-साथ गीता यह भी कहती है कि कायर होकर भागनेसे हिंसासे न बच सकोगे। जो भागनेका विचार करता है, वह तो मारेगा और मरेगा।

प्रश्नकर्त्ताने जिन श्लोकोंका उल्लेख किया है, उनका अर्थ यदि अब भी उनकी समझमें न आवे तो मैं समझानेमे असमर्थ हूं। सर्वशक्तिमान् ईश्वर कर्त्ता, भर्त्ता और संहर्त्ता है और वह ऐसा ही होना चाहिए। इस विषयमें कोई शंका तो न होगी न? जो उत्पन्न करता है, वह उसका

नाश करनेका अधिकार भी रखता है। फिर भी वह किसीको नहीं मारता; क्योंकि वह उत्पन्न भी नही करता। नियम यह है कि जिसने जन्म लिया है, उसने मरने हीके लिए जन्म लिया है। ईश्वर भी इस नियमको नहीं तोड़ सकता। यही उसकी दया है। यदि ईश्वर ही स्वच्छंद और स्वेच्छाचारी बन जाय तो फिर हम सब कहां जावेंगे ?

१५ अक्तूबर, १९२५

: ७ :

गीता कंठ करो

गीताको कंठ करनेके विषयमे मैं बहुत बार लिख चुका हू, कह चुका हूं। मेरे अपने किये यह न हो सका, इसलिए यह कहना मुझे शोभा नहीं देता। फिर भी इस बातको बारंबार कहते मुझे शर्म नही मालूम होती, इसलिए कि उसका लाभ मैं समझता हूं। मेरी गाडी ज्यों-त्यों चल गई है, क्योंकि एक बार तो मैं तेरहवें अध्याय तक कठ कर गया था और गीताका मनन तो बरसोंसे चल रहा है। इसलिए यह मान लिया जा सकता है कि उसकी छायाके नीचे मेरा कुछ निर्वाह हो गया; पर मैं उसे कठ कर सका होता, अब भी उसमे अधिक गहराईमें पैठ सका होता तो हो सकता है, मैंने बहुत अधिक पाया होता; पर मेरा चाहे जो हुआ हो और हो, मेरा समय बीता हुआ माना जा सकता है या मानना चाहिए। यद्यपि मुझे सहज ही इसका सुयोग मिल जाय तो गीता कंठ करनेका प्रयत्न आरंभ कर दू।

यहां गीताका अर्थ थोड़ा विस्तृत करना चाहिए। गीता, अर्थात् हमारा आधाररूप ग्रंथ। हममेंसे बहुतोंका आधार गीता है, इसलिए मैंने गीताका नाम लिया है। पर अमतुल (अमतुस्सलाम) प्रार्थना या कुरेशी गीताके बदले कुरान शरीफ़, पूरा या उसका कोई भाग, कंठ कर सकते हैं। जिन्हें संस्कृत न आती हो, जो अब उसे सीख न सकते हों, वे

गुजराती या हिन्दीमें कंठ करें। जिन्हें गीतापर आस्था न हो और दूसरे किसी धर्म-ग्रथपर हो, वे उसे कंठ करे।

और कठ करनेका अर्थ भी समझ लीजिए। जिस चीजको हम कंठ करें, उसके आदेशानुसार आचरण करनेका हमारा आग्रह होना चाहिए। वह मूल सिद्धान्तोंका घातक न होना चाहिए। उसका अर्थ हम समझ चुके हों।

इसका फल है। हमारे पास ग्रंथ न हो, चोरी हो जाय, जल जाय, हमे भूल जाय, हमारी आख चली जाय, हम वाक्शक्तिसे रहित हो जायं, पर समझ बनी हो—ऐसे और भी दैवयोग सोचे जा सकते है—उस समय अगर अपना प्रिय आधाररूप ग्रथ कंठ हो तो वह हमारे लिए भारी शांति देनेवाला हो जायगा और मार्गदर्शक होगा, संकटका साथी होगा।

दुनियाका अनुभव भी यही है। हमारे पुरखा—हिन्दू-मुसलमान, ईसाई, पारसी—कुछ विशेष पाठ कठ किया करते थे। आज भी बहुतेरे करते है। इन सबके अमूल्य अनुभवको हम फेक न दे। इसमे कुछ अशोंमे हमारी श्रद्धाकी परीक्षा है।

आश्रमवासियोसे,
३१ जुलाई, १९३२

: ८ :

नित्य व्यवहारमें गीता[1]

कुछ युवकोने यहां आते ही मुझे अनेक प्रश्न दिये। उनका जवाब ही मेरा आजका भाषण होगा।

प्रश्न—हिंदुस्तानकी वर्तमान परिस्थितिमे क्या आपको ऐसा नहीं लगता कि बतौर हिंदूके आपको श्रद्धानंद स्मारक कोषपर और अधिक जोर देना चाहिए? अगर आपको ऐसा मालूम होता हो तो फिर यह

१. नासिकमें गांधीजीका भाषण

कोष इकट्ठा करनेमें आप क्यों हाथ नही बटाते ?

उत्तर—मैं तो एक अपूर्ण मनुष्य हू। सपूर्ण सर्वशक्तिमान् तो एक ईश्वर है। मैं अर्थशास्त्र जानता हूं। मेरे पास जो समय और शक्ति है, वह सब मैंने देशको अर्पण कर दी है। मुझे यह अभिमान नही कि सारा काम मैं ही करू। जिस काममे पडित मालवीयजी और लालाजीके समान अनुभवी नेता पडे हुए हों, उसमे मुझे और अधिक क्या करना था ? जब कलकत्तेमे श्रद्धानद-स्मारकके लिए ५० हजार रुपया इकट्ठा किया गया, उस समय मालवीयजीकी आज्ञासे मैं वहां उपस्थित था। इसके बाद और कुछ अधिककी आशा मालवीयजीने मुझसे रक्खी नही। मेरे कार्यक्षेत्रकी मर्यादा बधी हुई है। भगवान् श्रीकृष्णके, गीताके उपदेशानुसार चलनेका प्रयत्न करनेवाला मै एक अल्प मनुष्य हू और मैं यह समझता हूं कि मेरा अपना धर्म थोडे-से-थोडेमे भी क्या है :

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥

दूसरा धर्म चाहे जितना अच्छा लगता हो, पर मेरे लिए मेरा मर्यादित धर्म ही भला है, दूसरा भयावह है।

प्रश्न—आज आप जो चदा इकट्ठा कर रहे हैं, क्या वह केवल खादीके लिए ही है ? अगर यह ठीक हो तो आप उसका किस प्रकार उपयोग करेगे ?

उत्तर—हां, यह धन केवल खादीके लिए ही है; क्योकि यह अखिल भारत देशबंधु-स्मारक कोषके लिए इकट्ठा किया जा रहा है। इस कोषके साथ देशबधुका नाम केवल इसीलिए लगाया गया है कि देहातके थोड़े ही दिनो पहले उन्होंने खादीकी योजना तैयार की थी और खादी-कार्य उनको प्रिय था। खादीके लिए चदा उगाहकर उसकी व्यवस्था करनेके लिए ही अखिल भारत चर्खा-संघकी योजना की गई है। इस कोषकी पाई-पाईका हिसाब रक्खा जाता है और उसे देखनेका किसी भी मनुष्यको अधिकार है। इस संघका एक कार्यवाहक मंडल है, हिसाब जांचनेवाले हैं, निरीक्षक हैं। इस संघने अभी देशके सामने खादी-सेवक-संघकी योजना पेश की है। आप कहेगे कि जान लिया आपका मंडल। दीजिएगा

तीस रुपल्ली। उससे भला होगा क्या ? हां, हमारा मंडल तो भिखारी-मंडल है, क्योंकि बहुतसे गरीब भिखारियोसे पैसा लेकर यह स्थापित हुआ है। यह कुछ इंडियन सिविल सर्विस नही हैं कि हमे हजारों रुपया वेतनोंमे देने पड़े। इडियन सिविल सर्विस तो लोगोके करोंपर अवलबित है। वह तो लोगोंपर राज्य करनेके लिए है और हमारा मंडल तो लोगोंकी सेवाके लिए है।

प्रश्न—आप मुसलमानोके लिए पक्षपात क्यों करते है ? कितने मुसलमान नेता आपपर व्यक्तिगत आक्षेप करते है। उनका आप जवाब भी नही देते। ऐसा क्यों ?

उत्तर—परम धर्मका शुद्ध पक्ष लेनेमें मैं अपने धर्मकी रक्षा ही करता हू। मैं हिंदू धर्मका नाश नही चाहता, मैं नाश कर नहीं सकता; क्योंकि मैं हिंदू महासागरकी एक बूदभर हूं। मुसलमान मुझे काफिर कहे तो उससे क्या हुआ ? उसका जवाब क्या देना है ! मेरा भानजा मेरे साथ ही रहता था। जब दूसरोको लगा कि मैं उसका पक्षपात करता हू, उस समय मैंने और उसने भी समझा कि मैं उसके साथ न्याय ही करता था। मुसलमान जब मुझपर आक्षेप करते है तो इससे शायद यह मालूम होता है कि मैं उन्हे अभी पूरा न्याय न देता होऊगा। मुझे जवाब देनेकी आवश्यकता किस लिए हो ? मेरे तो चौबीसो घटे श्रीकृष्ण भगवान्को समर्पित है। वही मेरी रक्षा करते है और दासानुदास श्रीकृष्ण भगवान्से मैं सदा प्रार्थना करता हू कि 'हे कृष्ण, मेरी ओरसे जो जवाब देना हो, वह तू ही जाकर दे आ।'

प्रश्न—आपने खिलाफतकी लडाई जी-जानसे लड़ी। उसी प्रकार आज हिंदू-संगठनके लिए क्यों नही जुट जाते ?

उत्तर—खिलाफतके लिए प्राण अर्पण करनेकी मेरी प्रतिज्ञा थी। परधर्मीके लिए जो कुछ भी हो सका, मैने किया। मै मानता था और अब भी मानता हू कि मेरी इस सेवासे गोरक्षा होगी। आप पूछेगे कि गोरक्षा हुई। गोरक्षण नहीं हुआ, पर इससे मुझे क्या ! मै तो प्रयत्नका अधिकारी था। फलके अधिकारी तो श्रीकृष्ण भगवान् हैं। भगवान्ने कहा कि मुहम्मद अलीसे मिल, शौकत अलीसे मिल, उनके साथ काम

कर ! मैंने वही किया। उन्हें जितनी मदद दी जा सकी, दी। इस कामके लिए मुझे जरा भी पछतावा नहीं है। फिर ऐसा प्रसग आवे तो मैं यही करूंगा। गीता-भागवत आदि धर्म-ग्रंथ मुझे यही सिखलाते हैं। लोग मेरी निन्दा करें, मेरा अपमान करे, इसके उत्तरमें मैं भी उनकी निन्दा और अपमान करनेवाला नही। मैं तो वही करूंगा जो करनेका तुलसीदासजीने उपदेश दिया है, यानी तपश्चर्या। मेरी प्रकृति ही ऐसी बनी है। मुझसे दूसरा क्या होगा ? गीताजीने कहा है न कि सब जीव अपनी प्रकृतिके अनुसार ही चलते है, निग्रह क्या करेगा ? इसलिए मुझे तो तपश्चर्या करनी रही। जब मुसलमानोके दिलमें खुदा बसेगे और जब एक दिन ऐसा आवेगा कि हिंदुओके समान वे भी गोरक्षा करेगे, मैं भविष्यवाणी करता हू कि तब आप कहेगे कि यह गोरक्षा पुराने जमानेके किसी गांधी नामके पागलकी आभारी है।

मैं नही मानता कि आजके जैसी तबलीग या शुद्धि या धर्म-परिवर्तन करनेकी आज्ञा इस्लाम या हिंदूधर्म या ईसाईधर्ममे है। तब मैं शुद्धिमें किस प्रकार हाथ बटा सकता हू ? तुलसीदास और गीता तो मुझे सिखलाते है कि जब तुम्हारे ऊपर या तुम्हारे धर्मपर हमला हो तो तुम आत्म-शुद्धि कर लेना। और जो पिंडमें है वह ब्रह्माडमें। आत्मशुद्धि—तपश्चर्या करनेका मेरा प्रयत्न चौबीसों घटे चल रहा है। पार्वतीके नसीवमे अशुभ लक्षणोवाला पति था। ऐसे लक्षण होनेपर भी शुभकर तो शिवजी ही थे। पार्वतीने उन्हे तपोबलसे पाया। सकटके समयमे ऐसा ही तप हिंदू-धर्म सिखलाता है। इस धर्मज्ञानका साक्षी हिमालय है, वही हिमालय, जिसके ऊपर हिंदूधर्मकी रक्षाके लिए लाखों ऋषि-मुनियोने अपने शरीर गला डाले है। वेद कुछ कागजपर लिखे अक्षर नहीं है। वेद तो अंतर्यामी हैं और अंतर्यामीने मुझे बतलाया है कि यम-नियमादिका पालन कर और कृष्णका नाम ले। मैं विनयके साथ, परंतु सत्यतासे कहता हू कि हिंदूधर्मकी सेवा, हिंदूधर्मकी रक्षाके सिवा मेरी दूसरी प्रवृत्ति नहीं। हा, उसे करनेकी मेरी रीति भले ही निराली हो।

प्रश्न—आज जो पैसा आपको मिलता है, उसे देनेवाले अधिकांशमें विलायती कपड़ोंके ही व्यापारी हैं और आपको वे जो पैसा देते हैं, वह

आपके प्रेमके कारण देते हैं, खादीके प्रेमके कारण नहीं। क्या आप यह जानते है ?

उत्तर—प्रेमसे मुझे एक पैसा भी नहीं चाहिए। मैं चाहता हू कि मेरे कामको समझकर लोग मुझे पैसा दे। प्रेमसे आप मुझे दूसरी वस्तु दे सकते है, प्रेमसे आप मुझे अपने विलायती कपड़े दे सकते है, पर पैसा नही चाहिए। सच्ची बात तो यह है कि व्यापारी लोग मुझे पैसा देते है तो यह समझकर कि मेरा व्यापार जमे तो उससे उनकी या देशकी हानि नही है। वे जानते है कि अतमे उन्हे खादीका ही व्यापार करना पड़ेगा। वे इसे खूब समझते है; परतु उनमें आज निश्चय-बल नही है। यह बल उन्हे मिले, इसके लिए वे मुझे ईश्वरसे प्रार्थना करनेको कहते है। इस बीचमे वे धन देकर इस प्रवृत्तिका पोषण करते है। वे मुझे फुसलानेको धन नही देते।

प्रश्न—केवल खादीका ही काम करके आप दूसरे ऐसे ही महत्त्वपूर्ण या इससे भी अधिक महत्त्वके राजनैतिक कामोंकी ओरसे लापरवाह क्यों है ?

उत्तर—मैं कह चुका हू कि मेरा कार्यक्षेत्र मर्यादित है। दुर्योधनने भी अपने योद्धाओंकी मर्यादाका वर्णन किया था। 'यथाभागमवस्थिता.', सभीको अपने-अपने स्थानपर रहनेको और अपने स्थानपर रहकर भीष्मकी रक्षा करनेको कहा था। गीताका वर्णाश्रमधर्म यही कहता है। वह सबको अपनी-अपनी मर्यादा समझनेको कहता है। हिंदुस्तानको अगर मुझसे काम लेना हो तो उसे मेरी मर्यादा समझनी होगी। यह भले ही संभव हो कि मै दूसरे काम भले प्रकार कर सकू, पर उन्हे दूसरे लोग करते है। खादीका काम, जिसे मैं परम कर्तव्य मानता हूं, यही विश्वास होनेके कारण कर रहा हूं कि उसे मेरे जैसा कोई न करेगा। मुझे सत्याग्रह पसद है, मुझे वह करना है, परंतु उसके लिए अनुकूल वातावरण कहां है ? खादीसे वह मुझे पैदा करना है। सत्याग्रह तो मेरी प्राणवायुके समान है, परन्तु उसे खादीके बिना अशक्य मानता हू।

प्रश्न—जरा यह तो बतलाइयेगा कि इस दौरेमे आपको मुसलमानोंसे कितनी प्रत्यक्ष सहायता मिली है ?

उत्तर—यह बात सच्ची है कि आज मुसलमान खादीके काममें मेरी नहीके बराबर ही मदद कर रहे है; पर इससे क्या हुआ ? मैं अपनी स्त्री या भाईके साथ कुछ व्यापार नहीं करता। घरमे उनके साथ मैं यह सौदा करता ही नही कि तुम यह करो तो मैं वह करूं। उसी प्रकार मुसलमान भाइयोंके साथ या पडितजी या केलकरके साथ अदला-बदलीका सौदा करना नही चाहता। मुसलमानसे हम किसलिए डरे ? परमेश्वरसे क्यों न डरे ? मनुष्यसे डरना न चाहिए, मनुष्यसे धोखा खानेका भय ही नही रखना चाहिए। ईश्वरके ऊपर विश्वास रखकर कि लोग धोखा देगे तो भी ईश्वर देख लेगा, स्वधर्म करना चाहिए।

३ मार्च, १९२१

: ९ :

भगवद्गीता अथवा अनासक्तियोग

गीता पढते, विचारते और उसका अनुसरण करते हुए अब मुझे चालीस सालसे ज्यादा हो चुके है। मित्रोंने यह इच्छा प्रकट की थी कि मै जनताको बताऊ कि मैंने गीताको किस रूपमे समझा है, फलतः मैंने अनुवाद शुरू किया।[1] विद्वानकी दृष्टिसे देखने बैठू तो अनुवाद करनेकी मेरी अपनी योग्यता कुछ भी नही ठहरती। हां, आचरण करनेवालेकी दृष्टिसे ठीक-ठीक मानी जा सकती है। यह अनुवाद अब छपा है। बहुतेरी गीताओके साथ संस्कृत भी होती है। इसमे जान-बूझकर संस्कृत नही रखी। संस्कृत सब जानें, समझें तो मुझे अच्छा लगे; लेकिन सब संस्कृत कभी जानेंगे नहीं और संस्कृतके तो अनेक सस्ते संस्करण मिल सकते हैं। इसलिए सस्कृत छोड़कर आकार और कीमत बचानेका निश्चय किया। अतएव १८ सफोंकी प्रस्तावना और १९१ सफोंके अनुवादवाला जेबी संस्करण छपवाया है। इसकी कीमत दो आना रखी है। मेरा लोभ तो

---

१. जो 'अनासक्तियोग' नामसे इस पुस्तकमें अन्यत्र छपा है।

यह है कि हरएक हिन्दी भाषा-भाषी इस गीताको पढ़े, विचारे और वैसा आचरण करे। इसके विचारका सरल उपाय यह है कि संस्कृतका ख्याल किए बिना ही इसके अर्थको समझनेका प्रयत्न किया जाय और फिर तदनुसार आचरण किया जाय। मसलन् जो यह कहते हैं कि गीता तो अपने-परायेका भेद रखे बिना दुष्टोका सहार करनेकी शिक्षा देती है. उन्हे अपने-दुष्ट माता-पिता या अन्य प्रियजनोका सहार शुरू कर देना चाहिए। पर वे वैसा तो कर नही सकते। तो फिर जहा सहारका जिक्र आता है, वहा उसका कोई दूसरा अर्थ होना सभव है, यह बात पाठकोको सहज ही सूझेगी। अपने-परायेके बीच भेद न रखनेकी बात तो गीताके पन्ने-पन्नेमें आती है। पर यह कैसे हो सकता है ? यों सोचते-सोचते हम इस निश्चय-पर पहुचेगे कि अनासक्तिपूर्वक सब काम करना ही गीताकी प्रधान ध्वनि है; क्योकि पहले ही अध्यायमे अर्जुनके सामने अपने-परायेका झगड़ा खडा होता है। गीताके प्रत्येक अध्यायमे यह बतायी गया है कि ऐसा भेद मिथ्या और हानिकारक है। गीताको मैंने अनासक्तियोगका नाम दिया है। यह क्या है, कैसे सिद्ध हो सकता है, अनासक्तिके लक्षण क्या है, आदि तमाम बातोका जवाब इस पुस्तकमे है। गीताका अनुसरण करते हुए मै इस युद्धको प्रारभ किये बिना न रह सका। एक मित्रके शब्दोमें, मेरे मन यह युद्ध धर्मयुद्ध है। और ठीक इस आखिरी फैसलेके मौकेपर इस पुस्तकका प्रकाशित होना मेरे लिए शुभ शकुन है।

२२ मई, १९३०

: १० :

गीता-जयंती

पूनासे 'केसरी' वाले श्री जी. वी. केतकर लिखते हैं :

"इस वर्ष गीता-जयती शुक्रवार २२ दिसंबरको पडती है। जो प्रार्थना मैं कई सालसे आपसे करता आया हूं वही इस बार भी दुहराता हू कि आप 'हरिजन' मे गीता और गीता-जयंतीपर लिखें। एक बात और भी

पिछले वर्ष कही थी, वह फिरसे कहता हूं। गीतापर आपने अपने व्याख्यानोंमें एक जगह कहा है कि जिन्हें ७०० श्लोकोंकी पूरी गीताका पारायण करनेका अवकाश नही उनके लिए दूसरा और तीसरा अध्याय पढ़ लेना काफी है। आपने यह भी कहा है कि इन दो अध्यायोंका भी सार किया जा सकता है। संभव हो तो आप समझाइए कि आप दूसरे और तीसरे अध्यायको क्यों आधारभूत मानते है? मैंने भी दूसरे और तीसरे अध्यायके श्लोक गीता-बीजके रूपमें प्रकाशित करके यही विचार जनताके सामने रखनेका प्रयत्न किया है। अवश्य ही आपके इस विषयपर लिखनेका प्रभाव अधिक पडेगा।"

अबतक मैंने श्री केतकरकी बात नही मानी थी। मैं नही जानता कि जिस उद्देश्यसे ये जयंतिया मनाई जाती हैं वह इस तरह पूरा होता है। आध्यात्मिक विषयोंमे विज्ञापनके साधारण साधनोंका स्थान नही होता। आध्यात्मिक वस्तुओंका उत्तम विज्ञापन तो उनके अनुरूप कर्म ही होता है। मेरा विश्वास है कि सभी आध्यात्मिक ग्रथोका प्रभाव दो बातें होनेसे पडता है। एक तो यह कि उनमें लेखकोके अनुभवोंका सच्चा इतिहास हो और दूसरे उनके भक्तोका जीवन यथासंभव उनके उपदेशकोके अनुसार रहा हो। इस प्रकार ग्रंथकार अपने ग्रंथोमें प्राण-सचार करते हैं और अनुयायी उनके अनुसार आचरण करके उनका पोषण करते है। मेरी सम्मतिमे करोडोपर गीता, तुलसीकृत रामायण आदि पुस्तकोंके प्रभावका यही रहस्य है। श्री केतकरके आग्रहको माननेमें मैं यह आशा रखता हूं कि आगामी जयंती-उत्सवमे भाग लेनेवाले उचित भावनासे प्रेरित होंगे और गीताके पवित्र सदेशके अनुसार अपना जीवन बनानेका दृढ़ निश्चय करेगे। मैंने यह सिद्ध करनेका प्रयत्न किया है कि यह संदेश आसक्ति छोडकर स्वधर्म-पालन करना ही है। मेरा यह मत रहा है कि गीताका मुख्य विषय दूसरे अध्यायमे है और उसके अनुसार आचरण करनेकी विधि तीसरे अध्यायमे बताई गई है। ऐसा कहनेका यह अर्थ नही है कि दूसरे अध्यायोंकी महिमा कम है। वास्तवमें एक अध्यायका अपना महत्त्व अलग ही है। विनोबाने गीताको 'गीताई' अर्थात् 'गीता-माता' कहकर पुकारा है। उन्होने उसका बहुत ही सरल और ओजस्वी मराठीमें पद्यानुवाद किया है।

उसका छंद भी वही रखा है जो मूल संस्कृतमे है। हजारोंके लिए गीता ही सच्ची माता है; क्योंकि वह कठिनाइयोंमें सान्त्वना-रूपी पौष्टिक दूध देती है। मैंने उसे अपना आध्यात्मिक कोष कहा है; क्योंकि दुःखमें मैं उससे कभी निराश नहीं हुआ हूं। इसके अतिरिक्त, यह ऐसी पुस्तक है जिसमें साम्प्रदायिकता और धार्मिक अधिकारवादका नाम भी नहीं है। यह मनुष्य-मात्रको प्रेरणा देती है। मैं गीताको क्लिष्ट पुस्तक नहीं मानता। निःसन्देह पंडितोके तो जो चीज़ भी हाथ पड़ जाय उसीमे वे गहनता देख लेते है; परन्तु मेरी सम्मतिमें साधारण बुद्धिके मनुष्यको भी गीताके सरल सदेशको समझ लेनेमें कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। इसकी सस्कृत तो अत्यन्त सरल है। मैंने गीताके कई अंग्रेजी अनुवाद पढ़े हैं, परन्तु एडविन आरनॉल्डके छन्दानुवादकी तुलनाका एक भी नही है। इसका नाम भी उन्होंने 'स्वर्गीय गीत' बहुत सुन्दर और उपयुक्त रखा है।
११ दिसबंर, १९३९

: ११ :

गीता और रामायण

बहुतेरे नौजवान कोशिश करते हुए भी पापसे बच नहीं पाते जिससे वे हिम्मत खो बैठते है और फिर दिन-दिन पापकी गहराईमे उतरते जाते है। बहुतेरे तो बादमें पाप हीको पुण्य भी मानने लगते है। ऐसोंको मैं बहुत बार सलाह देता हूं कि वे गीताजी और रामायणका बार-बार अध्ययन और मनन करें; लेकिन वे इस बातमें दिलचस्पी नहीं लेते। इसी तरहके नौजवानोंकी दिलजमईके लिए, उन्हें धीरज बंधानेकी गरज-से, एक नौजवानके पत्रका कुछ हिस्सा, जो इस विषयसे संबंध रखता है, नीचे देता हू :

"मन साधारणत. स्वस्थ है; किंतु जब कुछ दिनों तक मन बिलकुल स्वस्थ रह चुकता है और खुद इस बातका खयाल हो आता है तो फिरसे पछाड़ खानी ही पड़ती है। विकार इतने जबर्दस्त बन जाते हैं कि उनका

विरोध करनेमें बुद्धिमानी नहीं मालूम पड़ती; लेकिन ऐसे समय प्रार्थना, गीता-पाठ और तुलसी-रामायणसे बड़ी मदद मिलती है। रामायणको एक बार पढ़ चुका हूं, दुबारा सतीकी कथा तक आ पहुंचा हूं। एक समय था, जब रामायणका नाम सुनते ही जी घबराता था, लेकिन आज तो उसके पन्ने-पन्नेमे रस पा रहा हूं। एक ही पृष्ठको पांच-पांच बार पढता हूं, फिर भी दिल ऊबता नही। कागभुशुण्डजीकी जिस कथाके कारण मेरे दिलमें तुलसी-रामायणके प्रति घृणा पैदा हो गई थी और वह बुरी लगती थी, वही आज सबसे अच्छी मालूम होती है। उसमे मैं गीताके ११वें अध्यायसे भी ज्यादा काव्य देख रहा हू। दो-चार साल पहले आधे दिलसे स्वच्छता पानेकी कोशिश करनेपर भी उसे न पाकर जो निराशा पैदा होती थी, आज उस निराशाका पता भी नहीं है; उलटे मनमे विचार आता है कि जो विकास अनत काल बाद होनेवाला है, उसे आज ही पा लेनेका हठ करना कितनी मूर्खता है! सारे दिनमे कातते समय और रामायणका अभ्यास करते समय आराम मिलता है।"

इस पत्रके लेखकमें जितनी निराशा और जितना अविश्वास था, शायद ही किसी दूसरे नौजवानमें उतनी निराशा और उतना अविश्वास हो। दोनोंने उसके शरीरमे घर कर लिया था; लेकिन आज उसमे जिस श्रद्धाका उदय हुआ है, उससे सब नवयुवकोंमें आशाका सचार होना चाहिए। जो लोग अपनी इद्रियोंको जीत सके है उनके अनुभवपर भरोसा करके लगनके साथ रामायण आदिका अभ्यास करनेवालेका दिल पिघले बिना रह ही नही सकता। मामूली विषयोके अभ्यासके लिए भी जब हमें अक्सर बरसों तक मेहनत करनी पड़ती है, कई तरकीबोसे काम लेना पडता है तो फिर जिस विषयमे सारी जिंदगीकी और उसके बादकी शान्तिका भी प्रश्न छिपा हुआ है, उस विषयके अभ्यासके लिए हममें कितनी लगन होनी चाहिए? तिसपर भी जो लोग थोड़ेसे थोड़ा समय और ध्यान देकर रामायण तथा गीतामेंसे रसपान करनेकी आशा रखते हैं उनके लिए क्या कहा जाय?

ऊपरके पत्रमें लिखा है कि पत्र-लेखकको जैसे ही अपने तन्दुरुस्त होनेका खयाल आता है, विकार फिरसे चढ़ दौड़ते हैं। जो बात शरीरके

लिए है, वही मनके लिए भी है। जिसका शरीर बिलकुल चंगा है, उसे अपने अच्छेपनका खयाल कभी आता ही नहीं, न उसकी कोई जरूरत ही है, क्योंकि तदुरुस्ती तो शरीरका स्वभाव है। यही बात मनको भी लागू होती है। जिस दिन मनकी तंदुरुस्तीका खयाल आवे, समझ ले कि विकार पास आकर झांक रहे हैं। अतः मनको हमेशा स्वस्थ बनाये रखनेका एकमात्र उपाय उसे हमेशा अच्छे विचारोंमे लगाये रखना ही है। इसी कारण रामनाम आदिके जपकी बातकी शोध हुई और वे गाये गए। जिसके हृदयमें हर घडी रामका निवास हो, उसपर विकारोंका हमला हो ही नही सकता। सच तो यह है कि जो शुद्ध बुद्धिसे रामनामका जप करता है, समय पाकर रामनाम उसके हृदय मे घर कर लेता है। इस तरह हृदय प्रवेश होनेके बाद रामनाम उस मनुष्यके लिए एक अभेद्य किला बन जाता है। बुराई, बुराईका खयाल करते रहनेसे नहीं मिटती। हां, अच्छाईका विचार करनेसे बुराई जरूर मिट जाती है; लेकिन बहुत बार देखा गया है कि लोग सच्ची नीयतसे उलटी तरकीबे काममे लाते है। 'यह कैसे आई, कहासे आई ?—वगैरह विचार करनेसे बुराईका ध्यान बढ़ता जाता है। बुराईको मेटनेका यह उपाय हिंसक कहा जा सकता है। इसका सच्चा उपाय तो बुराईसे असहयोग करना है। जब बुराई हमपर आक्रमण करे तो उससे 'भाग जाना' कहनेकी कोई जरूरत नही। हमे तो यह समझ लेना चाहिए कि बुराई नामकी कोई चीज है ही नही और हमेशा स्वच्छताका, अच्छाईका विचार करते रहना चाहिए। 'भाग जा' कहनेमें डरका भाव है। उसका विचार तक न करनेमें निडरता है। हमे सदा यह विश्वास बढाते रहना चाहिए कि बुराई मुझे छू तक नहीं सकती। अनुभव द्वारा यह सब सिद्ध किया जा सकता है।

१८ अप्रैल, १९२९

: १२ :

राष्ट्रीय शालाओंमें गीता

एक संवाददाता पूछते है कि क्या राष्ट्रीय शालाओंमे हिंदू और अहिंदू सब बालकोंको गीता अनिवार्य रूपमें सिखाई जा सकती है ? दो साल पहले जब मैं मैसूरमें सफर कर रहा था, मुझे यह दुःखके साथ कहना पड़ा था कि एक हाईस्कूलके हिंदू बालक गीतासे परिचित न थे। इस तरह गीताके प्रति मेरा पक्षपात स्पष्ट है। मैं तो चाहता हूं कि गीता न केवल राष्ट्रीय शालाओमें ही, बल्कि प्रत्येक शिक्षा-संस्थामे पढ़ाई जाय। एक हिंदू बालक या बालिकाके लिए गीताका न जानना शर्मकी बात होनी चाहिए। मगर अनिवार्यताके बारेमे मेरा आग्रह कम हो जाता है, खासकर राष्ट्रीय शालाओके सबंधमे। यह सच है कि गीता विश्व-धर्मकी एक पुस्तक है; फिर भी यह एक दावा है, जो किसीपर लादा नही जा सकता। संभव है, कोई ईसाई, मुसलमान या पारसी इस दावेका विरोध करे और बाइबिल, कुरान या अवेस्ताके बारेमें ऐसा ही दावा पेश करे। मुझे भय है कि हिंदू कहे जानेवालोके लिए भी गीताकी शिक्षा अनिवार्य नही बनाई जा सकती है। कई सिख और जैन अपने आपको हिंदू मानते है; मगर सभव है, वे अपने बालक-बालिकाओंको अनिवार्य रूपसे गीताके पढ़ाये जानेका विरोध करें। साम्प्रदायिक या जातीय शालाओंकी बात ही दूसरी होगी। मसलन्, एक वैष्णवशालाके लिए गीताको धार्मिक शिक्षाका अंग बनाना मेरी रायमे बिलकुल उचित होगा। प्रत्येक स्वतंत्र शालाको हक है कि वह अपनी पढ़ाईका पाठ्यक्रम स्वयं निश्चित करे। मगर एक राष्ट्रीय शालाको तो स्पष्ट मर्यादाओंमें रहकर काम करना पड़ता है। जहां अधिकार या हकमे दस्तंदाजी नहीं होती वहां अनिवार्यताका भी प्रश्न नही उठता। एक खानगी पाठशालामे प्रवेश करनेका कोई दावा नही कर सकता, मगर यह मानी हुई बात है कि राष्ट्रके प्रत्येक सदस्यको राष्ट्रीय शालामे जानेका अधिकार है। अतएव एक जगह जो बात प्रवेश-की शर्त मानी जायगी, वही दूसरी जगह अनिवार्य न होगी। बाहरी दबावसे गीता कभी विश्व-व्यापिनी नहीं होगी। वह विश्व-व्यापिनी तो

तभी होगी, जब उसके प्रशंसक उसे जबर्दस्ती दूसरोंके गले न उतारकर स्वय अपने जीवनद्वारा उसकी शिक्षाओंको मूर्तरूप देगे।
१८ मार्च, १९२९

: १३ :

अहिंसा परमोधर्मः

कैनन शेप्पर्ड और दूसरे सच्चे और उत्साही ईसाई इग्लैडमें युद्धोंके खिलाफ़ आंदोलन कर रहे है। दिल्लीके 'स्टेट्समैन' ने चार लेख लिखकर इस आंदोलनकी बेहद निंदा की है। इस पत्रने अपने पक्ष-समर्थनमे भगवद्गीताको भी घसीटा है :

"असलमें, क्रिश्चियानिटीकी वास्तविक किन्तु कठिन शिक्षा यही मालूम पडती है कि समाजको अपने शत्रुओसे लडना चाहिए, पर साथ ही, उनसे प्रेम भी करना चाहिए।

"मिस्टर गांधी भी इस बातपर खास तौरसे ध्यान दे कि गीताकी भी साफ-साफ यही शिक्षा है। कृष्णने अर्जुनसे कहा है कि विजय उसे ही मिलती है, जो पूर्णतया निर्भय और निर्वैर होकर लडता है। सचमुच, इस महाकाव्यके द्वितीय अध्यायने एक विवेकशील युद्धविरोधी तथा एक सच्चे योद्धाके बीच, सर्वोच्च भूमिकापर सोचनेपर भी, सारा विवाद खत्म कर दिया है। स्थानाभावके कारण, हम उसमेसे अधिक उद्धरण तो नहीं दे सकते; पर वह सारा काव्य (गीता) एक बार नही, बारबार पढ़नेकी चीज़ है।".....

इन लेखोंका लेखक शायद यह नहीं जानता कि आतकवादियोंने भी इन्हीं श्लोकोंका हवाला दिया है। सच्ची बात तो यह है कि निर्विकार चित्तसे पढ़नेपर मुझे तो भगवद्गीतामें इस लेखकने जो अर्थ लगाया है उससे ठीक विपरीत अर्थ मिला है। वह भूल जाता है कि पश्चिमके युद्धविरोधी जिस अर्थमें विवेकशील कहे जाते हैं, वैसा अर्जुन नहीं था।

अर्जुन तो युद्धका हिमायती था। कौरवोकी सेनासे पहले वह कई बार लोहा ले चुका था। उसके हाथ-पैर तो तब ढीले पड़ गये, जब उसने दोनों सेनाओंको युद्धके लिए तैयार देखा और उनमे अपने प्यारे-से-प्यारे स्वजनों तथा पूज्य गुरुजनोको पाया। न तो वहां मानवताके प्रति प्रेम था और न युद्धके प्रति घृणा ही थी, जिससे प्रेरित होकर अर्जुनने कृष्णसे वे प्रश्न पूछे थे और कृष्ण भी ऐसी परिस्थितिमें दूसरा कोई उत्तर दे ही नही सकते थे। महाभारत तो रत्नोंकी एक खान है, जिनमेसे गीता केवल एक किन्तु सबसे अधिक देदीप्यमान रत्न है। लिखा है कि उस युद्धमें लाखों योद्धा एकत्र हुए थे और दोनों तरफसे अवर्णनीय अमानुषिकताएं बरती गई थी। इन लाखोकी सेनामेसे केवल सातको जीवित रखकर तथा उन्हे वह निःसार विजय प्रदान करके इस महाकाव्यके अमर कविने तो युद्धकी निरर्थकता ही सिद्ध की है; किंतु युद्धको केवल एक मूर्खतापूर्ण और धोखेकी चीज सिद्ध करनेके अलावा भी, महाभारत एक उससे भी ऊंचा सदेश हमे देता है। मनुष्यको अगर एक अमर प्राणी समझा जाय तो महाभारत उसका एक आध्यात्मिक इतिहास है और इसके वर्णनमे एक ऐतिहासिक घटनाका उसने उपयोगमात्र किया है, जो तत्कालीन छोटे-से जगत्के लिए तो बडी महत्त्वपूर्ण थी, पर आजकलकी दुनियाके लिए कोई भी महत्त्व नही रखती। अनेक आधुनिक आविष्कारोंके कारण आज तो यह सारा संसार हथेलीपर रखे हुए आवलेके समान मालूम होने लगा है। उसके किसी एक कोनेमें घटी हुई घटनाका असर दूर-दूर तक सारे संसारमे फैल जाता है। यह बात उस समय नहीं थी। हमारे हृदयोमें जो दिन-रात सत् और असत्के बीच सनातन संघर्ष चल रहा है, महाभारतकार उसे इस कथानकद्वारा एक अमर काव्यके रूपमें हमारे सामने प्रस्तुत करता है। वह बताता है कि यद्यपि अतमे तो सत्य हीकी विजय होती है, तो भी असत् किस तरह सशक्त होकर अत्यन्त विवेकशील पुरुषको भी 'किंकर्तव्य-विमूढ़' बना देता है। महाभारत सदाचारका एकमात्र मार्ग भी हमें बताता है।

लेकिन भगवद्गीताका वास्तविक संदेश जो कुछ भी हो, शांतिस्थापन आंदोलनके नेताओंके लिए तो गीताकी शिक्षा नहीं, बाइबिलकी शिक्षा

महत्त्व रखती है, क्योकि उसीको उन्होंने अपना आध्यात्मिक मार्ग-दर्शक बना रखा है। फिर बाइबिलका भी तो कई तरहसे अर्थ लगाया जाता है। उन्हे बाइबिलका वह अर्थ स्वीकार नही है, जो साधारणतया ईसाई धर्माधिकारी लगाते है। उन्हे तो वह अर्थ मजूर है, जो इसके श्रद्धायुक्त अन्तःकरणसे पढनेपर मालूम होता है। असलमे, सबसे महत्त्वपूर्ण चीज तो है युद्ध-विरोधियोका अहिंसा अर्थात् प्रेम-धर्मविषयक ज्ञान। अहिंसाका अर्थ बहुत व्यापक है। अग्रेजीका 'नान-वायलेन्स' शब्द उसके लिए बिलकुल अपर्याप्त है। 'स्टेट्समैन' के ये लेख युद्ध-विरोधियोके लिए एक खासी चुनौती ही है। मुझे दु ख है, इस आंदोलनके विषयमे मुझे पूरी जानकारी नही है। युद्ध-विरोधियोके नजदीक भले ही मेरे विचारोका विशेष महत्त्व न हो, पर जहातक मुझे भीतरी बातोका पता है, कुछ लोग तो जरूर उसका खयाल करेगे, क्योकि वे भी अक्सर मुझसे पत्र-व्यवहार करते है और अब तो वे एक कदम और आगे बढ गये है; क्योकि उन्होने रिचर्ड ग्रेगकी 'अहिसा-महिमा' नामक पुस्तकको लगभग अपनी पाठ्य-पुस्तक बना लिया है। लेखक (श्री ग्रेग) के शब्दोमे यह पुस्तक अहिंसाके दावेका, जैसा कि मैं उसे समझा हूं, पाश्चात्य ससारकी भाषामे प्रतिपादन है। इसलिए बगैर किसी प्रकारकी दलील वगैरा दिये, अगर मैं यहां अहिंसाकी सफलताकी कुछ शर्तें तथा अप्रकट अर्थ लिख दू तो शायद धृष्टता न होगी।

१—अहिंसा परमश्रेष्ठ मानव-धर्म है, पशुबलसे वह अनंत गुना महान् और उच्च है।

२—अततोगत्वा वह उन लोगोंको कोई लाभ नही पहुंचा सकती, जिनकी उस प्रेमरूपी परमेश्वरमे सजीव श्रद्धा नही है।

३—मनुष्यके स्वाभिमान और सम्मान-भावनाकी वह सबसे बडी रक्षक है। हां, वह मनुष्यकी चल-अचल सम्पत्तिकी हमेशा रक्षा करनेका आश्वासन नही देती, हालाकि अगर मनुष्य उसका अभ्यास कर ले तो शस्त्रधारियोंकी सेनाओकी अपेक्षा वह इसकी अधिक अच्छी तरह रक्षा कर सकती है। यह तो स्पष्ट है कि अन्यायसे अर्जित सम्पत्ति तथा दुराचारकी रक्षामे वह जरा भी सहायक नहीं हो सकती।

४—जो व्यक्ति और राष्ट्र अहिंसाका अवलंबन करना चाहें, उन्हें

आत्म-सम्मानको छोड़कर, अपना सर्वस्व (राष्ट्रोंको तो एक-एक आदमी) गंवानेके लिए तैयार रहना चाहिए । इसलिए वह दूसरेके मुल्कोंको हड़पने अर्थात्, आधुनिक साम्राज्यवादसे, जोकि अपनी रक्षाके लिए पशुबलपर निर्भर रहता है, बिलकुल मेल नही खा सकता ।

५—अहिंसा एक ऐसी शक्ति है, जिसका सहारा बालक, युवा, वृद्ध, स्त्री-पुरुष सब ले सकते है, बशर्ते कि उनकी उस करुणामयमे तथा मनुष्य-मात्रमें सजीव श्रद्धा हो । जब हम अहिंसाको अपना जीवन-सिद्धान्त बना ले तो वह हमारे संपूर्ण जीवनमे व्याप्त होना चाहिए । यों कभी-कभी उसे पकडने और छोड़नेसे लाभ नही हो सकता ।

६—यह समझना एक जबर्दस्त भूल है कि अहिंसा केवल व्यक्तियों-के लिए ही लाभदायक है, जन-समूहके लिए नहीं । जितना वह व्यक्ति-के लिए धर्म है उतना ही वह राष्ट्रोंके लिए भी धर्म है ।

५ सितंबर, १९३६

: १४ :

गीताजी

मेरे लिए तो गीता जीवित मां है, कामधेनु है। गीताका नित्य वाचन नीरस लगता है ; क्योंकि उसका मनन नहीं होता । हमे रोज रास्ता दिखानेवाली माता है, ऐसा समझकर पढे तो नीरस नही लगेगी । हर रोजके पाठके बाद एक मिनटके लिए उसपर विचार कर लें । रोज ही कुछ-न-कुछ नया मिलेगा। हां, संपूर्ण मनुष्यको उसमें से कुछ नहीं मिलेगा। पर जिससे नित्य कोई दोष हो जाते हों उसे उबारनेवाली यह गीतामाता है, यह समझकर नित्य-पाठसे थके नहीं ।

तुम्हें गीताके सतत अभ्याससे सब चिंताओंसे मुक्त रहना सीखना है । हम सबकी फिक्र रखनेवाला ईश्वर बैठा है । तब यह बोझा व्यर्थ ही हम क्यों ढोते फिरें ? हमें तो अपने हिस्से आया हुआ काम करते रहना है।

... .

ज्यों-ज्यो श्रद्धा बढ़ेगी त्यों-त्यों बुद्धि बढेगी। गीता तो यह सिखाती मालूम देती है कि बुद्धियोग ईश्वर कराता है। श्रद्धा बढाना हमारा कर्तव्य है। यहां श्रद्धा और बुद्धिका अर्थ समझना रहता है। यह समझ भी व्याख्या करनेसे नही आती ; बल्कि सच्ची नम्रताका विकास करनेसे आती है। जो यह मानता है कि वह सब कुछ जानता है वह कुछ नही जानता। जो मानता है कि वह कुछ नही जानता उसे यथासमय ज्ञान प्राप्त हो जाता है। भरे हुए घडेमें गगाजल ईश्वर भी नही भर सकता। इसलिए हमे तो ईश्वरके सामने रोज खाली हाथ ही खड़े होना है। हमारा अपरिग्रहव्रत भी यही बताता है।

गीताजी जो धर्म सिखाती है उसे समझो और उसके अनुसार अपना आचरण रखो।

... ...

गीताका मध्यबिन्दु क्या है, उसका निश्चय कर लेना। फिर प्रत्येक श्लोकका अर्थ, जो अपने जीवनमें उपयोगी है, उसको आचारमे रखना। यह सबसे बड़ी टीका है और यही गीताका सच्चा अभ्यास है। गीताका मध्यबिन्दु अनासक्ति ही है, इसमें थोड़ा भी शक नही होना चाहिए। दूसरे किसी कारणसे गीता नही लिखी गई, उसमे कुछ मुझे भी शका नही है और मैं तो यह अनुभवसे जानता हूं कि बगैर अनासक्तिके न मनुष्य सत्य-का पालन कर सकता है, न अहिंसाका। अनासक्त होना कठिन है, इसमे सन्देह नहीं। लेकिन उसमें आश्चर्य क्या है ? सत्यनारायणका दर्शन करनेमें परिश्रम तो होना ही चाहिए और बगैर अनासक्तिके यह दर्शन अशक्य है।

'महादेवभाईनी डायरी',
भाग २, पृष्ठ १६१
३१ अक्तूबर, १६३२

... ...

गीताके मुख्य सिद्धान्तसे असंगत कोई बात चाहे जहां भी लिखी हुई हो, मेरा मन उसे शास्त्र नहीं मानता। मेरे रूढ़िग्रस्त मित्रोको आघात न लगे तो मैं अपना अर्थ और अधिक स्पष्ट करना चाहता हूं। सदाचारके

विश्वमान्य मूलतत्त्वोंसे असंगत किसी भी चीजको मैं शास्त्रप्रामाण्यमें नही मानता। शास्त्रोका उद्देश्य इन मूलतत्त्वोंको उखाड़ फेकना नहीं, वरन् इन्हे टिकाये रखना है। और गीता मेरे लिए सम्पूर्ण है, इसका कारण यह है कि वह इन मूलतत्त्वोंका समर्थन करती है। इतना ही नही, बल्कि वह किसी भी मूल्यपर इनसे चिपके रहनेके लिए अचूक कारण बताती है।

'महादेवभाईनी डायरी,'
भाग २, पृष्ठ ४६०
१७ नवबर, १९३२

... ...

इसलिए भगवद्गीतामे एक ही जगह, जहा 'शास्त्र' शब्द आता है, वहां मैंने उसका अर्थ यह नही किया कि गीताके सिवा कोई अन्य ग्रथ या विधिवाक्य, बल्कि इसका अर्थ किसी जीवित प्रमाणभूत व्यक्तिमे मूर्तिमान होनेवाला सदाचार है।

'महादेवभाईनी डायरी',
भाग २, पृष्ठ ४६१
१७ नवम्बर, १९३२

... ...

गीताजीके तीसरे अध्यायका पाचवां श्लोक बहुत ही चमत्कारिक है। भौतिकशास्त्री बता चुके है कि इसमें बताया हुआ सिद्धान्त सर्वव्यापक है। इसका अर्थ यह है कि कोई भी आदमी एक क्षण भी कर्म किये बिना नही रह सकता। कर्मका अर्थ है गति और यह नियम जड-चेतन सबके लिए लागू है। मनुष्य इस नियमपर निष्काम भावसे चलता है तो यही उसका ज्ञान और यही उसकी विशेषता है। इसीकी पूर्तिमें ईशोपनिषद्के दो मंत्र है। वे भी इतने ही चमत्कारी है।

'महादेवभाईनी डायरी',
पहला भाग, पृष्ठ ३७४
२३ अगस्त, १९३२

....

आश्रमकी एक बहनने लिखा है—"गीताकी बजाय अन्य पुस्तकें पढना मुझे ज्यादा अच्छा लगता है।"

तूने तो ऐसी बात लिखी कि मुझे पकौडियां खाना अच्छा लगता है और रोटी अच्छी नही लगती। किन्तु जिसका शरीर ऐसा हो जाय, वह रोगी माना जायगा। निरोगीका पेट पकौडियोसे कभी भर नही सकता। वह तो रोटी ही मांगेगा। इसी तरह गीताको समझ। अन्तर्पट खुलनेपर तो गीता अच्छी लगेगी ही। जबतक गीता अच्छी नही लगती तबतक यह समझना चाहिए कि कुछ कच्चापन है; लेकिन इसमे मुझ रसोइयेका भी दोष तो है ही। मैंने जो गीता भेजी वह कच्ची थी, इसलिए तुझे पची नही? अब क्या हो?

... ...

गीता कंठ करनेमें स्मरणशक्तिका काम है जो सरल है। गीताका अर्थ समझनेमे बुद्धिका काम है। यह कठिन है। इससे तुम्हे रस नहीं मिलता, किन्तु जब बुद्धिके काममें रस मिलने लगेगा तब अर्थ समझनेकी इच्छा जागेगी। इसलिए बुद्धिके विषयोंमे रस लेने लगो।

... ...

मुझे तो ऐसा ही लगता है कि मनुष्य कर्म करता हुआ ही सच्ची और शाश्वत चित्तशुद्धिको साध सकेगा।

... ...

कर्म किये बिना किसीको सिद्धि नही मिली।
जो कर्म आसक्ति बिना नही हो सकते हों, वे सब त्याज्य है।

... ...

जिस प्रकार आलस्य त्याज्य है, उसी प्रकार अति परिश्रम त्याज्य है। 'समत्वं योग उच्यते' मनमें रमता ही रहता है।

... ...

"तू जो कुछ भी करे, वह मुझे अर्पित करके मेरे निमित्त करना।"
"भक्ति करोगे तो ज्ञान तो प्राप्त होकर ही रहेगा।"
"निष्काम होकर कर्म करो।"

... ...

गीतामाताने इसका उत्तर तो दिया ही है कि हमें पाप करनेके लिए कौन प्रेरित करता है। काम और क्रोध हमसे पाप करवाते है। अपने पिछले स्मरणोसे तुम सब इस बातको अनुभव कर सकोगे।

....

चि० धीरू,[1]

तेरा पत्र मिला। नया वर्ष तुझे फले और तू और अच्छा सेवक बने। गीता तूने कंठ कर ली, अब उसे हृदयमें उतार। ऐसा करनेके लिए तुझे उसके अर्थ समझने चाहिए। 'अनासक्तियोग' की प्रस्तावना दस-बीस बार पढ जा और फिर अर्थ समझनेकी कोशिश कर। उसे समझनेके लिए संस्कृतका अभ्यास बढा। जैसे भी बने वैसे इसे पूरा कर। नये वर्ष का यही तेरा व्रत हो!

२३ अप्रैल, १९३१

बापूके आशीर्वाद

... ...

हम सब लोग जब कभी बीमार पडते है, साधारणतया उसके पीछे न केवल आहार-सम्बन्धी त्रुटि ही होती है, अपितु हमारे मस्तिष्कका ठीक-ठीक काम न करना भी होता है। गीताकारने स्पष्टत: इस चीजको देखा और साफ-साफ़ भाषामें सस्कारको इसकी रामबाण औषधि बताया। इसलिए जब कभी कोई चीज तुम्हारे मस्तिष्कको हैरान करती हो तो

---

१. श्री धीरेन गांधीके नाम पत्र

तुम्हें गीताकी मुख्य शिक्षापर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और अपने बोझको उतार फेंकना चाहिए।

'बापूज लैटर्स टू मीरा'

४ दिसम्बर, १९३०

... ...

"बिना उपवासके प्रार्थना संभव नहीं।"—यह कथन पूर्णतया सत्य है। यहां उपवासको व्यापक अर्थमें लेना चाहिए। शरीरके उपवासके साथ-साथ सभी इंद्रियोंका उपवास होना आवश्यक है। और गीतामें वर्णित 'अल्पाहार' भी शरीरका उपवास है। गीता भोजन-निग्रहका आदेश नहीं देती, बल्कि अल्पाहारके लिए कहती है। अल्पाहार सदा चलनेवाला उपवास है। अल्पताका अर्थ है कि केवल उतना ही भोजन किया जाय, जितना शरीरको उस सेवाके लिए कायम रखनेको पर्याप्त हो, जिसके करनेके लिए उसका निर्माण हुआ है। इसकी कसौटी पुनः इस कथनमें मिलती है कि जिस प्रकार स्वादके लिए नहीं, बल्कि शरीरकी नीरोगताके लिए नपी तुली मात्रामें और निश्चित समयपर औषधिका सेवन किया जाता है, उसी प्रकार आहार भी किया जाय। 'नपी-तुली मात्रा' में 'अल्पता' का भाव शायद अधिक अच्छी तरहसे आ जाता है। आरनॉल्डका रूपान्तर मुझे स्मरण नहीं है। पूरा भोजन लेना ईश्वर और मानवके प्रति पाप है। मानवके प्रति इसलिए कि पूरा भोजन करके हम अपने पड़ौसियोंको उनके भागसे वंचित करते हैं। भगवानकी अर्थ-व्यवस्थामें केवल औषधिक मात्रामें प्रतिदिन सबको भोजन लेनेकी गुजाइश है। हम सब-के-सब पूरा भोजन लेनेवाली जातिके लोग हैं। अन्तःप्रवृत्तिसे यह जान लेना कि औषधिक मात्रा क्या है, भगीरथ काम है; क्योंकि मां-बापका शिक्षण हमें ऐसा मिलता है कि हम पेटू बन जाते हैं। तब जब हम अभ्यस्त हो जाते हैं, हमें पता चलता है कि भोजनका उपयोग स्वादके लिए नहीं, बल्कि अपने दासके रूपमें अपने शरीरको कायम रखनेके लिए होना चाहिए। उस घड़ीसे आनंदके लिए भोजन करनेके पैतृक और स्व-अर्जित स्वभावके विरुद्ध घमसान शुरू हो जाता है। इसलिए

कभी-कभी पूर्ण उपवास और सदैव आंशिक उपवास करनेकी आवश्यकता होती है। आंशिक उपवासका अर्थ अल्पाहार अथवा गीताके अनुसार नपा-तुला भोजन लेना है। इस प्रकार 'उपवासके बिना प्रार्थना संभव नहीं' यह कथन वैज्ञानिक है और इसकी सचाईकी परीक्षा प्रयोग और अनुभवके द्वारा की जा सकती है।

'बापूज लेटर्स टू मीरा'
२६ जनवरी, १९३३

... ...

मैं गीता-माताके संदेशको हृदयमें धारण करूंगा। यह विलक्षण माता है। मेरा खयाल है, तुम जानती हो कि वह माता कहलाती है। गीताका अर्थ है गेय। वह शब्द विशेषणके रूपमें 'उपनिषद्' के साथ प्रयुक्त होता है, जो स्त्रीलिंग है। गीता कामधेनुकी भांति है, जो सम्पूर्ण इच्छाओंकी पूर्ति करती है। इसीलिए वह माता कहलाती है। अपने आध्यात्मिक जीवनको कायम रखनेके लिए हमें जितने दूधकी आवश्यकता है उसके लिए अगर हम याचक दुधमुहे बच्चेकी तरह माग करें तो वह अमर माता हमें सम्पूर्ण दूध दे देती है। उसमें अपने लाखो बच्चोंको अपने अजस्र थनोसे दूध देनेकी क्षमता है।

'बापूज लेटर्स टू मीरा'
२४ फरवरी, १९३३

... ...

गीताधर्मका अनुयायी प्रसन्नतापूर्वक बिना चीजोंके काम चलाना सीखता है। गीताकी भाषामें इसे स्थितप्रज्ञ कहते हैं, कारण कि गीतामें वर्णित सुख और दुःख समान है। स्थितप्रज्ञकी अवस्था सुखदुखसे ऊंची है। गीताका भक्त न सुखी होता है, न दुखी। और जब ऐसी अवस्था प्राप्त हो जाती है तब पीड़ा, आनंद, विजय, पराजय, च्युति, प्राप्ति किसीकी भी अनुभूति नहीं होती।

'बापूज लेटर्स टू मीरा'
४ मार्च, १९३३

'मंडल' द्वारा प्रकाशित कुछ पुस्तकें

गांधीजी-लिखित

प्रार्थना-प्रवचन (भाग १)	३·००
,, ,, (भाग २)	२·५०
गीता-माता	४·००
पद्रह अगस्त के बाद	१·५०,२·००
धर्मनीति	१·५०,२·००
द. अफ्रीका का सत्याग्रह	३·५०
आत्म-संयम	३·००
आत्मकथा	२·५०,४·००
संक्षिप्त आत्मकथा	१·५०
गीता-बोध	०·५०
ग्राम-सेवा	०·३७
मगल-प्रभात	०·३७
सर्वोदय	०·३७
नीति-धर्म	०·३७
आश्रमवासियों से	०·३७
हमारी माग	१·००
सत्यवीर की कथा	०·२५
हिंद-स्वराज्य	०·७५
अनीति की राह पर	१·००
बापू की सीख	०·५०
गाधी-शिक्षा (३ भाग)	१·१२
आज का विचार (२ भाग)	०·७४
ब्रह्मचर्य (२ भाग)	१·७५
देश-सेवकों के संस्मरण	१·२५
गांधीजी ने कहा था (६ भाग)	२·७०

विनोबाजी की लिखी

विनोबा-विचार (२ भाग)	३·००
गीता-प्रवचन	१·५०
शांति-यात्रा	१·५०
जीवन और शिक्षण	२·००
स्थितप्रज्ञ-दर्शन	१·००
ईशावास्यवृत्ति	०·७५
ईशावास्योपनिषद्	०·१२
उपनिषदो का अध्ययन	१·००
सर्वोदय-विचार	१·१२
स्वराज्य-शास्त्र	०·५०
भूदान-यज्ञ	०·२५
गाधीजी को श्रद्धाजलि	०·३७
राजघाट की समिधि मे	०·६२
विचार-पोथी	१·००
सर्वोदय का घोषणा-पत्र	०·२५

नेहरूजी की लिखी

मेरी कहानी	८·००
हिन्दुस्तान की समस्याएं	२·००
राष्ट्रपिता	२·००
राजनीति से दूर	२·००
हिन्दुस्तान की कहानी	८·००
,, (सक्षिप्त)	२·५०

अन्य लेखकों की

आत्मकथा (राजेन्द्रबाबू)	८·००
गाधीजी की देन ,,	१·५०
गाधी-मार्ग ,,	०·१३
महाभारत-कथा (राजाजी)	५·००
दशरथ-नन्दन श्रीराम ,,	५·००
कुब्जा सुंदरी ,,	२·००
शिशु-पालन ,,	०·५०
मैं भूल नही सकता	२·५०
गांधी की कहानी (लु. फि.)	४·००
गाधी-अभिनंदन-ग्रथ	५·००
गांधी-श्रद्धांजलि-ग्रंथ	३·००
इगलैंड में गांधीजी	२·००
बा, बापू और भाई	०·५०
गांधी-विचार दोहन	१·५०

अहिंसा की शक्ति (ग्रेग)	१·५०
सत्याग्रह-मीमांसा	३·५०
बुद्ध-वाणी (वियोगी हरि)	१·००
संत-सुधासार ,,	११·००
संतवाणी (वियोगी हरि)	२·००
प्रार्थना ,,	०·५०
अयोध्याकाण्ड ,,	१·००
भागवत-धर्म (ह. उ.)	५·५०
श्रेयार्थी जमनालालजी ,,	६·५०
स्वतन्त्रता की ओर ,,	४·००
बापू के आश्रम मे ,,	१·००
मानवता के झरने (माव)	१·५०
बापू (घ. बिड़ला)	२·००
रूप और स्वरूप ,,	०·६२
डायरी के पन्ने	१·००
ध्रुवोपाख्यान ,,	०·३०
स्त्री और पुरुष (टॉलस्टॉय)	१·००
मेरी मुक्ति की कहानी ,,	१·५०
प्रेम में भगवान ,,	२·००
जीवन-साधना ,,	१·२५
कलवार की करतूत ,,	०·२५
हमारे जमाने की गुलामी ,,	०·७५
बुराई कैसे मिटे ? ,,	१·००
बालकों का विवेक ,,	०·५०
हम करें क्या ? ,,	३·५०
धर्म और सदाचार ,,	१·२५
अंधेरे मे उजाला ,,	१·५०
कल्पवृक्ष (वा. अग्रवाल)	२·००
हिमालय की गोद मे	२·००
साहित्य और जीवन	२·००
कब्ज (म. प्र. पोद्दार)	१·००
राजनीति-प्रवेशिका	१·००
जीवन-संदेश (ख. जिब्रान)	१·२५
अशोक के फूल	३·००
जीवन-प्रभात	५·००
तुकाराम-गाथासार	१·५०
का० का इतिहास (संक्षिप्त)	६·००
पंचदशी (सं० यशपाल जैन)	१·५०
सप्तदशी	२·००
रीढ़ की हड्डी	१·५०
अमिट रेखाएं	३·००
एक आदर्श महिला	१·००
राष्ट्रीय गीत	०·२५
तामिल-वेद (तिरुवल्लुवर)	१·५०
थेरी-गाथाएं	१·५०
बुद्ध और बौद्ध साधक	१·५०
हमारे गाव की कहानी	१·५०
साग-भाजी की खेती	३·००
फलों की खेती	२·५०
पशुओं का इलाज (प. प्र.)	०·५०
रामतीर्थ-संदेश (३ भाग)	१·१२
रोटी का सवाल (क्रोपा)	३·००
नवयुवकों से दो बाते ,,	०·३७
पुरुषार्थ (डॉ भगवानदास)	६·००
काश्मीर पर हमला	२·००
शिष्टाचार	०·५०
भारतीय संस्कृति	३·५०
आधुनिक भारत	५·००
मैं तन्दुरुस्त हूं या बीमार ?	०·५०
भा. नव जागरण का इतिहास	३·००
गांधीजी की छत्रछाया मे	२·५०
भागवत-कथा	३·५०
जय अमरनाथ	१·५०
प्रगति के पथ पर (७ भाग)	२·१०
संस्कृति-साहित्य-सौरभ (३५ पुस्तकें) प्रति पुस्तक	०·३७
समाज-विकास-माला (१३० पुस्तकें) प्रति पुस्तक	०·३७